सूर्योदय : 6:21
सूर्यास्त : 5:18
अधिकतम तापमान : 32.0
न्यूनतम : 18.0


RNI NO : UPHIN/2010/31173

डाक पंजीकरण संख्या:
SSP/LW/NP-422/2014-2016

वर्ष-17 अंक-162 पेज-16
मूल्य : 3 रुपया

लखनऊ, मंगलवार, 21 नवम्बर 2023
06 जमादिउल अव्वल, 1445 हिजरी

हिन्दी दैनिक
# अवधनामा
www.avadhnama.com

# जजों की नियुक्ति में पसंद-नापसंद की नीति ठीक नहीं: सुप्रीम कोर्ट

- जजों के तबादले और नियुक्ति में सुस्ती पर शीर्ष कोर्ट नाराज
- ये अच्छे संकेत नहीं, देश में गलत मैसेज जाता है

**नई दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय ने उच्च न्यायालय के न्यायाधीशों के तबादले में सुस्ती को लेकर अहम टिप्पणी की। अदालत ने कॉलेजियम की सिफारिशों को मंजूरी देने में केंद्र पर लगे ÷पिक एंड चूज÷ के मुद्दे को उठाया। सोमवार को मुकदमे की सुनवाई के दौरान न्यायमूर्ति संजय किशन कौल और न्यायमूर्ति सुधांशु धूलिया की पीठ ने कहा, यह अच्छा संकेत नहीं देता है। अदालत ने कहा कि कॉलेजियम ने स्थानांतरण के लिए न्यायाधीशों के जिन 11 नामों की सिफारिश की थी, उनमें से पांच का स्थानांतरण हो चुका है, लेकिन छह अभी भी लंबित हैं। जिनका तबादला होना है उसमें गुजरात, इलाहाबाद और दिल्ली हाईकोर्ट के जज शामिल हैं।खबरों के अनुसार, उच्च न्यायालयों में न्यायाधीश पद के लिए हाल ही में अनुशंसित नामों में से आठ को केंद्र सरकार की तरफ से मंजूरी नहीं दी गई है। इनमें से कुछ न्यायाधीश उन लोगों से भी वरिष्ठ हैं जिन्हें नियुक्त किया जा चुका है। न्यायमूर्ति कौल ने कहा, अदालत की जानकारी के अनुसार, केंद्र सरकार ने पांच न्यायाधीशों के स्थानांतरण आदेश जारी किए हैं।

### पांच दिसंबर को अगली सुनवाई




अदालत ने कहा, जुलाई में तीन नामों की सिफारिश की गई थी, जब इनपुट के साथ कॉलेजियम को नाम वापस भेजने की अपेक्षित समयसीमा समाप्त हो गई थी। इस पर केंद्र सरकार की तरफ से पेश वकील वेंकटरमणी ने कहा कि जहां तक दोहराए गए नामों का सवाल है, प्रगति हुई है। उन्होंने पीठ से मामले की सुनवाई एक सप्ताह या 10 दिन बाद करने का अनुरोध किया और कहा कि कई चीजें साफ हो रही हैं। दलीलों को सुनने के बाद शीर्ष अदालत ने मामले की अगली सुनवाई 5 दिसंबर को तय की। सुनवाई के दौरान, पीठ ने पंजाब और हरियाणा उच्च न्यायालय से संबंधित एक मुद्दे का भी जिक्र किया।

> अदालत ने कहा कि सरकार जजों के तबादलों के लिए कॉलेजियम की तरफ से अनुशंसित नामों के संबंध में पिक एंड चूज़ नीति का पालन कर रही है। पीठ ने कहा, बस इसे देखें कि आप क्या संकेत भेज रहे हैं? बता दें कि सुप्रीम कोर्ट में दो जजों की खंडपीठ दो याचिकाओं पर एकसाथ सुनवाई कर रही थी। इनमें से एक याचिका में न्यायाधीशों की नियुक्ति और स्थानांतरण के लिए कॉलेजियम की तरफ से अनुशंसित नामों को मंजूरी देने में केंद्र की ओर से देरी का आरोप लगाया गया था।

# बृजेश सिंह हाईकोर्ट से बरी

## सिकरौरा कांड में बृजेश सिंह को 36 साल बाद हाईकोर्ट से राहत

- सात लोगों की हुई थी हत्या
- नौ नवंबर को कोर्ट ने सुरक्षित कर लिया था फैसला



**प्रयागराज।** इलाहाबाद हाईकोर्ट ने वाराणसी के बलुआ थाने में 36 साल पहले हुए सिकरौरा कांड में सत्र अदालत द्वारा बरी सभी 13 अभियुक्तों में से चार पंचम सिंह, वकील सिंह, देवेंद्र प्रताप सिंह और राकेश सिंह को उम्रकैद और 75 हजार रुपए जुर्माने की सजा सुनाई है। साथ ही बृजेश सिंह व पांच अन्य अभियुक्तों को सत्र न्यायालय द्वारा बरी किए गए फैसले को सही करार दिया है। कोर्ट ने कहा है कि सत्र न्यायालय के फैसले में कोई कमी नहीं है। निर्दोष करार दिए जाने वालों में रामदास उर्फ दीना सिंह, कन्हैया सिंह, नरेंद्र सिंह, विजय सिंह, मुसाफिर सिंह का नाम शामिल है।

कोर्ट ने कहा कि गवाहों के बयान में विरोधाभास है, इसलिए इन्हें बरी किया जाता है, जबकि चार के खिलाफ अपराध में लिप्त होने का पर्याप्त साक्ष्य है, इसलिए उनको बरी करने का सत्र न्यायालय का आदेश विधि संगत नहीं है। यह आदेश मुख्य न्यायमूर्ति प्रीतिंकर दिवाकर और न्यायमूर्ति अजय भनोट की खंडपीठ ने शिकायतकर्ता हीरावती, व अभियुक्त व राज्य सरकार की अपील में से कुछ को आंशिक रूप से स्वीकार कर दिया है। कोर्ट ने अपने फैसले में कहा है सजा पाने वाले चार अभियुक्तों को टॉर्च की रोशनी में पहचान लिया गया था। शेष अभियुक्तों को अंधेरे की वजह से पहचाना नहीं जा सका। इसके अलावा सजा पाने वालों की पहचान परेड के दौरान भी हुई थी।

## न्यूज डायरी

### बैंक में लगी आग

**लखनऊ।** लखनऊ में हजरतगंज में नवल किशोर रोड पर स्थित सत्या बिजनेस पार्क बिल्डिंग की पहली मंजिल पर सोमवार शाम आग लग गई। फाइनेंस और रियल एस्टेट कंपनी का दफ्तर जलकर राख हो गया। इस दौरान दफ्तरों में काम करने वाले करीब 30 कर्मचारी भीतर फंस गए। चीख पुकार मच गई। भीतर फंसे लोग खिड़की के शीशे तोड़कर बाहर छज्जे पर आए और फिर स्थानीय लोगों ने सीढ़ियां लगाकर उनको उतारा। इस दौरान कई लोग मामूली रूप से चोटिल हो गए। दमकलकर्मी करीब एक घंटे में पूरी तरह से आग पर काबू पा सके।

### चीनी मिल में ब्लास्ट

**अयोध्या।** मसौधा चीनी मिल में सोमवार तकरीबन 2:30 बजे चीनी मिल के टरबाइन में ब्लास्ट हो गया। घटना में 38 वर्षीय इलेक्ट्रिक इंजीनियर विपिन सिंह के सिर के चीथड़े उड़ गए। ब्लास्ट इतना जबरदस्त था कि घटना के बाद चीनी मिल के बॉयलर समेत अंदर के उपकरणों में आग लग गई। हजारों के उपकरण आग की भेंट चढ़ गए। घंटों अफरातफरी का माहौल रहा। इसी बीच फायर ब्रिगेड दस्ते की तीन दमकल गाड़ियों ने मौके पर पहुंचकर सांयकाल 4:30 बजे तक आज को बुझाने का काम जारी रखा।

### जातिवार जनगणना क्यों नहीं हुई: कन्हैया

**जयपुर।** बिहार कांग्रेस के नेता कन्हैया कुमार ने सोमवार को प्रधानमंत्री मोदी पर जमकर निशाना साधा और सवाल किया कि प्रधानमंत्री मोदी जातिवार जनगणना क्यों नहीं करवा रहे हैं? जातिवार जनगणना करवाने में क्या समस्या है? हम यह नहीं कह रहे कि किसी का आरक्षण छीन कर किसी दूसरे को दे दो। हम तो बोल रहे हैं कि सभी जातियों को उनका हक मिलना चाहिए। राजस्थान की कल्याणकारी योजनाओं की चर्चा देश के बाहर भी है। जनता का पैसा जनता के लिए है। यह सोचकर अशोक गहलोत सरकार ने योजनाएं बनाई हैं। भाजपा के नेता इन योजनाओं को रेवड़िया बता रहे हैं। योजनाओं को रेवड़ियां बताना गलत है। भाजपा के पास एक ही मुद्दा बचा है, जात-पात, ऊंच-नीच और धर्म के नाम पर माहौल बनाने का।

### हाईकोर्ट की मंजूरी

**प्रयागराज।** इलाहाबाद हाईकोर्ट ने मथुरा के वृंदावन के बांके बिहारी मंदिर के चारों ओर एक कॉरिडोर बनाने की यूपी सरकार की योजना को मंजूरी दे दी है। इलाहाबाद हाईकोर्ट ने मंदिर के बैंक खाते में जमा धन का कॉरिडोर बनाने में उपयोग की अनुमति नहीं दी है. इलाहाबाद हाईकोर्ट ने कहा है कि सरकार अपनी प्रस्तावित योजना के साथ आगे बढ़े लेकिन यह भी सुनिश्चित करे कि दर्शनार्थियों को दर्शन में कोई बाधा न आए। कोर्ट ने सरकार को कॉरिडोर बनाने में बाधा बने अतिक्रमण को हटाने की भी अनुमति दे दी है, सरकार को खुद अपने खर्चे पर ही कॉरिडोर का निर्माण कराना होगा। बता दें कि वाराणसी के काशी विश्वनाथ मंदिर में बने कॉरिडोर की तर्ज पर ही बनाया जाएगा।

# नौ दिन बाद पहली सफलता, सुरंग में आर-पार हुआ छह इंच का पाइप

- खाने को भेजी गई खिचड़ी
- एंडोस्कोपिक कैमरे से दिखेंगी तस्वीरें



**सिलक्यारा।** नौ दिन से सुरंग में फंसे 41 मजदूरों के लिए सोमवार का दिन कुछ राहत लेकर आया। टनल के भीतर छह इंच का दूसरा लाइफलाइन पाइप मजदूरों तक पहुंचा दिया गया।

अब इस पाइप से उन्हें और अधिक भोजन सामग्री, फल, अंडे आदि भेजे जा सकेंगे। वहीं, देर शाम मजदूरों के लिए खिचड़ी भेजी गई है। सोमवार को सुबह एनएचआईडीसीएल की टीम ने ऑगर मशीन को रोककर मजदूरों की लाइफलाइन के लिए छह इंच के पाइप का ड्रिल शुरू किया। दोपहर करीब एक बजे सामने चट्टान आने से यह रुक गया, लेकिन शाम करीब चार बजे टीम इस 57 मीटर के पाइप को आगे पहुंचाने में सफल रही।

अब चार इंच के पाइप के साथ ही छह इंच के पाइप से भी मजदूरों को राहत सामग्री भेजी जाएगी। एनएचआईडी सीएल के निदेशक अंशु मनीश खलखो ने बताया, सुरंग के भीतर सभी मजदूर सुरक्षित हैं। पुराने पाइप से केवल चने, नमक, दवाइयां, टॉफी, चॉकलेट आदि ही भेज पा रहे थे, लेकिन नए पाइप से उन्हें फल, अंडे सहित और अधिक खाद्य सामग्री भेजी जाएगी। एनएच आईडीसीएल ने दिल्ली से एंडोस्कोपिक कैमरे मंगाए हैं। मंगलवार को इन कैमरे को पाइप के माध्यम से भीतर पहुंचाया जाएगा। निदेशक अंशु मनीश ने बताया, कैमरे से जहां मजदूर उन्हें देख सकेंगे तो वे भी मजदूरों के हालात और करीब से देख व समझ सकेंगे। बताया, मजदूरों की स्थिति देखने के लिए ड्रोन का इस्तेमाल किया गया था, लेकिन भीतर अत्यधिक धूल होने से उसकी तस्वीरें साफ नहीं आ पाईं।

# विकसित भारत संकल्प यात्रा के लिए तैयार करें ठोस कार्ययोजना: योगी

- अधिकारियों को सीएम का निर्देश
- उपलब्धि वाले ग्राम पंचायतों में मनाएं उत्सव: योगी



**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने केन्द्र द्वारा शुरू की गई विकसित भारत संकल्प यात्रा के क्रियान्वयन सभी विभागों को आपसी समन्वय से काम करने के निर्देश दिए हैं।

उन्होंने यात्रा के जरिए अगले साल 26 जनवरी तक प्रदेश के सभी 57,709 ग्राम पंचायतों एवं 2341 शहरी क्षेत्रों की जनता तक पहुंचने के लक्ष्य तय किए हैं। साथ ही संबंधित सभी विभागों को यात्रा के संबंध में ग्राम पंचायत से लेकर शासन स्तर तक के लिए कार्ययोजना तैयार करने के निर्देश दिए हैं। मुख्यमंत्री सोमवार को यहां प्रदेश में विकसित भारत संकल्प यात्रा के आयोजन से संबंधित तैयारियों की समीक्षा कर कर रहे थे। उन्होंने यात्रा के दौरान चलने वाले वाहनों को जीपीएस से लैस करते हुए उनकी गतिविधियों पर सतत निगरानी करने के भी निर्देश दिए हैं। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों से कहा है कि यात्रा के लिए रूट आदि का चयन कर लें और इसके लिए राज्य स्तर पर मुख्य सचिव, जिला व नगर निकायों के स्तर पर डीएम और ग्राम पंचायतों के स्तर पर ग्राम प्रधान के नेतृत्व में गठित कमेटियों के माध्यम से यात्रा से संबंधित कार्यक्रमों के आयोजन की तैयारी समय से पूरी कर लें। मुख्यमंत्री ने कहा कि यात्रा के माध्यम से केंद्र व राज्य सरकार के लोक कल्याणकारी योजनाओं का लाभ प्रदेश के सभी पात्रों को दिलाना है, इसलिए इसमें किसी भी स्तर पर उदासीनता न बरती जाए। यात्रा के दौरान आम आदमी के जीवन में बदलाव लाने वाले केंद्र व राज्य सरकार के नवाचारी प्रयासों की भी जानकारी दी जाए। यात्रा को सफल बनाने के लिए लेखपाल, आशा बहू, प्राथमिक विद्यालय के प्रधानाचार्य, पंचायत सचिव, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, पंचायत सहायक, रोजगार सेवक, पोस्ट मास्टर, बीसी सखी को जिम्मेदारी से कार्य करने के निर्देश दिए गए हैं।

> मुख्यमंत्री ने कहा कि यात्रा के दौरान प्रगतिशील किसानों को सम्मानित करें। आयुष्मान कार्ड, जल जीवन मिशन, जन धन योजना, पीएम किसान सम्मान निधि योजना, ओडीएफ प्लस की स्थिति जैसी योजनाओं का शत-प्रतिशत लक्ष्य पूरा करने वाले ग्राम पंचायतों में उपलब्धियों पर आधारित उत्सव मनाने को कहा है। उन्होंने क्विज प्रतियोगिताएं, स्थानीय खिलाड़ियों का अभिनंदन, स्वास्थ्य शिविर, सांस्कृतिक कार्यक्रम जैसे विभिन्न कार्यक्रम आयोजित करने के भी निर्देश दिए हैं।

# राजस्थान सरकार गरीबी विरोधी: मोदी

## बंद करो तुष्टीकरण की दुकान, कमल चुनेगा राजस्थान: पीएम

- पाली में पीएम मोदी ने दिया नया नारा
- कांग्रेस को आपके जीवन की परवाह नहीं है



**जयपुर।** प्रधानमंत्री मोदी ने चुनावी राज्य राजस्थान में जनसभा को संबोधित करते हुए कहा कि भाजपा सरकार विरासत और विकास दोनों को महत्व देती है।

अफगानिस्तान में युद्ध हुआ तो हम अपने नागरिकों के साथ-साथ पवित्र गुरु ग्रंथ साहिब के स्वरूपों को भी पूरे अदब के साथ वापस लाए। करतारपुर कॉरिडोर को खोलने का काम भी आपके इस सेवक ने ही किया। गुरुओं के प्रकाश पर्वों को देश-दुनिया में पूरी शान से मनाना हो या फिर साहिबजादों के बलिदान को समर्पित वीर बाल दिवस की घोषणा, ये सब भाजपा सरकार ने ही किया। कांग्रेस को कभी आपकी जरूरतों की चिंता नहीं रहती। अब तो कांग्रेस राजस्थान में नशे के तस्करों को भी बढ़ावा दे रही है। ये नशा हमारे बच्चों को ही नहीं बल्कि हमारे भविष्य को भी तबाह कर देगा, एक एक परिवार को बर्बाद कर देगा। पीएम मोदी ने कहा कि राजस्थान में बीते 5 वर्षों में जो हुआ है, इसकी पूरी कथा लाल डायरी में लिखी है। डायरी लाल है, कारनामे काले हैं। 2014 से पहले भी हमारे यहां पद्म पुरस्कार दिए जाते थे। लेकिन तब ये सम्मान उनको मिलते थे जिनकी सत्ता में बैठे हुए लोगों तक पहुंच थी। 2014 के बाद गरीब से गरीब, गांव, देहात और जंगलों में मानव जाति के लिए, समाज के कल्याण के लिए जो समर्पित भाव से काम करता है, उन्हीं लोगों को पद्म सम्मान मिलता है। देश के हर घर तक पाइप से शुद्ध पानी पहुंचाने के लिए हमने जल जीवन मिशन अभियान चलाया है। मैंने राजस्थान के लिए भी इस योजना के अंतर्गत हजारों करोड़ रुपये भेजे हैं। लेकिन यहां की कांग्रेस सरकार ने इसमें भी घोटाला कर दिया और आपको विषैला पानी पीने के लिए छोड़ दिया।

> मैं आपको विश्वास दिलाता हूं कि यहां भाजपा सरकार बनते ही नशे के तस्करों पर ऐसी कार्रवाई होगी, जिसे सुनकर और देखकर और लोग भी कांप जाएं। जहां भी कांग्रेस की सरकार होती है वहां उसकी प्राथमिकता भ्रष्टाचार और भाई-भतीजावाद होता है। कांग्रेस को कभी आपकी जरूरतों की चिंता नहीं रहती।

### राम रहीम फिर आएगा जेल से बाहर

**रोहतक।** हरियाणा के रोहतक की सुनारिया जेल में बंद रामरहीम को 21 दिन की फरलो मिल गई है। मंगलवार सुबह वह यूपी के बागपत जिले में स्थित बरनावा आश्रम में जा सकता है। फरलो की सूचना मिलते ही पुलिस ने जेल परिसर के आसपास सतर्कता बढ़ा दी है। सोमवार देर रात या बुधवार सुबह आधिकारिक तौर पर मुख्यालय से जेल प्रशासन के पास पत्र आ सकता है। गुरमीत को साध्वी दुष्कर्म मामले में वर्ष 2017 में सजा सुनाई गई थी। बाद में उसे छत्रपति हत्याकांड और रणजीत हत्याकांड में भी सजा हो चुकी है। तीन दिन पहले रामरहीम ने फरलो के लिए अर्जी दाखिल की थी, जिसे मंजूर कर लिया गया है। सोमवार शाम को जैसे ही पुलिस को सूचना मिली तो जेल परिसर के आसपास सतर्कता बढ़ा दी गई। शिवाजी कॉलोनी थाना प्रभारी इंस्पेक्टर प्रदीप कुमार के नेतृत्व में पुलिस की टीम ने आउटर हिसार बाईपास, रुपया चौक से लेकर आईएमएमए तक छानबीन की।

# हलाला उत्पादों को लेकर यूपी के कई जिलों में छापेमारी

- लखनऊ में दस जगह छापे



**लखनऊ।** प्रदेश में हलाल प्रमाणन वाले उत्पादन पर पाबंदी लगाने के बाद सोमवार को खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन विभाग (एफएसडीए) की टीम ने जांच शुरू कर दी है। लखनऊ, कानपुर, अयोध्या, सहारनपुर सहित विभिन्न महानगरों में दिनभर छापे की कार्रवाई चलती रही। कई जिलों में बड़ी मात्रा में सामग्री पाई गई है, जिसका देर शाम तक आकलन करने में टीम जुटी रही।

प्रदेश में विभिन्न स्थानों पर हलाल प्रमाणित उत्पाद बिकने की जानकारी मिलने पर मुख्यमंत्री ने सख्त निर्देश दिए। इसके बाद प्रदेश में हलाल प्रमाणन वाले उत्पाद पर पाबंदी लगा दी गई। सिर्फ निर्यात के लिए छूट दी गई है। ऐसे में सोमवार को एफएसडीए के नेतृत्व में छापा मारा गया। लखनऊ, कानपुर, अयोध्या, आगरा, सहारनपुर, वाराणसी, गोरखपुर सहित सभी महानगरों में अभियान शुरू कर दिया गया है। ज्यादातर स्थानों पर फास्टफूड में प्रयोग होने वाली क्रीम व अन्य खाद्य पदार्थ मिले हैं। जांच में लगी टीम संबंधित सामग्री को लेकर रिपोर्ट तैयार कर रही। इन सभी सामग्री को जब्त किया जाएगा। इसके बाद संबंधित के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई जाएगी।

# मेरा बाप तो मजदूर था, मैं मजदूर का बेटा हूं: मल्लिकार्जुन खरगे

- ढोंगी लोगों के झांसे में मत आओ
- मैं लोगों के हित के लिए काम करने के लिए राजनीति में आया हूं



**अनूपगढ़।** राजस्थान के अनूपगढ़ की जनसभा में पीएम नरेंद्र मोदी पर तंज कसते हुए कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने कहा कि अनुकंप लेने पीएम मोदी हर जगह कहते हैं कि मैं गरीब हूं, मैं रेलवे कैंटीन में स्टाल लगाता है, चाय बेचता था। अरे वो तो ठीक है तुम कैंटीन में चाय बेचते थे।

मेरा बाप तो मजदूर था, मैं मजदूर का बेटा हूं। मुझे यह कहने में शर्म नहीं आती। मैं लोगों के हित के लिए काम करने के लिए राजनीति में आया हूं। जानबूझकर झूठ बोलने के लिए, लोगों को अलग करने के लिए मैं नहीं आया। वरिष्ठ कांग्रेस नेता मल्लिकार्जुन खरगे ने मोदी को लेकर कहा कि धर्म के नाम पर, जाति के नाम पर तुम एक तरफ बंटवारा कर रहे हो। दूसरी तरफ बोलते हैं कि हम देश को एक रख रहे हैं, ये कांग्रेस वाले बार-बार तोड़ने की कोशिश करते हैं। कभी राहुल गांधी जी को गालियां देते हैं, कभी मुझे और कभी सोनिया जी को गालियां देते हैं। अरे भाई हमने क्या किया, हुकूमत आप कर रहे हैं दस साल से। साढ़े 13 साल से आप अहमदाबाद में हुकूमत की। अब आप ही बोलिए जो इंसान 23-24 साल चीफ मिनिस्टर और प्राइम मिनिस्टर बोलकर काम कर रहा है, वह मैं गरीब हूं, गरीब हूं बोल रहा है 24 साल से। तो ऐसे जो ढोंगी लोग रहते हैं इनके झांसे में मत आओ। ये बड़ा खतरनाक होता है। मल्लिकार्जुन खरगे ने आगे कहा कि देश की सेवा में कांग्रेस पार्टी लगी है। हमारी पार्टी में इंदिरा जैसी महान नेता ने अपनी जान कुर्बान कीं। इस दौरान खरगे ने अपनी जुबान पर नियंत्रण खोते हुए कह दिया कि राहुल गांधी ने देश के लिए अपनी जान दी।

## मुसीबत: अखिलेश के तीखे तेवर देख कांग्रेस में हलचल

# गठबंधन टूटा तो रायबरेली और अमेठी में चुनौती देगी सपा

- कांग्रेस के गढ़ में चुनाव में लड़ सकती है सपा



**नई दिल्ली।** वर्तमान विधानसभा चुनाव के बीच आइएनडीआइए में कुछ दलों के बीच खटास दिखी है।

दावा किया जा रहा है कि लोकसभा चुनाव तक सारी गिले शिकवे दूर हो जाएंगे और मजबूती के साथ इकट्ठे होंगे, लेकिन खुद इन दलों के अंदर यह तैयारी भी चल रही है कि गिले शिकवे बरकरार रहे तो उन्हें क्या करना है। किसी कारण गठबंधन पर आंच आई तो असर उन सीटों तक भी पहुंचने की आशंका है, जिनसे कांग्रेस की आन जुड़ी है। मध्य प्रदेश में सीटों के बंटवारे में तवज्जो न मिलने से नाराज सपा ने कांग्रेस के गढ़ कहे जाने वाले रायबरेली और अमेठी में भी लोकसभा प्रत्याशी की खोजबीन शुरू कर दी है। वहीं, कांग्रेस भी पुराने अहसानों का लिहाज कर सिर्फ सपा नेतृत्व यानी सैफई परिवार के लिए एक सीट छोड़कर बाकी पर मुकाबले की रणनीति बना रही है। मध्य प्रदेश में चुनावी समझौता विफल होने से नाराज सपा प्रमुख अखिलेश यादव के तीखे तेवर न सिर्फ जुबान तक सिमटे हैं, बल्कि रणनीतिक मोर्चा भी उसी मूड के साथ सजाना शुरू कर दिया है। सपा के एक वरिष्ठ पदाधिकारी ने बताया कि गठबंधन बने रहने की संभावनाओं को कमजोर होते देख पार्टी ने 2024 के लोकसभा चुनाव में रायबरेली और अमेठी से भी प्रत्याशी उतारने की तैयारी शुरू कर दी है। इनमें रायबरेली से कांग्रेस की पूर्व अध्यक्ष सोनिया गांधी सांसद हैं तो अमेठी की पारंपरिक सीट से राहुल गांधी लगातार तीन बार सांसद रहे। राहुल 2019 में चुनाव हार गए थे, लेकिन अब फिर वहीं से चुनाव लड़ने की तैयारी कर रहे हैं।

# 700 लोगों के बैठने की होगी क्षमता, 145.59 लाख की लागत से बनेगा ऑडिटोरियम/मल्टीपरपज हालः डीएम



*अवधनामा संवाददाता*

**लखीमपुर खीरी।** शहर में लंबे समय से चली आ रही ऑडिटोरियम निर्माण की मांग पूरी होने जा रही है। सोमवार को राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान राजापुर में ऑडिटोरियम/मल्टीपरपज हाल के निर्माण कार्य की आधारशिला रखी गई। केंद्रीय गृहराज्यमंत्री अजय मिश्र टेनी ने विधायक योगेश वर्मा, डीएम महेंद्र बहादुर सिंह व सीडीओ अनिल कुमार सिंह संग पूजन अर्चन कर पूरे विधि विधान से ऑडिटोरियम/ मल्टीपरपज हाल का शिलान्यास किया। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि जिला मुख्यालय पर इंडोर कार्यक्रम के लिए ऑडिटोरियम की आवश्यकता महसूस की जा रही थी। आज उसकी आधारशिला रखी है। इस ऑडिटोरियम का निर्माण जिला में सांस्कृतिक गतिविधियों को बढ़ावा देने और प्रशासनिक कार्यक्रमों की सुविधा के लिए किया जा रहा है। उन्होंने इस महत्वपूर्ण भवन के निर्माण कार्य को निर्धारित समयावधि के भीतर पूरा करने के निर्देश दिए। इस आडोटोरियम की डिजाइन बहुत आधुनिक साज सज्जा सुविधायुक्त बनाया जायेगा।डीएम महेंद्र बहादुर सिंह ने ऑडिटोरियम/मल्टीपरपज हाल के निर्माण जिला मुख्यालय के लिए मील का पत्थर साबित होगा। समय-समय पर जिला मुख्यालय पर आयोजित होने वाले सरकारी एवं प्रशासनिक कार्यक्रमों के आयोजन के लिए बेहतर सुविधा मुहिया हो सकेगी। सीडीओ अनिल कुमार सिंह ने ऑडिटोरियम/मल्टीपरपज हाल की आवश्यकता एवं प्रासंगिकता बताते हुए इसके निर्माण के लिए डीएम के मार्गदर्शन एवं नेतृत्व में किए जाने वाले प्रयास बताए। कलेक्ट्रेट व विकास भवन में सभागार बना है। ऐसे में यदि कोई बड़ा कार्यक्रम कराना हो तो इसके लिए निजी हॉल ही बुक करना पड़ता है। अब इस ऑडिटोरियम के बनने पर जिला प्रशासन को भी इसकी सुविधाओं का लाभ मिल सकेगा।इस अवसर पर सांसद प्रतिनिधि अरविंद सिंह संजय, अंबरीश सिंह, जीतेंद्र त्रिपाठी जीतू, यूपीपीसीएल निर्माण इकाई - 14 लखनऊ के परियोजना प्रबन्धक अरविन्द कुमार दुबे,राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान प्रधानाचार्य यज्ञ देव सिंह सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

### 700 लोगों के बैठने की होगी क्षमता

डीएम महेंद्र बहादुर सिंह ने बताया कि राजकीय आईटीआई राजापुर में लागत 145.59 लाख से 675.58 वर्गमीटर में बनने वाले ऑडिटोरियम/बहुउद्देशीय हाल में किसी भी कार्यक्रम के आयोजन के दौरान 700 लोगों के एक साथ बैठने की क्षमता होगी। इस हॉल के निर्माण के बाद कार्यक्रमों के आयोजन के लिए टैंट आदि लगाने की आवश्यकता नहीं पड़ेगी। इसका निर्माण कार्यदायी संस्था यूपी प्रोजेक्ट्स कॉरपोरेशन लि. निर्माण इकाई-14, लखनऊ द्वारा किया जाएगा।

## पराली जलाने की घटनाओं के संबंध में कृषको पर 5000 व 2500 रुपए का किया जुर्माना

**मोहम्मदी-खीरी।** उप जिलाधिकरी डा0 अवनीश कुमार ने जानकारी देते हुए बताया कि रविवार को सैटेलाइट से प्राप्त सूचना के अनुसार ग्राम जैती मे पराली जलाए जाने की दो एवं ग्राम कुम्हरोआ में एक घटना प्राप्त हूई ग्राम जैती की पराली जलाने की दोनो घटनाओं के संबंध में कृषको पर कमश 5000 व 2500 रुपए का जुर्माना किया उक्त के अतिरिक्त दोनों कृषको मोहन सिंह पुत्र सरजीत सिंह मूलचंद पुत्र इतवारी के विरुद्ध आईपीसी की धारा 107/ 116 की कार्यवाही की बात क्षेत्रीय लेखपाल ध्रुव कुमार राही को प्रतिकूल प्रविष्टि दे दीग्राम कुम्हरोआ में एक घटना पर कृषक पर 2500 रूपये का जुर्माना किया उक्त के अलावा कृषक तेजपाल सिंह पुत्र कल्याण सिंह के विरुद्ध आईपीसी की धारा107/एल 116 की कार्यवाही की।

## संकल्प यात्रा के दृष्टिगत डीएम ने अफसरों के साथ की बैठक

*अवधनामा संवाददाता*

**लखीमपुर खीरी।** केन्द्र व राज्य सरकार द्वारा संचालित विकास एवं जनकल्याणकारी योजनाओं की संतृप्तिकरण के लिए आउटरीच गतिविधियों के माध्यम से आमजन में जागरूकता बढ़ाये जाने के उद्देश्य से 15 नवम्बर से जनजातीय क्षेत्रों में शुरू अभियान शासन से प्राप्त निर्देशों के क्रम में अब जिलेभर में चलेगा। 26 जनवरी 2024 तक चलने वाली विकसित भारत संकल्प यात्रा के आयोजन के दृष्टिगत कलेक्ट्रेट सभागार में सम्बन्धित अधिकारियों के साथ आयोजित बैठक के दौरान डीएम महेंद्र बहादुर सिंह ने निर्देश दिया कि संकल्प यात्रा के सफल आयोजन के लिए सभी तैयारियां समय से पूर्ण कर ली जाय। डीएम महेंद्र बहादुर सिंह ने कहा कि संकल्प यात्रा के सफल आयोजन के लिए निकाय व ग्राम पंचायत स्तर पर स्वागत और उत्सव समितियों का गठन कर ले। विकसित भारत संकल्प यात्रा के सफल आयोजन के लिए सीडीओ अनिल कुमार सिंह को नोडल अधिकारी नामित किया गया है। डीडीओ दिनकर विद्यार्थी, डीपीआरओ सौम्यशील सिंह एवं एडीएम संजय कुमार सिंह क्रमशः ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्रों हेतु सहायक नोडल नामित किये गए हैं। शासन स्तर से कार्यक्रमों की दिन-प्रतिदिन की समीक्षा के लिए अधिकारी नामित किये गये है। जिले के सभी अधिकारी, कर्मचारी भारत सरकार एवं उप्र शासन द्वारा दिये गये निर्देशानुसार विकसित भारत संकल्प यात्रा के तहत जन कल्याणकारी योजनाओं का व्यापक प्रचार-प्रसार करें। संकल्प यात्रा प्रचार-प्रसार के लिए जनपद में भारत सरकार की ओर से 10 प्रचार वाहन भेजे जायेगें। प्रचार वाहनों का आवंटन कर दिया गया है। इन आईईसी प्रचार वाहन की सुरक्षा संबंधित थाने की जिम्मेदारी होगी।सीडीओ अनिल कुमार सिंह ने बताया कि प्रचार वाहनों द्वारा पीएम गरीब कल्याण अन्न योजना, पीएम विश्वकर्मा, पीएम स्वनिधि, पीएम आवास योजना, प्रधानमंत्री उज्जवला योजना, पीएम किसान सम्मान निधि योजना, किसान क्रेडिड कार्ड योजना, पीएम पोषण अभियान, हर घर जल जीवन मिशन, गांव का सर्वेक्षण और ग्रामीण क्षेत्रों में उन्नति प्राद्योगिकी के साथ मान चित्रण(स्वामित्व), जनधन योजना, जीवन ज्योति बीमा योजना, अटल पेंशन योजना, पीएम प्रणाम योजना, नैनो उर्वक, स्कील सेल एनिमिया उन्मूलन मिशन, एकलव्य माडल आवासीय विद्यालय में नामांकन, छात्रवृत्ति योजना, वन अधिकारी स्वामित्व इत्यादि योजनाओं का व्यापक प्रचार-प्रसार किया जायेगा। बैठक में एडीएम संजय कुमार सिंह,, एएसपी नेपाल सिंह, सभी एसडीएम, बीडीओ, जिला स्तरीय अधिकारी मौजूद रहे।

## दीप प्रज्जवलन कर वर्ग का किया शुभारम्भ



*अवधनामा संवाददाता*

**मोहम्मदी-खीरी।** पर्यावरण संरक्षण गतिविधि (अवध प्रान्त) का अभ्यास वर्ग 18 व 19 नवम्बर को आयोजित किया गया जिसमें विभाग संयोजक कुमुद मिश्रा ने दीप प्रज्जवलन कर वर्ग का शुभारम्भ किया। जिला संघ संचालक अमित भसीन ने व्यवस्था व बैठक के विषय में अपने विचार रखे। जिला संयोजक रोहित कुमार मिश्रा ने वृक्षारोपण के महत्व पर प्रकाश डाला। वही जिला धार्मिक संस्थान प्रमुख कैलाश बाजपेई ने धर्म जागरण पर अपने विचार रखे। विभाग के संयोज कुमुद मिश्रा ने कचरा प्रबन्धन पर गहनता से विचार रखते हुए मार्गदर्शन किया। एनजीओ प्रमुख विशम्भर नाथ ने पर्यावरण में एनजीओ के महत्व के बारे बताया। सह जिला संयोजक सीतापुर बनवारी लाल ने व्यक्तित्व विकास के बारे में अपने विचार रखे। समापन सत्र में प्रांत संयोजक विष्णु दत्त दीक्षित ने पर्यावरण संरक्षण गतिविधियो के विभिन्न आयोमों व कार्य पद्धति पर गहनता से अपना मार्ग दर्शन सभी कार्यकर्ताओ को प्रदान किया। कार्यक्रम में अमित कुशवाहा, गौरव मिश्रा, विष्णु सिंह, हर्षित, जितेन्द्र, रणधीर, लखन का विशेष योगदान रहा। कार्यक्रम में नगर प्रचारक अभिषेक, मदन, आनन्द सहित काफी संख्या में कार्यकर्ता मौजूद रहे। कार्यक्रम का संचालन डा0 दिलीप श्रीवास्तव ने किया।

## पुलिस अधीक्षक द्वारा थाना खमरिया का निरीक्षण किया गया आकस्मिक निरीक्षण

*अवधनामा संवाददाता*

त्त्म्ड्ढ4 त्त्म्ह्यड्ढ्रह्य×द्बद्ध0 4

**लखीमपुर खीरी।** पुलिस अधीक्षक गणेश प्रसाद साहा द्वारा थाना खमरिया का आकस्मिक निरीक्षण किया गया। इस दौरान सम्पूर्ण थाना परिसर का भ्रमण कर थाना कार्यालय, मालखाना, हवालात, मेस, बैरक, कम्प्यूटर कक्ष आदि का निरीक्षण कर रजिस्टर्स/अभिलेखों के व्यवस्थित रख-रखाव तथा उन्हें अद्यावधिक रखने हेतु निर्देशित किया गया। मालखाने में माल मुकदमाती के व्यवस्थित रख-रखाव तथा नियमानुसार माल का विधिक निस्तारण सुनिश्चित करने हेतु निर्देश दिए गए। जनसुनवाई से सम्बन्धित शिकायती प्रार्थना पत्र के निस्तारण की समीक्षा की गई व महिला हेल्प डेस्क की समीक्षा करते हुए महिला पुलिस कर्मियों को फरियादियों से अच्छे व्यवहार करने व उनकी समस्याओं को सुनकर गुणवत्तापूर्ण निस्तारण हेतु दिशा-निर्देश दिए गए । साथ ही किसी भी प्रकार की सूचना प्राप्त होने पर तत्काल मौके पर पहुंचकर अपेक्षित कार्यवाही अमल में लाने के निर्देश दिए गए। इसके अतिरिक्त अपराध की रोकथाम व अपराधियों के विरुद्ध कार्यवाही के दृष्टिगत नियमित रूप से प्रभावी गस्त करने के निर्देश दिए गए।



## डीएम की पराली जलाने वालों को दो टूक, जलाई पराली, सट्टा होगा निलंबित

**लखीमपुर खीरी।** पराली (गन्ने की पत्ती) जलाने की बढ़ती घटनाओ पर डीएम महेंद्र बहादुर सिंह ने गहरी चिंता जताते हुए अफसरों को कड़े निर्देश दिए। इसके लिए सोमवार की देर शाम कलेक्ट्रेट सभागार में डीएम महेंद्र बहादुर सिंह ने सभी जनपदीय अधिकारियों, उप जिलाधिकारियो, पुलिस क्षेत्राधिकारियों की अहम बैठक ली। डीएम ने कहा कि पराली की घटना जलने पर संबंधित काश्तकार का सट्टा एक माह के लिए निलंबित कर दिया जाए। वही संबंधित काश्तकार से अनुमन्य जुर्माना वसूलने के साथ 107/116 की कार्यवाही की जायेगी।डीएम महेंद्र बहादुर सिंह ने फसल अवशेष जलाये जाने से उत्पन्न हो रहे प्रदूषण की रोकथाम के दृष्टिगत शासन अतिगंभीर है।जनपद खीरी में फसल अवशेष जलाये जाने की घटनाओं में हुई अप्रत्याशित वृद्धि के सम्बन्ध में अधिकारियों- कार्मिकों को सचेत करते हुए निर्देशित किया कि अपने क्षेत्रान्तर्गत सुनिश्चित करें कि एक भी पराली जलाने की घटना घटित न होने पाए। यदि पराली दहन की एक भी घटना घटित होती है तो उत्तरदायी अधिकारी-कर्मचारी के विरूद्ध उनके द्वारा कठोर कार्यवाही सुनिश्चित की जाएगी। पराली दहन की घटनाओं की संबंधित एसडीएम द्वारा सीओ-थानाध्यक्षों के साथ स्वयं स्थल पर जाकर जॉच-समीक्षा की जाए तथा दोषियों के विरूद्ध नियमानुसार कार्यवाही करते हुए प्रभावी रोकथाम सुनिश्चित की जाए। घटनाओं पर अंकुश लगाये जाने हेतु आवश्यक है कि उत्तरदायी अधिकारियों-कर्मचारियों का भी स्पष्टीकरण प्राप्त कर उनके विरूद्ध भी कार्यवाही सुनिश्चित की जाए। डीएम ने गन्ने की पराली जलाने की घटनाओं के संदर्भ में जिला गन्ना अधिकारी वेद प्रकाश सिंह को अवगत कराए।

## स्कूटी सवार अनियंत्रित होकर नहर में गिरा



**लखीमपुर खीरी।** नहर पटरी रोड पर ट्रैफिक की मारामारी के चलते आज एक बार फिर एक स्कूटी सवार अनियंत्रित होकर नहर में जा गिरा।

## ट्रक की टक्कर से बाइक सवार दो युवक गंभीर रूप से घायल

**महराजगंज, रायबरेली।** महराजगंज कोतवाली क्षेत्र के हलोर कस्बे के पास ट्रक की टक्कर से बाइक सवार दो युवक गंभीर रूप से घायल हो गए आनन फानन में ग्रामीणों ने घायलों को सीएचसी महराजगंज में भर्ती कराया जहां एक जहां डॉक्टरों ने एक युवक को मृत घोषित कर दिया वहीं दूसरे की हालत गंभीर देख प्राथमिक उपचार कर जिला चिकित्सालय के लिए रेफर कर दिया है बता दें कि कैर गांव के रहने वाले सुनील कुमार 20 पुत्र हनुमान और रंजीत उम्र 22 वर्ष पुत्र राजेश दोनों एक साथ बाइक से हैदरगढ़ गए हुए थे और वहां से वापस लौट रहे थे तभी कोतवाली क्षेत्र के हलोर कस्बा स्थित डीके आरके विद्यालय के पास बाइक और ट्रक में भिड़ंत हो गई जिससे बाइक सवार दोनों युवक गंभीर रूप से घायल हो गए आनंद-फानन में ग्रामीणों द्वारा दोनों घायलों को सीएचसी महराजगंज लाया गया जहां डॉक्टरों ने सुनील प्रजापति को मृत घोषित कर दिया वहीं रंजीत की हालत गंभीर देख प्राथमिक उपचार कर जिला चिकित्सालय के लिए रेफर कर दिया मामले में कोतवाल बालेंद्रु गौतम ने बताया कि ट्रक की टक्कर से एक युवक की मौत हुई है, शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है, वहीं ट्रक को भी कब्जे में ले लिया गया है, मामले में अग्रिम वैधानिक कार्रवाई की जा रही है।

### चिलकाना रोड की क्षतिग्रस्त सड़क पर हो सकता है हादसा

**सहारनपुर।** चिलकाना रोड मण्डी समिति गेट के समीप 15 दिन पूर्व बनी सड़क में बडे-बड़े गड्ढे हो गये है, जो किसी भी दिन दुर्घटना का सबब बन सकते है और सड़कों में बने गड्ढे को लेकर क्षेत्रवासियों में निगम के प्रति रोष बना है। चिलकाना रोड मण्डी समिति गेट के सामने नवनिर्मित सीसी रोड में बडे-बडे गड्ढे बन गये है और पिछले दो सप्ताह से बने गड्ढे दुर्घटनाओं का सबब बन सकते है। गौरतलब रहे कि स्मार्ट सिटी के अंतर्गत मण्डी समिति गेट के सामने बिजली विभाग द्वारा अंडर लाईन तार डालने के लिए सड़क का खुदाई कार्य किया गया था, जिस कारण सड़कों पर बड़े-बड़े गड्ढे किए गए थे। जिस कारण सड़क क्षतिग्रस्त हो गयी। क्षेत्रीय लोगो ने बताया कि यहां आये दिन गड्ढो के कारण वाहन पलट रहे है व लोग भी चोटिल हो रहे है। जिससे आम लोगों को भारी नुकसान उठाना पड रहा है। लेकिन नगर निगम इस क्षतिग्रस्त सड़क के प्रति बेखबर बना है और किसी बड़े हादसे का इंतजार कर रहा है।

### चोरी की स्कूटी समेत वाहन चोर गिरफ्तार

**सहारनपुर।** थाना जनकपुरी पुलिस ने एक वाहन चोर को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से चोरी की स्कूटी बरामद की है। गौरतलब रहे कि 18 नवम्बर को अब्दुल वाहिद पुत्र शरीफ अहमद निवासी निवासी पीपल वाली गली खानआलमपुरा थाना जनकपुरी ने अज्ञात चोर द्वारा स्कूटी चोरी कर लेने के सम्बन्ध मे थाना जनकपुरी पर मुकदमा पंजीकृत कराया गया था। थाना जनकपुरी के प्रभारी निरीक्षक के नेतृत्व में पुलिस टीम ने आज अभियुक्त सादिक पुत्र अब्दुल वहीद निवासी पीपल वाली गली खानआलमपुरा थाना जनकपुरी को जनकनगर के पास से गिरफ्तार कर घटना का सफल अनावरण किया। अभियुक्त के कब्जे से चोरी की स्कूटी बरामद की गयी। बरामदगी के आधार पर मुकदमे मे धारा 411 भादवि की वृद्धि की गयी। अभियुक्त को न्यायालय के समक्ष पेश किया जा रहा है। गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम में उप निरीक्षक लोकेश कुमार, हैड कांस्टेबल राजेन्द्र सिंह, अनिल कुमार शामिल रहे।

### आर्म्स एक्ट में एक अभियुक्त दबोचा, स्कूटी बरामद

**सहारनपुर।** थाना सदर बाजार पुलिस ने आर्म्स एक्ट में 01 अभियुक्त को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से 01 तमंचा .315 बोर व 01 स्कूटी बरामद की है। थाना सदर बाजार पुलिस की टीम ने मुखबिर की सूचना पर अभियुक्त सचिन शर्मा पुत्र धर्मपाल शर्मा निवासी इन्द्रा कालोनी थाना सदर बाजार को गिरफ्तार किया, जिसके कब्जे से 01 तमंचा नाजायज 315 बोर बरामद हुआ। इस संम्बन्ध मे थाना सदर बाजार पर धारा 3/25 आर्मस एक्ट पंजीकृत किया गया है। पूछताछ में बताया कि यह तमंचा उसने टपरी स्टेशन के पास राह चलते व्यक्ति से खरीदा था। वह तमंचे को खौफदिखाने के लिये अपने पास रखता है। अभियुक्त को गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम में उपनिरीक्षक राजीव गौर, कांस्टेबल योगेश व राजन शामिल रहे।

### अनियंत्रित ट्राले की चपेट में आकर एक बाईक सवार की मौत

**सहारनपुर।** अम्बाला रोड हाइवे पर एक अनियंत्रित सीमेन्ट कैप्सूल लेकर जा रहे ट्राले ने बाईक सवार को टक्कर मार दी और ट्राला बड़ी नहर में जा गिरा। हादसे में बाईक सवार युवक की मौत हो गयी और चालक भी गंभीर रूप से घायल हो गया। सूचना मिलने पर थाना कुतुबशेर पुलिस मौके पर पहुंची और मृतक के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम को भिजवाया और नदी में गिरे ट्राले को बाहर निकालने का रेस्क्यू आरंभ किया।

आज थाना कुतुबशेर क्षेत्रान्तर्गत अम्बाला रोड स्थित बड़ी नहर की पुलिया के समीप सीमेन्ट कैप्सूल लेकर आ रहा ट्राला अचानक ही अनियंत्रित हो गया और बाईक सवार को टक्कर मार दी, जिससे बाईक सवार सहित ट्राला भी पुलिया की रैलिंग तोड़ते हुए बड़ी नहर में जा गिरा। हादसे में बाईक सवार रुपडी गुर्जर निवासी सुरेंद्र कुमार की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई।

## उगते सूर्य को अर्घ्य देकर समाप्त हुआ चार दिवसीय छठ पर्व

*अवधनामा संवाददाता*

**रायबरेली।** महापर्व छठपूजा के चौथे और आखिरी दिन लोगों ने छठ माई की पूजा की। रविवार को सूर्यास्त के समय सूर्य देवता को शाम का अर्घ्य दिया गया और सुबह फिर उगते सूर्य को अर्घ्य दिया गया। छठ पूजा की शुरुआत 17 नवंबर से हुई थी और सोमवार की सुबह उगते सूर्य देव को अर्घ्य देकर व्रती महिलाओं ने पारण किया। आज सुबह राजघाट पर फिर से पहुँचकर उगते सूर्य को अर्घ्य दिया गया।



हिंदू धर्म में छठ पर्व को बेहद पवित्र और शुभ माना जाता है। इसमें सूर्य देव के साथ छठी मैया की भी पूजा की जाती है। चार दिनों तक चलने वाले इस पर्व में कई तरह के प्रसाद बनते हैं। खरना के बाद से 36 घंटे का निर्जला व्रत शुरू हुआ जिसका समापन सोमवार को अर्घ्य देने के बाद हुआ। छठ पूजा पर लोग एक-दूसरे को बधाई संदेश भेजते हैं। स्वास्थ्य, सुख-शांति की कामना करते हैं।

शहर के मशहूर प्रिंस ज्वैलर्स के मालिक उमेश वर्मा और मुकेश वर्मा ने बताया कि छठ माई के पर्व का उत्सव चार दिनों तक चलता है। छठ पर्व से जुड़ी कथा के अनुसार बताया जाता है कि, राजा प्रियव्रत की कोई संतान नहीं थी जिसके चलते वह बेहद ही परेशान और दुखी रहा करते थे। एक बार महर्षि कश्यप ने राजा से संतान प्राप्ति के लिए यज्ञ करने को कहा। महाराज जी की आज्ञा मानकर राजा ने यज्ञ कराया जिसके बाद राजा को एक पुत्र हुआ भी लेकिन दुर्भाग्य से वो बच्चा मृत पैदा हुआ। इस बात को लेकर राजा और रानी और उनके और परिजन और भी ज्यादा दुखी हो गए। तभी आकाश से माता षष्ठी आई। राजा ने उनसे प्रार्थना की और तब देवी षष्ठी ने उनसे अपना परिचय देते हुए कहा कि, %मैं ब्रह्मा के मानस पुत्री षष्ठी देवी हूं मैं इस विश्व के सभी बालकों की रक्षा करती हूं और जो लोग निसंतान हैं उन्हें संतान सुख प्रदान करती हूं।% इसके बाद देवी ने राजा के मृत शिशु को आशीष देते हुए उस पर अपना हाथ फेरा जिससे वह तुरंत ही जीवित हो गया। यह देखकर राजा बेहद ही प्रसन्न हुए और उन्होंने देवी षष्ठी की आराधना प्रारंभ कर दी। कहा जाता है कि इसके बाद ही छठी माता की पूजा का विधान शुरू हुआ।

### जल कल विभाग की लापरवाही के विरोध में अधिशासी अभियन्ता का घेराव

**सहारनपुर।** जल निगम में बरती जा रही धांधली के विरोध में आज अखिल भारतीय प्रधान संगठन एवं नवदृष्टि नवयुग प्रधान संगठन के संयुक्त तत्वावधान में जल निगम कार्यालय पर पहुंचकर अधिशासी अभियंता का घेराव कर मांगों का निराकरण करने की मांग की गयी।

अखिल भारतीय प्रधान संगठन एवं नवदृष्टि नवयुग प्रधान संगठन के अध्यक्ष अनुज चौधरी एवं संजय वालिया ने बताया कि जल निगम द्वारा पिछले काफी समय से लम्बित समस्याओं का निराकरण नहीं किया जा रहा है। बार-बार चक्कर काटने के बावजूद भी समस्याएं जस की तस बनी हुई हैं। उन्होंने आज अपना उग्र रूप दिखाते हुए अधिशासी अभियन्ता को कार्यालय के बाहर बुलाकर घेराबन्दी करते हुए अपनी बीच बैठाया। उन्होंने चेताया कि यदि जल्द ही जल निगम की समस्याओं का निराकरण न किया गया तो आंदोलन को तेज किया जायेगा।

## ब्लॉक कांग्रेस कार्यालय में इन्दिरा मनाई गई इन्दिरा गांधी की जयत्ती

*अवधनामा संवाददाता*

**महाराजगंज, रायबरेली।** महाराजगंज ब्लॉक कांग्रेस कार्यालय में आज इन्दिरा गांधी की जयत्ती लेडी के रूप में विश्व विख्यात, भारत रत्न श्रीमती इंदिरा गांधी जी की जयंती पर उन्हें सादर नमन। अपनी दूरदर्शिता और दृढ़ संकल्प से भारत को विश्व शक्ति बनाने में



मनाई गई इस इस मौक़े पे अंकुर जायसवाल ने कहा देश की अखण्डता और एकता के लिए अपने प्राण न्योछावर करने वाली देश की प्रथम महिला प्रधानमंत्री, आयरन महत्वपूर्ण भूमिका निभाने हेतु उनके अतुलनीय योगदान का देश सदैव ऋृणी रहेगा। इस मौक़े पे प्रिंसू वैश्य रोहित धीमान कृपाशंकर शर्मा, भरत मिश्रा आदि लोग उपास्थि रहें।

### 22 नवम्बर से होगा विकसित भारत संकल्प यात्रा का शुभारम्भ



*अवधनामा संवाददाता*

**सहारनपुर।** जिलाधिकारी डॉ.दिनेश चन्द्र की अध्यक्षता में शासकीय योजनाओं के संतृप्तीकरण के लिए आउटरीच गतिविधियों के माध्यम से जागरूकता बढाने के लिए 26 जनवरी 2024 तक विकसित भारत संकल्प यात्रा के आयोजन के संबंध में जनपद के समस्त ग्राम प्रधानों की एक दिवसीय कार्यशाला आयोजित की गयी। जिलाधिकारी द्वारा भारत को विकसित राष्ट्र बनाने के संकल्प की शपथ दिलाई गयी। जनमंच सभागार में आयोजित कार्यक्रम में जिलाधिकारी डॉ.दिनेश चन्द्र ने विभागीय अधिकारियों को निर्देश दिए कि अभियान के अन्तर्गत अपनी प्रमुख योजनाओं एवं मिशन के माध्यम से संतृप्ति के लिए सभी लक्षित और पात्र लाभार्थियों के लिए आवश्यक सेवाएं सुलभ बनाना सुनिश्चित करें। इस दिशा में नागरिकों को उपलब्ध लाभों और विभिन्न सुविधाओं के बारे में जागरूकता सुनिश्चित करना होगा ताकि समाज के अंतिम व्यक्ति तक योजना की पंहुच को सुगम बनाया जा सके। उन्होने कहा कि कोई भी देश तभी विकसित होगा जब वहां के नागरिक विकसित होंगे। प्रधानमंत्री की 2047 तक भारत को विकसित राष्ट्र बनाने की दूरगामी सोच के अन्तर्गत किये जा रहे कार्यों में सभी बढ-चढकर अपनी महत्ती भूमिका निभाएं। सभी ग्राम प्रधान सुनिश्चित करें कि इस यात्रा के दौरान ग्राम पंचायतों में होने वाली सभाओं में सभी पात्र लाभार्थियों को चिन्हित कर उन्हे योजना का लाभ दिलाया जाए।

# नगर निगम में लगा एक दिवसीय ऑर्गेनिक बाजार

*अवधनामा संवाददाता*

**सहारनपुर।** नगर निगम परिसर में आज एक दिवसीय ऑर्गेनिक बाजार लगाया गया। नगरायुक्त ग़ज़ल भारद्वाज ने रिबन काटकर इसका शुभारंभ किया। बाजार में लगाये गए स्टॉलों पर आईटीसी मिशन सुनहरा कल के सहयोग से बनाये गए जैविक खाद, गोबर से निर्मित दिए, स्टिक व सजावटी सामान तथा विभिन्न प्रजातियों के पौधों को प्रदर्शित किया गया। गोपाष्टमी के उपलक्ष में नगर निगम परिसर में आज एक दिवसीय ऑर्गेनिक बाजार लगाया गया। इसका उद्देश्य ऑर्गेनिक वस्तुओं के प्रति लोगों को जागरुक और उपयोग के लिए प्रेरित करना था। ऑर्गेनिक बाजार के तहत लगाये गए स्टॉलों पर अजवायन आदि औषधीय व सजावटी पौधों के अलावा आईटीसी मिशन सुनहरा कल द्वारा होम कम्पोस्टर, घर-घर से एकत्रित कचरे से निर्मित जैविक खाद तथा निगम द्वारा संचालित कान्हा उपवन गौशाला में गाये के गोबर से निर्मित दिए, गाय व गणेश प्रतिमा, गोबर स्टिक, धूप के अलावा जैविक खाद व फिनाइल आदि प्रदर्श किया गया था। नगरायुक्त ग़ज़ल भारद्वाज ने बाजार का शुभारंभ करते हुए गोबर व गौमूत्र निर्मित उत्पादों की बिक्री पर जोर दिया ताकि गौशाला को पूर्णतः आत्मनिर्भर बनाया जा सके। इसके अलावा निगम की नर्सरी विकसित करने का सुझाव देते हुए उसमें औषधीय व सजावटी पौधे तैयार कर उनकी बिक्री का भी सुझाव दिया। इस अवसर पर अपर नगरायुक्त राजेश यादव, एस के तिवारी, सहायक नगरायुक्त अशोक प्रिय गौतम, अधिशासी अभियंता अमरेंद्र गौतम, गौशाला प्रभारी डॉ.संदीप मिश्रा, मुख्य कर निर्धारण अधिकारी दिनेश यादव, पार्षद मोहर सिंह, सुनील पंवार, रविसेन जैन, पार्षद प्रतिनिधि सईद सिद्दकी, मुख्य सफाई निरीक्षक इंद्रपाल व चंद्रपाल के अलावा सभी सफाई निरीक्षक आदि शामिल रहे।



### सूर्य को अर्घ्य देकर जिलाधिकारी ने की छठ पूजा

**सहारनपुर।** सूर्यदेव की आराधना के लोक पर्व सूर्य षष्ठी (छठ पूजा) जनपद में श्रद्धा और भक्तिभाव से मनाया। व्रत रही महिलाओं ने बडी नहर सहित अन्य घाटों पर सोमवार को उगते हुए सूरज की विधि विधान से छठ पूजा करते हुए खुशहाली एवं संतान रक्षा की कामना की।

जिलाधिकारी डॉ.दिनेश चंद्र ने छठ पर्व के अवसर पर बडी नहर पर स्थित मानकमऊ घाट पर पहुंचकर पूजा अर्चना की। सोमवार को सूर्योदय के समय सूर्य को अर्घ्य देकर छठ पूजा संपन्न हुई। उन्होंने सभी जनपद वासियों को शुभकामनाएं दी एवं जनपद में सुख-शांति के लिए प्रार्थना की। उन्होंने कहा कि छठ पर्व आस्था का महापर्व है और जनपद के सभी व्रतियों में इसको लेकर अपार उत्साह है। भगवान सूर्य और छठ मैया सभी का कल्याण करें, और आपके जीवन में नई ऊर्जा का संचार करें।

आज सोमवार को छठ पूजा का आखिरी दिन है। चौथा दिन यानी सप्तमी तिथि छठ महापर्व का अंतिम दिन होता है। इस दिन प्रातः काल उगते सूर्य को जल दिया जाता है। इसी के साथ छठ पर्व का समापन होता है। छठ महापर्व की शुरुआत नहाय-खाय से होती है।

# जय श्रीराम के उद्घोष के साथ शुरू होगी 14 कोसी परिक्रमा, लाखों श्रद्धालु उमड़े

*अवधनामा संवाददाता*

**अयोध्या।** 14 कोसी परिक्रमा में श्रद्धालुओं को किसी भी प्रकार की अव्यवस्था न हो। उनके स्वास्थ्य,



सुरक्षा की समुचित व्यवस्था के साथ सफाई के बीच परिक्रमा हो, योगी सरकार का इस पर भी विशेष फोकस रहा। सरकार की मंशानुरूप प्रशासन पूरी तरह मुस्तैद रहा। मंगलवार रात्रि 2:00 बजे से अयोध्या में 14 कोसी परिक्रमा शुरू होगी 21 नवंबर की रात 11:38 तक चलेगी, । यहां पहुंचे लाखों श्रद्धालुओं ने रामनाम संकीर्तन और लोक गीतों के साथ करतें हैं परिक्रमा । ड्रोन कैमरे की देखरेख में सुरक्षा के कड़े प्रबंध किए गए।

**नंगे पांव न गड़े कंकड़, जगह-जगह डाले गए बालू**

परिक्रमा के प्रारंभिक स्थल नाका मुजफरा स्थित हनुमानगढ़ी मंदिर की मिट्टी को माथे पर लगा श्रद्धालुओं ने परिक्रमा शुरू की। लाखों की भीड़ का अनुमान लगा प्रशासन सुरक्षा और मेला व्यवस्था के लिए पूरी तरह से सतर्क रहा। परिक्रमा मार्ग पर ड्रोन कैमरे से निगरानी की जाएगी। महत्वपूर्ण स्थलों पर हर कोई सीसीटीवी कैमरे की जद में रहा। डीएम नीतीश कुमार के मुताबिक श्रद्धालु नंगे पांव परिक्रमा करेगें, इसलिए परिक्रमा मार्ग पर जगह-जगह बालू डालकर इसे आरामदेह बनाने की कोशिश भी की गई है।

**एटीएस की निगरानी में होगी परिक्रमा**

परिक्रमा एटीएस की निगरानी में शुरू होगी खास भीड़ भाड़ वाले स्थान परिक्रमा पथ पर सुरक्षा के इंतजाम हैं पूरे पथ पर जगह-जगह पुलिस के साथ सुरक्षा बल तैनात रहेंगे मार्ग पर प्रकाश की व्यवस्था होगी

**जगह-जगह होंगे शिविर**

पूरे परिक्रमा पथ पर संगठनों के शिविर होंगे चाय नाश्ते के साथ अल्पाहार की व्यवस्था होगी चाहे तो इसका सेवन कर सकते हैं

**यहां रहेगी उपचार की व्यवस्था**

कंट्रोल रूम, हनुमान गुफा, मौनी बाबा, हलकारा का पुरवा, दर्शन नगर, अचारी का सागरा, मिर्जापुर ,जनौरा, सहादतगंज, हनुमानगढ़ी, गुप्तारघाट अफीम कोठी अमानीगंज चक्रवर्ती निर्मोचन घाट व झुनकी घाट

**कंट्रोल रूम में दे सकते हैं सूचना**

14 कोसी परिक्रमा मेला शांतिपूर्वक चली। सभी अधिकारी अपने-अपने क्षेत्रों में भ्रमण कर मुस्तैद रहे। यहां से जुड़ी किसी भी प्रकार की सूचना-जानकारी कंट्रोल रूम में दी/ली जा सकती है। कंट्रोल रूम का मोबाइल नंबर 9120989195 व 05278-232043, 232044, 46, 47 है। किसी भी प्रकार की सहायता के लिए इस नंबर पर फोन किया जा सकता है साथ ही मेला सहायक कौशल किशोर श्रीवास्तव से मोबाइल नंबर 94 5440 2642 पर भी संपर्क किया जा सकता है।साथ ही परिक्रमार्थियों के लिए खोया पाया कैंप पर भी बनाया गया है।

## साकेत सेवा पुंज सम्मान से सम्मानित

**अयोध्या।** दिव्यांगों,महिलाओं तथा निराश्रित बच्चों तथा असहाय एवं निर्धन लोगों की सेवा में सन 1980 से तत्पर डॉ0रानी अवस्थी आज किसी परिचय की मोहताज नहीं है उनके द्वारा किए गए कार्यों एवं सेवा के कारण ही लगातार उन्हें जिले एवं मंडल के अधिकारियों एवं नागरिकों तथा उत्तर प्रदेश सरकार राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय स्तर के कार्यक्रमों में तथा विभिन्न समाजसेवियों एवं समितियों द्वारा सम्मानित किया गया । इसी क्रम में रसूलाबाद में आयोजित साकेत महोत्सव के समापन के अवसर पर उन्हें समाजसेवी राजेश चौबे, रणजीत , आकाश गुप्ता , राघवेंद्र तिवारी द्वारा सामूहिक रूप से सम्मानित किया गया। डॉ0रानी अवस्थी ने बताया कि यह उनका 56वा पुरस्कार है ।उन्होंने कहा इससे पूर्व हमारे माननीय मुख्यमंत्री जी द्वारा लखनऊ के एक कार्यक्रम में मुझे ÷देवी अवार्ड÷ से सम्मानित किया गया है। आपके द्वारा सम्मान पाकर मेरे अंदर नई ऊर्जा का संचार होता है और मैं अपने कार्यक्षेत्र में आपके कारण ही अत्यंत मेहनत और लगन से कार्य करती हूं आपके कारण ही मैं समाज सेवा कर पा रही हूं क्यों कि आपका प्यार आपका स्नेह ही मेरी ताकत है।

# भाजपा सरकार की गलत नीतियों के चलते स्वास्थ्य विभाग की व्यवस्थाएं दम तोड़ रही: शिल्पी चौधरी

*अवधनामा संवाददाता*

**अयोध्या।** समाजवादी पार्टी महिला सभा की प्रदेश अध्यक्ष श्रीमती रीबू श्रीवास्तव द्वारा दिशानिर्देशित बीकापुर विधानसभा के सोहावल ब्लॉक के कपासी गांव में विधानसभा अध्यक्ष रीता निषाद द्वारा आयोजित समीक्षा बैठक की अध्यक्षता जिलाध्यक्ष सरोज यादव ने की,जिसकी मुख्य अतिथि अयोध्या प्रभारी महिला सभा शिल्पी चौधरी ने कहा कि अस्पतालों में डॉक्टर नहीं है, दवाएं नहीं है। इलाज और जांच की समुचित व्यवस्था न होने से लोगों की जानें जा रही है किन्तु यूपी सरकार बाहर चुनाव प्रचार में व्यस्त हैं। स्वास्थ्य विभाग भगवान भरोसे चल रहा है सरकारी अस्पतालों में समुचित इलाज और जांच की अव्यवस्था के चलते गरीब मरीजों के जान के साथ खिलवाड़ हो रहा है अस्पतालों में डेंगू बुखार और अन्य बीमारियों के मरीज और तीमारदार लाइनों में लगे दिखाई देते हैं। प्राइवेट अस्पतालों में आपदा में अवसर सिद्धांत का पालन करते हुए मरीजों के तीमारदारों से लूट-वसूली का खुला खेल चल रहा है। इस खेल में सरकार और अधिकारी शामिल है। डेंगू बुखार और अन्य बीमारियों से मरने वालों का आंकड़ा अब तक नहीं आया है। भाजपा कानून व्यवस्था ध्वस्त है। महिलाओं की असमत लूटी जा रही है सरकार पर कोई असर नहीं है। समाजवादी सरकार में कन्या विद्या धन, पढ़े बेटियां बड़े बेटियां, साइकिल एवं लैपटॉप वितरण बेरोजगारी भत्ता, समाजवादी महिला पेंशन, गरीब



सरकार की गलत नीतियों के चलते स्वास्थ्य विभाग की व्यवस्थाएं दम तोड़ रही हैं। जिलाध्यक्ष महिला सभा सरोज यादव ने कहा भाजपा सरकार जिस तरह से श्रद्धा को व्यवसाय बना दिया है।भाजपा सरकार में महंगाई, बेरोजगारी, भ्रष्टाचार, चरम सीमा पर है महिलाओं को घर गृहस्थी चलाने में बहुत कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है किसान,नौजवान परेशान है, इस डबल इंजन की सरकार में महिलाओं को विवाह योजना, लोहिया आवास, एंबुलेंस योजना, मेट्रो आदि दर्जनों जनहित में कार्य किए गए हैं। जो आज भी ऐतिहासिक है। जिसे जनता आज भी याद कर रही है। लोकसभा चुनाव में जनता महंगाई, बेरोजगारी, गरीबी और बुनियादी मुद्दों पर वोट करेगी। किसान, नौजवान, मध्यम वर्ग, महिलाएं, बुनकर और हर गरीब, हर गांव में नब्बे फीसदी से ज्यादा नौजवान बेरोजगार है।

## भगवत् भजन ही सभी शास्त्रों का सार-आचार्य राधेश शास्त्री

**हैदरगंज- अयोध्या।** थाना हैदरगंज क्षेत्र के ग्राम पंचायत पचगवां मजरे तिवारी का पुरवा में चल रही दूसरे दिन सोमवार की भागवत कथा में आचार्य राधेश शास्त्री जी महाराज ने कहा कि मन का सच्चा गुरु आत्मा है। ÷दानं एकम कलियुगे÷... कलयुग में दान और दया के सहारे धर्म रह गया है। राजा परीक्षित ने शमीक ऋषि के गले में मरा हुआ सांप पहनाया, किंतु ऐसा करके उन्होंने अपने गले में तो मानो जीवित सांप ही पहन लिया हो। सर्प काल का स्वरूप है। सभी इंद्रिय वृत्तियों को अंतर्मुख करके प्रभु में फंसा हुआ ज्ञानी जीव के गले में सर्प पहनाने का अर्थ है। काल को मारना जितेंद्रिय योगी का काल स्वयं मरता है अर्थात काल उसे प्रभावित नहीं कर सकता। राजा का अर्थ है रजोगुण में फंसा हुआ प्रधान बिलासी जीव। ऐसों के गले में सर्प लटकता है अर्थात जीवित सर्प उसके गले में है।

## सांसारिक मोह, माया को त्याग कर परमात्मा का स्मरण करना ही वैराग्य होता है:अष्टावक्र महाराज



*अवधनामा संवाददाता*

**पूरा बाजार/अयोध्या।** ज्ञान, भक्ति और वैराग्य का अनूठा संगम है श्रीमद् भागवत उक्त बातें विकासखंड पूरा बाजार के सरायरासी में सात दिवसीय संगीतमय श्रीमद्भागवत कथा के दूसरे दिन कथा व्यास आचार्य अष्टावक्र जी महाराज ने कहा। कथा व्यास ने कहा कि सांसारिक मोह, माया को त्याग कर परमात्मा का स्मरण करना ही वैराग्य होता है। जिसके जीवन में भक्ति नहीं होती उसका जीवन नीरस एवं सारहीन होता है। भगवान की कथा सुनने से भक्ति तृप्त होती है ज्ञान और वैराग्य हृदय में दृढ़ होते हैं और हमारे जीवन में भक्ति बढ़ती है तो भगवान के चरणों में अनुराग और प्रेम होता है। कथा व्यास ने प्रहलाद चरित्र का वर्णन करते हुए कहा कि प्रहलाद ने नारायण से कहा मुझ पर ऐसी कृपा करें कि के संसार का कोई भी सुख पाने का स विचार भी मेरे मन में न आए। स किसी भी प्रकार की इंद्रिय सुख क की कामना न हो मेरे हृदय में कभी किसी कामना का बीज ही अंकुरित न हो। ऐसा वरदान मुझे दें भजन करने से जीव भगवान के साथ एक हो जाता है। इसलिए भक्ति को बुढ़ापे के लिए नहीं छोड़ना चाहिए बल्कि से कम उम्र में ही शुरू इन कर देना चाहिए जैसा प्रहलाद और ध्रुव ने किया था।

# परिक्रमा को सकुशल संपन्न कराए जाने हेतु सुरक्षा के व्यापक इंतजाम किए गए हैं: जिलाधिकारी

*अवधनामा संवाददाता*

**अयोध्या।** जिलाधिकारी नितीश कुमार व एसएसपी राजकरन नय्यर द्वारा परिक्रमा कार्तिक पूर्णिमा मेला में लगे समस्त सुपर जोनल जोनल सेक्टर स्टैटिक मजिस्ट्रेट एवं पुलिस विभाग के राजपत्रित अधिकारीगण की अंतर्राष्ट्रीय राम कथा संग्रहालय के सभागार में संयुक्त ब्रीफिंग की गयी। इस अवसर पर जिलाधिकारी ने परिक्रमा मेला में लगे समस्त सुपर जोनल जोनल सेक्टर स्टैटिक मजिस्ट्रेट एवं पुलिस विभाग के राजपत्रित अधिकारीगण को उनके दायित्वों के सम्बंध में ब्रीफ करते हुये कहा कि सभी मजिस्ट्रेट अपने ड्युटी स्थल पर समय से पूर्व पहुंचे तथा उन्हें अपने तैनाती क्षेत्र के समीपस्त समस्त जानकारियां एम्बुलेंस व्यवस्था, स्वास्थ्य शिविर, खोया पाया केन्द्र, पेयजल व्यवस्था आदि की जानकारी कर ले। अपने तैनाती क्षेत्र की संवेदनशील स्थानों यथा- सकरा स्थान, पुलिया, निर्माणाधीन कार्य स्थल इत्यादि जहां पर भी बेरीकेटिंग की गयी है आदि को देख ले और यदि कहीं पर भी और वैलिडेटिंग करने की आवश्यकता है तो उसे संबंधित ठेकेदार से समन्वय कर करवा लें। सभी मजिस्ट्रेट पुलिस अधिकारी अपनी तैनाती क्षेत्र के स्थानीय निवासियों से भी सम्पर्क कर उनसे सौहार्द बनायें, जिससे कि किसी भी परिस्थिति में उनकी मदद ली जा सकें। उन्होंने कहा कि सभी मजिस्ट्रेट/पुलिस अधिकारी अपनी तैनाती सेक्टर के सम्पूर्ण व्यवस्थाओं के प्रभारी होंगे। मेले में एक सुपर जोनल मजिस्ट्रेट, पांच जोनल मजिस्ट्रेट, 11 सेक्टर मजिस्ट्रेट, दो सब सेक्टर, 24 स्टैटिक मजिस्ट्रेट लगाए गए सभी अधिकारीगण अपने तैनाती क्षेत्र का आज पुनः जायजा ले लें और यदि कहीं पर किसी भी प्रकार की कमी हो तो उसे दूर कर लें। यह सुनिश्चित कर लें कि किस स्थान पर किस प्रकार की समस्या उत्पन्न न होने पाए। उन्होंने कहा कि जिन-जिन स्थान पर भीड़ अधिक एकत्रित होने की संभावना हो वहां पर उसे मैनेज करने हेतु तैयारी पूर्व से ही कर ली जाए। उन्होंने कहा कि विगत परिक्रमा के दौरान जो भी समस्याएं आई थी उनसे सीख लेते हुए इस परिक्रमा में किसी भी प्रकार की समस्या ना आने पाए उसकी तैयारी पूर्ण रखें। उन्होंने एसपी सिटी को निर्देशित किया कि क्राउड मैनेजमेंट हेतु नियमित पी ए सिस्टम से एलाउंस किया जाए परिक्रमा के दौरान उपलब्ध कराई जारी सुविधाओं की जानकारी प्रदान की जाती रहे। इस अवसर पर जिलाधिकारी ने कहा कि इस बार परिक्रमा को सकुशल संपन्न कराए जाने हेतु सुरक्षा के व्यापक इंतजाम किए गए हैं जल वेरीकेटिंग स्थाई कर दी गई है।

## उन्नतिशील आम की प्रजाति, माइक्रो इरिगेशन, अल्ट्रा हाई डेंसिटी प्लांटेशन की दी जानकारी

**मसौली बाराबंकी।** विश्व बैंक एवं कोकाकोला फाउंडेशन के तत्वाधान में सोमवार को पंचायत भवन बड़ागांव मे एक दिवसीय आम उत्पादको एव किसानो की गोष्ठी का आयोजन किया गया। जिसमे किसानो को कम लागत मे अच्छा मुनाफा देने वाली उन्नतिशील आम की प्रजातियों एव माइक्रो इरिगेशन एवं अल्ट्रा हाई डेंसिटी प्लांटेशन के प्रति जागरूक किया गया।

परमाथ समाज सेवी संस्थान के बैनर तले आयोजित बागवानी गोष्ठी मे जैन इरिगेशन से आये वरिष्ठ वैज्ञानिक डा अनिल कुमार ने कहा कि ड्रिप इर्रिगेशन सिंचाई की एक विशेष विधि है जिसमें पानी और खाद की बचत होती है। इस विधि में पानी को पौधों की जड़ों पर बूँद-बूंद करके टपकाया जाता है। इस कार्य के लिए वाल्व, पाइप, नलियों तथा एमिटर का नेटवर्क लगाना पड़ता है। इसे टपक सिंचाई या बूँद-बूँद सिंचाई भी कहते हैं। उन्होने आम की उन्नतिशील प्रजातियों के बारे में बताया।

परियोजना के प्रोग्राम मैनेजर वरुण सिंह ने बताया कि उन्नति मैंगो परियोजना उत्तर प्रदेश के 5 जिलों में परमार्थ समाज सेवी संस्थान के द्वारा संचालित की जा रही है जिसका प्रमुख उद्देश 50 हजार आम के किसानों को लाभ पहुंचाना है। उन्होंने बताया कि पिछ्ले कुछ वर्षो से आम के किसानों को लगातार नुकसान हो रहा है जिसका प्रमुख कारण सही जानकारी का अभाव एवं जलवायु परिवर्तन के कारण मौसम है। कार्यक्रम मे कलस्टर कोर्डिनेट राहुल कुमार, अनिल कुमार रंजीत गौतम द्वारा गांव के लगभग 130 किसानों को ड्रिप इरिगेशन के बारे में प्रशिक्षण दिया गया।

इस मौक़े पर डीडीसी भुल्लन वर्मा, ग्राम प्रधान प्रतिनिधि नूर मोहम्मद सहित आम उत्पादक मो आरिफ, मो हनीफ, नंद किशोर, सुशील पाण्डेय, मयाराम यादव, जमील अहमद, राम प्रवेश वर्मा, बुधीराम वर्मा, मो इस्लाम लोग मौजूद रहे।

# आरोग्य पशु मेले के आयोजन में पशुओ का इलाज, मिली दवाइयां



*अवधनामा संवाददाता*

**मसौली बाराबंकी।** पशु चिकित्सालय मसौली द्वारा सोमवार को ग्राम पंचायत बड़ागांव मे पंडित दीन दयाल उपाध्याय आरोग्य पशु मेले का आयोजन किया गया। जिसमें गांव के दर्जनों लोगों ने अपने पशुओं को मौके पर ले जाकर डाक्टरों से निशुल्क चेकअप कराकर दवाइयां प्राप्त की है।

आरोग्य मेले का शुभारंभ जिला पंचायत सदस्य रामसिंह उर्फ़ भुल्लन वर्मा एव ग्राम प्रधान प्रतिनिधि नूर मोहम्मद ने फीता काटकर किया। इस दौरान चिकित्सकों की टीम ने मेले में आए दर्जनों पशुओं के चेकअप किए हैं। उन्हें निशुल्क दवाइयां भी वितरित की है। जिला पंचायत सदस्य रामसिंह भुल्लन वर्मा ने कहा कि भारत एक कृषि प्रधान देश है यहां पशुपालन का विशेष महत्व है तकनीकी के इस युग में भले ही खेती मशीनरी पर आधारित हो गई है किन्तु आज भी खेती में पशुओं का कम योगदान नहीं है। उन्होंने कहा कि किसान भाई पशुपालन से दुग्ध उत्पादन करके अपनी आय बढ़ाने के साथ ही खेतों में गोबर की खाद का प्रयोग करके उत्पादन लागत कम कर सकते हैं। इससे एक तो मिट्टी की गुणवत्ता में सुधार होगा दूसरा खेतों में रासायनिक खाद का प्रयोग कम करने से भोजन की थाली विषमुक्त होगी। पशु आरोग्य मेले मे 170 पशुपालकों को मिनरल मिक्सचर, कृमि नाशक, किलनी, कैल्शियम और विटामिन की दवाएं दी गई। पशु चिकित्स्क डा कमलेश कुमार ने कहा कि पशुओं को स्वस्थ रखने के लिए चारे के साथ पौष्टिक तत्व भी खिलाएं विभिन्न रोगों से बचाव के लिए समय-समय पर पशु डॉक्टर से सलाह लेना बहुत जरूरी है। गोवंश के दूध गोबर और मूत्र के महत्व के बारे में भी विस्तृत रूप से ग्रामीणों को जानकारियां दी।

इस मौक़े पर पशु चिकित्सक ग्राम प्रधान प्रतिनिधि नूर मोहम्मद, पंचायत सचिव जैसराम, उत्तम वर्मा, तकनीकी सहायक अजय कुमार वर्मा, फार्मेसिस्ट प्रमोद कुमार, रिषभ कुमार क्षेत्र पंचायत सदस्य शहिद अली, मो आरिफ सहित पशुपालक मौजूद रहे।

## दहेज ने मिलने पर विवाहिता को जलाने का प्रयास

**बाराबंकी।** बाइक व 30 हजार रुपए दहेज में न मिलने पर ससुराल वालों ने विवाहिता की जमकर पिटाई की। इससे जी नही भरा तो विवाहिता की नाक काट ली और आग लगाकर जलाने का प्रयास किया। जाना बचाकर भागी पीड़िता की तहरीर पर रिपोर्ट दर्ज की गई है।

जानकारी के अनुसार कुसुम पत्नी श्यामू निवासी मोहल्ला मोसे टोला कस्बा व थाना फतेहपुर ने बताया कि पति श्यामू, सास बाबूदेई पत्नी गंगाराम देवर विक्रम व ससुर गंगाराम ने दहेज में मोटर साईकिल व 30 हजार रूपये न मिलने पर काफी समय से प्रताड़ित कर रहे थे। इन लोगों ने 19 नवम्बर की सुबह एकराय होकर जावेज गालियां लात घूसों से मारा पीटा जबकि पति श्यामू ने गला दबाकर मुंह से नाक काट लिया। यही नही जलाने की नीयत आग लगाने का प्रयास किया। उसका विवाह लगभग 6 माह पूर्व हुआ और हैसियत के अनुसार दान दहेज भी दिया गया था।

# उगते सूर्य को अर्घ्य देने के साथ ही आस्था के महापर्व छठ पूजा का समापन

*अवधनामा संवाददाता*

**बाराबंकी।** जिले में नहाय खाय से शुरू हुए आस्था के महापर्व छठ पूजा का आज चौथे दिन उगते हुए सूर्य देवता को अर्घ्य देने के साथ ही समापन हो गया। चौथा दिन यानी सप्तमी तिथि छठ महापर्व का अंतिम दिन रहा। सोमवार की सुबह उगते सूर्य को अर्घ्य दिया गया। इसके लिए बड़ी संख्या में भक्त शहर के नागेश्वरनाथ मंदिर के अलावा आस पास की नदी किनारे एकत्र हुए और विधि विधान से सूर्यदेव की आराधना की। इसी के साथ छठ महापर्व का समापन हो गया।

बताते चलें कि छठ महापर्व की शुरुआत नहाय-खाय से हुई। यह पर्व दूसरे दिन खरना, तीसरे दिन संध्या अर्घ्य और चौथे दिन को ऊषा अर्घ्य के नाम से जाना जाता है। छठ का पर्व बिहार, झारखंड और पूर्वी उत्तर प्रदेश के बाराबंकी जिले में बड़े ही धूमधाम से मनाया गया। महिलाओं द्वारा छठ का व्रत संतान की लंबी उम्र



और उनके खुशहाल जीवन के लिए रखा जाता है। पिछले 4 दिनों से धूमधाम से छठ का पर्व मनाया जा रहा था। मान्यता है कि जो एक बार छठ की पूजा शुरू करता है, उसे तब तक करना पड़ता है, जब तक दूसरी पीढ़ी से कोई व्रत को न उठाए।

चार दिन का पर्व छठ पूजा का समापन उषा अर्घ्य के साथ हुआ। इस दिन उगते सूर्य को अर्घ्य देने के बाद छठ के व्रत का पारण किया गया। इस दिन व्रत रखने वाले लोगों ने सूर्योदय से पहले नदी के घाट पर पहुंचकर उगते हुए सूर्य को अर्घ्य दिया।

इसके बाद सूर्य देव और छठ माता से संतान के सुखी जीवन और परिवार की सुख-शांति और सभी कष्टों को दूर करने की कामना की।

## सड़क हादसों में युवक समेत दो की मौत

**बाराबंकी।** अलग अलग सड़क हादसों में एक युवक समेत दो लोगों की मौत हो गई। दोनों को ही अज्ञात वाहन ने रौंद डाला।

जानकारी के अनुसार हैदरगढ़ कोतवाली क्षेत्र के ग्राम तूही खेड़ा निवासी मनोज लोधी राजपूत (20) पुत्र सतगुरु रविवार की रात में भैरमपुर के रहने वाले अपने मामा सुरेंद्र के घर से वापस घर लौट रहा था। इस बीच ग्राम गोसूपुर के पास अज्ञात वाहन से कुचलकर उसकी मौत हो गई।

दूसरी घटना रामनगर थाना क्षेत्र में ग्राम अमौली कला के पास हुई। नवमीलाल राजपूत (35) पुत्र रामतीरथ निवासी अमोलीकला रात में खेत से घर वापस जा रहा था। उधर से गुजरे लोगों ने गॉव के बाहर मोड़ पर शराब ठेके के सामने मृत अवस्था मे देखा। आशंका है कि उसकी मौत सड़क दुर्घटना में हुई है। आज सुबह छह बजे ग्रामीणों से परिजनों को पता चला। मौके पर पहुंचे पिता ने पुलिस को इसकी सूचना दी।

# किसानों के लिए पराली अब नही बनेगी मुसीबत

*अवधनामा संवाददाता*

**महराजगंज।** जनपद के किसानों के लिए पराली अब समस्या न रहकर आय का साधन बनेगी। जनपद में पराली जलने और किसानों के समक्ष उसके वैकल्पिक निस्तारण की समस्या को देखते हुए जिला प्रशासन द्वारा इंडियन ऑयल कार्पोरेशन (आईओसी) के माध्यम से किसानों से पराली खरीदने की योजना को तेजी से अमली जामा पहनाया जा रहा है।

इंडियन ऑयल कार्पोरेशन के डिप्टी जनरल मैनेजर प्रकाश चंद गुप्ता ने बताया कि जिला प्रशासन की पहल पर आईओसी द्वारा जनपद के पांच एफपीओ से अनुबंध किया गया है, जो 07 हजार टन वार्षिक पराली निर्धारित दर पर आईओसी को उपलब्ध कराएंगे। इस पराली से गोरखपुर स्थित धुरियापार चीनी मिल में बायोगैस और किण्वित जैविक खाद का उत्पादन किया जाएगा। परतावल में आईओसी द्वारा किसानों से पराली खरीद हेतु कलेक्शन सेंटर भी बनाया गया है। आगे पराली खरीद की मात्रा को और बढ़ाया जाएगा। मिठौरा के प्रभारी बीडीओ सुधीर कुमार ने बताया कि आईओसी द्वारा मिठौरा ब्लाक के 04 एफपीओ सहित 05 एफपीओ का चयन किया गया। जिलाधिकारी महोदय के निर्देशन में पांचों एफपीओ का अनुबंध आईओसी के साथ कराया गया है। इन एफपीओ को सीआरएम सब्सिडी योजना के तहत पराली प्रबंधन यंत्रों को भी उपलब्ध कराया गया है। मिठौरा में इस दिशा में कार्य शुरू हो चुका है। सभी एफपीओ के साथ बैठक कर पूरी कार्ययोजना पर चर्चा कर ली गई है और योजना का सफल क्रियान्वित सुनिश्चित किया जाएगा। उम्मीद है इस कदम से भविष्य में पराली की समस्या को समाप्त किया जा सकेगा।

# अपने माननीय के दीदार को तरस रही रामनगर विधानसभा क्षेत्र की जनता, सपा का मूल मतदाता भी खफा



*अवधनामा संवाददाता*

**रामनगर बाराबंकी।** चंद वोटों से विधानसभा चुनाव जीतकर विधायक हुए हाजी फरीद महफूज किदवई अब समाजवादी पार्टी के लिए ही संकट बन गए हैं ! ऐसा हम नही बल्कि विधानसभा क्षेत्र में उपजे हालात बयां कर रहे हैं। कमीशनबाजी का वायरल वीडियो सही है या गलत नही पता पर इसने दल की बड़ी भद्द करा दी। दूसरी वजह सपा के मूल वोट यादव मतदाताओं की नाराजगी है, जीतने के बाद माचिस लेकर ढूंढने वाली बात यहा फिट हो रही। शिकायत यह कि विधायक जी क्षेत्र में दिखते ही नही और न ही सम्पर्क में हैं। उस पर क्षेत्र की जनता अपने माननीय का पता लगा रही, बाढ़ से जूझे तराई वासी भी माननीय से राहत का इंतज़ार ही करते रहे गए। इन सब बातों से छवि पर असर तो पड़ना ही है वह चाहे माननीय की हो या उनके दल की। याद दिलाते चले कि गत वर्ष 2022 में सम्पन्न हुए विधानसभा चुनाव में रामनगर से विधायक चुने गए हाजी फरीद महफूज 261 मतों से जीते थे, उन्होंने भाजपा उम्मीदवार को हराया था। वैसे तो भाजपा उम्मीदवार ने जीत दर्ज कर ली थी पर पुनर्मतगणना में पोस्टल वोट जुड़े तो सपा प्रत्याशी को विजयी घोषित किया गया। भाजपा कैसे हारी यह चर्चा का विषय है लेकिन सपा के मूल वोट यादव के बाद मुस्लिम समाज ने हाजी फरीद को जिताने में पूरी ताकत झोंक दी यह सोंचकर कि अपना विधायक होने के बहुतेरे फायदे हासिल होंगे पर जैसे जैसे वक़्त बीता मतदाताओं की सोंच बदली और खुशी काफूर होती गई। सबसे बड़ा कारण तो यह उभर कर आया कि विधायक जी का धीरे धीरे क्षेत्र में दिखना कम हो गया, रामनगर के बजाय उन्होंने मसौली में जनता दरबार लगाया पर यह भी ज्यादा दिन चल नही सका। अपनी समस्याओं को लेकर विधायक से मिलने की इच्छा लिए लोग अभी भी इंतजार में हैं जो सक्षम या सम्पर्क में थे उनकी राह तो आसान हो गई पर क्षेत्र में मिलकर अपनी बात कहने वालों के हाथ मौका नही लगा। दूसरी समस्या यह खड़ी हो गई कि अचानक बाराबंकी की राजनीतिक फिजा में एक वीडियो वायरल हो गया जिसमे कथित रूप से विधायक व ठेकेदार के बीच कमीशनबाजी को लेकर तू तू मै मैं होती सामने आई। इस वीडियो ने माननीय के साथ ही सपा की जमकर फजीहत कराई। हालांकि वीडियो की सत्यता जानकार ही जानते है। रामनगर तराई क्षेत्र में बाढ़ आई अफसर पहुंचे यथासंभव कदम उठाए यूपी के मंत्रियों से लेकर सीएम ने हवाई दौरा किया जबकि पीड़ितों की माने तो उन्हें दिखाई ही नही दिए, उनका इंतजार हो होता रहा, राहत की बात ही कौन करे। माननीय की हमदर्दी की छांव से तराई वासी भी महरूम हो गए। अब बात करें सपा के मूल मतदाता यादव व मुस्लिम समाज की तो उनमें भी भीतर ही भीतर काफी नाराजगी है कितने अरमानों से सपा को विधायक दिया विधानसभा रामनगर को नेतृत्व सौंपा विधायक बनते ही ढेरो सपने पाले पर हासिल अब तक कुछ नही हुआ। एक ने चुटकी भी ली कि भैया जब विधायक जी मिलें दिखाई दें तब तो बात हो। सुनने में यह भी आया है कि विधायक हाजी फरीद अपने बेटे को बतौर राजनीतिक उत्तराधिकारी विरासत सौंपने की तैयारी में हैं इसलिए उनमे अपने क्षेत्र के प्रति दिलचस्पी कम हो गई है या फिर उनका दिखना कम ही होता जाएगा। मतलब यह कि क्षेत्र से नाता कम होना ही है लेकिन क्षेत्रवासी क्या करें उन्हें तो अपने विधायक की ही तलाश है।

# अन्यंत्रित बाइक ईंट से टकराई युवक की दर्दनाक मौत

*अवधनामा संवाददाता*



**बृजमनगंज (महराजगंज)।** थानाक्षेत्र बृजमनगंज के बहदुरी रोड के कलवार गढ के पास रविवार की देर शाम एक बाइक अनियंत्रित होकर सड़क के किनारे रखे हुए ईंट से टकरा गई। इस हादसे में बाइक सवार युवक की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। सूचना पाते ही पुलिस तत्काल घटना स्थल पर पहुंची। इस मामले में प्रभारी निरीक्षक बृजमनगंज श्याम सुंदर तिवारी ने बताया कि मार्ग दुर्घटना में शाहरुख उम्र करीब (25 वर्ष) निवासी सोनवाल लक्ष्मीपुर थाना पुरन्दरपुर की मौत हो गई है। मृतक के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम हेतु भेज दिया गया है। पुलिस अग्रिम कार्रवाई में पुलिस लगी हुई है।

## झोपड़ी में अज्ञात कारणों से लगी आग

**बृजमनगंज (महराजगंज)।** थाना क्षेत्र बृजमनगंज के ग्रामसभा नयनसर टोला गुलजार नगर में रविवार को अज्ञात कारणों से आग लग गई और रिहायशी झोपड़ी जल कर खाक हो गई। मिली जानकारी के अनुसार शमसेर पुत्र निजाबुद्दीन अपनी पत्नी के साथ धान की कटाई करने खेत मे गए थे। अचानक लगी आग में खाने पीने की सामग्री के साथ नगद रखे लगभग 8 हजार रुपये, बेड, सिलाई मशीन बिस्तर आदि सभी जलकर खाक हो गया। आग लगने की सूचना मिलते ही हल्का लेखपाल विश्वनाथ गुप्ता मौके पर पहुंच निरीक्षण किया। लेखपाल ने बताया कि जांच कर के रिपोर्ट उच्चाधिकारियों को सौंप दी जाएगी।

## छठ पूजा की उत्पत्ती

दिवाली के तुरन्त बाद छठ पूजा का धूम मची रहती है। बिहार का तो यह महापर्व है। पर आज के युग में दुनिया छोटी होती जा रही है। हर देश के लोग विदेशों में बसते जा रहे है। इससे हर त्योहार आखिल भारतीय के साथ अन्तरराष्ट्रीय भी होता जा रहा है। यही हाल छठ पूजा का भी है। विदेशो में भी भारतीय मूल के लोग इसका दिया जलाये हुये है। यह त्यौहार पुत्रों को दीर्घायु होने के लिये स्नान और पूजा के साथ मनाया जाता है। स्त्रियों में इसे लेकर आपार श्रद्धा और उत्साह देखा जाता है। नदियों के किनारे इसके लिये सरकारी व्यवस्था की जाती है। जो वहां मेला का रूप ले लेती है। कार्तिक मास के शुक्ल पक्ष के षष्ठी को यह मनाया जाता है। डूबते सूरज को अर्घ देकर व्रत की शुरूआत होती है। दूसरे दिन उगते सूरज को अर्घ देकर व्रत तोड़ा जाता है। इसके पूजा के शुरूआत की कई धार्मिक कहानियां और किबदन्तियां है। छठ की पहली पूजा बिहार के मुंगेर जिले में गांव के किनारे सीता जी ने की थी इसके बाद यह पूजा भारत के दूसरे प्रदेशो में फैलते हुये विदेशो में भी जा पहुंचा। माता सीता ने मुंगेर में गंगा के जिस घाट पर पूजन किया था वहां सीता जी के चरण चिन्ह आज भी मौजूद है। वहां मन्दिर बना दिया गया है। मन्दिर बाढ़ में डूब जाता है। जिस पत्थर पर सीता जी के चिन्ह है उसके पानी में डूबने के बावजूद सीता जी का चरण चिन्ह जस का तस बना हुआ सुरक्षित है।

बालमीकि रामायन के अनुसार मुंगर के सीता चरण में रहकर छह दिनों तक छठ की पूजा की थी। राम 14 वर्ष के बनवास के बाद रावण को मार कर जब राम अयोध्या लौटे थे तो ऋषियों के आदेश पर हत्या के पाप से मुक्त होने के लिये राजसू यज्ञ करने का फैसला लिया। इसके लिये मुदगल ऋषि को आमन्त्रित किया। पर ऋषि अयोध्या नहीं गये उन्होंने राम और सीता को अपने आश्रम में आने का आदेश दिया। राम सीता मुनि के आश्रम में आये मुनि ने उन्हें वहीं इसकी पूजा के बारे बताया। मुनि ने दोनों पर जल छिड़क कर पहले उन्हें पवित्र किया। फिर कार्तिक मास के शुक्ल पक्ष की षष्ठी तिथि को सूर्य देव की उपासना करने का आदेश दिया। अदेशानुसार सीता जी मुनि के आश्रम में रह कर ही छहठ दिन तक सूर्य भगवान की पूजा की। जहां छठ की पूजा सम्पन्न की वहां आज भी सीता के पदचिन्ह मौजूद है। कुछ समय बाद जाफर नगर दियारा क्षेत्र के लोगो ने वहां पर आस्था स्वरूप मन्दिर बनवा दिया। वही सीता चरण मन्दिर के नाम से जाना जाता है। लोगो में इस मन्दिर और सीता जी के चरण चिन्हों पर गहरी आस्था है। मन्दिर इतना प्रसिद्ध है कि दूसरे प्रदेशो के लोग भी आस्था वश दर्शन करने और पूजा पाठ करने के लिये यहां आते रहते है। ऐसी मान्यता है कि भक्तों की आकांक्षा यहां पूरी होती है। मन्दिर के पुरोहित बताते है यहां आने वालो की मनोकामना माता सीता के अर्शिवाद से पूरी होती है। उदाहरण के लिये यहां के दर्शानार्थियों की भीड़ को देंखकर अन्दाजा लगाया जा सकता है। आज तक कोई खाली हाथ यहां से नहीं लौटा है।

छठ व्रत शुरू होने की कथा पुराण में भी मिलता है। प्रियव्रत नाम का एक राजा था उसको कोई सन्तान नहीं थी। सन्तान पाने के लिये महर्षि कश्यप ने उन्हें सन्तान प्रासी के लिये पुत्रयोष्टि यज्ञ करने का सलाह दिया। राजा ने महर्षि के सलाह का पालन करते हुये पुत्र के लिये प्रत्रयोष्टी यज्ञ बड़ी आस्था के साथ सम्पन्न किया। जिसके फलस्वरूप उनकी महारानी ने एक पुत्र का जन्म दिया। पर दुर्भाग्य यह था कि पुत्र मृत था। इस समाचार ने पूरे नगर को गहरे शोक में डाल दिया। तभी एक आश्चर्य में डाल दिये वाली घटना घटी। आकाश से एक प्रकाशित विमान जमीन पर उतरा उसमें एक देवी बैठी थी। उन्होंने अपना परिचय देते हुये कहा मै षष्ठी देवी हूॅ। मै विश्व के सभी बालकों की रक्षिका हूॅ। इतना कहके षष्ठी देवी ने बालक को छू दिया। उनके छूते ही बालक जीवित हो उठा राजा ने अभिभूत होकर राज्य में यह त्योहार धूमधाम से मनाने की घोषणा कर दी।

मार्कण्डेय पुराण में इस बात का उल्लेख मिलता है सृष्टि की अधिष्ठात्री देवी के रूप में जाना जाता है। जो ब्रह्मा की मानस पुत्री और बच्चों की रक्षा करने वाली देवी है। कार्तिक मास कि शुक्ल पक्ष की षष्ठी के इन्हीं देवी की पूजा की जाती है। यही छठ पर्व है। बालक उत्पन्न होने के छह दिन बाद भी इन्हीं देवी की पूजा करके बालक के स्वस्थ्य सफल और दिर्घायु होने की प्रार्थना की जाती है। हिन्दू धर्म में यो भी देवी देवताओं की कमी नही है। पर सदियों से उनमें लोगों की आस्था जमी हुई है। यहां जल, थल, पाताल, आसमान सभी पूजे जाते है। सकींणता नहीं उदारता का परिचय है।

छठ का पर्व सूर्य उपासना का होता है। यह भारत में ही नही पूरी दुनियां में न जाने कब से चला आ रहा है। पुरानी सम्भयता के तह में जाये तो पता चलता है सूर्य उपासना रोम, मिस्त्र, ग्रीक, सीरिया, पर्शिया अफ्रीका और अमरीका तक चलन में है। अमेरिका की पुरानी सभ्यता इका और माया के प्रधान देवता सूर्य है। इंका सभ्यता में आदित्य को इर्षि, और माया सभ्यता में तोनातीड पुकारा जाता है। रोम पर्शिया जापान, अमेतरासू और मिस्त्र में सूर्य देव का होई रूष कहा जाता है। बल्टिक देशो के लोग साउल तो यूनान और ग्रीस में हेलियोस नाम से पुकारा जाता था।

मानव स्वभाव रहा है कोई चीज समझ में नहीं आती थी, या डराती थी नुकसान पहुचाती थी फायदा पहुचाती थी उन सभी को अपने देश की बोली में देवी देवाओं का नाम देकर पूजा जाता था अपने सुखो की याचना पूजा व्रत कथा के माध्यम से किया करते थे सारे पूजा पाठ, व्रतों और कथाओं का श्रोत डर है और उपासना डर से निजात या सुखपाने के लिये या इच्छित वस्तु, प्रास करने के लिये विभिन्न रूपों से होती है।

## विश्व युद्ध टालने और शांति बहाली में भारत की नई भूमिका

संजीव ठाकुर

भारत के पांचवी आर्थिक शक्ति बनने के बाद इसराइल हमास के विनाशकारी युद्ध हमास का आतंकवादी चेहरा और इजरायल की बदला लेने की सनक के साथ रूस के तानाशाह व्लादिमीर पुतिन के परमाणु अस्त्रों के इस्तेमाल की यूक्रेन तथा यूरोपीय देशों के विरुद्ध धमकी ने अमेरिका, ब्रिटेन ,फ्रांस, कनाडा ,न्यूजीलैंड, ऑस्ट्रेलिया और यूरोपीय देशों को चिंता में डाल दिया हैद्य ऐसे में विश्व के देशों ने भारत की ओर आशा लगाकर भारतीय प्रधानमंत्री से यह उम्मीद की जा रही है कि भारत के प्रधानमंत्री इजरायल अमेरिका और फिलिस्तीन के साथ ईरान, इराक, सऊदी अरब के नेताओं के मध्य संवाद करवा कर शांति का रास्ता निकालने का प्रयास करेंगे, दूसरी तरफ पुतिन को अपने पुराने संबंधों के चलते विश्व शांति का पाठ पढ़ा सकते हैंद्य भारत की विश्व में नई सामरिक तथा आर्थिक स्थिति अब पहले से ज्यादा कई गुना मजबूत हो गई है। अब भारत अपनी बात हर तरह से मनवाने में सक्षम भी हैद्य दूसरी तरफ इंग्लैंड की प्रधानमंत्री के सामने भारत से अपने मूल रूप से संबंध अच्छे करने की चुनौती भी है।

उज़्बेकिस्तान के समरकंद में शंघाई सहयोग संगठन की अति महत्वपूर्ण बैठक में भारत ने अपनी नई दमदार विदेश नीति का आगाज किया है। भारत अब वो पुराना भारत नहीं रहा है। इस बात को दुनिया के सामने इस संगठन की बैठक में भारत ने बड़ी मजबूती के साथ रखा है। भारत की विदेश नीति के तहत भारत किसी एक मजबूत राष्ट्र का सहारा ना लेकर रूस और अमेरिका को एक ही तराजू में तौल रहा हैद्य भारत की नई कूटनीति तथा विदेश नीति की धमक अब स्पष्ट रूप से इस संगठन की बैठक में दिखाई दी हैद्य भारत में अपनी कूटनीति के चलते बैठक में उपस्थित चीन तथा पाकिस्तान को दरकिनार कर पूरे विश्व को समझा दिया है की चीन और पाकिस्तान दुनिया में अलग-थलग पड़ गए हैंद्य इसी तरह यूक्रेन के मामले में भारत में रूस के व्लादिमीर पुतिन को साफ साफ शब्दों में वैश्विक शांति की बातें समझाइ है।

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक व सम्पादक तकदीस फ़ातिमा रिज़वी ने ग्रुप-5 प्रकाशन, 55-बी, वज़ीर हसन रोड, लखनऊ से मुद्रित कराकर प्रथम तल, मस्जिद नूर महल, साकेत पल्ली, नरही, लखनऊ से प्रकाशित किया।

किसी भी लेख में कोई विवाद के लिए 'अवधनामा' जिम्मेदार नहीं होगा, इसकी जिम्मेदारी लेखक की है। किसी भी समाचार के विवाद के लिए न्याय क्षेत्र लखनऊ ही होगा।

पोलिटिकल एडीटर : एम.एम. मोहसिन

स्थानीय संपादक

मोहम्मद आलम रिज़वी

RNI No UPHIN/2010/31173

टेली फैक्स नं. : 2288091, 4065716

avadhnamahindi@gmail.com,

यूक्रेन के राष्ट्रपति व्लादिमीर जेलेंस्की के डीपफेक वीडियो में तो वे रूस से लड़ रही अपनी सेना को सरेंडर करने के लिए कह रहे हैं। इजरायल-हमास युद्ध के भी कई डीपफेक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो चुके हैं। तभी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भी डीपफेक को देश के लिए सबसे बड़े खतरों में से एक बता इसके खिलाफ जनता को शिक्षित एवं सावधान करने पर जोर दिया है। भारत के लिये यह बड़ा खतरा इसलिये भी है कि भारत विविधता वाला देश है, यहां की जनता छोटी-छोटी बातों पर भावुक एवं भड़क जाती है।

# डीपफेक पर नियंत्रण के लिये सरकार की सख्ती जरूरी

डीपफेक व्यक्तिगत जीवन से आगे बढ़ कर अब राजनीतिक एवं वैश्विक सन्दर्भों के लिये एक गंभीर खतरा बनता जा रहा है। इक्कीसवीं सदी में कृत्रिम बौद्धिकता (आर्टिफ़िशियल इंटेलिजेंस या एआई) तकनीक के आगमन ने अगर सुविधाओं के नए रास्ते खोले हैं तो दुनियाभर में चिंताएं भी बढ़ा दी हैं। इस तकनीक का दुरुपयोग बड़े पैमाने पर शुरू हो चुका है, एआइ के जरिए डीपफेक वीडियो बनाकर सोशल मीडिया पर वायरल किए जा रहे हैं। गलत सूचनाएं, ऑडियो-वीडियो और तस्वीरें फैलाने वालों के हाथों में एआइ ने खतरनाक उस्तरा थमा दिया है, जो राष्ट्रीय सुरक्षा एवं राजनीतिक मुद्दों के साथ व्यक्तिगत छवि को घूमिल करने का यह हथियार अनेक चिन्ताओं को बढ़ा रहा है और बड़े संकट का सबब बनता जा रहा है। डीपफेक ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को भी नहीं बक्शा है, उन्हें भी परेशान कर दिया है। उनका एक वीडियो इन दिनों यू-ट्यूब सहित सभी सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म्स पर खूब चर्चित हो रहा है, इसमें उनको गरबा करते दिखाया गया है। ये पूरा वीडियो डीपफेक नाम की आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस से तैयार किया गया है। इसी तरह देश एवं विदेश की अनेक हस्तियों के अनेक अश्लील एवं राजनीतिक डीपफेक व्यापक स्तर पर प्रसारित हो रहे हैं।



ललित गर्ग

डीपफेक एक ऐसी तकनीक है जिसमे आप कृत्रिम बौद्धिकता की मदद एवं तकनीक से वीडियो, तस्वीरों और ऑडियो में हेरफेर कर सकते है। इस तकनीक की मदद से आप किसी दूसरे व्यक्ति की फ़ोटो या वीडियो पर किसी और का चेहरा लगाकर उसे पूरी तरह से बदल भी सकते है। एक रिपोर्ट के अनुसार इसका सबसे ज्यादा इस्तेमाल लगभग 96 प्रतिशत के आसपास अश्लील सामग्री बनाने में होता है। कुछ लोग इसका इस्तेमाल अपने मर चुके रिश्तेदारों की तस्वीरों को ऐनिमेट करने में भी करते हैं लेकिन अब डीपफेक कंटेंट का इस्तेमाल देश एवं विदेश की राजनीति में भी होने लगा है। राजनीतिक पार्टियाँ अपने चुनावी प्रचार में इस तकनीक का जमकर इस्तेमाल कर रही है। आम जनता को गुमराह करने एवं बड़ी हस्तियों की छवि एवं प्रतिष्ठा को धूमिल करने में अब इस तकनीक का व्यापक उपयोग होने लगा है। अनेक फिल्मी हस्तियों विशेषतः हीराइनों की अविश्वसनीय अश्लील एवं नग्न वीडियो बड़ी संख्या में आनलाइन आसानी से देखी जा सकती है। पब्लिक प्लेटफॉर्म्स पर मौजूद फोटोज की मदद से आसानी से डीपफेक विडियो बनाया जा सकता है। ऐसे वक्त में जब कोई नौसिखिया भी आसानी से फर्जी विडियो बनाकर सच और झूठ का फर्क मिटा सकता है, किसी भी विडियो पर झट से भरोसा ना करें क्योंकि डीपफेक विडियोज से घिरी वर्चुअल दुनिया में आंखों देखा सबकुछ हमेशा सच नहीं होता।

देश-विदेश में कई प्रतिष्ठित हस्तियां डीपफेक वीडियो का शिकार हो चुकी हैं। कई विदेशी हस्तियों के भी डीपफेक वीडियो सामने आ चुके हैं। यूक्रेन के राष्ट्रपति व्लादिमीर जेलेंस्की के डीपफेक वीडियो में तो वे रूस से लड़ रही अपनी सेना को सरेंडर करने के लिए कह रहे हैं। इजरायल-हमास युद्ध के भी कई डीपफेक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो चुके हैं। तभी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भी डीपफेक को देश के लिए सबसे बड़े खतरों में से एक बता इसके खिलाफ जनता को शिक्षित एवं सावधान करने पर जोर दिया है। भारत के लिये यह बड़ा खतरा इसलिये भी है कि भारत विविधता वाला देश है, यहां की जनता छोटी-छोटी बातों पर भावुक एवं भड़क जाती है। असली एवं नकली यानी डीपफेक का पता लगाने के लिये सतर्कता एवं सावधानी बरतने की अपेक्षा है। अगर वीडियो में आँख और नाक कहीं और जा रही है या वीडियो में पलक नहीं झपकाई गई है तो समझ जाइए यह डीपफेक कंटेंट है। कंटेंट की कलरिंग को भी देखकर पता लग सकता है कि तस्वीर या वीडियो में छेड़छाड़ हुई है। ढेरों चर्चित महिला हस्तियों एवं सिने कलाकारों के चेहरे डीपफेक टेक की मदद से पॉर्न वीडियोज पर लगाकर उन्हें ऑनलाइन शेयर किया जा रहा है। पॉप्युलर अमेरिकन अडल्ट साइट की ट्रेंडिंग टैग्स रिपोर्ट दिखाती है कि ऐसे वीडियोज पिछले कुछ महीने में तेजी से चर्चित हुए हैं और इन्हें व्यापक रूप में सर्च किया जा रहा है या देखा जा रहा है। इस टेक से किसी का फेक न्यूड वीडियो बनाकर उसे ब्लैकमेल भी किया जा सकता है और ऐसे मामले सामने आए भी हैं। एक्सपर्ट्स का मानना है कि जैसे-जैसे यह टेक्नॉलजी पॉप्युलर होगी, इसका गलत इस्तेमाल और ऐसे क्राइम भी बढ़ते जाएंगे।



कृत्रिम बुद्धि, कंप्यूटर विज्ञान की एक शाखा है जो मशीनों और सॉफ्टवेयर को बुद्धि के साथ विकसित करता है। 1955 में जॉन मैकार्थी ने इसको कृत्रिम बुद्धि का नाम दिया और उसके बारे में 'यह विज्ञान और इंजीनियरिंग के बुद्धिमान मशीनें बनाने के' के रूप परिभाषित किया। कृत्रिम बुद्धि अनुसंधान के लक्ष्यों में तर्क, ज्ञान की योजना, सीखने, धारणा और वस्तुओं में हेरफेर करने की क्षमता, आदि शामिल हैं। वर्तमान में, इस लक्ष्य तक पहुंचने के लिए सांख्यिकीय विधियों, कम्प्यूटेशनल बुद्धि और पारंपरिक खुफिया शामिल हैं। कृत्रिम बुद्धि का दावा इतना है कि मानव की बुद्धि का एक केंद्रीय संपत्ति एक मशीन द्वारा अनुकरण कर सकता है। बिजली के बल्ब और मूवी कैमरे के आविष्कारक थॉमस अल्वा एडिसन ने कहा था कि हर नई तकनीक सुविधाओं के साथ कुछ नकारात्मक पहलू भी लाती है। नित नई तकनीक के दौर से गुजर रही दुनिया में उनका कथन प्रासंगिक बना हुआ है। कृत्रिम बौद्धिकता तकनीक के आगमन ने अगर सुविधाओं के नए रास्ते खोले हैं तो दुनियाभर में चिंताएं भी बढ़ा दी हैं। इस तकनीक का दुरुपयोग बड़े पैमाने पर शुरू हो चुका है। किसी भी बात या घटना के सच होने का सबसे बड़ा सबूत उसके किसी विडियो को माना जाता रहा है लेकिन अब चीजें बदल गई हैं। आंखों देखी पर और किसी भी तरह के डिजिटल फोटो या विडियो पर भरोसा नहीं किया जा सकता। डीपफेक टेक्नॉलजी की मदद से ऐसे वीडियो बनाए जा सकते हैं कि बड़े-बड़े एक्सपर्ट्स भी गच्चा खा जाएं। सामान्य इंटरनेट यूजर शायद ही समझ पाए कि विडियो डीपफेक है और उसमें दिखने वाला शख्स कोई और है। यह टेक्नॉलजी वीडियोज के साथ बिल्कुल वैसे ही काम करती है, जैसा फोटो के लिए फोटोशॉप करता है। सोशल मीडिया पर अभिनेत्री रश्मिका मंदाना का एक वीडियो वायरल हो रहा है, यह वीडियो फेक (डीपफेक) है। दरअसल इस वीडियो को लेकर मेगा स्टार अमिताभ बच्चन ने भी चिंता जताई है। इस डीपफेक वीडियो पर दिल्ली महिला आयोग ने स्वतः संज्ञान लेते हुए दिल्ली पुलिस में मामला दर्ज कराया है। इस मामले में एक गिरफ्तारी भी हो चुकी है। अब काजोल का भी डीपफेक सोशल मीडिया पर आ गया है। इसमें उनको कपड़े बदलते दिखाया गया है। इसमें ओरिजनल वीडियो ब्रिटिश सोशल मीडिया इन्फ्लुएंसर रोजी ब्रीन का है। उन्होंने ये वीडियो टिकटॉक पर 'गेट रेडी विद मी' सीरीज के लिए बनाया था। भारत में डीपफेक तकनीक का दुरुपयोग रोकने और फर्जी वीडियो की पहचान के लिए बेहतर प्रौद्योगिकी विकसित करने की जरूरत है। चिंता की बात है कि सोशल मीडिया मंचों और टेक कंपनियों ने डीपफेक वीडियो पर अंकुश के लिए कोई बड़ी पहल नहीं की है।

# कुत्ते के काटने पर मुआवजे की राष्ट्रीय नीति बने

कोर्ट ने आवारा पशुओं की बढ़ती संख्या से होने वाली मौतों पर दुख जताया। यह भी कहा कि इसका मानव जीवन पर असर पड़ रहा है। मकसद एक है जानवरों को पूरी सुरक्षा मिले, लेकिन साथ ही साथ आम जनता को भी इससे परेशानी न हो। जहां पालतू जानवरों के लिए केयर के लिए उनके मालिक जिम्मेदार हैं वहीं स्ट्रे डॉग्स को लेकर सरकार की जिम्मेदारी भी बेहद अहम है

देश की प्रसिद्ध चाय कंपनी वाघ बकरी के मालिक पराग देसाई की दर्दनाक मौत के बाद कुत्तों की समस्या पर नए सिरे से बहस छिड़ गई है। बताते हैं कि पराग देसाई मॉर्निंग वॉक पर निकले थे, रास्ते में कुत्तों के झुंड ने हमला कर दिया। वह जान बचाने के लिए भागने लगे। सड़क पर फिसलकर गिर गए। उनके सिर में गंभीर चोट आई थी। हालांकि कुत्तों ने उन्हें काटा नहीं था। अस्पताल ने अपनी रिपोर्ट में यह बात साफ कही है। 50 साल के पराग को ब्रेन हेमरेज हुआ और अहमदाबाद के अस्पताल में उनकी मौत हो गई। अब लोग आवारा कुत्तों की समस्या पर अपना गुस्सा जाहिर कर रहे हैं।



आशीष वशिष्ठ

पराग देसाई की मौत कोई अकेला मामला नहीं है। आए दिन कुत्ते के काटने की घटनाओं में वृद्धि के चलते इस बाबत समाज में लगातार चिंता व्यक्त की जाती रही है। पिछले दिनों इस मामले में पंजाब व हरियाणा हाईकोर्ट ने सख्ती दिखाते हुए राज्य सरकारों को निर्देश दिया है कि कुत्तों के काटने पर पीड़ित व्यक्ति को समय से मुआवजा मिलना सुनिश्चित किया जाए। दरअसल, इस तरह के मामलों में बढ़ती शिकायतों के बाद कोर्ट ने 193 याचिकाओं का निपटारा करते हुए यह फैसला दिया। कोर्ट ने सख्त लहजे में कहा कि ये मामले इतने बढ़ गये हैं कि लोगों को कोर्ट आने को मजबूर होना पड़ रहा है। अदालत ने स्पष्ट किया कि मुआवजे देने के लिये राज्य सरकारें जिम्मेदार होंगी। कोर्ट ने हरियाणा व पंजाब सरकारों एवं चंडीगढ़ प्रशासन को निर्देश दिया कि मुआवजा तय करने के लिये समिति बनायी जाए। समितियां जिलों के डिप्टी कमिश्नर की अध्यक्षता में बनेंगी। पीड़ित पक्ष द्वारा आवेदन करने के उपरांत जांच की जाए तथा चार माह की अवधि में पीड़ित को मुआवजा मिल जाए। कोर्ट ने स्पष्ट किया कि मुआवजे के लिये सरकारें जवाबदेह हैं। साथ ही राज्य को डिफॉल्ट एजेंसी व व्यक्ति से इसकी वसूली का अधिकार रहेगा।

कुत्ते के काटने पर दिया जाने वाला न्यूनतम मुआवजा दस हजार रुपये होगा। वहीं शरीर पर घाव की स्थिति में मुआवजा उसकी गहराई के आधार पर न्यूनतम बीस हजार रुपये तय होगा। इसके साथ ही कोर्ट ने सड़कों को आवारा जानवरों से मुक्त रखने के भी निर्देश दिये। कोर्ट ने आवारा पशुओं की बढ़ती संख्या से होने वाली मौतों पर दुख जताया। यह भी कहा कि इसका मानव जीवन पर असर पड़ रहा है। मकसद एक है जानवरों को पूरी सुरक्षा मिले, लेकिन साथ ही साथ आम जनता को भी इससे परेशानी न हो। जहां पालतू जानवरों के लिए केयर के लिए उनके मालिक जिम्मेदार हैं वहीं स्ट्रे डॉग्स को लेकर सरकार की जिम्मेदारी भी बेहद अहम है।आवारा पशुओं का सड़कों पर कब्जा करना चिंताजनक हैं। अब सरकार को यह बोझ उठाना चाहिए और पीड़ितों को राहत मिलनी चाहिए। यह भी कि आवारा व जंगली जानवरों के सड़कों पर आने से होने वाली दुर्घटनाएं बढ़ी हैं। इलाके में स्थित थाने के एसएचओ को इस



बाबत रोज रिपोर्ट तैयार करनी चाहिए। बाद में पुलिस अधिकारी दावे की जांच करके पीड़ित को मुआवजा दिलाए।निस्संदेह, अदालत की यह पहल एक सराहनीय कदम है। ऐसे मामलों में कुत्ता पालने वाले लोगों से मुआवजा वसूलना भी सुनिश्चित किया जाना चाहिए।

विडंबना यह है कि कुछ फैसलों पर अमल होता है और कुछ पर नहीं। आश्चर्य इस बात का है कि कुत्ते के काटने पर मुआवजा पाने के लिए भी पीड़ित को अदालत का दरवाजा खटखटाना पड़ा। अहम सवाल यह है कि नगरीय निकायों की लापरवाही से जुड़े इस तरह के मामले में भी मुआवजे के लिए पीड़ित को भटकने के लिए मजबूर क्यों किया गया? यह कोई अकेला प्रकरण नहीं है। मुआवजे के दूसरे कई मामलों में भी पीड़ित को राहत अदालत के निर्देश पर ही मिल पाती है। इसकी वजह यह है कि मुआवजे को लेकर देश में आज भी कोई स्पष्ट नीति या नियम नहीं है। इसलिए सवाल यह भी उठता है कि क्या अदालत का कोई फैसला आने से पहले ही सरकार ऐसे पीड़ितों को मुआवजा देने के नियम तय नहीं कर सकती? अकसर देखा जाता है कि ऐसे लोग प्रभाव का इस्तेमाल करके मुआवजा देने से बच जाते हैं। इतना ही नहीं पार्क व अन्य स्थानों में पालतू जानवरों को घुमाने वाले लोग सार्वजनिक स्वच्छता का ध्यान भी नहीं रखते और ये जगह-जगह गंदगी फैलाने लगते हैं। विदेशों में सख्त प्रावधान है कि पालतू जानवर के गंदगी फैलाने पर उसको उठाने की जिम्मेदारी कुत्ते के मालिक की होती है। लेकिन भारत में गली-चौराहे में गंदगी फैलाना लोग अपना अधिकार मान लेते हैं। निश्चित रूप से यदि पालतू कुत्ते किसी को काटते हैं तो मालिक की जिम्मेदारी तय करते हुए मुआवजा की वसूली उससे की जानी चाहिए। यहां सवाल आवारा कुत्तों के काटने से होने वाली मौतों का भी पैदा होता है। घर का कमाऊ व्यक्ति यदि रैबीज संक्रमण से मर जाता है तो उसके परिवार का क्या होगा? अब यदि कोर्ट ने काटने पर मुआवजा तय किया है तो व्यक्ति की मौत पर भी पीड़ित परिवार के लिये मुआवजा तय किया जाना चाहिए। विडंबना यह भी है कि अक्सर आवारा जानवरों के हमलों का शिकार बुजुर्ग व बच्चे ही होते हैं क्योंकि वे अपना बचाव करने में सक्षम नहीं होते। ऐसे में यह भी जरूरी हो जाता है कि मुआवजे के साथ ही पीड़ित व्यक्ति के महंगे इलाज का खर्च भी सरकार वहन करे। साथ ही सस्ते मूल्य पर रैबीज के टीके उपलब्ध कराये जाएं ताकि पीड़ित गरीब व्यक्ति को दोहरी मार से राहत मिल सके।

पंजाब-हरियाणा हाईकोर्ट का फैसला भारत के संदर्भ में और महत्त्वपूर्ण हो जाता है। हालत यह है कि देश में हर दिन लगभग 10 हजार लोग कुत्तों के काटने से जख्मी हो जाते हैं। देश में हर साल 20 हजार से अधिक इसके कारण मौत के मुंह में चले जाते हैं। कुत्तों के काटने से दुनिया भर में सर्वाधिक मौतें भी भारत में ही होती हैं। ऐसे में कुत्ते के काटने पर मुआवजे की साफ नीति की जरूरत है। अहम सवाल यह भी है कि आखिर कुत्ते के काटने के सर्वाधिक मामले भारत में ही क्यों होते हैं? आईपीसी की धारा 289 के मुताबिक- अगर कोई शख्स अपने पालतू जानवर से दूसरे व्यक्ति के जीवन को संकट में डालेगा या किसी भी तरह का नुकसान पहुंचाएगा, तो ऐसे शख्स की लापरवाही पूर्ण रवैये के लिए उसे 6 महीने की जेल हो सकती है और साथ ही जुर्माने का भी प्रावधान है। निस्संदेह, सदियों से कुछ जानवर मनुष्य के सहचर रहे हैं, लेकिन बदलती परिस्थितियों में वे ही लोगों के लिये समस्या की वजह बन गए हैं। वहीं पारिस्थितिकी संतुलन के लिये भी जरूरी है कि मनुष्य के सहचर जीव-जंतु अपना अस्तित्व बनाये रखें। स्थानीय निकायों और पंचायतों की जिम्मेदारी है कि वे आवारा घूमने वाले कुत्तों पर नियंत्रण रखें। अनेक शहरों में स्थानीय प्रशासन की तरफ से कुत्तों पर नियंत्रण के लिए समय-समय पर अभियान चलाए जाते हैं। केंद्र सरकार की तरफ से भी इसी साल एक अभियान चलाया गया था, लेकिन देखा गया है कि ऐसे अभियान रस्म अदायगी से आगे नहीं बढ़ पाते। आज जरूरत इस तरह के अभियान चलाने की जगह समस्या की जड़ में जाकर इसका स्थाई समाधान निकालने की है। कुत्ते के काटने पर राष्ट्रीय स्तर पर एक मुआवजा नीति भी बने।

# धमाकेदार वापसी की इबारत लिखती कांग्रेस

जिस साम्प्रदायिक व संकीर्ण विचारधारा ने ब्रिटिश दौर-ए-हुकूमत में अंग्रेज़ों की ख़ुशामद परस्ती में कोई कसर बाक़ी नहीं छोड़ी। जिनके आदर्श महापुरुष अंग्रेज़ों से मुआफ़ी मांगते फिरे यहां तक कि जिस विभाजनकारी विचारधारा के लोग राष्ट्र पिता महात्मा गांधी की हत्या में शामिल रहे, उसी विचारधारा के नेताओं ने विगत एक दशक से देश को कांग्रेस मुक्त बनाने का एक महाअभियान छेड़ रखा है। गांधी की हत्या को सही ठहराने,गांधी के हत्यारे नाथू राम गोडसे को महिमामण्डित करने , देश के प्रथम प्रधानमंत्री पण्डित नेहरू की चरित्र हत्या करने व उन्हें अपमानित करने, महात्मा गाँधी व भगत सिंह के तथा पंडित नेहरू व सुभाष चंद्र बोस एवं सरदार बल्लभ भाई पटेल व बाबा साहब भीम राव अंबेडकर के मध्य मतभेद के मनगढंत क़िस्से गढ़ने व इसे प्रचारित करने में इस दक्षिणपंथी विचारधारा ने अपनी पूरी ताक़त झोंक रखी है। विश्व में गांधी-नेहरू के क़द को छोटा करने के मक़सद से ही कांग्रेस के ही नेता सरदार पटेल की 182 मीटर की विश्व की सबसे ऊँची प्रतिमा 'स्टेच्यू ऑफ़ यूनिटी' गुजरात राज्य की नर्मदा घाटी के केवड़िया इलाक़े में स्थापित की गयी। इतना ही नहीं बल्कि कांग्रेस के वर्तमान शीर्ष नेता सोनिया गांधी व राहुल गांधी को भी अपमानित करने व इन्हें भयभीत करने व विदेशी व बौना साबित करने तक के सभी प्रयास पूरी क्षमता के साथ किये जा रहे हैं। और इन दिनों कांग्रेस के विरुद्ध पार्टी के राम विरोधी,हिन्दू विरोधी और सनातन विरोधी होने का सबसे बड़ा प्रचार हथकंडा इन्हीं दक्षिणपंथियों द्वारा यह इस्तेमाल किया जा रहा है।



तनवीर जाफ़री

निश्चित रूप से गत एक दशक से भी लंबे समय से चलाई जा रही इस कांग्रेस विरोधी मुहिम का लाभ भी दक्षिणपंथियों को काफ़ी हद तक मिला। यहां तक कि दर्जनों ऐसे बड़े कांग्रेस नेता इसी ना उम्मीदी,सत्ता मोह व भय के चलते दक्षिणपंथी ख़ेमे में जा मिले जिन्हें देश कांग्रेस मुक्त होते दिखाई देने लगा था। परन्तु शायद ही कभी किसी ने सोचा हो कि देश के सर्व सुविधा संपन्न एवं सर्वोच्च राजनैतिक घराने में परवरिश पाने वाले राहुल गांधी 7 सितंबर, 2022 को कन्याकुमारी से कश्मीर तक की लगभग 3,6000 किलोमीटर लंबी भारत जोड़ो यात्रा पर पैदल ही निकल पड़ेंगे? और तेज़ धुप बारिश व कड़ाके की ठण्ड का सामना करते हुये देश के 12 राज्यों व दो केंद्र शासित प्रदेशों से होकर गुज़रने वाली 136 दिवसीय यह भारत जोड़ो यात्रा एक जन आंदोलन का रूप ले लेगी? ख़ासकर उस वर्तमान दौर में जबकि देश का मीडिया सत्ता के समक्ष षाष्टांग हो चुका हो। इस यात्रा का उद्देश्य भारतीय जनता पार्टी के नेतृत्व वाली केंद्र सरकार की कथित विभाजनकारी राजनीति के ख़िलाफ़ देश को एकजुट करना था। राहुल गांधी ने अपनी इस यात्रा को केंद्र की मूल्य वृद्धि, बेरोज़गारी, राजनीतिक केंद्रीकरण और विशेष रूप से भय, कट्टरता की राजनीति और नफ़रत के ख़िलाफ़ लड़ने के लिए एक सशक्त माध्यम बनाया। इस यात्रा में कांग्रेस के नेताओं के अतिरिक्त भी दक्षिणपंथी नीतियों का विरोध करने वाले तमाम प्रमुख लोग जगह जगह शामिल हुये। इसी यात्रा में राहुल गांधी ने एक प्रचलित वाक्य कांग्रेस को दिया - हम नफ़रत के बाज़ार में मुहब्बत की दुकान खोल रहे हैं।



इसी यात्रा के बाद कांग्रेस के बढ़ते क़द की वजह से ही विपक्षी गठबंधन I. N. D. I.A अस्तित्व में आया जिसने सत्ता की नींदें उड़ा कर रख दीं। अब अपनी ज़मीन खिसकने के डर से सत्ता द्वारा प्रवर्तन निदेशालय,केंद्रीय जांच ब्यूरो व आयकर विभाग जैसी निष्पक्ष समझी जाने वाली सरकारी संस्थाओं का कथित रूप से दुरूपयोग किया जा रहा है। और इनके कथित दुरूपयोग के बाद देश को यह संदेश देने की कोशिश की जा रही है कि कांग्रेस सहित पूरा का पूरा विपक्ष ही न केवल राम विरोधी है,हिन्दू विरोधी और सनातन विरोधी है बल्कि भ्रष्ट भी है। जबकि अपनी परसाई का ढिंढोरा पीटने वाली इसी भाजपा में कांग्रेस सहित विभिन्न दलों के ऐसे अनेक नेता शामिल हो चुके हैं जो भ्रष्टाचार के आरोपी थे और ई डी व सी बी आई की संभावित कार्रवाई से भयभीत थे। इन विषम एवं विपरीत परिस्थितियों में कांग्रेस का पुनः अपने प्राचीन तेवरों में आना किसी राजनैतिक चमत्कार से कम नहीं।

भाजपा के साथ साथ I. N. D. I.A गठबंधन के अखिलेश यादव,ममता बनर्जी व अरविंद केजरीवाल जैसे नेता भले ही कांग्रेस की बढ़ती ताक़त से होने दूरगामी राजनैतिक स्वार्थवश चिंतित क्यों न हों परन्तु कांग्रेस ने I. N. D. I.A गठबंधन की गतिविधियों को राजस्थान,छत्तीसगढ़,मध्य प्रदेश व तेलंगाना जैसे राज्यों में हो रहे ताज़ातरीन विधान सभा चुनावों तक फ़िलहाल स्थगित रखने का जो सन्देश दिया है उससे स्पष्ट है कि कांग्रेस अब इन राज्यों में आने वाले परिणामों के बाद पार्टी अपने I. N. D. I.A सहयोगियों के साथ सीट बंटवारे पर चर्चा शुरू करेगी। प्राप्त समाचारों के अनुसार उत्तर प्रदेश में लगभग हाशिये पर जा चुकी कांग्रेस एक बड़ा खेल खेलने की तैयारी में है। संजय गांधी के सुपुत्र एवं भाजपा सांसद वरुण गांधी से गत 7 नवम्बर को केदारनाथ मंदिर के प्रांगण में मंदिर के पुजारी के घर एकांत में हुई संक्षिप्त गुप्त वार्ता के बाद इस चर्चा ने ज़ोर पकड़ लिया है कि वरुण गांधी कांग्रेस में शामिल हो सकते हैं। यदि वरुण कांग्रेस में शामिल होते हैं तो उत्तर प्रदेश में कांग्रेस की स्थिति अपेक्षकृत काफ़ी मज़बूत हो सकती है। हालांकि भाजपा ने शुरूआती दौर में वरुण गाँधी द्वारा दिये गये उनके कुछ विवादित बयानों के बाद उन्हें हिन्दू युवा नेता के रूप में प्रचारित करने की कोशिश ज़रूर की थी। परंतु वरुण भाजपा की उस उम्मीद पर इसलिये खरे नहीं उतर सके क्योंकि उनके डी एन में ही नेहरू गांधी परिवार का धर्मनिरपेक्षता का रक्त प्रवाहित हो रहा है न कि संघ की विचारधारा का। वैसे भी नेहरू-गांधी परिवार को इस हद तक अपमानित करने के बाद वरुण गांधी का भाजपा में और देर तक बने रहना भी स्वाभाविक प्रतीत नहीं होता। इसी तरह कांग्रेस पार्टी,तृणमूल कांग्रेस की सांसद महुआ मोइत्रा को लेकर भी कोई चौंकाने वाला क़दम उठा सकती है। ग़ौर तलब है कि इस समय उद्योगपति गौतम अडानी की कथित आर्थिक अनियमिताओं को लेकर जितना राहुल गांधी मुखरित हैं उतना किसी अन्य घटक का कोई नेता नहीं। हाँ दिल्ली के मुख्य मंत्री अरविन्द केजरीवाल और आप सांसद संजय सिंह के बाद सांसद महुआ मोइत्रा ने ज़रूर इस विषय पर अपनी आवाज़ बुलंद की। इसके बाद राहुल की संसद की सदस्यता समाप्त करने से लेकर संजय सिंह का जेल जाना,अरविन्द केजरीवाल पर जेल जाने की तलवार लटकने से लेकर महुआ मोइत्रा की सांसदी छीनने के प्रयास तक,सब कुछ देश देख रहा है। साथ ही यह भी सर्वविदित है कि महुआ मोइत्रा के समर्थन में उनके साथ खड़े होने की जो भूमिका उनकी पार्टी प्रमुख ममता बनर्जी को अदा करनी चाहिये वह भूमिका राहुल गांधी ने अदा की। ख़बरों केअनुसार अडानी पर ममता की ख़ामोशी उनकी मजबूरी है क्योंकि अडानी बंगाल में विश्व के दूसरे सबसे बड़े कोल ब्लॉक को हासिल करने की कोशिश में हैं।

# मरीज से रिश्वत लेने के आरोप में हटाए चिकित्सक

**लखनऊ।** मरीज से रिश्वत लेने के आरोपी सुलतानपुर स्थित बल्दीराय सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के डॉक्टर को हटा दिया गया है। शिकायत के बाद डिप्टी सीएम ब्रजेश पाठक ने निर्देश जारी किए हैं।

बल्दीराय सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में मालती को भर्ती कराया गया था। मरीज ने बताया कि डॉक्टर ने ऑपरेशन के लिए आठ हजार रुपये मांगे। ऑपरेशन से पहले चार हजार रुपये दिए। बाकी पैसे ऑपरेशन के बाद देने का वादा किया था। ऑपरेशन के बाद बकाया धनराशि भी दे दी। आरोप है कि दवा के लिए 15 हजार रुपये भी लिए।

मरीज का वीडियो भी सोशल मीडिया में वायरल हुआ। डिप्टी सीएम ब्रजेश पाठक ने घटना का संज्ञान लिया। उन्होंने सीएमओ को जांच के आदेश दिए। शुरूआती जांच में डॉ.



राजेश प्रजापति पर आरोप सही मिले। इन्हें हटा दिया गया है। आरोपी डॉक्टर को कादीपुर के विजेथुआ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र तैनात किया गया है।

सीतापुर में दुर्घटना में गम्भीर रूप से घायल युवक को एम्बुलेंस नहीं मिली। आरोप हैं कि फोन करने के बावजूद एम्बुलेंस नहीं मिली। डिप्टी सीएम ने सीतापुर सीएमओ को प्रकरण में कार्यवाही किये जाने के

**■ डिप्टी सीएम ब्रजेश पाठक ने की सख्त कार्रवाई**

निर्देश दिए हैं। तीन दिन के भीतर जांच रिपोर्ट भेजने के निर्देश भी दिए हैं। प्रतापगढ़ के बाघराय सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में नवजात शिशु की मौत का मामला गरमा गया है।

डिप्टी सीएम ब्रजेश पाठक ने सीएमओ को मामले की जांच के आदेश दिए हैं। सीएमओ ने दो सदस्यों जांच कमेटी गठित की है। जिसमें एसीएमओ डॉ. एएन राय और महिला चिकित्सक डॉ. पारूल सक्सेना शामिल हैं। उन्होंने कहा कि कमेटी की रिपोर्ट प्राप्त होने के बाद प्रकरण में किसी भी चिकित्साधिकारी व कर्मचारी की संलिप्तता परिलक्षित होने पर उसके विरूद्ध कठोर कार्यवाही की जाएगी। दो सप्ताह में जांच पूरी करनी है।

# दीपोत्सव के बाद अब देव दीपावली पर बनेगा रिकॉर्ड



**लखनऊ।** अयोध्या में दीपोत्सव पर दीये जलाने के मामले में रिकॉर्ड कायम हुआ था। अब बारी देव दीपावली की है। इस बार वाराणसी के गंगा घाटों पर भव्य कार्यक्रम होने जा रहा है।

वाराणसी में 27 नवंबर को देव दीपावली के अवसर पर गंगा घाटों पर इस बार 11 लाख दीप जलाए जाएंगे। इसमें एक लाख दीये गोबर के होंगे। पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने बताया कि इस वर्ष सात से आठ लाख श्रद्धालुओं के काशी पहुंचने का अनुमान है। काफी संख्या में लोगों ने पहले से ही होटल आदि बुक कर लिए

**■ वाराणसी के गंगा घाटों पर जलेंगे 11 लाख दीप**

हैं। उन्होंने बताया कि कार्तिक पूर्णिमा यानी देव दीपावली इस बार 27 नवंबर को मनाई जाएगी। देव दीपावली पर 11 लाख दीपकों से घाटों को रोशन किया जाएगा। इसमें एक लाख दीये गाय के गोबर से बने होंगे। पर्यटकों के लिए आतिशबाजी और लेजर शो का आयोजन भी किया जाएगा। पर्यटन मंत्री ने कहा कि 23 से गंगा महोत्सव शुरू हो रहा है, यह आयोजन 26 नवंबर तक चलेगा।

# संकल्प यात्रा : योजनाओं के फायदे को जनजातीय क्षेत्र पहुंची आईईसी यात्रा

अवधनामा संवाददाता

**लखनऊ।** जनजातीय क्षेत्र के लिए संचालित सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ सीधे लाभार्थी तक पहुंचाने और देश के विकास में सक्रिय हितधारक बनने के लिए नागरिकों को सशक्त बनाने के उद्देश्य से सोमवार को नोडल अफसर उपायुक्त मनरेगा विपिन कुमार चौधरी की अगुवाई में 'विकसित भारत संकल्प यात्रा पलिया ब्लॉक के जनजातीय क्षेत्र निझौटा एवं देवराही पहुंची, जहा आईईसी रथ का पारंपरिक रूप से स्वागत एवम् अभिनंदन हुआ।

इस अवसर पर जनजातीय गौरव और संघर्ष के प्रतीक भगवान बिरसा मुंडा की स्वाधीनता को स्मरण कर उपायुक्त मनरेगा विपिन कुमार चौधरी व पीओ यूके सिंह ने उनके चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित करते हुए आजादी के आंदोलन में जनजातीय समाज के संघर्ष को याद किया। पीडी ने उपस्थित जनसमूहों को



विकसित राष्ट्र बनाने में योगदान देने की शपथ दिलाई।

उपायुक्त मनरेगा विपिन कुमार चौधरी ने कहा कि इस यात्रा का व्यापक लक्ष्य सभी पात्र लाभार्थियों को आवश्यक सेवाएं सुलभ कराना है, जिनमें स्वच्छता सुविधाओं, वित्तीय सेवाओं, बिजली कनेक्शन, वंचितों के लिए आवास, खाद्य सुरक्षा, पोषण, स्वास्थ्य सेवाओं, स्वच्छ पेयजल से लेकर गुणवत्तापूर्ण शिक्षा तक शामिल हैं। इसके तहत इन समस्त योजनाओं के बारे में लोगों में जागरूकता बढ़ाने और अंतिम छोर पर मौजूद व्यक्तियों तक संबंधित लाभों को पहुंचाने पर फोकस किया जा रहा है। विकसित भारत संकल्प यात्रा, सरकार के लक्ष्यों को प्राप्त करने का सशक्त माध्यम बनी है। परियोजना अधिकारी यूके सिंह ने कहा कि इस यात्रा का उद्देश्य उद्देश्य केंद्र सरकार की कल्याणकारी योजनाओं और नीतियों के बारे में जागरूकता फैलाना एवं प्रमुख सरकारी योजनाओं को जन-जन तक पहुंचाते हुए उन नागरिकों तक पहुंचना है जो विभिन्न केंद्रीय योजनाओं के लिए पात्र हैं लेकिन अब तक लाभान्वित नहीं हुए हैं।

# उपभोक्ता परिषद ने फिर विद्युत नियामक आयोग से उठाई मांग

अवधनामा संवाददाता

**लखनऊ।** फ्यूल सरचार्ज के मद में 18 पैसे से लेकर 69 पैसे प्रति यूनिट तक बिजली दरों में अगले 3 महिनो तक कमी को लेकर आज से एक माह पहले 20 अक्टूबर को प्रदेशकी बिजली कंपनियों की तरफ से पावर कॉरपोरेशन द्वारा विद्युत नियामक आयोग में दाखिल याचिका पर आज तक विद्युत नियामक आयोग द्वारा कोई कार्यवाही को आगे ना बढाना रेगुलेटरी फ्रेमवर्क का खुला उल्लंघन है उपभोक्ता परिषद ने कहा विद्युत नियामक आयोग को अब तक पब्लिक की राय लेने के बाद आदेश जारी कर दिया जाना चाहिए था जिससे दिसंबर तक नियमानुसार उपभोक्ताओं की बिजली दरें कम हो जाती और उपभोक्ताओं को लगभग 1055 करोड रुपए का लाभ मिल जाता लेकिन ऐसा ना करके विद्युत नियामक आयोग जिस प्रकार से चुप्पी साधे हैं उससे प्रदेश के विद्युत उपभोक्ताओं का

**■ विद्युत अधिनियम 2003 की धारा 108 के तहत निर्देश जारी करने का उठाया मुद्दा**

विद्युत नियामक आयोग से विश्वास उठना लाजिमी है।

उत्तर प्रदेश राज्य विद्युत उपभोक्ता परिषद के अध्यक्ष व राज्य सलाहकार समिति के सदस्य अवधेश कुमार वर्मा ने कहा उत्तर प्रदेश सरकार को तत्काल पूरे मामले पर हस्तक्षेप करते हुए विद्युत नियामक आयोग को अपनी जनहित की पावर का इस्तेमाल करते हुए विद्युत अधिनियम 2003 की धारा 108 के तहत यह निर्देश जारी करना चाहिए कि जब बिजली कंपनियों ने बिजली दरों में फ्यूल सरचार्ज के मद में कमी के लिए याचिका दाखिल कर दी है तो फिर विद्युत नियामक आयोग चुप्पी क्यों साधे हैं सभी को पता है प्रदेश के विद्युत उपभोक्ताओं का बिजली कंपनियों पर पहले से ही रुपया 25133 करोड रुपए से ज्यादा का सरप्लस राशि निकाल रही है।

# पर्यावरण की शिक्षा भावी पीढ़ी को बचपन से ही दें : स्वामी प्रेम

अवधनामा संवाददाता

**लखनऊ।** सिटी मोन्टेसरी स्कूल, जॉपलिंग रोड कैम्पस द्वारा आयोजित पाँच दिवसीय अन्तर्राष्ट्रीय भूगोल ओलम्पियाड 'जियोफेस्ट इण्टरनेशनल-2023' का उद्घाटन आज सायं स्वामी प्रेम परिवर्तन पीपल बाबा, प्रख्यात पर्यावरणविद् एवं संस्थापक 'गिव मी ट्रीज' ट्रस्ट, ने दीप प्रज्वलित कर सी.एम.एस. कानपुर रोड ऑडिटोरियम में किया। इस अवसर पर अपने संबोधन में पीपल बाबा ने कहा कि इस अन्तर्राष्ट्रीय ओलम्पियाड के माध्यम से सी.एम.एस. पूरे विश्व के छात्रो व युवा पीढ़ी को पर्यावरण संरक्षण हेतु प्रेरित कर रहा है, इसकी प्रंशसा की जानी चाहिए। श्री पीपल बाबा ने कहा कि पर्यावरण की शिक्षा भावी पीढ़ी को बचपन से ही दी जानी चाहिए, समाज को भावी पीढ़ी से बहुत अपेक्षायें हैं। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि इस आयोजन से बच्चों में प्रकृति के प्रति प्रेम व पर्यावरण को शुद्ध और स्वच्छ



रखने की भावना जागृत होगी। 'जियोफेस्ट इण्टरनेशनल-2023' का आयोजन 20 से 24 नवम्बर तक सी.एम.एस. कानपुर रोड ऑडिटोरियम में किया जा रहा है, जिसमें रूस, नेपाल, आयरलैण्ड, बहरीन व भारत के लगभग 500 छात्र प्रतिभाग कर रहे हैं।

सी.एम.एस. संस्थापक व प्रख्यात शिक्षाविद् डा. जगदीश गाँधी ने इस अवसर पर कहा कि छात्रों व युवा पीढ़ी को पर्यावरण की चिन्तनीय स्थिति से रूबरू कराना हम सभी का परम दायित्व है। 'जियोफेस्ट

**■ अन्तर्राष्ट्रीय भूगोल ओलम्पियाड 'जियोफेस्ट इण्टरनेशनल-2023' का भव्य उद्घाटन**

इण्टरनेशनल-2023' की संयोजिका व सी.एम.एस. जॉपलिंग रोड कैम्पस की प्रधानाचार्या श्रीमती शिप्रा उपाध्याय ने सभी गणमान्य अतिथियों एवं प्रतिभागी छात्रों व शिक्षकों का स्वागत करते हुए कहा कि इस ओलम्पियाड में प्रतिभागी छात्रों का ज्ञानवर्धन व व्यक्तित्व विकास होगा। उद्घाटन समारोह में सी.एम.एस. छात्रों ने रंगारंग शिक्षात्मक-साँस्कृतिक कार्यक्रमों की



इन्द्रधनुषी छटा के बीच हरित क्रान्ति का जोरदार आहवान किया।

जियोफेस्ट इण्टरनेशनल-2023' में प्रतिभाग हेतु लखनऊ पधारे प्रतिभागी छात्र आज प्रेस कान्फ्रेन्स में पत्रकारों से मिले और दिल खोलकर अपने विचार रखे। पत्रकारों से बातचीत करते हुए प्रतिभागी छात्रों ने एक स्वर से कहा कि प्रकृति से सामन्जस्य बनाये रखने में ही मानव जाति की भलाई है। सभी को मिलजुलकर पर्यावरण संरक्षण का प्रयास करना चाहिए। प्रतिभागी छात्रों का कहना था कि हम जियोफेस्ट में स्वस्थ प्रतिस्पर्धा के लिए तो आये ही हैं, साथ ही लखनऊ की तहजीब और यहाँ के ऐतिहासिक स्थलों को देखने की भी हमारी दिली तमन्ना है।

सी.एम.एस. के मुख्य जन-सम्पर्क अधिकारी श्री हरि ओम शर्मा ने बताया कि जियोफेस्ट इण्टरनेशनल-2023 की प्रतियोगिताएं कल 21 नवम्बर को प्रातः 10.00 बजे से प्रारम्भ होंगी। कल, 21 नवम्बर को आयोजित होने वाली प्रतियोगिताओं में जियो क्विज (जूनियर एवं सीनियर वर्ग), जियो कोलाज, जियो टेक, जियो सल्यूशन एवं जियो टून्स आदि प्रमुख हैं।

# ऋषि साहित्य मानवीय गरिमा का बोध कराता है : उमानंद

**लखनऊ।** गायत्री ज्ञान मंदिर इंदिरा नगर, लखनऊ के विचार क्रान्ति ज्ञान यज्ञ अभियान के अन्तर्गत 'तथागत पब्लिक स्कूल सूगामऊ इन्दिरा नगर लखनऊ' के पुस्तकालय में गायत्री परिवार के संस्थापक युगऋषि पं. श्रीराम शर्मा आचार्य द्वारा रचित सम्पूर्ण 79 खण्डों का 399वाँ ऋषि वांड़मय की स्थापना कार्यक्रम सम्पन्न हुआ। उपरोक्त साहित्य गायत्री परिवार की सक्रीय कार्यकर्ता श्री हंस जी ने अपने सम्मानित पूर्वजों की स्मृति में भेंट किया तथा छात्र-छात्राओं एवं शिक्षक/शिक्षिकाओं को भी अखण्ड ज्योति पत्रिका भेंट की।

इस अवसर पर वाड्मय स्थापना अभियान के मुख्य संयोजक उमानंद शर्मा ने कहा कि ''ऋषि साहित्य मानवीय गरिमा का बोध कराता है'' संस्थान की प्रधानाचार्या श्रीमती माधुरी पाण्डेय ने धन्यवाद ज्ञापन व्यक्त किया। इस अवसर पर उमानंद शर्मा, सर्व अनिल भटनागर, पुष्पेन्द्र कुमार, विजय, हंस, संस्थान के प्रबन्धकशानेन्द्र सहित अन्य मौजूद थे।

# मौलाना आज़ाद जयंती का आयोजन

अवधनामा संवाददाता

**लखनऊ।** आज दिनाँक 20 नवम्बर को महान स्वतंत्रता सेनानी, स्वतंत्र भारत के प्रथम शिक्षा मंत्री मौलाना अबुल कलाम आज़ाद की जयंती को मुमताज़ पीजी कॉलेज के मौलाना अली मियां हॉल में राष्ट्रीय शिक्षा दिवस के रूप में मनाया गया( जो कि दिनांक 11 नवम्बर को दीपावली के अवकाश के कारण नहीं मनाया जा सका था )। इस अवसर पर महाविद्यालय के प्राचार्य प्रोफ़ेसर नसीम अहमद खान ने उपस्थित मुख्य अतिथि प्रोफ़ेसर सरवत तक़ी एवं डॉ मंसूर हसन का स्वागत किया।इस अवसर पर



उन्होंने मौलाना आज़ाद के जीवन की दशा-दिशा पर चर्चा करते हुए छात्र-छात्राओं को देश के प्रति समर्पित होने की शिक्षा दी। कार्यक्रम के अंतर्गत महाविद्यालय के तीनों संकायों के छात्र-छात्राओं ने सकारात्मक रूप से भाग लिया। इस अवसर पर आयोजित भाषण प्रतियोगिता में छात्र-छात्राओं द्वारा देश की स्वतंत्रता एवं शिक्षा हेतु मौलाना आज़ाद के योगदान पर आधारित भाषण प्रस्तुत किए, उत्कृष्ट भाषण प्रस्तुत करने वाले प्रतियोगियों को महाविद्यालय के प्राचार्य एवं मुख्य अतिथि ने पुरस्कृत किया।

# भारतीय स्वतंत्रता संग्राम में थी जनजातियों की अहम भूमिका

अवधनामा संवाददाता

**लखनऊ।** जनजाति लोक नायक बिरसा मुंडा की 148वीं जयंती के अवसर पर आयोजित ÷जनजाति भागीदारी उत्सव÷ में सोमवार 20 नवम्बर को छठे दिन, सांस्कृतिक आयोजनों के साथ स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों पर गोष्ठी भी हुई। बीन वादन, जादू कला, कठपुतली, खानपान और हस्तशिल्प प्रदर्शनी भी आकर्षण का केंद्र बनी।

21 नवम्बर तक गोमती नगर स्थित उत्तर प्रदेश संगीत नाटक अकादमी परिसर में आयोजित इस उत्सव की छठी सांस्कृतिक संध्या का संचालन



सरला शर्मा ने किया। उसमें देश की सतरंगी जनजातीय नृत्य, गायन और वादन की मनोरम झलक देखने को मिली। उसमें आगंतुकों ने उत्तराखंड का ताँदी नृत्य, हारूल नृत्य, झारखण्ड का पाइका नृत्य, छत्तीसगढ़ का कर्मा नृत्य, गैड़ी नृत्य, मध्य प्रदेश का गुदुम बाजा नृत्य, उत्तर प्रदेश का झीझी नृत्य, झूमर नृत्य, हुरदुगुवा नृत्य, गरदबाजा नृत्य, होली नृत्य, राजस्थान का सहरिया स्वांग नृत्य, चरी नृत्य, सिक्किम के याकछम नृत्य का आनंद लिया।

उत्तर प्रदेश संगीत नाटक अकादमी में आयोजित रहे जनजातीय भागीदारी उत्सव के तहत सोमवार को लोक एवं

**■ छठे दिन सांस्कृतिक आयोजनों के साथ हुई स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों पर संगोष्ठी**

जनजाति संस्कृति संस्थान के निदेशक अतुल द्विवेदी की उपस्थिति में स्वतंत्रता संग्राम में जनजाति स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों की भूमिका विषयक संगोष्ठी भी हुई। उसका संचालन करते हुए वर्धा स्थित महात्मा गांधी हिंदी विश्व विद्यालय के प्रदर्शनकारी कला विभाग के अध्यक्ष प्रो.ओमप्रकाश भारती ने कहा कि जनजाति स्वतंत्रता सेनानियों के बारे में सिर्फ उनकी जीवनी लिखने और उनकी कथाओं को बता देने मात्र से जनजाति स्वतंत्रता सेनानियों के बारे में लोगों को सतही जानकारी ही मिल रही है। ऐसे में हम लोगों को उनके संचार माध्यम, नेतृत्व करने के तरीके, उनके युद्ध पद्धति, उनके सीखने की प्रक्रिया पर प्रकाश डालने की जरूरत है। जनजाति शोध एवं विकास संस्थान के निदेशक डॉ.बनवारी लाल गोंड ने कहा कि भारतीय स्वतंत्रता संग्राम का बीज आदिवासी समाज ने ही रखा। जनजातिय इतिहास के पुनर्लेखन की जरूरत है। जल, जंगल और जमीन से जुड़कर रहने वाला समुदाय को उनके बीच जाकर बारीकी से देखने समझने की आवश्यकता है।

# उगते सूर्य को अर्घ्य देने के साथ ही छठ पूजा पर्व का हुआ समापन

अवधनामा संवाददाता

**चोपन/सोनभद्र।** लोक आस्था का महापर्व छठ उदयीमान सूर्य को अर्घ्य देने के साथ ही इस महापर्व का त्यौहार सकुशल संपन्न हुआ तीन दिनो के कठिन निराजल ब्रत के बाद सोमवार की सुबह जैसे ही भगवान भास्कर की लालिमा पहाड़ों को चिरती हुई बाहर निकली आस्था का हुजुम अपने को रोक नहीं पाया पुत्र की दीर्घायु की कामना लिए व्रत की महिलाओं ने उदित भगवान भास्कर को गाय के दूध से अर्ध देने के बाद अपने परिजनों के साथ सामूहिक रुप से हवन पूजन किया इसके साथ ही सूर्य उपासना का व्रत समाप्त हो गया एक बार फिर आस्था हर पहलू पर भारी रही कुछ ऐसा भी दृश्य देखनो को मिला जहां पुरुषों व महिलाओं द्वारा घाट स्थल पर दंडवत करते हुए पहुंचे हलाकि उससे कम रोमांच आम श्रद्धालुओं मे नहीं था मौजूद लोगों ने दंडवत करते हुए व्रतियों के सामने स्वय के संसाधनों से सफाई करते नजर आए क्या छोटा क्या बड़ा हर कोई आस्था के इस सैलाब में अपने अपने अंदाज से गोते लगाते हुए देखे गए सोन नदी के तट पर पूरी रात झालरों कि टिम टिमाहट व हाई मास्क लाइटो की प्रकास से सोन नदी की लहरें मानो



अठखेलिया खेल रही हो आस्ताचल सूर्य को अर्घ देना और उदित भगवान भास्कर को अर्घ्य देने की इंतजार में रात कब गुजर गई पता ही नहीं चला छठ घाट को सवारने और सजाने मे नगर पंचायत के कर्मचारीयो ने अथक मेहनत किया। वही छठ घाट पर वर्ड कप का लाइव प्रसारण लोगो के बीच आकर्षण का केन्द्र रहा साथ ही रिया राज और प्रवीण सिंह की टीम के द्वारा भजन संध्या में एक से बढ़कर एक भजनों की शानदार प्रस्तुति दी गई छठ घाट पर समाजसेवी संगठनो द्वारा भी निशुल्क दुध और चाय की व्यवस्था की गई थी। छठ घाट पर सुरक्षा के दृष्टिकोण से फायरब्रिगेड, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र चोपन के स्वास्थ्य कर्मियों के साथ ही घाट के चारो तरफ गोताखोर नौका लेकर मुस्तैद रहे वहीं थाना प्रभारी निरिक्षक विश्वनाथ प्रताप सिंह व कस्बा इंचार्ज उमाशंकर यादव भारी संख्या में पुलिस एवं पीएससी तथा महिला पुलिस के साथ चक्रमण करते रहे। नगर पंचायत के अध्यक्ष उस्मान अली व अधिशाषी अधिकारी देवहूति पांडेय ने शांतिपूर्ण ढंग से छठ पूजा सम्पन्न कराने के लिए सभी कर्मचारियों, सम्मानित सभासदों एवं नगर की जनता का आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम का संचालन सभासद बिट्टू सिंह व राजेश अग्रहरी ने किया। इस मौके पर वरिष्ठ भाजपा नेता राजा मिश्रा, भाजपा जिला महामंत्री रामसुंदर निषाद,ब्लाक प्रमुख प्रतिनिधि डंपू सिंह, जिला पंचायत सदस्य प्रतिनिधि संजीव त्रिपाठी, महानंद पाण्डेय,निषाद पार्टी के जिलाध्यक्ष अनिकेत निषाद, डॉ नागेश्वर दूबे, पूर्व जिलाध्यक्ष रोहित बिंद,संतोष साहनी,फूलचंद चौधरी, सत्यप्रकाश तिवारी, राधारमण पांडेय, रामपरिखा विश्वकर्मा, राकेश विंद, विमल शाहा, घनश्याम चौधरी, लिपिक अंकित पाण्डेय, मनोज शुक्ला,इत्यादि लोग मौजूद रहे।

# वेरका डेयरी प्लांट के उप प्रबन्धक एवं छावनी परिषद के सफाई निरीक्षक गिरफ्तार

अवधनामा संवाददाता

**लखनऊ।** सीबीआई ने एक शिकायत के आधार पर वेरका डेयरी प्लांट, मोहाली के उप प्रबंधक (उत्पादन) के विरुद्ध मामला दर्ज किया। यह आरोप लगाया गया था कि शिकायतकर्ता अपनी पत्नी के नाम पर चंडीगढ़ में एक फर्म चला रहा था एवं फर्म को वेरका प्लांट (मिल्कफेड), मोहाली को कर्मियों/जनशक्ति (manpower) व सुरक्षा प्रदान करने का ठेका दिया गया था। आगे यह आरोप है कि उप प्रबंधक (उत्पादन), वेरका डेयरी प्लांट, मोहाली, शिकायतकर्ता को परेशान कर रहा था और अनुबंध रद्द करने की धमकी दे रहा था। शिकायतकर्ता ने आरोपी से मुलाकात की, जिसके दौरान आरोपी ने कथित तौर पर अगले 4-5 महीनों के लिए 15000 रु. प्रति माह की दर से रिश्वत की मांग की। यह भी आरोप है कि आरोपी ने शिकायतकर्ता से आगे कहा कि यदि उक्त रिश्वत का भुगतान नहीं किया गया तो अनुबंध रद्द कर दिया जाएगा। परस्पर बातचीत के पश्चात, आरोपी 30 हजार रु. स्वीकार करने पर राजी हो गया।

सीबीआई ने जाल बिछाया एवं आरोपी को 30,000/- रु. की रिश्वत मांगने एवं स्वीकार करने के दौरान पकड़ा। मोहाली

**■ सीबीआई ने रिश्वत के अलग-अलग मामलों में कई लोगों पर की कार्रवाई**

और पटियाला (पंजाब) में आरोपियों के परिसरों की तलाशी ली गई, जिसमें आपत्तिजनक दस्तावेज बरामद हुए। आरोपी को सीबीआई मामलों के विशेष न्यायाधीश की अदालत, चंडीगढ़ में पेश किया एवं उन्हें 14 दिनों की न्यायिक हिरासत में भेजा। एक अन्य मामले में, सीबीआई ने छावनी परिषद, मेरठ (उत्तर प्रदेश) के सफाई निरीक्षक(Sanitary Inspector)को शिकायतकर्ता से 15,000/- रु. की रिश्वत मांगने एवं स्वीकार करने पर गिरफ्तार किया।

सीबीआई ने एक शिकायत के आधार पर छावनी परिषद, मेरठ के दो सफाई निरीक्षकों के विरुद्ध मामला दर्ज किया जिसमें छावनी परिषद, मेरठ में शिकायतकर्ता की तीन दुकानों के पुनर्निर्माण जारी रखने की अनुमति देने हेतु उनसे 25,000/- रु. की माँग का आरोप है। आगे यह आरोप है कि लाल कुर्ती, मेरठ छावनी परिषद में तीन दुकानें निर्माणाधीन थीं एवं उक्त तीन दुकानों के मालिक ने शिकायतकर्ता को निर्माण की जिम्मेदारी दी थी।

# युवक की हत्या में अभियुक्तों का साथ देने वाले पांच गिरफ्तार



अवधनामा संवाददाता

**आजमगढ़।** थाना कोतवाली स पूर्व की घटनावादी मुकदमा दिनेश कुमार पुत्र स्व0 श्यामधारी निवासी मनचोभा थाना कोतवाली आजमगढ़ द्वारा दिये गये प्रार्थना पत्र जिसमें वादी का लड़का सूरज कुमार उम्र 24 वर्ष दिनांक- 11.11.23 को 7.30 बजे बलरामपुर शराब ठेके के पास अपने दोस्त आमीर पुत्र कासिम ग्राम मनचोभा व एक अन्य व्यक्ति के साथ मौजूद थे। पिता दिनेश कुमार जब घर चलने के लिए बोले तो सूरज कुमार बताया कि मैं आमीर के साथ घर आ जाऊंगा। कुछ देर बाद दिनेश के फोन करने पर सूरज कुमार ने अपने पिता को बताया कि मुझे आमीर व उनके दोस्त किशुनदासपुर ले जा रहे है और फोन कट गया। दिनांक 13.11.23 को तमसा नदी ग्राम ककरहटा में शव मिलने पर वादी दिनेश कुमार द्वारा शिनाख्त करने के उपरान्त प्राप्त प्रार्थना पत्र पर दिनांक 14.11.23 को मु0अ0सं0 650द्23 धारा 302,201 भादवि व 3(2)5 एससी एसटी एक्ट बनाम आमीर पुत्र कासीम उर्फ चुन्ने खाँ निवासी मनचोभा व एक अन्य व्यक्ति थाना कोतवाली पर पंजीकृत हुआ। जिसकी विवेचना क्षेत्राधिकारी नगर द्वारा की जा रही है। जिसके क्रम में दिनांक 18.11.2023 को 02 अभियुक्तो 1- मो0 आमिर पुत्र कासिम उर्फ चुन्ने खाँ निवासी मनचोभा थाना कोतवाली जनपद आजमगढ़, अंकुश यादव पुत्र रामबदन यादव निवासी मनचोभा थाना कोतवाली जनपद आजमगढ़ को पुलिस मुठभेड के दौरान गिरफ्तार किया गया था। 19 नवंबर को उ0नि0 संजय तिवारी मय हमराह द्वारा मुकदमा उपरोक्त में विवेचना से प्रकाश में आये अभियुक्तो 1. शेख कासिम पुत्र चुन्ने उर्फ तौहिद , 2. नुराना बानो पत्नी शेख कासिम उर्फ चुन्ने, 3. अनम बानो पुत्री शेख कासिम समस्त निवासी मनचोभा थाना कोतवाली आजमगढ़ को ग्राम मनचोभा से समय करीब 13.30 बजे गिरफ्तार किया गया जिनके पास से 01 मोबाईल बरामद हुआ। अभियुक्त1. तंजीम पुत्र मोहम्मद सुफ्यिान, 2. रजिया पत्नी मो. तंजीम समस्त निवासी छिछोरी थाना बिलरियागंज आजमगढ़ को ग्राम छिछोरी थाना बिलरियागंज से समय करीब 15.35 बजे गिरफ्तार किया गया। जिनके कब्जे से घटना के दौरान अभियुक्त आमिर द्वारा पहने कपड़ों को बरामद किया गया।

# आईसीसी की विश्व कप की सर्वश्रेष्ठ टीम में छह भारतीय, रोहित को बनाया गया कप्तान

वर्ल्ड कप खत्म हो चुका है। अब आईसीसी ने टूर्नामेंट की सर्वश्रेष्ठ टीम चुनी है। जिसमें उसने रोहित शर्मा को कप्तान बनाया है जबकि 6 अन्य भारतीय खिलाड़ियों को शामिल किया है। वहीं, विजेता ऑस्ट्रेलिया के सिर्फ दो खिलाड़ियों को चुना गया है। दक्षिण अफ्रीका, न्यूजीलैंड और श्रीलंका के एक-एक खिलाड़ी इस टीम में अपनी जगह बना पाए हैं। पाकिस्तान, इंग्लैंड, अफगानिस्तान, बांग्लादेश और नीदरलैंड के किसी खिलाड़ी को जगह नहीं मिली है।

बता दें कि, भारत को रविवार को अहमदाबाद में फाइनल में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ छह विकेट से हार का सामना करना पड़ा जिसने अपना छठा विश्व कप खिताब जीता। रोहित ने पूरे टूर्नामेंट के दौरान आक्रामक और निडर बल्लेबाजी की जिसके लिए उनकी काफी सराहना हुई। भारतीय कप्तान 11 मैच में एक शतक और तीन अर्धशतक से 54.27 के औसत से 597 रन बनाकर कोहली के बाद टूर्नामेंट के दूसरे सबसे सफल बल्लेबाज रहे। किसी एक विश्व कप में 700 से अधिक रन बनाने वाले पहले बल्लेबाज बने कोहली ने तीन शतक और छह अर्धशतक से 765 रन बनाए। आईसीसी ने अपनी वेबसाइट पर लिखा, ''पुरुष क्रिकेट के इतिहास में सिर्फ चार खिलाड़ियों ने



विश्व कप में शमी के 55 विकेट से अधिक विकेट चटकाए हैं जो लसिथ मलिंगा (56), मिशेल स्टार्क (65), मुथैया मुरलीधरन (68) और ग्लेन मैकग्रा (71) हैं लेकिन शमी ने ये विकेट अपने से आगे मौजूद खिलाड़ियों से 10 कम मैचों में चटकाए हैं।'' विश्व कप में 11 मैच में 18.65 के औसत से 20 विकेट के साथ चौथे सबसे सफल गेंदबाज रहे भारत के तेज गेंदबाजी आक्रमण के अगुआ जसप्रीत बुमराह को भी आईसीसी एकादश में जगह मिली है। आईसीसी ने कहा, ''टूर्नामेंट में एक से अधिक मैच खेलने वाला कोई भी गेंदबाज बुमराह की 4.06 की इकोनॉमी रेट से बेहतर गेंदबाजी नहीं कर पाया यह आंकड़ा इसलिए भी बेजोड़ है क्योंकि वह काफी बार उस समय गेंदबाजी करते हैं जब क्षेत्ररक्षण की सीमाएं लागू होती हैं। ऑलराउंडर के रूप में भारत के रविंद्र जडेजा और ऑस्ट्रेलिया के ग्लेन मैक्सवेल को टीम में जगह मिली है। आईसीसी ने कहा, भारत के स्पिन गेंदबाजी ऑलराउंडर ने अपनी टीम के लिए महत्वपूर्ण भूमिका निभाई, उन्होंने बीच के ओवरों में महत्वपूर्ण विकेट चटकाए और लगातार किफायती गेंदबाजी की।'' विश्व कप समाप्त होने के बाद एकदिवसीय अंतरराष्ट्रीय प्रारूप को अलविदा कहने वाले दक्षिण अफ्रीका के क्विंटन डिकॉक को दो सलामी बल्लेबाजों में से एक के रूप में टीम में शामिल किया गया है। उन्होंने लीग चरण में शानदार प्रदर्शन करते हुए चार शतक जड़े। चौथे नंबर पर बल्लेबाजी की जिम्मेदारी न्यूजीलैंड के डेरिल मिशेल को मिली है जो भारतीय गेंदबाजों के खिलाफ दबदबा बनाने वाले एकमात्र गेंदबाज रहे। उन्होंने लीग चरण और फिर सेमीफाइनल दोनों मुकाबलों में भारत के खिलाफ शतक जड़ा। मिशेल दो शतक और इतने ही अर्धशतक से 10 मैच में 552 रन बनाकर टूर्नामेंट के पांचवें सर्वश्रेष्ठ बल्लेबाज रहे। श्रीलंका का विश्व कप अभियान निराशाजनक रहा लेकिन उसके युवा गेंदबाज दिलशान मदुशंका नौ मैच में 21 विकेट के साथ टूर्नामेंट में सर्वाधिक विकेट चटकाने वाले गेंदबाजों की सूची में तीसरे स्थान पर रहे। विश्व कप के 11 मैच में 23 विकेट के साथ टूर्नामेंट के दूसरे सर्वश्रेष्ठ गेंदबाज और चैंपियन ऑस्ट्रेलिया के एकमात्र विशेषज्ञ स्पिनर एडम जंपा को भी एकादश में जगह मिली है जबकि दक्षिण अफ्रीका के गेराल्ड कोएट्जी 12वें खिलाड़ी होंगे। आईसीसी की टूर्नामेंट की सर्वश्रेष्ठ टीम : रोहित शर्मा (कप्तान), क्विंटन डिकॉक, विराट कोहली, डेरिल मिशेल, लोकेश राहुल, ग्लेन मैक्सवेल, रविंद्र जडेजा, जसप्रीत बुमराह, मोहम्मद शमी, एडम जंपा और दिलशान मदुशंका।

# भारत के सामने फीफा विश्व कप क्वालीफायर में कतर की मुश्किल चुनौती



भारतीय फुटबॉल टीम 2026 फीफा वर्ल्ड कप क्वालीफायर के दूसरे दौर के मुकाबले में कतर से भिड़ेगी। क्वालिफायर से पहले भारत ने कुवैत को 1-0 से हराया था।

भारतीय फुटबॉल टीम 2026 फीफा विश्व कप क्वालीफायर के दूसरे दौर के मुकाबले में मंगलवार को यहां कतर के खिलाफ मैदान में उतरेगी तो उसे ग्रुप ए में सबसे कठिन चुनौती का सामना करना पड़ेगा। क्वालीफायर के पहले मैच में कुवैत को 1-0 से हराने के बाद भारतीय टीम का हौसला बढ़ा हुआ है। भारत घरेलू मैदान पर कतर को कड़ी टक्कर देने की उम्मीद करेगा लेकिन मेहमान टीम प्रबल दावेदार के रूप में शुरुआत करेगी।

भारतीय टीम ने चार साल पहले एशियाई चैंपियन कतर को गोलरहित ड्रा पर रोका था और इस मुकाबले में यह टीम के लिए प्रेरणा का काम करेगा। भारत ने 2022 विश्व कप के दूसरे दौर के क्वालीफायर में 10 सितंबर, 2019 को दोहा कतर को गोलरहित ड्रा पर रोककर फुटबॉल जगत को आश्चर्यचकित कर दिया था। कतर उस समय जबरदस्त फॉर्म में था और उसने 2019 की शुरुआत में एशिया कप का खिताब जीता था। उस मुकाबले में करिश्माई भारतीय कप्तान सुनील छेत्री अस्वस्थ होने के कारण मैदान पर नहीं उतरे थे लेकिन मंगलवार को कलिंगा स्टेडियम में वह अपना कौशल दिखाने के लिए उत्सुक होंगे।

छेत्री की मौजूदगी के बाद भी इस बात की संभावना कम है कि भारतीय टीम कतर से ज्यादा आक्रमण करेगी। गोलकीपर गुरप्रीत सिंह ने 2019 में कतर के खिलाफ उस मैच में टीम का नेतृत्व किया था और कलिंगा स्टेडियम में कतर को गोल करने से रोकने का दारोमदार एक बार फिर से उन पर होगा। विश्व रैंकिंग में 61 वें स्थान पर काबिज कतर ने दोहा में 16 नवंबर को अपने शुरुआती मुकाबले में अफगानिस्तान को 8-1 के बड़े अंतर से रौंदा है। टीम की कोशिश भारत के खिलाफ इस लय को जारी रखने की होगी।

अफगानिस्तान के खिलाफ चार गोल दागने वाले कतर के स्टार स्ट्राइकर अल्मोइज अली को रोकना भारतीय टीम के लिए सबसे बड़ी चुनौती होगी। अनवर अली की गैरमौजूदगी में भारतीय रक्षा पंक्ति पहले ही थोड़ी कमजोर है। भारतीय कोच इगोर स्टिमक को इस अहम मुकाबले में अली के अलावा जैकसन सिंह की भी सेवाएं नहीं मिलेगी। अली मोहन बागान के एएफसी कप के मैच के दौरान चोटिल हुए जबकि केरल ब्लास्टर के खिलाड़ी जैकसन इंडियन सुपर लीग में मुंबई एफसी के खिलाफ मैच में चोटिल हो गये। मध्यपंक्ति में सहल अब्दुल समद और मनवीर सिंह पर कतर की अग्रिम पंक्ति की धार कुंद करने के साथ भारतीय अग्रिम पंक्ति के लिए मौके बनाने की चुनौती होगी।

भारतीय कोच स्टिमक ने कहा, '' हमने हर खिलाड़ी और मैदान की स्थिति से कतर का विश्लेषण किया है और अच्छी तरह से जानते हैं कि गति और ताकत के मामले में वे क्या करने में सक्षम हैं। उनके रक्षात्मक और आक्रामक खेल का कोई तोड़ निकालना मुश्किल है। उन्होंने इसका प्रदर्शन अफगानिस्तान के खिलाफ आठ गोल करके किया।''

उन्होंने कहा, ''यह बहुत मुश्किल होने वाला है, कतर इस ग्रुप से जीत का प्रबल दावेदार है। इस मैच में हम से ज्यादा उम्मीदें नहीं हैं लेकिन हम जानते हैं कि हमें अपने मौके को दोनों हाथों से लपकना होगा।'' उन्होंने कहा, ''हमने कुवैत के खिलाफ पहली बाधा को पार की और अब मैं चाहता हूं कि खिलाड़ी कतर के खिलाफ अपने कौशल का प्रदर्शन करें। भारत और कतर के अलावा ग्रुप ए में कुवैत और अफगानिस्तान की टीमें हैं। ग्रुप में शीर्ष दो स्थान पर रहने वाली टीमें फीफा विश्व कप क्वालीफायर के तीसरे दौर के साथ 2027 एएफसी एशियाई कप के लिए अपनी जगह पक्की करेगी। भारतीय टीम फीफा विश्व कप क्वालीफायर के तीसरे दौर में एक बार भी नहीं पहुंची है और कुवैत पर टीम की 1-0 से जीत के बाद यह उम्मीदें जाग गयी है।

# जोकोविच ने रिकॉर्ड सातवीं बार एटीपी फाइनल्स का खिताब जीता



जोकोविच को विंबलडन के फाइनल में कार्लोस अल्कराज़ से हार का सामना करना पड़ा था लेकिन इसके बाद उन्होंने अमेरिकी ओपन में खिताब जीता। जोकोविच ने कहा,''इसमें कोई संदेह नहीं कि मेरी जिंदगी का यह सर्वश्रेष्ठ सत्र रहा।

नोवाक जोकोविच ने अपना शानदार प्रदर्शन जारी रखते हुए यानिक सिनर को सीधे सेटों में हराकर रिकॉर्ड सातवीं बार एटीपी फाइनल्स टेनिस टूर्नामेंट का खिताब जीता। विश्व के नंबर एक खिलाड़ी जोकोविच ने एक घंटा 43 मिनट तक चले मैच में स्थानीय खिलाड़ी सिनर को 6-3, 6-3 से हराकर 36 वर्ष की उम्र में नई उपलब्धि हासिल की।

इस तरह से साल की शुरुआत रिकॉर्ड से करने वाले जोकोविच ने साल का अंत भी नया रिकॉर्ड बनाकर किया। उन्होंने 2023 के शुरू में ऑस्ट्रेलियाई ओपन में अपना रिकॉर्ड दसवां खिताब जीता था। इसके बाद उन्होंने फ्रेंच ओपन में जीत हासिल करके 23वां ग्रैंड स्लैम खिताब जीतकर राफेल नडाल के रिकॉर्ड को तोड़ा था।

जोकोविच को विंबलडन के फाइनल में कार्लोस अल्कराज़ से हार का सामना करना पड़ा था लेकिन इसके बाद उन्होंने अमेरिकी ओपन में खिताब जीता। जोकोविच ने कहा,''इसमें कोई संदेह नहीं कि मेरी जिंदगी का यह सर्वश्रेष्ठ सत्र रहा।

इस सप्ताह शानदार प्रदर्शन करने वाले स्थानीय खिलाड़ी यानिक के खिलाफ जीत दर्ज करके खिताब हासिल करना शानदार रहा।'' एटीपी फाइनल्स में इससे पहले सर्वाधिक खिताब जीतने का रिकॉर्ड संयुक्त रूप से जोकोविच और रोजर फेडरर के नाम दर्ज था।

## भारतीय कप्तान सविता की निगाह लगातार तीसरी बार वर्ष की सर्वश्रेष्ठ गोलकीपर बनने पर



कप्तान सविता पूनिया की निगाह लगातार तीसरी बार वर्ष की सर्वश्रेष्ठ गोल कीपर का पुरस्कार हासिल करने पर टिकी हैं। उन्हें फिर से एफआइएच हॉकी स्टार अवार्ड्स के लिए नामांकित किया गया है। भारतीय महिला हॉकी टीम की कप्तान सविता पूनिया की निगाह लगातार तीसरी बार वर्ष की सर्वश्रेष्ठ गोलकीपर का पुरस्कार हासिल करने पर टिकी हैं। उन्हें फिर से एफआई एच हॉकी स्टार अवार्ड्स के लिए नामांकित किया गया है। सविता को इससे पहले 2021 और 2022 में यह प्रतिष्ठित पुरस्कार मिला था। उन्होंने कहा,''मैंने कभी नहीं सोचा था कि मैं लगातार दो वर्ष यह पुरस्कार हासिल करूंगी और मुझे फिर से नामित किया जाएगा। मैं वास्तव में बहुत अच्छा महसूस कर रही हूं। यह मेरे लिए, मेरे परिवार के लिए और मेरे साथियों के लिए गौरवशाली क्षण है। सविता ने कहा,''जब मैंने खेलना शुरू किया था तो मैंने सोचा भी नहीं था कि मैं इतने आगे तक जाऊंगी। टीम खेल में कोई भी उपलब्धि व्यक्तिगत प्रयासों पर नहीं बल्कि टीमवर्क पर आधारित होती है। जब आपकी कड़ी मेहनत को मान्यता मिलती है तो इससे अच्छा लगता है और इससे पूरी टीम प्रेरित होती है।

# पत्नी अंकिता लोखंडे को लेकर अभिषेक कुमार पर भड़के विक्की जैन, कहा घर के बाहर जान ले लेता इसकी

अंकिता लोखंडे और अभिषेक कुमार अक्सर लड़ते-झगड़ते हुए नजर आते हैं। शो की शुरुआत से दोनों के बीच अनबन होती आ रही है। अंकिता लोखंडे को लेकर अब विक्की जैन अभिषेक कुमार पर भड़क गए हैं। उन्होंने एक्टर की जान लेने तक की बात कह दी है जबकि दोनों के बीच अब तक अच्छी बॉन्डिंग रही है।

विक्की जैन और अभिषेक कुमार की दोस्ती में दरार आती हुई दिख रही है। इसकी पीछे वजह अंकिता लोखंडे बन रही हैं। बिग बॉस 17 की शुरुआत से विक्की जैन और अभिषेक के बीच भाईचारा रहा है, लेकिन अब इस बॉन्डिंग में अनबन होते हुए दिख रही हैं। अब तो विक्की ने अंकिता को जान से मारने की भी धमकी दे दी है। बिग बॉस 17 के हालिया एपिसोड में विक्की जैन, रिंकू धवन के साथ बातचीत करते हुए नजर



आए। उन्होंने इन दौरान अभिषेक कुमार को लेकर अपने मन की बात कही।बिग बॉस 17 के घर में अब तक कई बार अभिषेक कुमार और अंकिता लोखंडे के बीच बहसबाजी हो चुकी है। हाल ही में एक बार फिर दोनों ने तीखी बहस की थी, जिसके बाद से विक्की, अभिषेक से दूरी बनाते हुए दिख रहे हैं।

विक्की जैन ने अब रिंकू धवन के साथ बातचीत में भी अभिषेक कुमार को लेकर अपने मन की बात कही। उन्होंने कहा कि अगर बिग बॉस के घर के बाहर अभिषेक, अंकिता का अपमान करते तो वो उनकी जान ले लेते। विक्की ने कहा, बाहर की दुनिया में मैं अभिषेक को जान से मार देता, अगर मेरी पत्नी का कोई अपमान या बदतमीजी करता। बता दें कि अंकिता और अभिषेक किचन में काम को लेकर आपस में भिड़ गए थे। इसके बाद गुस्से से तिलमिलाई एक्ट्रेस ने अभिषेक को अपनी मिडिल फिंगर दिखाई। इस पर अभिषेक ने कहा कि अंकिता लोखंडे ने उन्हें गाली दी है। आपको बोलना और सिर्फ गाली देना आता है। अगर ऐसी हरकत मैं आपके साथ कर देता तो आप यहां पर मुद्दा उठा देती। अभी सारा घर आ जाता मुझे बताने।

अंकिता और अभिषेक के इस झगड़े के बाद विक्की जैन ने एक्टर से दूरी बनाई हुई है। शनिवार का वार के दौरान अभिषेक ने इस बात को लेकर मुनव्वर फारूकी से भी जिक्र किया। अभिषेक ने कहा कि उन्हें लगता है कि विक्की ने उन्हें किनारे कर दिया है।

# बॉस ऑफिस के बाद ओटीटी पर भी धमाल मचाने को तैयार है लियो, इस प्लेटफॉर्म पर रिलीज हो रही फिल्म

साउथ सिनेमा के सुपरस्टार थलापति विजय की फिल्म लियो ने टिकट विंडो पर अच्छा कलेक्शन किया। न सिर्फ घरेलू बॉक्स ऑफिस पर बल्कि वर्ल्डवाइड भी फिल्म की कमाई देखने लायक रही। फिल्म को पांच भाषाओं में रिलीज किया गया था। वहीं जिन लोगों ने थिएटर में फिल्म को देखने का चांस मिस कर दिया, उनके लिए ओटीटी प्लेटफॉर्म पर मूवी को देखने का सुनहरा मौका है।

लियो दुनियाभर में 500 करोड़ का आंकड़ा पार करने वाली फास्टेस्ट तमिल फिल्म बन गई। 19 अक्टूबर को रिलीज हुई इस मूवी का कॉम्पटीशन साउथ के साथ ही हिंदी की कुछ मूवीज के साथ भी था। लेकिन सभी को दरकिनार करते हुए थलापति विजय की फिल्म ने बॉक्स ऑफिस पर हिट का परचम लहराया। अब मूवी की ओटीटी रिलीज डेट सामने आ गई है।

लियो फिल्म इंडिया में 24 नवंबर को नेटफ्लिक्स पर और दुनियाभर में 28 नवंबर को तमिल, तेलुगु, मलयालम, कन्नड़ और हिंदी भाषा में रिलीज किया जाएगा।

लियो तमिल फिल्म इंडस्ट्री में हाईएस्ट ग्रॉसिंग फिल्म की लिस्ट में शामिल हो चुकी है। इंडिया में



मूवी ने 417 करोड़ और वर्ल्डवाइड 615 करोड़ के आसपास की कमाई की है। इस आंकड़े के साथ ये फिल्म इस साल की तमिल फिल्म इंडस्ट्री की हाईएस्ट ग्रॉसिंग फिल्म बन गई है। वहीं, कुल आंकड़ों में 2.0 इस लिस्ट में पहले नंबर पर और लियो दूसरे नंबर पर है।

लोकेश कनगराज द्वारा डायरेक्ट की गई इस मूवी में थलापति विजय ने लीड रोल प्ले किया है। इसके अलावा तृषा कृष्णन और संजय दत्त भी मुख्य भूमिका में हैं।

# अब भोजपुरी सिनेमा में अपनी किस्मत आजमाएंगे आर्य बब्बर, खेसारी लाल यादव की फिल्म में बने विलेन

हिंदी, पंजाबी और बंगाली फिल्मों में काम कर चुके अभिनेता-राजनेता राज बब्बर के बेटे आर्य बब्बर अब भोजपुरी सिनेमा में अपनी किस्मत आजमाने जा रहे हैं। अभिनेता आर्य बब्बर इन दिनों उत्तर प्रदेश के गोरखपुर में भोजपुरी फिल्म राजाराम की शूटिंग कर रहे हैं। इस फिल्म में आर्य बब्बर विलेन की भूमिका में निभा रहे हैं।

भोजपुरी फिल्म राजाराम में विलेन की भूमिका निभा रहे आर्य बब्बर कहते हैं, मुझे क्षेत्रीय सिनेमा में काम करने से कभी भी परहेज नहीं रहा। जहां भी मुझे अच्छे मौके मिले, मैंने काम किया चाहे पंजाबी फिल्में हो या फिर बंगाली फिल्में। जब मुझे निर्देशक पराग पाटिल ने भोजपुरी फिल्म राजाराम ऑफर की तो मुझे मेरा किरदार काफी चैलेंजिंग लगा। अब भोजपुरी फिल्में भी बड़ी भव्य स्तर पर बन रही। इस फिल्म की शूटिंग के दौरान काम



करके बहुत ही आनंदित हूं।

अभिनेता आर्य बब्बर कहते हैं, इस फिल्म में मेरी भूमिका बेहद चुनौतीपूर्ण है। मेरी पूरी कोशिश है कि इस किरदार को जीवंत करने में अपना सौ फीसदी दूं। मुझे उम्मीद है कि जब यह फिल्म रिलीज होगी तो दर्शक मेरे किरदार को जरूर पसंद करेंगे। फिल्म में खेसारी लाल यादव के साथ काम करने बहुत ही अच्छा अनुभव रहा है, वह भोजपुरी में डायलॉग बोलने में मेरी बहुत मदद करते हैं।

अभिनेता आर्य बब्बर ने अपने अभिनय करियर की शुरुआत साल 2002 में रिलीज फिल्म अब के बरस से हीरो के रूप में की । राज कंवर के निर्देशन में बनी इस फिल्म में आर्य बब्बर के साथ अमृता राव की लीड भूमिका थी। इस फिल्म के बाद आर्य बब्बर ने मुद्दा -द इश्यू, थोड़ा तुम बदलो थोड़ा हम जैसी फिल्मों में बतौर हीरो नजर आए, लेकिन जब हीरो के रूप में वह सफल नहीं हुए तो मणि रत्नम की फिल्म गुरु से फिल्मों में चरित्र भूमिकाएं करने लगे।

अभिनेता आर्य बब्बर ने चरित्र भूमिकाओं में कई फिल्में की लेकिन असल मायने में उनकी पहचान सलमान खान की फिल्म रेड्डी से मिली। आर्य बब्बर ने विरसा, यार अनमुल्ले जैसी कई पंजाबी फिल्मों में बतौर हीरो भी काम कर चुके हैं, लेकिन पंजाबी सिनेमा भी उन्हें जिस तरह की सफलता मिलनी चाहिए नहीं मिली। अब वह क्षेत्रीय सिनेमा में खुद को स्थापित करने में लगे हैं। आर्य बब्बर का मानना है कि फिल्में किसी भी भाषा की हो, बस उसमे किरदार दमदार होने चाहिए।

## मैं अपनी कहानी का नायक था....'टाइगर-3' में खलनायक का किरदार निभाने पर बोले इमरान हाशमी



अभिनेता इमरान हाशमी ने कहा कि फिल्म 'टाइगर-3' में उन्होंने अपने किरदार को खलनायक समझने की बजाय उसे नायक से अलग मानकर निभाया। उन्होंने कहा कि खलनायक के किरदार को करने का सबसे खराब तरीका उसे नकारात्मक सोच के साथ निभाना है। हाशमी ने कहा कि उन्होंने पूर्व आईएसआई एजेंट आतिश रहमान के अपने किरदार को खलनायक समझने के बजाय एक ऐसा व्यक्ति समझा जिसका नजरिया फिल्म के नायक से अलग है। फिल्म में सलमान खान नायक की भूमिका में हैं और इसमें कैटरीना कैफ ने भी अहम किरदार निभाया है।

हाशमी ने 'पीटीआई-भाषा' को दिए एक साक्षात्कार में कहा कि आपको निर्देशक के नजरिए के बारे में स्पष्ट होना चाहिए। आप किरदार की बारीकियों को समझें। उस किरदार को अपनी कहानी का नायक समझें और उसे उसी तरह निभाएं। उन्होंने कहा, '' फिल्म में मेरा किरदार खलनायक का नहीं बल्कि नायक से अलग एक व्यक्ति का है। मैं अपनी कहानी का नायक था, इसलिए मुझे उस किरदार को उसी नजरिए से निभाना था। इमरान हाशमी 'मर्डर', 'गैंगस्टर', 'वन्स अपॉन ए टाइम इन मुंबई' और 'चेहरे' जैसी फिल्मों में भी नकारात्मक किरदार निभा चुके हैं।

# कर्नाटक बीजेपी के कई नेता संपर्क में

## हम 26 जनवरी के बाद चलाएंगे ऑपरेशन, पूर्व डिप्टी सीएम लक्ष्मण सावदी

**बागलकोट।** इस साल मई महीने में कांग्रेस ने कर्नाटक में शानदार जीत हासिल की थी। राज्य में सरकार के छह महीने पूरे होने के बाद कांग्रेस कर्नाटक में बीजेपी विधायक उनके संपर्क में हैं।

सावदी ने कहा, हम 26 जनवरी के बाद आगे की कार्यवाही शुरू करेंगे। आप

**कार्यवाही**

**सावदी ने कहा, हम 26 जनवरी के बाद आगे की कार्यवाही शुरू करेंगे। आप (मीडिया) देखेंगे कि कितने लोग बाद में कांग्रेस में शामिल होंगे।**



(मीडिया) देखेंगे कि कितने लोग बाद में कांग्रेस में शामिल होंगे।÷ कर्नाटक विधानसभा चुनाव से पहले लक्ष्मण सावदी भी बीजेपी छोड़कर से कांग्रेस में शामिल हो गए थे। सावदी ने ऑपरेशन हास्ट पर मीडिया से बात करते हुए दोहराया कि बीजेपी के कई नेता हमारे संपर्क में हैं।

सावदी ने कहा कि एक बार बड़ी राजनीतिक चाल चल सकती है। दरअसल, कांग्रेस विधायक और राज्य के पूर्व उपमुख्यमंत्री लक्ष्मण सावदी ने सोमवार को दावा किया कि कई असंतुष्ट जब बीजेपी नेताओं की कांग्रेस में ज्वाइनिंग प्रक्रिया पूरी हो जाएगी, तो उन्हें सही पदों पर नियुक्त करने पर विचार किया जाएगा। उन्होंने कहा, ÷जो लोग बीजेपी से आते हैं, उनके साथ अन्याय नहीं होना चाहिए। इसलिए जो भी अपनी इच्छा से कांग्रेस में शामिल होना चाहता है, उसका सम्मानपूर्वक स्वागत किया जाएगा। लोकसभा चुनाव में 20 सीटें जीतने का खाका तैयार है।

मीडिया ने जब पूर्व उपमुख्यमंत्री लक्ष्मण सावदी से पूछा कि क्या उन्हें लिंगायत समुदाय के विधायकों को पार्टी में शामिल करवाने का काम सैंपा है? इसपर उन्होंने स्पष्ट किया कि न केवल लिंगायत बल्कि कांग्रेस सभी का स्वागत करेगी।उन्होंने बीजेपी की हिंदुत्व की धारणा और हिंदुत्व विरोधी विचारधारा की ओर इशारा करते हुए कहा कि कांग्रेस में ऐसा कोई भेदभाव नहीं होता है। हम सभी को एक साथ लाएंगे। वहीं, पूर्व मुख्यमंत्री बीएस येदियुरप्पा के बेटे को कर्नाटक बीजेपी का अध्यक्ष बनाए जाने पर सावदी ने कहा कि लिंगायत उत्तरी कर्नाटक में ज्यादा मात्रा में हैं, जबकि बीवाई विजयेंद्र दक्षिण कर्नाटक के मैसूरु, बेंगलुरु और शिवमोग्गा जिलों तक ही सीमित हैं। सावदी ने कहा कि कई बीजेपी नेता बीवाई विजयेंद्र को कर्नाटक बीजेपी का अध्यक्ष बनाए जाने के फैसले के खिलाफ हैं। बीजेपी के वरिष्ठ नेता इस बात को लेकर असमंजस में हैं कि विजयेंद्र जैसे जूनियर नेता के नेतृत्व में कैसे काम करेंगे।


उन्होंने कहा, मैं बीजेपी पार्टी पर चर्चा नहीं करना चाहता। विजयेंद्र को प्रदेश अध्यक्ष बनाए जाने से बीजेपी को कोई फायदा नहीं होगा। प्रदेश अध्यक्ष चाहे कोई भी बने, बीजेपी अपनी खोई जमीन वापस नहीं पा सकती। विजयेंद्र की नियुक्ति को लेकर कई बीजेपी नेता गुस्से में हैं। यह गुस्सा कभी भी फूट सकता है।

## बेंगलुरु में मां-बेटी पर गिरा हाई वोल्टेज तार, करंट लगने से मौत

**बेंगलुरु।** बेंगलुरु के कडुगोडी में एक दर्दनाक हादसा सामने आया है। बेंगलुरु के कडुगोडी थाना क्षेत्र में एक महिला और उसकी बेटी की करंट लगने से मौत हो गई है। समाचार एजेंसी एएनआई के अनुसार, ये हादसा कडुगोडी पुलिस स्टेशन के होप फार्म के पास हुआ। बेंगलुरु के डीसीपी ने बताया कि रविवार सुबह एक 23 वर्षीय महिला और उसकी 9 महीने की बेटी को बिजली से करंट लग गया था। अधिकारी के अनुसार, बिजली का तार मां और बेटी पर गिरने से दोनों की मौत हो गई। फिलहाल पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया गया है और जांच शुरू कर दी है। साथ ही इस मामले में पुलिस संबंधित BESCOM अधिकारियों और कर्मचारियों से पूछताछ की जा रही है। वहीं, कर्नाटक सरकार में ऊर्जा मंत्री केजे जॉर्ज ने मां और बेटी की मौत पर दुख जताया। उन्होंने कहा कि हमने उस घटना की जांच शुरू कर दी है, जिस वजह से ये मौतें हुई हैं।

## हाई कोर्ट ने चंद्रबाबू नायडू को नियमित जमानत दी

**अमरावती।** आंध्र प्रदेश हाई कोर्ट ने सोमवार (20 नवंबर) को कौशल विकास मामले में पूर्व सीएम एन चंद्रबाबू नायडू को नियमित जमानत दे दी। नायडू 28 नवंबर तक अंतरिम जमानत पर हैं। हाई कोर्ट ने तेलुगु देशम पार्टी के अध्यक्ष चंद्रबाबू नायडू को 29 नवंबर से सार्वजनिक रैलियां और बैठकें आयोजित करने या उनमें भाग लेने की भी अनुमति दी है। इसी साल मार्च में सीआईडी ने पूर्ववर्ती टीडीपी सरकार के दौरान



एपीएसएसडीसी में 3,300 करोड़ रुपये के कथित घोटाले की जांच शुरू की थी। बता दें कि एपीएसएसडीसी की स्थापना साल 2016 में नायडू के सीएम रहने के दौरान की गई थी. इसका मकसद राज्य के बेरोजगार युवाओं को उनकी रोजगार क्षमता बढ़ाने के लिए कौशल प्रशिक्षण देकर उन्हें सशक्त बनाने के लिए थी। इससे पहले 31 अक्टूबर को कोर्ट ने अपने आदेश में कहा था कि नायडू को चार हफ्तों बाद (24 नवंबर) को आत्मसमर्पण करना होगा। नायडू चिकित्सीय जांच के लिए सिर्फ अस्पताल जा सकते हैं। इसके अलावा उन्हें किसी भी अन्य कार्यक्रम में जाने की अनुमति नहीं होगी। हाई कोर्ट ने चंद्रबाबू नायडू को मीडिया और राजनीतिक गतिविधियों में भी हिस्सा नहीं लेने का आदेश दिया था।

## भारत-ऑस्ट्रेलिया मैच में घुसे फलस्तीनी समर्थक की क्राइम ब्रांच में हुई पेशी

**अहमदाबाद।** भारत बनाम ऑस्ट्रेलिया के आईसीसी विश्व कप मैच के दौरान बीते दिन एक अजीब घटना घटी। दरअसल, चलते मैच के बीच मैदान में एक फलस्तीन समर्थक सुरक्षा घेरा तोड़कर घुस गया। मैदान में घुसे व्यक्ति ने इसके बाद विराट कोहली को पकड़ लिया था, जिसे बाद में पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। मैदान में घुसे शख्स को आज अहमदाबाद अपराध शाखा में पेश किया गया है। उसे चांदखेड़ा पुलिस स्टेशन में रखा गया था। पुलिस के अनुसार यह शख्स ऑस्ट्रेलिया का रहने वाला है और इसने अपना नाम जॉन बताया। शख्स ने मीडिया से बातचीत में बताया था



कि वो फलस्तीन का समर्थन है और वो केवल इसे दिखाने के लिए फलस्तीन समर्थन वाली टी-शर्ट पहनकर मैदान में घुसा था।

## वर्तना ने किफायती स्कूलों को उत्तर प्रदेश में एक हकीकत बनाया

**लखनऊ।** आज के ज़माने में जब शिक्षा एक फायदेमंद उद्योग बन चुकी है, आज भी कुछ ऐसे स्कूल हैं, जो अपने विद्यार्थियों के जीवन को सुधारने के लिये अपने प्रभाव का इस्तेमाल करते हैं और बेहतर भविष्य का मार्ग प्रशस्त करते हैं। अमीरों के पास शिक्षा के मामले में कई विकल्प होते हैं, लेकिन मध्यम-वर्गीय और निम्न-आय समूहों के लिये स्थिति बेहद अलग है। इन समूहों से आने वाले बच्चों के लिये शिक्षा ही बेहतर भविष्य का द्वार होती है। आर्थिक रूप से स्थिर माहौल वाले विद्यार्थी स्कूलिंग के लिये विकल्पों की एक व्यापक श्रृंखला का आनंद लेते हैं, जिनमें अंतर्राष्ट्रीय संस्थान भी शामिल हैं। हालांकि, यह परिदृश्य भारत के पूरे समाज का सच नहीं दिखाता है। भारत में गरीबों और मध्यम-वर्गीय लोगों की एक बड़ी संख्या है, जो पूरी तरह से सरकारी स्कूलों और किफायती निजी स्कूलों पर निर्भर है। इन स्कूलों को मध्यम और निम्न-आय समूहों के विद्यार्थियों के जीवन में बुनियादी बदलाव लाने के लक्ष्य से स्थापित किया गया है, लेकिन उनकी अपनी कई चुनौतियाँ हैं। ऐसे स्कूलों के मालिक आर्थिक बाधाओं का सामना करते हैं, उनके पास कर्मचारियों की कमी होती है, शिक्षा के लिये लैंगिक आधार पर उदासीनता रहती है, शिक्षा देने की गुणवत्ता से जुड़ी चिंताएं होती हैं, मजदूरी करने के लिये विद्यार्थी स्कूल छोड़ देते हैं, टेक्नोलॉजी सीमित होती है और बुनियादी ढांचा पर्याप्त नहीं होता है। कोविड-19 महामारी के आने से उनका संघर्ष और भी बढ़ गया था।

सरकार ने ऐसे स्कूलों की सहायता के लिये विभिन्न कार्यक्रम शुरू किये हैं, लेकिन उन पर कार्यान्वयन अक्सर धीमा रहता है और स्कूल मालिकों को वैकल्पिक समाधान तलाशने पड़ते हैं।

इन्हीं वैकल्पिक समाधानों में एक है वर्तना जोकि एक नॉन-बैंकिंग फाइनेंशियल कंपनी (एनबीएफसी) है जिसे किफायती निजी स्कूलों को बुनियादी ढांचे एवं अन्य सुविधाओं के विकास के लिये लोन देने में विशेषज्ञता प्राप्त है।

# इंदिरा गांधी की 105वीं जयंती पर कोविड वारियर्स को मिला शांति पुरस्कार

**नई दिल्ली।** शांति, निरस्त्रीकरण एवं विकास के लिए इंदिरा गांधी पुरस्कार, 2022 रविवार को देश में

**अर्पित**

**इंदिरा गांधी की जयंती पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे, सोनिया गांधी और राहुल गांधी ने श्रद्धांजलि अर्पित की।**

कोविड वारियर्स के प्रतिनिधियों के रूप में इंडियन मेडिकल एसोसिएशन और ट्रेंड नर्सेज एसोसिएशन आफ इंडिया को प्रदान किया गया। इंदिरा गांधी की 105वीं जयंती पर पूर्व उपराष्ट्रपति एम. हामिद अंसारी ने इंडियन मेडिकल



एसोसिएशन के प्रेसीडेंट शरद कुमार अग्रवाल और ट्रेंड नर्सेज एसोसिएशन आफ इंडिया के प्रेसीडेंट राय के. जार्ज को पुरस्कार प्रदान किया। पुरस्कार समारोह को संबोधित करते हुए इंदिरा गांधी मेमोरियल ट्रस्ट की चेयरपर्सन सोनिया गांधी ने कहा कि यह पुरस्कार प्रत्येक डाक्टर, नर्स, पैरामेडिक और वर्कर को उनकी निस्वार्थ सेवा, अडिग समर्पण और विपरीत परिस्थितियों में दृढ रहने के लिए दिया गया है।

सोनिया ने कहा कि 20वीं सदी की सबसे प्रखर नेताओं में से एक इंदिरा गांधी के नाम पर स्थापित इस पुरस्कार का उद्देश्य उन महिलाओं, पुरुषों और संस्थानों को सम्मानित करना है जिन्होंने मानवता और दुनिया की सेवा में अनुकरणीय कार्य किया है।

इंदिरा गांधी की जयंती पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे, सोनिया गांधी और राहुल गांधी ने श्रद्धांजलि अर्पित की। प्रधानमंत्री मोदी ने एक्स पर पोस्ट में कहा, भारत की पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी को उनकी जयंती पर श्रद्धांजलि। खरगे ने एक्स पर पोस्ट में लिखा, क्षमा करना बहादुरों का गुण है- इंदिरा गांधी। भारत की पहली महिला प्रधानमंत्री और हमारी आदर्श इंदिरा गांधी को उनकी जयंती पर हमारी विनम्र श्रद्धांजलि। राहुल गांधी ने लिखा, भारत के लिए- एक जननायक, प्रधानमंत्री। मेरे लिए- मेरी दादी, मेरी शिक्षिका। देश और जनता के प्रति आपके द्वारा सिखाए गए समर्पण के मूल्य मेरे हर कदम की ताकत हैं, मेरी सोच की ताकत हैं। खरगे, सोनिया गांधी, राहुल गांधी और कांग्रेस के विभिन्न नेताओं ने इंदिरा गांधी की समाधि शक्ति स्थल पर जाकर पुष्पांजलि भी अर्पित की।

## विशाखापत्तनम बंदरगाह पर भीषण आग, मछली पकड़ने वाली 40 नावें जलकर राख

**विशाखापत्तनम।** विशाखापत्तनम में एक बंदरगाह पर बीती रात भीषण आग लगने की जानकारी सामने आई है। इस घटना में लगभग 40 मछली पकड़ने वाली नावें जलकर राख हो गईं। मछुआरों को संदेह है कि कुछ अपराधियों ने नावों में आग लगाने का काम किया है। उन्होंने यह भी संदेह जताया कि आग एक नाव में किसी पार्टी द्वारा लगाई गई थी, जिसमें 30 करोड़ रुपये के नुकसान का अनुमान है। विशाखापत्तनम के मछली पकड़ने के बंदरगाह में भीषण आग लगने से पहली नाव से शुरू हुई आग आखिरकार 40 नावों तक फैल गई। आग पर काबू पाने के लिए दमकल की कई गाड़ियां मौके पर पहुंचीं। पुलिस केस दर्ज कर मामले की जांच कर रही है। मामले पर अधिक जानकारी देते हुए डीसीपी आनंद रेड्डी ने बताया कि शुरुआत में मछली पकड़ने के बंदरगाह पर खड़ी एक नाव में आग लग गई थी और फिर आधी रात को अन्य फाइबर नावों में फैल गई। पुलिस और अग्निशमन दल ने तुरंत प्रतिक्रिया दी।

## गाजा में हर दिन मारे जा रहे बच्चे और महिलाएं,संयुक्त राष्ट्र महासचिव एंटोनियो गुटेरेस ने बढ़ती मौतों पर जताई चिंता

**मौत**

**इस युद्ध में हर दिन महिलाओं और बच्चों सहित कई नागरिकों की मौत हो रही है।**



**संयुक्त राष्ट्र।** संयुक्त राष्ट्र के महासचिव एंटोनियो गुटेरेस ने इजरायल-हमास युद्ध के बीच गाजा में बढ़ती मौतों को लेकर चिंता जताई। साथ ही संयुक्त राष्ट्र महासचिव ने गाजा में मानवीय युद्धविराम की अपील की।

समाचार एजेंसी सिन्हुआ ने रविवार को संयुक्त राष्ट्र महासचिव के एक बयान के हवाले से कहा कि इस युद्ध में हर दिन महिलाओं और बच्चों सहित कई नागरिकों की मौत हो रही है। उन्होंने कहा कि गाजा में यह सब बंद होना चाहिए। मैं तत्काल मानवीय युद्धविराम का आह्वान करता हूं। संयुक्त राष्ट्र महासचिव ने गाजा के हालातों पर चिंता जताते हुए कहा कि गाजा में 24 घंटे से भी कम समय में संयुक्त राष्ट्र द्वारा संचालित शरणार्थियों के कैंप पर हमला किया गया। इस हमले में दर्जनों लोग मारे गए, जिनमें कई महिलाएं और बच्चे शामिल हैं। उन्होंने कहा कि युद्ध तेज होने के कारण हजारों फलस्तीनी नागरिकों ने गाजा में संयुक्त राष्ट्र द्वारा बनाए गए कैंप में शरण ले रखी है। उन्होंने कहा कि मैं फिर से दोहराता हूं कि हमारे परिसरों पर हमला करना सही नहीं है। बता दें कि 7 अक्टूबर को हमास द्वारा इजरायल पर हुए हमले के बाद से इजरायली सेना गाजा में हमास के ठिकानों पर कार्रवाई कर रही है। इस युद्ध के कारण गाजा में 11,000 से अधिक लोगों की जान जा चुकी है। गाजा में मरने वाले लोगों की संख्या लगातार इजाफा हो रहा है। इजरायल की कार्रवाई के कारण गाजा में मानवीय संकट का खतरा मंडरा रहा है। इस बीच विश्व स्वास्थ्य संगठन ने अल शिफा अस्पताल में भर्ती 31 बच्चों को निकाला है, जिनकी हालत गंभीर बताई जा रही है। सोमवार तक गाजा में मरने वालों की संख्या 11,078 थी, जिनमें से 4,506 बच्चे और 3,027 महिलाएं शामिल थीं।

## इजरायली सेना ने हमास के काले कारनामे का किया पर्दाफाश

**नई दिल्ली।**इजरायल और हमास में महीने भर से ज्यादा चल रही जंग अब निर्णायक मोड़ पर है। इजरायली सेना अब गाजा में हमास के खात्मे के लिए जमीनी कार्रवाई कर रही है। इस बीच, गाजा के सबसे बड़े अस्पताल अल-शिफा में इजरायली सेना अपना जांच अभियान चला रही है, जहां से वो कई बड़े खुलासे भी कर रही है। इजरायली सेना ने फुटेज जारी कर दावा किया है कि दक्षिणी इजरायल में हमास आतंकवादियों के अचानक हमले के दौरान इजरायली लोगों का अपहरण कर 7 अक्टूबर को बंधकों को गाजा शहर के अल-शिफा अस्पताल में लाया गया था। सेना द्वारा जारी वीडियो क्लिप में 7 अक्टूबर सुबह 10 बजकर 53 मिनट का दिख रहा है। इसमें शॉर्ट्स और हल्के नीले रंग की शर्ट पहने एक व्यक्ति को अस्पताल में पांच लोग घसीटते हुए दिख रहे हैं, जिनमें से तीन हथियारबंद हैं। इजराइली सेना ने दावा किया कि हमास आतंकियों ने बंधकों को अस्पताल में छुपाकर रखा था।

## पाकिस्तान की सरकार हमारे प्रति पक्षपाती रवैया अपना रही है, बिलावल और इमरान खान की पार्टियों ने लगाया गंभीर आरोप

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के कार्यवाहक प्रधानमंत्री अनवारुल हक काकर ने उन आरोपों को खारिज कर दिया है कि उनकी सरकार कुछ



राजनीतिक दलों के प्रति पक्षपाती रवैया अपनाती है। उन्होंने जोर देकर कहा कि देश में आम चुनाव कराना और निर्वाचित सरकार को जिम्मेदारियां सौंपना उनकी सर्वोच्च प्राथमिकता है। दरअसल, पाकिस्तान में आगामी आम चुनाव में पारदर्शिता को लेकर दो प्रमुख राजनीतिक पार्टियों ने चिंता जताई है। इसपर पीएम काकर ने कहा कि पीड़ित कार्ड खेलना किसी भी राजनीतिक दल की कहानी हो सकती है। बता दें कि पाकिस्तान के सुप्रीम कोर्ट के हस्तक्षेप के बाद पाकिस्तान चुनाव आयोग ने देश में आम चुनाव 8 फरवरी, 2024 को कराने की घोषणा की है। देश में आम चुनाव की तारीखों के करीब आने के साथ ही पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान की पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ और पूर्व राष्ट्रपति आसिफ अली जरदारी के नेतृत्व वाली पाकिस्तान पीपुल्स पार्टी बार-बार शिकायत कर रहे हैं कि उन्हें चुनावी मैदान में कई स्तरों पर वंचित किया जा रहा है।

पाकिस्तान की दोनों बड़ी पार्टियों ने आरोप लगाया कि कार्यवाहक काकर सरकार पाकिस्तान मुस्लिम लीग-नवाज पार्टी को तरजीह दे रही है। साथ ही पीएमएल-एन की सत्ता में वापसी का मार्ग प्रशस्त करने के प्रयास किए जा रहे हैं। इससे पहले, पीपीपी के उपाध्यक्ष बिलावल भुट्टो जरदारी ने अपनी पार्टी को कभी भी समान अवसर नहीं मिलने की शिकायत की थी। बिलावल ने कहा था कि पीपीपी चुनावों से पहले खुद को साबित करने के लिए समान अवसरों की गैर मौजूदगी के बारे में लगातार चिंता जता रही है। दूसरी ओर, इमरान खान की पीटीआई ने अंतरिम सरकार पर उन्हें बराबरी का मौका नहीं देने का आरोप लगाया है। पीटीआई अध्यक्ष इमरान खान अदियाला जेल में बंद हैं और उनकी पार्टी के नेतृत्व का दावा है कि उन्हें चुनाव अभियान चलाने की भी अनुमति नहीं है। वहीं, सरकार पर लग रहे आरोपों पर सफाई देते हुए पीएम काकर ने रविवार रात जियो न्यूज को दिए एक इंटरव्यू में कहा कि देश में जल्द से जल्द चुनाव कराना हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता है।

## यमन के हूती विद्रोहियों ने भारत आ रहे जहाज को किया हाइजैक

**जेरूसलम।** इजरायल-हमास युद्ध लगातार तेजी से बढ़ रहा है। इजरायली सेना अब गाजा में घुसकर हमास आतंकियों का खात्मा कर रही है। इस बीच, यमन के हूती विद्रोहियों ने भारत आ रहे एक जहाज को इजरायल का बताकर दक्षिणी लाल सागर में हाइजैक कर लिया है। उधर, इजरायल ने रविवार को कहा कि यह जहाज हमारा नहीं है और एक ब्रिटिश स्वामित्व वाले और जापानी संचालित मालवाहक जहाज है। इजरायल ने इस घटना को अंतरराष्ट्रीय समुद्री सुरक्षा के लिए खतरा बताते हुए आतंकवाद का ईरानी कृत्य बताया। उधर हूती ने बयान जारी कर कहा कि उसने सागर में एक इजरायली जहाज जब्त कर लिया है। समूह के एक प्रवक्ता ने कहा कि हम जहाज के चालक दल के साथ इस्लामी सिद्धांतों और मूल्यों के अनुसार व्यवहार कर रहे हैं।

## एक भी इंच किसी विदेशी ताकत को नहीं देगा...चीन के साथ चल रही तनातनी के बीच फिलीपींस के राष्ट्रपति की चेतावनी

**होनोलूलू।** दक्षिण चीन सागर में स्थिति और अधिक गंभीर हो गई है। बता दें कि पहले ही कई देश इस क्षेत्र पर अपना दावा करते आ रहे है।

फिलीपींस के राष्ट्रपति फर्डिनेंड मार्कोस जूनियर ने दावा किया है कि

**दावा**

**जानकारी के लिए बता दें कि चीन लगभग पूरे दक्षिण चीन सागर पर अपना दावा करता आ रहा है।**

चीन ने एटोल और शोल तट के लिए अपनी रुचि दिखाई है, जो कि फिलीपींस के तट के बेहद करीब है। इससे स्थिति सुधरने के बजाय और खराब होती जा रही है। सैन फ्रांसिस्को में एक क्षेत्रीय शिखर बैठक से लौटते हुए फिलीपींस के राष्ट्रपति ने अमेरिकी सैन्य नेताओं और स्थानीय फिलिपिनो समुदाय से मुलाकात की। इस यात्रा का मार्कोस जूनियर को भू-राजनीतिक और व्यक्तिगत महत्व दोनों हासिल हुआ है। उनकी यात्रा ऐसे समय में हो रही है जब अमेरिका और फिलीपींस अपने लंबे समय से चले आ रहे गठबंधन को मजबूत कर रहे हैं।




जानकारी के लिए बता दें कि चीन लगभग पूरे दक्षिण चीन सागर पर अपना दावा करता आ रहा है। वहीं, फिलीपींस और चार अन्य सरकारों के दावों को स्वीकार करने से इनकार करता है। समुद्री कानून पर संयुक्त राष्ट्र कन्वेंशन के तहत चीन के व्यापक ऐतिहासिक दावों को अमान्य करने के बावजूद बीजिंग ने इस मध्यस्थता को पूरी तरह से मानने से खारिज कर दिया।

चीन के साथ चल रही तनातनी के बीच मार्कोस ने दोहराया कि उनका देश झुकेगा नहीं। उन्होंने अपने भाषण में कहा, फिलीपींस हमारे क्षेत्र का एक भी इंच किसी विदेशी ताकत को नहीं देगा। वहीं, अमेरिका का कहना है कि चीन ने इस क्षेत्र में बनाए गए कई द्वीपों का सैन्यीकरण किया है, उन्हें जहाज-रोधी और विमान-रोधी मिसाइल प्रणालियों, लेजर और जैमिंग उपकरण और लड़ाकू विमानों से लैस किया है। बता दें कि क्षेत्र में तनाव हाल ही में बढ़ गया है क्योंकि चीन ने सेकेंड थॉमस शोल पर एक अलग फिलीपीन समुद्री चौकी को अवरुद्ध कर दिया है, जिसे अयुंगिन शोल के नाम से भी जाना जाता है। फिलीपीन के अधिकारियों के अनुसार, पिछले महीने, एक चीनी तट रक्षक जहाज और उसके साथ आए जहाज ने विवादित किनारे के पास एक फिलीपीन तट रक्षक जहाज और एक सैन्य-संचालित आपूर्ति नाव को टक्कर मार दी थी।

## मैंने पार्टी में उनको पहली बार देखा, विवेक रामास्वामी की पत्नी अपूर्वा ने सुनाई दिलचस्प लव स्टोरी

**वॉशिंगटन।** अगले साल यानी 2024 में राष्ट्रपति पद के लिए चुनाव होना है। चुनावी रेस में इस बार भारतीय-अमेरिकी मूल के उद्यमी विवेक रामास्वामी भी राष्ट्रपति पद की दौड़ में शामिल हैं। वे अपने बयानों को लेकर काफी चर्चा में हैं। इस बीच विवेक रामास्वामी की लव लाइफ के बारे में खबर बाहर आई है। उन्होंने अपने एक्स हैंडल पर एक वीडियो जारी किया



है, जिसमें उनकी पत्नी अपूर्वा रामास्वामी ने बताया कि दोनों की मुलाकात कैसे हुई थी। वीडियो में अपूर्वा रामास्वामी अमेरिका के ओस्सिओला में एक छोटी सी भीड़ को संबोधित करते हुए बता रही हैं कि उनकी विवेक से कैसे मुलाकात हुई। इस बीच अपूर्वा के बगल में खड़े विवेक ने भी अपनी बात रखी। विवेक ने वीडियो जारी करते हुए लिखा, आयोवा के वोटर्स जानना चाहते हैं कि अपूर्वा और मेरी मुलाकात कैसे हुई। जानिए यह कैसे हुआ। अपूर्वा ने कहा, ÷एक पार्टी थी और विवेक लॉ के छात्र थे। मैं मेड स्कूल के पहले हफ्ते में थी, यह शायद आखिरी पार्टी थी जिसमें मैं गई थी। इसके बाद कमरे में बैठे लोग हंस पड़े। अपूर्वा ने बताया, मैंने पार्टी में विवेक को पहली बार देखा, विवेक पार्टी वाले कमरे में सबसे दिलचस्प व्यक्ति लग रहे थे।

## यमन के हूती विद्रोहियों ने लाल सागर में भारत आ रहे इजरायली जहाज का अपहरण किया

**यरुशलम।** इजरायल हमास के बीच चल रहे युद्ध के दरमियान यमन के हूती विद्रोहियों ने लाल सागर शिपिंग मार्ग पर भारत जा रहे एक इजरायली-लिंक्ड मालवाहक जहाज का अपहरण कर लिया है। साथ ही विद्रोहियों ने जहाज के चालक दल के 25 सदस्यों को बंधक बना लिया है। अधिकारियों ने कहा, हूती विद्रोहियों के इस कदम से क्षेत्रीय तनाव बढ़ने की आशंका बढ़ गई है, जबकि दूसरे समुद्री मोर्चे पर इजराइल और हमास के बीच युद्ध चल रहा है।

ईरान समर्थित हूती विद्रोहियों ने कहा है कि उन्होंने इजरायल से जुड़े होने की वजह से जहाज का अपहरण किया है और हमास के खिलाफ इजरायल के अभियान के अंत तक लाल सागर में उन जहाजों को निशाना बनाना जारी रखेंगे जो इजरायलियों से जुड़े हैं या उनके स्वामित्व वाले हैं। हूती ने कहा, इजरायली दुश्मन से संबंधित या उससे राब्ता रखने वाले सभी जहाजों को निशाना बनाया जाएगा। हूती के मुख्य प्रवक्ता मोहम्मद अब्दुल सलाम ने बाद में एक वीडियो जारी करके




कहा कि इजरायली केवल बल की भाषा÷ समझते हैं। उन्होंने कहा, इजरायली जहाज का अपहरण करना एक व्यावहारिक कदम है जो इसकी लागत की परवाह किए बिना समुद्री युद्ध छेड़ने में यमनी सशस्त्र बलों की गंभीरता को दर्शाता है। यह तो अभी शुरुआत है। उधर इजरायल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू के कार्यालय ने गैलेक्सी लीडर जहाज पर हमले के लिए हूती विद्रोहियों को दोषी ठहराया। यह जहाज एक इजरायली अरबपति का है। बयान में कहा गया कि जहाज में कोई भी इजरायली नागरिक नहीं है।

जहाज के जापानी संचालक, एनवाईके लाइन ने कहा कि अपहरण के समय जहाज में माल नहीं था। एनवाईके ने आगे बताया कि जहाज के चालक दल के सदस्य फिलीपींस, बुल्गारिया, रोमानिया, यूक्रेन और मैक्सिको से हैं।

# ट्रक की चपेट में आने से बाइक सवार युवक की मौत

**युवक की मौत पर आक्रोशित लोगों ने किया चक्काजाम**



अवधनमा संवाददाता

**जौनपुर।** सरायख्वाजा थाना क्षेत्र के कुत्तूपुर तिराहे के समीप बाइक से परीक्षा देने जा रहे युवक की ट्रक की चपेट में आने से दर्दनाक मौत हो गई। आक्रोशित लोगों ने चक्का जाम कर घंटो विरोध प्रदर्शन किया। आपसी समझौते के बाद पुलिस ने जाम को समाप्त कराया।बताते चलें कि कुत्तूपुर गांव के निवासी फेरई यादव का 15 वर्षीय पुत्र यश (लालु) यादव सोमवार सुबह अपने दो साथियो के साथ बाइक पर सवार होकर एक निजी विद्यालय में परीक्षा देने के लिए जा रहा था। जब वह कुत्तूपुर चौराहे के समीप पहुंचा ही था कि शाहगंज की तरफ से आ रही ट्रक से जोरदार टक्कर मार दी।ट्रक से टक्कर लगते ही बाइक पर सवार दो युवक ट्रक के नीचे आ गए तथा एक बाल बाल बच गया। जैसे इसकी जानकारी लोगों को हुई तो लोगों ने ट्रक का पीछा करने का प्रयास किया लेकिन तब तक ट्रक चौकिया मोड़ के समीप पहुंच चुका था। जहां लोगों ने ट्रक को रुकवा लिया। इधर घटनास्थल पर ही यश यादव की मौत से लोगों में आक्रोश उत्पन्न हो गया था। सैकड़ो की संख्या में लोगों ने सड़क पर चक्का जाम कर दिया और ट्रक चालक के खिलाफ कार्रवाई की मांग करने लगे जैसे इसकी जानकारी सरायख्वाजा थाना पुलिस को हुई तो थाना प्रभारी सतीश कुमार सिंह ने भारी पुलिस बल के साथ घटनास्थल पर पहुंचकर हालात को काबू करने में जुट गए घंटे।आरोप प्रत्यारोप के बाद भी मामला हाथ में ना आ सका जैसे इसकी जानकारी को सदर सीओ संत प्रसाद उपाध्याय को हुई तो उन्होंने मौके पर पहुंचकर भीड़ को समझाने का प्रयास किया।करीब 2 घंटा विरोध प्रदर्शन के बाद पुलिस प्रशासन द्वारा कार्रवाई की आश्वासन पर आक्रोशित लोगों ने चक्का जाम को समाप्त कर दिया। वहीं उक्त घटना के सम्बन्ध में सरायख्वाजा थाना पुलिस द्वारा बताया गया कि घटना में 15 वर्षीय यस यादव की दर्दनाक मौत हो गई तथा उसके साथ में बाइक पर सवार कल्पुपाल पाल का 14 वर्षी पुत्र अंशपाल को गंभीर चोट आई है जिसका इलाज जिला अस्पताल में चल रहा है।विरोध प्रदर्शन के चलते 500 मीटर से भी ज्यादा दूरी तक लगा रहा जाम, वीआईपी काफिले को भी भीड़ ने खदेडा।बाइक सवार युवक की ट्रक के चपेट में आने से दर्दनाक मौत होने पर आक्रोशित लोगों ने सुबह करीब 8 बजे जौनपुर-शाहगंज मार्ग पर चक्का जाम कर दिया था। भीड़ की एक ही मांग थी की ट्रक चालक व ट्रक को पुलिस प्रशासन कब्जे में लेकर कड़ी से कड़ी कार्रवाई करें। घंटो आरोप प्रत्यारोप के बाद पुलिस प्रशासन के प्रशासनिक अधिकारियों के समझाने पर भीड़ ने जाम खत्म किया। विरोध प्रदर्शन के दौरान जौनपुर शाहगंज मार्ग से होकर एक वीआईपी काफिला भी गुजर रहा था जैसे ही भीड़ की नजर उस वीआईपी काफिला पर पड़ी तो भीड़ काफिले को भी खदेड लिया और भीड़ को आगे बढ़ते देख काफिला उल्टे मार्ग वापस लौट गया। उधर दर्दनाक सड़क हादसे के चलते मृत युवक के परिवार में कोहराम मच गया।

## जिला महिला चिकित्सालय परिसर में मनाया गया हेल्दी बेबी शो का आयोजन

**आजमगढ़।** नवजात शिशु स्वास्थ्य सुरक्षा सप्ताह कार्यक्रम के तहत आज जिला महिला चिकित्सालय आजमगढ़ में ''हेल्दी बेबी शो'' का आयोजन किया गया। शिशु एवं बाल रोग विशेषज्ञ डा0 शैलेश कुमार सुमन, डा0 सुमित कुमार डा0 नमिता चन्द्रा की टीम द्वारा तीन ग्रुप नवजात शिशु छः माह तक के बच्चे और छः माह से एक साल तक के बच्चे का गहन परीक्षण कर मानक के अनुरूप उत्कृष्ट पाये जाने वाले तीनो समूह के प्रथम तीन बच्चे एवं उसके मॉ को खिलौना एवं स्मृति चिन्ह देकर पुरस्कृत किया गया। पुरस्कृत बच्चे का नाम बेबी ऑफ मीरा, बेबी ऑफश्वेता, बेबी ऑफनालीनी, बेबी ऑफलक्ष्मीना, बेबी ऑफनीतू, बेबी ऑफ पूजा रहा। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि अपर मुख्य चिकित्साधिकारी डा0 उमा शरण पाण्डेय द्वारा 'राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन' एवं 'राष्ट्रीय स्वास्थ्य प्रोग्राम' के तहत चलाये जाने वाले विभिन्न लाभकारी योजनाओं पर विस्तृत प्रकाश डाला गया।

# कार्बन ब्लैक उद्योग में रोजगार की असीम संभावनाएं: सदानंद

**कार्बन ब्लैक उद्योग में रोजगार पर हुई चर्चा**

अवधनामा संवाददाता

**जौनपुर।** वीर बहादुर वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय परिसर स्थित प्रोफेसर राजेंद्र सिंह (रज्जू भैया) भौतिकीय विज्ञान अध्ययन एवं शोध संस्थान के रसायन विज्ञान विभाग एवं सेंट्रल ट्रेनिंग व प्लेसमेंट के तत्वावधान में एकेडमिक इंडस्ट्री इंटरेक्शन के अंतर्गत कार्बन ब्लैक में रोजगार की संभावना विषय पर व्याख्यान आयोजित किया गया। व्याख्यान के मुख्य वक्ता कॉन्टिनेंटल कॉर्बन इंडिया के सदानंद पाठक ने कार्बन ब्लैक के बनने की प्रक्रिया से लेकर विभिन्न उपयोगों पर विस्तार से प्रकाश डाला। वक्ता ने बताया की प्लेन से लेकर साइकिल के टायर में कार्बन ब्लैक का प्रयोग होता है। उन्होंने बताया की कॉर्बन ब्लैक की गुणवत्ता नौ ग्रेड पर मापी जाती है। भारत में सात ग्रेड के कार्बन ब्लैक बनते है। इनका उपयोग पेंट उद्योग में, इंक में तथा अन्य जगह पर रंजक के रूप में होता है। इस अवसर पर रज्जू भैया संस्थान के निदेशक डॉ. प्रमोद कुमार यादव ने मुख्य अतिथि को अंगवस्त्रम व पुष्प गुच्छ भेंट कर स्वागत किया। रसायन विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ. प्रमोद कुमार ने स्वागत उद्बोधन दिया तथा कहा की विभाग निरंतर विद्यार्थियों के सम्पूर्ण व्यक्तित्व विकास के साथ रोजगार के लिए प्रतिबद्ध है। व्याख्यान का संचालन एमएससी के छात्र मंजीत गुप्ता व हर्ष प्रताप सिंह ने किया द्य धन्यवाद ज्ञापन रसायन विभाग के डॉ. नितेश जायसवाल ने किया द्य इस अवसर पर डॉ. मिथिलेश यादव, डॉ. दिनेश वर्मा, डॉ. विजय शंकर पाण्डेय व सभी छात्र छात्राएं उपस्थित थे।

# मिशन माझी फ़िल्म जौनपुर में हुई फ़िल्म शूट खलनायक के किरदार में दिखेगे: त्रिपुरारी



अवधनमा संवाददाता

**जौनपुर।** खुटहन क्षेत्र के शेखूपुर सुतौली गांव निवासी त्रिपुरारी यादव मिशन माझी फ़िल्म में खलनायक के छोटा भाई का रोल निभाते हुये देखेंगे। उन्होंने बताया कि फ़िल्म जौनपुर में शूट हो रही थी जो लगभग महीने भर हुई, शनिवार को यहाँ शूटिंग ख़त्म हुई। इस फिल्म में मुंबई के बड़े कलाकार काम कर रहे है, जिसमें मिथुन चक्रवर्ती के बड़े बेटे मिमोह चक्रवर्ती के साथ मोनिका शर्मा जैसे बड़े कलाकार है। यह फिल्म पूरी तरह से पारिवारिक होगी और आज के समाज में कई नए संदेश देगी। इस फ़िल्म से पारिवारिक रिश्तों में प्रेम बढेगा। फ़िल्म में मेन लीड में मिथुन दादा के बेटे मिमोह चक्रवर्ती नजर आएंगे, साथ ही फ़िल्म ÷खुदा हाफिज 3÷ फेम अभिनेत्री मोनिका शर्मा भी दिखेंगीं। वैसे तो मोनिका शर्मा की अनगिनत एलबम गाने व फ़िल्में है, वहीं सेकेंड लीड की भूमिका में सनी यादव और नीवा मलिक भी हैं, इतना ही नही प्रतिभाशाली अभिनेत्री अनिता राज इस फिल्म में मुख्यमंत्री की भूमिका निभाते हुए दिखेंगी। यह फिल्म वी प्रांजल फिल्म क्रिएशन के बैनर तले बन रही है। फिल्म के निर्माता विपुल सत्यजीत राय हैं जो जौनपुर के ही रहने वाले हैं। फिल्म के कुशल निर्देशक मनोज जे भाटिया हैं जिन्होंने राजश्री की फिल्म ÷उफ क्या जादू÷ से अपना डेब्यू किया था। इस फिल्म में विलेन माझी की भूमिका में जीतेंद्र यादव हैं जो इस फिल्म के लेखक भी हैं। फिल्म के निर्माता विपुल सत्यजीत राय का कहना है कि मिशन माझी की कहानी काफी अलग है और इसका ट्रीटमेंट बहुत डिफ्रेंट रखा गया है। फ़िल्म के लेखक जितेंद्र यादव ने बताया कि मिथुन चक्रवर्ती के बेटे मिमोह चक्रवर्ती इस फ़िल्म में एक गैरेज मकैनिक है जो चुनौती भरी भूमिका निभा रहे हैं, वहीं मोनिका शर्मा एक अंडर कवर पुलिसकर्मी का किरदार निभा रही हैं।

# स्वच्छता के बिना स्वास्थ्य की परिकल्पना करना बेमानी: डीएम

अवधनमा संवाददाता

**जौनपुर।** स्वच्छता के बिना स्वास्थ्य की परिकल्पना करना बेमानी है। उक्त बाते जिलाधिकारी अनुज कुमार झा ने जनपद स्तरीय रसोइया पाक-कला प्रतियोगिता के अवसर पर कही।

कार्यालय जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान जौनपुर के प्रांगण में जिलाधिकारी ने जनपद स्तरीय रसोइया पाक-कला प्रतियोगिता के उद्घाटन के दौरान कहा कि भोजन का स्वास्थ्य से सीधा सम्बन्ध है। हम सभी स्वस्थ भोजन के द्वारा अपने शरीर स्वच्छ रख सकते है, ऐसी स्थिति में विद्यालय स्तर पर समस्त रसोईयों का महत्व भी बढ़ जाता है। कार्यक्रम को देखकर जिलाधिकारी द्वारा प्रसन्नता व्यक्त करते हुए यह कहा गया कि रसोइयां पाक-कला प्रतियोगिता आयोजन पहली बार देख रहा हूँ। शासन द्वारा कराया जा रहा पाक-कला प्रतियोगिता सराहनीय है। जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी डॉ0 गोरखनाथ पटेल ने विस्तार से मध्याह्न भोजन योजना एवं रसोईयो का कार्य तथा दायित्व पर प्रकाश डाला तथा समन्वयक एम0डी0एम0 अरूण कुमार मौर्य द्वारा एम0डी0एम0 की चर्चा करते हुए सभी को स्वच्छ तरीके से विद्यालयों में भोजन पकाने हेतु प्रेरित किया गया। उक्त प्रतियोगिता में जनपद के कुल 30 रसोइयों ने प्रतिभाग किया। जिसमें निर्णायक मण्डल, डॉ0 गोरखनाथ पटेल जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी, अनिल कुमार राय, मुख्य खाद्य सुरक्षा अधिकारी, मंजूलता कुमारी वर्मा प्रधानाचार्य, जी0जी0आई0सी0, जौनपुर, गृह विज्ञान प्रवक्ता, श्रीमती ईरम, मुक्तेश्वर बालिका इण्टर



कालेज, जौनपुर, डॉ0 आकांक्षा सिंह सी0एच0सी0 शाहगंज, एवं श्री सोनू पाण्डेय, चीफ कुक रेड चिल्ली तथा जनपद के विभिन्न विद्यालयों के पॉच छात्र एवं पॉच छात्रा शामिल रहें।उक्त प्रतियोगिता में प्रथम पुरस्कार श्रीमती निगार फात्मा, कम्पोजिट विद्यालय कन्या मछलीशहर, विकास क्षेत्र मछलीशहर, द्वितीय पुरस्कार सावित्री देवी कम्पोजिट प्राथमिक उत्तरगावां विकासक्षेत्र धर्मापुर तथा तृतीय पुरस्कार सुषमा विश्वकर्मा अभिनव प्राथमिक विद्यालय करोरगहना, विकासक्षेत्र करंजाकला को दिया गया। प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय बिजेता को क्रमशः रू0-3500, रू0-2500 एवं रू0-1500 तथा प्रमाण-पत्र वितरित किया गया। अन्य 27 रसोइयों को रू0-300 का सान्त्वना पुरस्कार तथा सभी रसोइयों को रू0-600 मार्ग व्यय प्रति रसोइयों को दिया गया। इस अवसर पर विनीत सेठ जी फर्म गहना कोठी प्रतिष्ठान द्वारा समस्त 30 रसोइयों को एक-एक साड़ी पुरस्कार के रूप में दी गयी।इस अवसर पर जनपद के समस्त जिला समन्वयक, खण्ड शिक्षा अधिकारी, एस0आर0जी0, ए0आर0पी0 एवं कार्यालय के समस्त सहायक उपस्थित रहें। कार्यक्रम का संचालन स0अ0 नूपुर श्रीवास्तव एवं स0अ0 ऋचा चित्रांशी द्वारा संयुक्त रूप से किया गया। सभी उपस्थित अतिथियों एवं गणमान्य लोगो को जिला समन्वयक एम0डी0एम0 अरूण कुमार मौर्य द्वारा आभार ज्ञापित किया गया। कार्यक्रम के सफल क्रियान्वयन हेतु कम्प्यूटर आपरेटर पतिराज को धन्यवाद दिया गया।

# प्रयागराज महाकुंभ के अभिनव प्रयोग की प्रयोगशाला बनेगा माघ मेला

**सौर ऊर्जा के उपयोग को बढ़ावा देने के लिए पायलट प्रोजेक्ट के तौर सोलर एटीएम और सोलर हाइब्रिड एलईडी लाइट्स का होगा माघ मेले में प्रयोग**

अवधनमा संवाददाता

**प्रयागराज।** कुंभ नगरी प्रयागराज के त्रिवेणी तट पर लगने जा रहे महाकुंभ -2025 को दिव्य और भव्य बनाने के साथ- साथ योगी सरकार इसे नव्य स्वरूप भी दे रही है। इस महाकुंभ में प्रस्तावित नए प्रोजेक्ट वर्ष 2024 में संगम किनारे आयोजित होने जा रहे माघ मेले को एक प्रयोग के तौर पर लागू किए जाएंगे। इसके लिए इन नवीन प्रयोगों का रोड मैप अभी से तैयार होना शुरू हो गया है।

प्रयागराज के संगम किनारे लगने जा रहे माघ मेले में इस बार आगामी महाकुम्भ की व्यवस्थाओं को ध्यान में रखकर योगी सरकार कई नए कदम उठा रही है। प्रदेश सरकार इस बार के माघ मेले को महाकुम्भ के लघु स्वरूप के रूप में आयोजित करने के लिए संकल्पित है जिसको देखते हुए इस बार माघ मेले में कई पहल की जा रही है। प्रयागराज के कमिश्नर विजय विश्वास बताते हैं कि आगामी माघ मेले में कई प्रयोग कराए जा रहे हैं। सौर ऊर्जा के उपयोग को बढ़ाने के लिए 165 सोलर हाइब्रिड एलइडी स्ट्रीट लाइट इस बार माघ मेले में लगाई जाएंगी। मेला क्षेत्र में इस बार 10 वाटर एटीएम लगाए जाएंगे जो सौर ऊर्जा से संचालित होंगे।

इस बार का माघ मेला इस वर्ष 15 जनवरी से प्रारंभ होकर 8 मार्च तक 54 दिनो तक चलेगा। मेला इस बार लगभग लगभग 770 हेक्टेयर में बसाया जा रहा है जिसे सुव्यस्थित रूप से संचालित करने के लिए मेला क्षेत्र को 6 सेक्टरों में विभाजित किया जाएगा। पहली बार सेक्टर के अंदर सब सेक्टर बनाए जा रहे है ताकि एक एक क्षेत्र में व्यवस्था निगरानी की जा सके। इस बार पहला अतिरिक्त सेक्टर 5 मेला क्षेत्र के नागवासुकी मंदिर के पास बसाया जाएगा। महाकुंभ में इस व्यवस्था को विस्तार दिया जा सकता है।

माघ मेले में इस बार 5 करोड़ से अधिक श्रद्धालुओं के विभिन्न स्नान पर्वों में पहुंचने का अनुमान हैं। माघ मेला अधिकारी दयानंद प्रसाद द्वारा दी गई जानकारी के मुताबिक मेले के सभी सेक्टरों को जोन और सर्किल में बांटते हुए इस बार उनकी मैपिंग कराई जायेगी। मेला क्षेत्र के हर चौराहे पर ÷यू आर हियर÷ के साइन बोर्ड लगेंगे। मेला क्षेत्र के 2 पांटून पुलों दोनों तरफ डीलीनिएटर्स लगाने की योजना है जिससे ये रात्रि में लोगों को गाइड करेंगे। माघ मेला क्षेत्र विभिन्न स्थानों पर विशिष्ट थीम पर आधारित थिमेटिक गेट्स बनाए जाएंगे। इसके अलावा भीड़ को देखते हुए साइंटिफिक तरीके से इसकी माइक्रो प्लानिंग की जायेगी। कमिश्नर प्रयागराज का कहना है कि इन प्रयोगों के सफल होने पर महाकुंभ में भी इन्हे संशोधित रूप में अमल में लाया जाएगा। मेला क्षेत्र में हर साल बढ़ने वाली भीड़ को देखते हुए यहाँ आने वाले श्रद्धालुओ के सहयोग के लिए पुलिस बल के अलावा यंग वॉलिंटियर्स भी लगाए जायेंगे। कई स्थानीय कॉलेज के छात्रों को इसके लिए समझौता किया जा रहा है। सफल रहने पर इस व्यवस्था का विस्तार महाकुंभ में किया जाएगा।

### स्वच्छता को लेकर तैयार नए रोड मैप को भी किया जाएगा लागू

**प्रयागराज।** योगी सरकार महाकुंभ की तैयारियों को लेकर पूरी तत्परता और सक्रियता के साथ कार्य कर रही है। प्रयागराज में महाकुंभ- 2025 को भव्य, स्वच्छ, हरित व सुरक्षित बनाने के लिए तकनीक पर विशेष जोर दिया जा रहा है। कुंभ मेला अधिकारी विजय किरन आनंद के मुताबिक संपूर्ण मेला क्षेत्र में 1.45 लाख शौचालय बनाए जाएंगे। इसके साथ ही 9,800 स्वच्छता कर्मी तथा 1,800 स्वच्छता कार्यकर्ता कार्य करेंगे। उन्होंने यह भी बताया कि क्यूआर कोड के माध्यम से गंदे शौचालय की शिकायत करने की सुविधा भी श्रद्धालुओं को उपलब्ध कराई जायेगी। स्वच्छता की इस व्यवस्था को इस साल के माघ मेले में भी लागू किया जाएगा।

## न्यायमूर्ति मनोज कुमार गुप्ता बने कार्यवाहक मुख्य न्यायाधीश



**प्रयागराज।** इलाहाबाद हाईकोर्ट के न्यायमूर्ति मनोज कुमार गुप्ता को कार्यवाहक मुख्य न्यायाधीश नियुक्त किया गया है। वह 22 नवंबर को अपना नया दायित्व संभालेंगे। उन्हें यह दायित्व मुख्य न्यायमूर्ति प्रीतिंकर दिवाकर के 21 नवंबर के सेवानिवृत होने की वजह से सौंपा गया है। भारत सरकार के विशेष सचिव राजेंद्र कश्यप की ओर से इस संबंध में सोमवार को अधिसूचना जारी कर दी गई है।

# टेंपो टैक्सी चालकों को दिया गया वाहन पार्किंग का प्रशिक्षण




अवधनमा संवाददाता

**प्रयागराज।** यातायात जागरूकता माह नवम्बर के अंतर्गत यातायात जागरूकता के लिए टैक्सी यूनियन के तत्वावधान में चालकों के साथ संगोष्ठी का आयोजन किया गया। यातायात प्रभारी अमित कुमार, आरटीओ रणबीर सिंह चौहान, जागरूकता प्रभारी निरीक्षक पवन कुमार पाण्डेय के द्वारा टैक्सी चालकों को ट्रैफिक नियमों के बारे में बताया गया और वाहन पार्किंग के लिए प्रशिक्षण दिया गया। कार्यक्रम टैक्सी यूनियन उपाध्यक्ष रघुनाथ द्विवेदी के उपस्थिति में टैक्सी चालक, ई रिक्शा चालक उपस्थिति में हुई। यातायात के नियमों के बारे में प्रशिक्षण दिया गया। यातायात के नियमों के प्रति जागरुक करते हुए कहा गया की सड़क पर चलने के नियम स्टाप लाईन, सड़क चिन्हों के बारे में आदेशात्मक, संकेतात्मक, सूचनात्मक, सड़क सुरक्षा के स्वर्णिम समाधान, गुड़ सेमीरीटन, गोल्डेन आवर के बारे प्रशिक्षण तथा जागरूक किया गया उन्होंने कहा वाहन चलाते मानक एवं निर्धारित गति के अनुसार ही वाहन चलाएं। उन्होंने यातायात जागरूकता माह नवम्बर में जागरूक करते हुए कहा कि अपने परिवार के सदस्यों से सुरक्षा के साथ वाहन चलाने की बात जरूर करें। कार्यक्रम में यातायात जागरूकता टीम से सन्दीप शुक्ल, नितीश शुक्ल, ओपी पुष्पकार, अनिल कुमार रॉय व टैक्सी, ई रिक्शा चालक उपस्थित रहे।

# मण्डलायुक्त ने की विकास योजनाओं की मण्डलीय समीक्षा



अवधनमा संवाददाता

**आजमगढ़।** मण्डलायुक्त मनीष चौहान ने सोमवार को अपने कार्यालय सभागार में आयोजित विकास कार्यक्रमों की मण्डलीय समीक्षा बैठक को सम्बोधित करते हुए कहा कि विकास कार्यक्रमों की निरन्तर मानीटरिंग करते हुए लक्ष्य के सापेक्ष प्रगति बनाये रखी जाये। उन्होंने मुख्यमन्त्री डैशबोर्ड पर प्रदर्शित प्रगति के आधार पर समीक्षा करते हुए विभागीय अधिकारियों को निर्देश दिया कि कार्यो के सम्पादन में यदि कहीं कोई समस्या आती है तो तत्काल उच्च अधिकारियों को संज्ञानित कराते हुए उसका समयबद्ध निराकरण कराय जाय, किसी भी दशा में कार्य बाधित नहीं होना चाहिए। उक्त समीक्षा बैठक में अधीक्षण अभियन्ता, सिंचाई, एडी बेसिक, आरएम पीसीएफ एवं अपर निदेशक, पशुपालन उपस्थित नहीं हुए। मण्डलायुक्त ने इस पर नाराजगी व्यक्त करते हुए अनुपस्थित चारो अधिकारियों से स्पष्टीकरण तलब किया है। उन्होंने विकास कार्यक्रमों की विभागवार समीक्षा में पाया कि आईजीआरएस सन्दर्भो के निस्तारण में मण्डलायुक्त कार्यालय प्रथम स्थान पर है, जबकि जनपदों की रैंकिंग कम है। इस सम्बन्ध में उन्होंने तीनों जनपद के जिलाधिकारियों से इस ओर विशेष ध्यान देने का निर्देश दिया। इसी प्रकार कतिपय विभागों द्वारा पोर्टल पर की गयी त्रुटिपूर्ण फीडिंग के मण्डल एवं जनपद की रैंकिंग प्रभावित होने के दृष्टिगत अधिकारियों को निर्देशित किया कि फीडिंग में पूरी सावधानी बरती जाय तथा पहले गहनता से उसकी छानबीन कर ली जाय ताकि डैशबोर्ड पर वास्तविक प्रगति परिलक्षित हो सके। मण्डलायुक्त चौहान ने कुछ लाभार्थीपरक योजनाओं जैसे बीज डीपीटी, कन्या विवाह सहायता योजना आदि की प्रगति कम मिलने पर सम्बन्धित विभागों के अधिकारियों से कहा कि ऐसी योजनाओं में उपलब्ध बजट के सापेक्ष स्वीकृति दी जाये तथा बजट की डिमाण्ड समय से भेजी जाय। मण्डलायुक्त चौहान ने धान खरीद की समीक्षा करते हुए संभागीय खाद्य नियन्त्रक को निर्देश दिया कि जिन क्रय केन्दों पर अभी तक धान खरीद शुरू नहीं हुई है वहॉ तत्काल खरीद शुरू कराई जाय।

## छठ मईया के पर्व पर घटों पर उमड़ी भारी भीड़



अवधनमा संवाददाता

**मुबारकपुर आजमगढ़।** मुबारकपुर नगर सहित आसपास के क्षेत्र में डूबते व उगते हुए सूर्य देवता को अर्घ्य देकर मना डाला छठ म इ या का पर्व, घाटों पर उमड़ी भारी भीड़।तालाब पोखरा के तट रोशन हुए। ब्रती महिलाओ ने किया पूजा अर्चना। मुबारकपुर थाना के पास पोखरा सहित अन्य ग्राम के तालाब पोखरा के तट पर साफ-सफाई और आकर्षक ढंग से सजा गया था। पर्व की सन्ध्या पर शाम चार बजे से ब्रती महिलाओ ने जल में खड़े होकर डूबते सूर्य को अर्घ्य देकर बेदी का पूजज अर्चन कर दीप जलाया जिससे घाट रोशनी से जगमगा उठे।

घाटों पर महिला पुरुष बच्चे के भीड़ के चलते कहीं पर तिल भर भी जगह नहीं बची थी। इस प्रकार अगले दिन भोर से ही घाटो पर पहुंच कर उगते हुए सूर्य देवता को अर्घ्य देकर छठ माता का पूजन किया। इस अवसर पर झालरों से सजावट मन को भा रही थी। विशेष रूप से मुबारकपुर नगर के थाना के पास पोखरा खासी भीड़ रही। अलीनगर से लेकर अमिलो महाजन का बाग तक मेला जैसा मोहक दृश्य देखते ही बनता था। इस अवसर पर सुरक्षा की दृष्टि से थाना प्रभारी निरीक्षक राजेश कुमार पुलिस बल के साथ लगातार पैनी नजर रखे हुए चक्कर लगा रहे थे।

# चंद्रकला यूनिवर्सल बनी चैंपियन



अवधनमा संवाददाता

**प्रयागराज।** चंद्रकला यूनिवर्सल प्राइवेट लिमिटेड ने चैलेंजर कप तीस प्लस टी-20 क्रिकेट प्रतियोगिता के फाइनल मुकाबले में बाबा एकादश को 42 रन से हराकर चैंपियन होने का गौरव हासिल किए है।

रविवार को दौलत हुसैन मैदान पर फाइनल मैच टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए चंद्रकला यूनिवर्सल प्राइवेट लिमिटेड ने 19.5 ओवर में 191 रन ( मो. नसर 42, शहबाज 32, इमरोज 29, मो. खालिद 24, विपिन कुमार यादव 20, वकार रिजवान 17 रन, विपिन पांडेय 3/26, कामेश द्विवेदी 3/33, सयैद अहमद फैजान 2/26, बब्बन 1/14 ) पर बनाए। जवाब में बाबा एकादश की टीम ने 20 ओवर में नौ विकेट पर 149 रन ( सागर गुप्ता 35, विपिन पांडेय 29 नाबाद, आकाश श्रीनेत्रा 12 रन, विपिन कुमार यादव 3/18, शिवम अरोरा 2/22, ऐमन सिद्दीकी 2/23 ) ही बना सकी। मैच के बाद प्रतियोगिता के मुख्य अतिथि अतुल कुमार ने विजेता व उपविजेता टीम को पुरस्कृत किया, आयोजन सचिव रिजवान खान ने मुख्य अतिथि का स्वागत किया। इस अवसर पर आरिफ, मेराज, शोबिल, मजहर, तौहीद आदि उपस्थित रहे।

### भाजपा ने बनाया अवधेश को कौशांबी जिले का प्रभारी



**प्रयागराज।** भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश संगठन ने प्रयागराज महानगर के निवर्तमान अध्यक्ष एवं क्षेत्रीय उपाध्यक्ष अवधेश चंद्र गुप्ता को कौशांबी जिले का प्रभारी बनाया है। इसी प्रकार पूर्व क्षेत्रीय अध्यक्ष महेश चंद्र श्रीवास्तव को प्रयागराज महानगर, क्षेत्रीय महामंत्री सुशील त्रिपाठी को यमुना पार एवं उत्तम मौर्य को गंगा पार जिले का प्रभारी नियुक्त किया। नवनियुक्त सभी जिला प्रभारियों को भाजपा महानगर अध्यक्ष राजेंद्र मिश्रा एवं महापौर गणेश केसरवानी ने बधाई दिया और कहा कि नवनियुक्त सभी जिला प्रभारियों के मार्गदर्शन से संगठन और मजबूत होगा। बधाई देने वालों में मुख्य रूप से प्रदेश मंत्री अनामिका चौधरी, कमलेश कुमार, पार्षद किरन जायसवाल, डॉ सुशील सिन्हा, कुंज बिहारी मिश्रा, देवेश सिंह, वरुण केसरवानी, राजेश केसरवानी, रमेश पासी, विवेक अग्रवाल, राजू पाठक, प्रमोद मोदी, गिरजेश मिश्रा, राघवेंद्र सिंह, सचिन जायसवाल, सुभाष वैश्य, एजाजुद्दीन, एवं महानगर के सभी पदाधिकारी एवं कार्यकर्ताओं ने बधाई दी।

# किशोरी लाल, जीडीसीसी, एएनसीसी 'ए' और वर्मा क्लब विजयी

अवधनमा संवाददाता

**प्रयागराज।** किशोरी लाल क्रिकेट क्लब, गंगा डिग्री कॉलेज, आशीष नेहरा क्रिकेट क्लब 'ए' और वर्मा क्रिकेट क्लब ने अपने-अपने मुकाबले जीतकर रवि वर्मा अंडर-19 क्रिकेट लीग में पूरे अंक प्राप्त किये। सोमवार को केपी कॉलेज मैदान पर विराट स्पोर्ट्स क्लब को 20.2 ओवर में 68 रन (सौरभ प्रताप सिंह 28, सूर्यांश शुक्ला 4/16, अखिलेश यादव 3/13, कुणाल मिश्र 2/15) पर समेटकर किशोरी लाल क्रिकेट क्लब ने 9.5 ओवर में 2 विकेट पर 70 रन (हर्षित तिवारी 57 नाबाद, ओम प्रकाश 2/29) बना लिये। राहुल सिंह व श्याम यादव अंपायर एवं प्रितेश सोनकर स्कोरर रहे। ईश्वर शरण इंटर कॉलेज मैदान पर भवम क्रिकेट क्लब को 36.4 ओवर में 150 रन (सिद्धार्थ मिश्र 86, प्रवेश सिंह 3/27, विवेक सिंह राणा 2/22, अंशु मौर्य 2/37) पर समेटकर गंगा डिग्री कॉलेज ने 31 ओवर में 3 विकेट पर 151 रन (विकास कुमार दुबे 87 नाबाद, तारा पटेल 29 नाबाद, सिद्धार्थ मिश्र 3/26) बना लिये। हितेश श्रीवास्तव व सुधीर सोनकर अंपायर, आशीष भारतीय स्कोरर रहे। रविवार को डीपीएस मैदान पर आशीष नेहरा क्रिकेट क्लब 'ए' ने 40 ओवर में 9 विकेट पर 377 रन (सार्थक केसरवानी 108, अखिल तिवारी 57,



अंकित यादव 35, अनुज शुक्ला 37, अमितेश शुक्ला 23 नाबाद, अभिनय मिश्र 23, अंतिम राजपूत, अनमोल सोनकर व अनुपम त्रिपाठी दो-दो विकेट) बनाकर इलाहाबाद क्रिकेटर्स क्लब को 23.3 ओवर में 64 रन (अंतिम राजपूत 15, अभिनय मिश्र 3/02, शिवम श्रीवास्तव 2/11, रुद्राक्ष यादव 2/15) पर समेटा। पवन वर्मा व नितिन मिश्र अंपायर, मो. सैफ स्कोरर रहे। सावित्री देवी क्लब मैदान पर किशोरी लाल क्लब ने 40 ओवर में 243 रन (सौम्य तिवारी 60, हर्षित तिवारी 58, अखिलेश यादव 43, वंश केसरवानी 25, सचिन ओझा 4/31, बॉबी सेन 3/30, आयुष 2/38) बनाकर सावित्री देवी क्लब को 36 ओवर में 179 रन (बॉबी सेन 41, कुलदीप पटेल 32, कुणाल मिश्र 2/20, अखिलेश यादव 2/46) पर समेटा। रामचंद्र यादव व राजीव कुशवाहा अंपायर, अनूप कुमार शर्मा स्कोरर रहे। एसटीसी परेड मैदान पर स्पोर्ट्स टैलेंट क्रिकेट क्लब के 33.4 ओवर में 132 रन (उज्ज्वल प्रसाद 56, मुकेश यादव 3/14, अंशु मौर्य 2/19, प्रवेश सिंह 2/26) के जवाब में गंगा डिग्री कॉलेज ने 28.5 ओवर में 6 विकेट पर 136 रन (विकास कुमार दुबे 77, तबरेज खान 20, रविकांत यादव 4/43) बना लिये। राहुल सिंह व श्याम यादव अंपायर, हितेश श्रीवास्तव स्कोरर रहे। चक हरिहरवन झूसी मैदान पर भानु प्रताप क्लब के 32.3 ओवर में 150 रन (सचिन तिवारी 52, दिव्यांशु 25, आकाश यादव 3/16, सौरभ सोनी 2/38) के जवाब में वर्मा क्रिकेट क्लब ने 26.1 ओवर में 3 विकेट पर 153 रन (अमित यादव 73, प्रियांशु 29 नाबाद, विभव कुशवाहा 2/39) बना लिये। अरुण कुमार व तौसीफ शेख अंपायर, मो. आरिफ स्कोरर रहे।

# इण्डियन बैंक हजरतगंज परिसर में 'ऋण संवर्धन कार्यक्रम'का आयोजन

**ऋण संवितरण**

**इण्डियन बैंक के प्रबंध निदेशक एवं मुख्य कार्यपालक अधिकारी एस. एल. जैन द्वारा ऋण संवर्धन कार्यक्रम में ग्राहकों को रु105 करोड़ ऋण की संस्वीकृति और रु75 करोड़ का ऋण संवितरण किया गया**



**लखनऊ।** इण्डियन बैंक के प्रबंध निदेशक एवं मुख्य कार्यपालक अधिकारीश्री एस. एल. जैन ने इंडियन बैंक के हजरतगंज परिसर में आयोजित'ऋण संवर्धन कार्यक्रम' में ग्राहकों को रु105 करोड़ ऋण की संस्वीकृति और रु75 करोड़ का ऋण संवितरण किया। इस 'ऋण संवर्धन कार्यक्रम' से प्रदेश के 250 ग्राहकों को ऋण सुविधा प्राप्त हुई है। जैन ने ऋण संवर्धन कार्यक्रम' के बाद आयोजितप्रेस-वार्ता में मीडिया के संवाददाताओं से भी बात की एवं उनके प्रश्नों का उत्तर दिया। उन्होंने हजरतगंज परिसर के कार्यक्रम स्थल में ही लगाए गए एसएचजी स्टॉल में गए तथा स्टॉल में उपस्थित ग्राहकों से बातचीत की। इस कार्यक्रम में विकास कुमार, मुख्य महाप्रबंधक (रिटेल एसेट, कॉर्पोरेट कार्यालय), श्री पंकज त्रिपाठी, क्षेत्र महाप्रबंधक (लखनऊ) उपस्थित थे।

जैन दिनांक 18.11.2023 से 22.11.2023 तक चार दिनों के लिए उत्तर प्रदेश के आधिकारिक -दौरे पर प्रदेश आए हुए हैं जिसमें वे प्रदेश के विभिन्न शहरों (वाराणसी, अयोध्या,श्रावस्ती, बहराइच एवं सीतापुर) में इसी प्रकार के ऋण संवर्धन कार्यक्रम, प्रेस-वार्ता, ग्राहक-बैठक, ऋण-मेला आदि में भाग लेगें। उन्होंने कहा कि हमारी योजना सूक्ष्म एवं लघु उद्योगों के व्यापारियों को आसान ऋण प्रदान करने हेतु प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना, प्रधानमंत्री रोज़गार सृजन कार्यक्रम, मुद्रा योजना एवं स्वयं सहायता समूह के माध्यम से ऋण संवर्धन कार्यक्रमका आयोजन करके इन तीन दिनों में कुल 300सौ करोड़ रुपये ऋण के संवितरण करने की है। इस कार्यक्रम से लगभग प्रदेश के 1500 ग्राहक लाभान्वित होंगे। इस कार्यक्रम में श्री जैन द्वारा प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमायोजनाके लाभार्थी को रु2लाख का चेक भी प्रदान किया गया। लखनऊ में आयोजित इस ऋण संवर्धन कार्यक्रममेंअंचल प्रबंधक श्री प्राणेश कुमार (लखनऊ)सहितप्रदेश के विभिन्न अंचलों के अंचल प्रबंधक श्री विवेक (कानपुर),श्री संतोष महाराणा (झांसी), श्री हेमंत मिश्रा(गोंडा), श्री मिथिलेश कुमार(लखीमपुर खीरी) एवंश्री घनश्याम कुमार(हमीरपुर) ने भाग लिया।

इंडियन बैंक के प्रबंध निदेशक एवं मुख्य कार्यपालक अधिकारी के प्रदेश दौरे का मुख्य उद्देश्य प्रदेश के विकास से संबंधित विभिन्न केंद्र एवं राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं में बैंक की भूमिका एवं अधिकाधिक भागीदारी के साथ ग्राहकों से सीधी बातचीत के द्वारा व्यवसाय संवर्धन करानाऔरडिजिटल बैंकिंग को ग्राहकों के बीच लोकप्रिय बनाने के लिए जागरूकता लाना है। श्री जैन ने कहा कि प्रदेश के विकास में हम अपने बैंक की भूमिका को और भी सशक्त करना चाहते हैं। उन्होंने कहा कि वास्तव में उत्तर प्रदेश को 1 ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था वाला देश का पहला राज्य बनाने के अभियान में अपना योगदान देकर हम स्वयं को गौरवान्वित करना चाहते हैं। उन्होंनेबताया कि इंडियन बैंक द्वारा प्रदान की जा रही विभिन्न ऋण उत्पादों और सेवाओंजैसे गृह निर्माण ऋण, वाहन ऋण, इंड जीएसटी, जमा/ बीमा के बदले ओडी ऋण, पीएपीएल, शिशु मुद्रा, ग्रामीण केसीसी आदि को भी अब डीबीयूके माध्यम से डिजिटली प्रदान किए जाने पर विशेष बलदिया जा रहा है ताकि डिजिटल बैंकिंग को तेजी से बढाया जा सके। श्री जैन ने कहा कि हमने अपना ध्यान राज्य के निवेशकों पर केन्द्रित किया है ताकि हम उनकी आवश्यकताओं, चुनौतियों और समस्याओं को समझ सकें तथा विभिन्न औद्योगिक क्षेत्रों के लिए उनकी आवश्यकता केअनुसार विशेषीकृत उत्पादडिजाइन कर सकें। उत्तर प्रदेश में इण्डियन बैंक अपनी1081शाखाओं सहित कुल4684 बैंकिंग आउटलेट के विशाल नेटवर्क के माध्यम सेअपने 3.50 करोड़ ग्राहकों को आधुनिकतम बैंकिंग सेवाएँ उपलब्ध करवा रही है।

# एबॅट ने लॉन्च किया फ्रीस्टाइल लिब्रेलिंक मोबाइल ऐप

**नई दिल्ली।** हेल्थॅकेयर के क्षेत्र में दुनिया की प्रमुख कंपनी एबॅट ने भारत में अपने डिजिटल हेल्थ टूल फ्रीस्टाइल लिब्रेलिंक ऐप को लॉन्च किया है। यह मोबाइल ऐप फ्रीस्टाइल लिब्रे सिस्टम का इस्तेमाल करने वाले लोगों को सुई चुभोए बगैर उनका ग्लूकोज लेवल मापने में मदद करेगा और इसकी रीडिंग उनके मोबाइल फोन पर मिल जाएगी। इंटीग्रेटेड फ्रीस्टाइल लिब्रे डिजिटल प्लेटफॉर्म को लॉन्च कर एबॅट डायबिटीज पर आसानी से निगरानी रखने, डेटा की जानकारी पाने और आसान कनेक्शकन से लोगों को मजबूत करना चाहता है ताकि वे अपनी डायबिटीज का बेहतर ढंग से प्रबंधन कर सकें। यह मोबाइल ऐप आईफोन और एंड्रॉएड स्मार्टफोन पर काम करने के लिए उपलब्धत है।

ऐप के लॉन्च पर दक्षिण एशिया में एबॅट के डायबिटीज केयर बिजनेस के जनरल मैनेजर कल्याण सत्तारु ने कहा मधुमेह से पीड़ित लोगों को कई तरह की परेशानियों का सामना करना पड़ता है क्योंकि उन्हें इसका प्रबंधन करने के दौरान कई तरह की चुनौतियों का सामना करना होता है। फ्रीस्टाइल लिब्रेलिंक ऐप फ्रीस्टाइल लिब्रे सेंसर के साथ आसानी से जुड़ जाता है। यह सेंसर दुनिया का नंबर 1 कॉन्टीन्युंअस ग्लूकोज मॉनिटरिंग है, जिसका इस्तेमाल विश्व स्तर पर मधुमेह से पीड़ित 5 मिलियन से अधिक लोगों द्वारा किया जाता है एबॅट में, हम इसके लिए प्रतिबद्ध हैं कि हमारी फ्रीस्टाइल लिब्रे तकनीक न केवल डायबिटीज से पीड़ित लोगों की रोजाना की दिनचर्या को सरल बनाती है, बल्कि उन्हें मजबूत भी करती है, ताकि वे अपनी डायबिटीज को अधिक प्रभावी ढंग से प्रबंधित कर सकें।

सीनियर डायबेटोलॉजिस्टि डॉ. मनोज चावला ने कहा, वास्तैविक समय में अपने आप ही ग्लूकोज की जानकारी मिलने से डायबिटीज रोगियों को उनकी देखभाल करने वालों के लिए आसान प्रबंधन की सुविधा मिलती है। नई डायबिटीज टेक्नॉलॉजी सटीक और समझदारी से निर्णय लेने का मार्ग प्रशस्त करेगी।

फ्रीस्टाइल लिब्रेलिंक ऐप लोगों को उनके स्मार्टफोन पर रियल टाइम में उनके ग्लूकोज के स्तर को देखने और निगरानी करने की सुविधा देता है। वे ऐप की मदद से इस जानकारी को उनके डॉक्टर्स या केयरगिवर्स के साथ शेयर कर सकते हैं। मोबाइल ऐप यूजर्स नियर फील्ड कम्युनिकेशन (एनएफसी) तकनीक का इस्तेमाल करते हुए ग्लूकोज डेटा को सेंसर से मोबाइल ऐप में ट्रांसफर करता है, जिससे लोगों को भोजन, इंसुलिन का इस्तेमाल, दवा और व्यायाम का प्रबंधन करने के लिए आठ घंटे के ग्लूकोज का रिकॉर्ड रखने और रियल टाइम के पैटर्न की निगरानी करने में मदद मिलती है। इस पूरी प्रक्रिया की वजह से लोगों को अलग से ग्लूकोज निगरानी के लिए अलग से टूल का इस्तेमाल करने की जरूरत नहीं होती है।

फ्रीस्टाइल लिब्रेलिंक का उपयोग करने वाले लोग लिब्रेव्यू और लिब्रेलिंकअप के माध्यम से अपने हेल्थिकेयर प्रोफेशनल्स और देखभाल करने वालों के साथ जानकारी साझा कर सकते हैं। लिब्रेलिंक और लिब्रेव्यू डिजिटल स्वास्थ्य उपकरण है, जो फ्रीस्टाइल लिब्रे प्लेटफॉर्म का भी हिस्सा हैं।

# 'आनंदना'- कोका-कोला इंडिया फाउंडेशन ने आईसीसी मेन्स क्रिकेट वर्ल्ड कप 2023 के दौरान कचरा प्रबंधन की पहल को बढ़ावा दिया



**लखनऊ।** कोका-कोला इंडिया फाउंडेशन और आनंदना ने आईसीसी और यूनाइटेड वे ऑफ मुंबई के साथ मिलकर आईसीसी मेन्स क्रिकेट वर्ल्ड कप 2023 के दौरान अपशिष्ट प्रबंधन पर एक परियोजना शुरू की है। यह परियोजना सभी खेल आयोजनों में स्थिरता के प्रयासों को बढ़ावा देने के लिए है।

कोका-कोला कचरे से मुक्त दुनिया बनाने की दिशा में काम कर रहा है। कंपनी का लक्ष्य है कि 2025 तक दुनिया में सभी पैकेजिंग 100% रिसाइकिल योग्य हो जाए, 2030 तक पैकेजिंग में 50% रिसाइकिल सामग्री का उपयोग किया जाए, 2030 तक बेची जाने वाली हर बोतल या कैन को इकट्ठा कर रिसाइकिल किया जाए, और स्थानीय समुदायों को कचरा मुक्त वातावरण बनाने में मदद की जाए।

आईसीसी मेन्स क्रिकेट वर्ल्ड कप 2023 के दौरान, 1000 से अधिक स्वयंसेवकों का एक दल उन 10 स्टेडियमों में तैनात किया गया है, जहां मैच खेले जा रहे हैं। ये स्वयंसेवक पीईटी की रिसाइकल्ड बोतलों से बने सेफ्टी जैकेट पहने हुए हैं। ये समर्पित स्वयंसेवक दर्शकों को कचरे के सही पृथक्करण के बारे में जागरूक कर रहे हैं और यह सुनिश्चित कर रहे हैं कि कचरा सही कचरेदानों में जाए और स्टेडियम पर्यावरण के लिहाज से स्वच्छ बने रहें। यह पर्यावरण के अनुकूल भविष्य बनाने के प्रति प्रतिबद्धता को दर्शाता है।

उनके प्रयासों के सम्मान में लखनऊ में दावत दी गई जिसमें यूपीसीए के सीईओ श्री अंकित कुमार, यूपीसीए के सहायक सीईओ श्री सागर सिंह, स्टेडियम मैनेजर श्री गौरव सिंह, बीसीसीआई वेन्यू मैनेजर श्री अमन, बीसीसीआई की एक्रिडिटेशन मैनेजर सुश्री सेजल, यूपीसीए के सचिव श्री गौरव सिंह, सुरक्षा प्रबंधक श्री अनुराग यादव, स्टेडियम के सभी कर्मचारी और कोका-कोला इंडिया के 2 प्रतिनिधियों सहित 225 हाउसकीपिंग स्टाफ उपस्थित थे।

# यलो.एआई ने एडब्लूएस पर पूरे विश्व में जनरेटिव एआई-पॉवर्ड चैटबॉट और वॉयसबॉट सॉल्यूशंस का विस्तार किया

**नई दिल्ली।** अमेज़न.कॉम कंपनी अमेज़न वेब सर्विसेज़ (एडब्लूएस) ने आज घोषणा की कि कन्वर्सेशनल आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) में ग्लोबल लीडर, यलो.एआई ने अपने जनरेटिव एआई-पॉवर्ड वॉयसबॉट और चैटबॉट सॉल्यूशंस के लिए एडब्लूएस को अपना क्लाउड प्रदाता बनाया है। ये डायनामिक एआई एजेंट ग्राहकों से लक्ष्य पर केंद्रित बात करके उनका अनुभव बेहतर बनाएंगे और उनकी जरूरतों को समझकर उन्हें व्यक्तिगत समाधान प्रदान करेंगे। कंपनी के कस्टमर सर्विस डायनामिक एआई एजेंट 135 से ज्यादा भाषाओं में 35 से अधिक टेक्स्ट एवं वॉयस-आधारित चैनलों द्वारा उच्च गुणवत्ता की 24/7 सपोर्ट सेवाएं प्रदान करने के लिए लार्ज लैंग्वेज मॉडल (एलएलएम) का उपयोग करते हैं। यलो.एआई ने पूरे विश्व में अपने व्यवसाय का विस्तार करने के लिए अपना समाधान एडब्लूएस मार्केटप्लेस में उपलब्ध कराया है, जो स्वतंत्र सॉफ्टवेयर विक्रेताओं की ओर से हजारों सॉफ्टवेयर लिस्टिंग का एक डिजिटल कैटालॉग है, जिसके द्वारा एडब्लूएस पर चलने वाले सॉफ्टवेयर ढूंढना, उनका परीक्षण करना, उन्हें खरीदना और फिर स्थापित करना आसान हो जाता है।

मई में एडब्लूएस में माइग्रेट होने के बाद यलो.एआई की ऑपरेशनल लागत में 20% की कमी आयी, परफॉर्मेंस में 15% सुधार हुआ, और बुनियादी ढांचे की लागत में 10% की कमी हुई, जिससे कंपनी इनोवेशन और एआई शोध एवं विकास में पुनः निवेश करने में समर्थ बनी। यलो.एआई ने हाल ही में यलोजी का लॉन्च किया, जो मशीन लर्निंग (एमएल) मॉडल निर्मित, प्रशिक्षित और क्रियान्वित करने के लिए पूर्णतः मैनेज्ड सेवा, अमेज़न सेजमेकर का उपयोग करके केंद्रीकृत ग्लोबल एवं प्रोपरायटरी एलएलएम द्वारा संचालित एक जनरिक एआई-पॉवर्ड प्लेटफॉर्म है। एलएलएम की मदद से यलो.एआई वेबसाइट, दस्तावेज एवं अन्य संबंधित डेटा की रिपॉजिटरी से जानकारी प्राप्त कर ग्राहकों के स्वालों के जवाब निर्मित होते हैं। हैलुसिनेशंस (एआई प्रतिक्रियाएं जो सटीक या वास्तविक नहीं हैं) को कम करके वास्तविक समानुभूति प्रदर्शित करते हुए इसकी हैलुसिनेशन दर लगभग शून्य के है, यलो.एआई के डायनामिक एआई एजेंट ग्राहकों के 90% तक सवालों के जवाब स्वयं दे सकते हैं। उन्होंने ईकॉमर्स ग्राहक इंटरैक्शन में भी सुधार किया है, जिससे ग्राहकों की सर्विस पूरी होने की दर में 50% बढ़ोत्तरी हुई है, और ग्राहक संतुष्टि स्कोर 40% बढ़ा है।

यलो.एआई एक पूर्णतः मैनेज्ड फाउंडेशन मॉडल (एफएम) सेवा, अमेज़न बेडरॉक का उपयोग करता है, जो व्यवसायों को उद्योग में अग्रणी एफएम उपलब्ध कराता है, जिससे यलो.एआई को जनरेटिव एआई एप्लिकेशंस को तेजी से प्रोटोटाइप, पुनरावृत्त और स्केल करने में मदद मिलती है। यलो.एआई का उद्देश्य जनरेटिव एआई की मदद से लक्ष्य पर केंद्रित बातचीत और कस्टमर सपोर्ट बढ़ाना है। डायनामिक एआई एजेंट लीड मैनेज करने, सवालों के जवाब देने, व्यक्तिगत छूट, विशेष ऑफर और अन्य लाभ प्रदान करने के लिए ग्राहकों के साथ संलग्न हो सकते हैं।

एडब्लूएस के विश्वस्तरीय इंफ्रास्ट्रक्चर की मदद से यलो.एआई एडब्लूएस क्षेत्रों द्वारा दुनिया में 85 से अधिक देशों के यूज़र्स को अपनी सेवाओं की उच्च उपलब्धता एवं लो लेटेंसी प्रदान करेगा।

# एजु और बी यंग के "अंजानी एक्स" में एक नई आवाज़ के साथ ओल्ड स्कूल बॉलिवुड की यादों का आनंद लीजिए

**नई दिल्ली।** संगीत का ऐसा फ्यूज़न, जिसकी कोई सीमा न हो, पेश करते हुए 'अंजानी एक्स' में एजु के जीवंत गीत और बी यंग के विशेष अंतर्राष्ट्रीय आरएंडबी फ्लेयर का बेहतरीन संगम हुआ है। यह सेंसेशनल गीत 'अंजानी एक्स' कुछ कुछ होता है के लोकप्रिय गीत 'लड़की बड़ी अनजानी है' की यादों में ले जाएगा, जिसके बोल इंग्लिश और पंजाबी लिरिक्स के साथ इस गीत में शामिल किए गए हैं, और एक ऐसा संगीत का अनुभव पेश किया गया है, जो पूरे विश्व के श्रोताओं का मन मोह लेगा।

इस आकर्षक ट्रैक ''अनजानी एक्स'' में एजु और बी यंग के विशेष स्टाईल के खूबसूरत मिश्रण के साथ बॉलिवुड की वास्तविक भावना को जीवंत किया गया है। पंजाबी गीत पर एजु के एक नए रुख और बी यंग के अद्वितीय आरएंडबी स्टाईल के बेहतरीन तालमेल से संगीत का एक ऐसा अनुभव उत्पन्न हुआ है, जो संगीत



की विभिन्न रुचियों के अनुरूप है। इसकी आकर्षक बीट्स, गीत के मोहक बोल, और शानदार संगीत वीडियो ने इस ट्रैक को बेहद लुभावना बना दिया है।

इसके म्यूज़िक वीडियो की शुरुआत एजु और बी यंग के साथ होती है, जो इसमें मुख्य भूमिका निभा रहे हैं। यह बहुत ही दिलकश वीडियो है, जो सभी कलाकारों को उनके सिग्नेचर स्टाईल में दिखाता है। बॉलिवुड शैली में डांसर इस गीत को और ज्यादा लुभावना बना रहे हैं। संगीत के इस बहुआयामी प्रयोग में पूर्व और पश्चिम की शैलियाँ एक साथ आकर दर्शकों के लिए एक आकर्षक अनुभव का निर्माण कर रही हैं।

अपने इस गीत के बारे में एजु ने कहा, ''अंजानी एक्स बनाने के लिए हमें आधुनिक बीट्स में सांस्कृतिक प्रभावों का प्रयोग करना था, जो एक बहुत ही रोमांचक और समृद्ध अनुभव रहा। मुझे बॉलिवुड पसंद है, और कुछ कुछ होता है मेरी पसंदीदा फिल्म थी। बी यंग के साथ 'लड़की बड़ी अनजानी है' का अंश लेकर एक नया गीत बनाना मेरे लिए बहुत ही आकर्षक लम्हा था। अब मैं अपने इस ट्रैक के लिए दर्शकों की प्रतिक्रिया देखने के लिए उत्सुक हूँ।''

अंतर्राष्ट्रीय कलाकार बी यंग ने कहा, ''अंजानी एक्स मेरे लिए बहुत खास गीत है। यह एक गीत से बढ़कर है। इसमें मेरे स्टाईल के साथ बॉलिवुड साउंड और पंजाबी लिरिक्स का फ्यूज़न एक बहुत ही आकर्षक अनुभव था, और मुझे खुशी है कि एजु के साथ मुझे यह करने का अवसर मिला। मैं इस ट्रैक के लिए फैंस की प्रतिक्रिया देखने के लिए काफी उत्सुक हूँ।''

# कैम्ब्रिज एजुकेशन लैब ने भारतीय स्कूल ओनर्स के लिए फिनिश एजुकेशन मॉडल लॉन्च किया



**लखनऊ।** भारतीय मूल के कैम्ब्रिज यूनिवर्सिटी एल्यूमी सुयश भट्ट द्वारा स्थापित एक एडटेक स्टार्टअप, कैम्ब्रिज एजुकेशन लैब ने फिनलैंड एजुकेशन एक्सप्लोरेशन प्रोग्राम शुरू करने के लिए नेशनल इंडिपेंडेंट स्कूल एलायंस (एनआईएसए) के साथ सहभागिता की है। इस नई और एक बड़ी पहल में 24 भारतीय स्कूल ओनर्स ने 22 अक्टूबर से 28 अक्टूबर, 2023 तक फिनलैंड के हेलसिंकी और तुर्कू की यात्रा की। इन 24 स्कूलों में से 10 स्कूलों ने आगरा और इटावा सहित उत्तर प्रदेश का प्रतिनिधित्व किया। कैम्ब्रिज एजुकेशन लैब के संस्थापक श्री सुयश ने इंडियन एजुकेशन सिस्टम को और बेहतर बनाने की इस पहल के महत्व पर जोर देते हुए कहा कि ''स्टूडेंट्स, शिक्षक, और भारतीय स्कूल कम्युनिटी के सभी हितधारक के लिए विकसित किए जा रहे कई हाउसिंग और ऑनलाइन कार्यक्रमों के माध्यम से फिनलैंड प्रोग्राम इंडियन एजुकेशन सिस्टम को बदलने की दिशा में हमारा पहला कदम है।''कार्यक्रम का एक मुख्य आकर्षण यह था कि फिनिश एजुकेशन सिस्टम में टेक्नोलॉजी को कैसे इंटीग्रेट किया जाता है, जिससे स्टूडेंट्स के लिए आकर्षक और गहन सीखने के अनुभव तैयार होते हैं।

# श्वष्ट~ एमवे इंडिया ने 4000 करोड़ रुपये की अवैध आय आर्जित की; देश के बाहर स्थित खातों में भेजा, चार्जशीट दायर

**नई दिल्ली।** भारत में मल्टी लेवल मार्केटिंग (एमएलएम) के जरिए कारोबारी करने वाली कंपनी एमवे इंडिया ने 4000 करोड़ रुपये की अवैध आय अर्जित की और इसका एक बड़ा हिस्सा देश के बाहर स्थित बैंक खातों में भेजा गया। केंद्रीय जांच एजेंसी प्रवर्तण निदेशालय ने सोमवार को यह जानकारी दी।

एजेंसी ने एमवे इंडिया इंटरप्राइजेज प्राइवेट लिमिटेड के खिलाफ हैदराबाद स्थित विशेष पीएमएलए (धनशोधन रोकथाम अधिनियम) अदालत में सोमवार को चार्जशीट दाखिल की। एजेंसी के बयान में कहा गया है कि अदालत ने अभियोजन पक्ष की चार्जशीट पर संज्ञान लिया है।

ईडी की ओर से दर्ज किया गया धनशोधन का यह मामला एमवे और उसके निदेशकों के खिलाफ तेलंगाना पुलिस की ओर से दर्ज किए गए कई मामलों से उपजा है। ईडी ने आरोप लगाया है कि कंपनी ने माल की बिक्री की आड़ में पैसों का गलत तरीके से सर्कुलेशन किया। लोगों को बड़ा कमीशन और प्रोत्साहन राशि का लालच दिया गया और उनके साथ ठगी की गई। दूसरी ओर, कंपनी की ओर से कहा गया है कि वह कानून का पालन कर रही है। एमवे के एक प्रवक्ता ने कहा है कि प्रवर्तन निदेशालय की ओर से दायर चार्जशीट 2011 की जांच से संबंधित है और तब से हम उसके के साथ सहयोग कर रहे हैं और समय-समय पर मांगी गई सभी सूचनाओं को एजेंसी से साझा किया है।

ईडी ने कहा है कि एमवे ने ठगी करके कमीशन के तौर पर कुल 4,050 करोड़ रुपये की आमदनी की। इनमें से 2,859 करोड़ रुपये की राशि देश के बाहर स्थित खातों में भेज दिया गया। यह राशि राशि लाभांश, रॉयल्टी और अन्य खर्चों के नाम पर देश के बाहर भेजा गया।

# वर्तना ने किफायती स्कूलों को उत्तर प्रदेश में एक हकीकत बनाया

**आगरा।** आज के ज़माने में जब शिक्षा एक फायदेमंद उद्योग बन चुकी है, आज भी कुछ ऐसे स्कूल हैं, जो अपने विद्यार्थियों के जीवन को सुधारने के लिये अपने प्रभाव का इस्तेमाल करते हैं और बेहतर भविष्य का मार्ग प्रशस्त करते हैं। अमीरों के पास शिक्षा के मामले में कई विकल्प होते हैं, लेकिन मध्यम-वर्गीय और निम्न-आय समूहों के लिये स्थिति बेहद अलग है। इन समूहों से आने वाले बच्चों के लिये शिक्षा ही बेहतर भविष्य का द्वार होती है। आर्थिक रूप से स्थिर माहौल वाले विद्यार्थी स्कूलिंग के लिये विकल्पों की एक व्यापक श्रृंखला का आनंद लेते हैं, जिनमें अंतर्राष्ट्रीय संस्थान भी शामिल हैं। हालांकि, यह परिदृश्य भारत के पूरे समाज का सच नहीं दिखाता है। भारत में गरीबों और मध्यम-वर्गीय लोगों की एक बड़ी संख्या है, जो पूरी तरह से सरकारी स्कूलों और किफायती निजी स्कूलों पर निर्भर है। इन स्कूलों को मध्यम और निम्न-आय समूहों के विद्यार्थियों के जीवन में बुनियादी बदलाव लाने के लक्ष्य से स्थापित किया गया है, लेकिन उनकी अपनी कई चुनौतियाँ हैं। ऐसे स्कूलों के मालिक आर्थिक बाधाओं का सामना करते हैं, उनके पास कर्मचारियों की कमी होती है, शिक्षा के लिये लैंगिक आधार पर उदासीनता रहती है, शिक्षा देने की गुणवत्ता से जुड़ी चिंताएं होती हैं, मजदूरी करने के लिये विद्यार्थी स्कूल छोड़ देते हैं, टेक्नोलॉजी सीमित होती है और बुनियादी ढांचा पर्याप्त नहीं होता है। कोविड-19 महामारी के आने से उनका संघर्ष और भी बढ़ गया था। सरकार ने ऐसे स्कूलों की सहायता के लिये विभिन्न कार्यक्रम शुरू किये हैं, लेकिन उन पर कार्यान्वयन अक्सर धीमा रहता है और स्कूल मालिकों को वैकल्पिक समाधान तलाशने पड़ते हैं। इन्हीं वैकल्पिक समाधानों में एक है वर्तना जोकि एक नॉन-बैंकिंग फाइनेंशियल कंपनी (एनबीएफसी) है जिसे किफायती निजी स्कूलों को बुनियादी ढांचे एवं अन्य सुविधाओं के विकास के लिये लोन देने में विशेषज्ञता प्राप्त है। इस कंपनी के ग्राहक भारत के सभी क्षेत्रों में हैं। दिलचस्प तरीके से, उन सभी के पास यह बताने के लिये एक कहानी है कि वर्तना ने तरक्की के सफर में कैसे उनकी सहायता की। वर्तना का प्रभाव 15 राज्यों तक फैला है और 9000 से ज्यादा निजी किफायती स्कूलों को फायदा दे रहा है तथा देशभर में चार मिलियन विद्यार्थियों पर असर डाल रहा है। अकेले उत्तर प्रदेश में ही वर्तना ने 790 से ज्यादा स्कूलों को जोड़ा है और राज्य में 102 करोड़ रूपये की बड़ी धनराशि डाली है। स्कूलों और विद्यार्थियों के लिये वर्तना की प्रतिबद्धता उसे इस कार्यक्षेत्र में दूसरों से अलग करती है। कंपनी हर मोड़ पर स्कूलों के साथ सहकार्य करती है, शिक्षकों की अपस्किलिंग करवाती है, मालिक प्रबंधन प्रशिक्षण देती है और टेक्नोलॉजी से सहयोग भी। कंपनी विद्यार्थियों को शैक्षणिक ऋण भी देती है, ताकि वे विभिन्न अवधियों के कोर्स और कौशल विकास के कोर्स कर सकें। वर्तना के प्रभाव के बारे में, हरि माया इंटरनेशनल स्कूल, लखनऊ, उत्तर प्रदेश के एमडी श्री शरद कुमार गुप्ता ने कहा, ''कोविड-19 का वक्त हमारे लिये बड़े तनाव वाला था। फी कलेक्शन में हमें 2 करोड़ रूपये का नुकसान हुआ और कोविड-19 की दूसरी लहर का खतरा भी बना हुआ था। हालांकि वर्तना से प्राप्त धनराशि ने हमें खत्म होने से बचा लिया और तरक्की में हमारी मदद की। उस धनराशि से हमने जो बुनियादी ढांचा निर्मित किया, उसकी ताकत से हमारे विद्यार्थियों की संख्या 215 से बढ़कर 700 हो गई।'' वर्तना की लोन देने की गतिविधि के एक अन्य लाभार्थी का निजी अनुभव इस प्रकार है। सेंट ज़ेवियर स्कूल, कादीपुर के मालिक श्री रोजो थॉमस बताते हैं, ''मैं वर्तना फाइनेंस से मिली सेवाओं से काफी संतुष्ट हूँ। लोन की प्रक्रिया आसान रही और हमें मिले रिलेशनशिप मैनेजर जानकार तथा सहयोगी थे। स्कूल की बिल्डिंग का नया विंग बनाना और बुनियादी ढांचे को अपग्रेड करना बड़ी धनराशि मांगता है। वर्तना फाइनेंस ने धनराशि की आवश्यकता को समय पर पूरा करने में हमारी मदद की।

# मुद्रा योजना के सहयोग से माइक्रो फाइनैन्स सेक्टर प्रदेश की एक खरब डॉलर इकॉनमी मे सहयोग करेगा

**लखनऊ।** माइक्रो फाइनैन्स एसोसिएशन ऑफ उत्तर प्रदेश (उपमा) द्वारा लखनऊ के स्थानीय होटल ताज महल मे माइक्रो फाइनैन्स संस्थाओं का भव्य वार्षिक अधिवेशन जरियेअधिवेशन का उद्घाटन किया तथा माइक्रो फाइनैन्स संस्थाओं द्वारा दिए जा रहे सहयोग और उनके योगदान द्वारा महिलाओं के जीवन स्तर मे हो रहे सुधार पर प्रसन्नता जताते




आयोजित किया गया। अधिवेशन का मुख्य विषय था माइक्रो फाइनैन्स द्वारा उत्तर प्रदेश की एक खरब डॉलर अर्थ व्यवस्था (वन ट्रिलियन डॉलर इकॉनमी) मे अपना योगदान सुनिश्चित करना। समारोह के मुख्य अतिथि कुँवर ब्रजेश सिंह माननीय राज्य मंत्री लोक निर्माण विभाग उत्तर प्रदेश सरकार ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के हुए कहा कि उपमा संस्था ने एक ऐसे महत्वपूर्ण विषय पर सम्मलेन आयोजित किया है जो कि राज्य सरकार कि पहली प्राथमिकता है, कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि और उत्तर प्रदेश शासन के वरिष्ठ लोकसेवक रहे नवनीत सहगल ने कहा कि सम्मलेन में परिचर्चा के उपरांत एक ऐसी कार्य योजना बनेगी जो राज्य के विकास मे सहयोगी होगी तथा एक खरब डॉलर अर्थ व्यवस्था के लक्ष्य को पूर्ण करने में एक अहम् भूमिका निभायेगी।

आज के समारोह के मुख्य वक्ता एच आर खान पूर्व डिप्टी गवर्नर भारतीय रिजर्व बैंक ने बताया कि रिजर्व बैंक के नए नियमों से माइक्रो फाइनैन्स के क्षेत्र में कार्य कर रही संस्थाओं को अपने ऋण पोर्टफोलियो को बढ़ाने मे मदद मिलेगी साथ ही अपने ग्राहकों को और अधिक राशि ऋण के रूप मे उपलब्ध करा सकेंगी। उन्होंने आगे कहा कि किस तरह से माइक्रोफाइनांस राज्य की अर्थ व्यवस्था में तथा ग्रामीण क्षेत्र मे रोजगार सृजन कर बेरोजगारी की समस्या को दूर करने मे सहयोग प्रदान कर सकता है।

इस अवसर पर सिड़बी के डीएमडी श्री प्रकाश कुमार तथा आरबीआई के रीजनल डायरेक्टर डॉ बालू केनचप्पा ने भी अपने अपने विचार रखे। सिड़बी के तहत नाबार्ड माइक्रो फाइनैन्स संस्थाओं को समाज के कमजोर वर्ग के लिए रोज़गार परक ऋण उपलब्ध करने मे आर्थिक मदद करता है। उपमा के मुख्य कार्यकारी अधिकारी सुधीर सिन्हा ने बताया कि माइक्रोफाइनेंस जिसे माइक्रो क्रेडिट भी कहा जाता है, एक प्रकार की बैंकिंग सेवा है जो कम आय वाले व्यक्तियों या समूहों को प्रदान की जाती है माइक्रो फाइनैन्स एसोसिएशन ऑफ उत्तर प्रदेश (उपमा) पदेश मे माइक्रो फाइनेंस के क्षेत्र में कार्यरत लगभग 30 संस्थाओं का एक संगठन है जो माइक्रो फाइनैन्स संस्थाओं को क्षमता संवर्धन प्रशिक्षण तथा पॉलिसी एडवोकेसी मे मदद करता है। संस्था प्रति वर्ष अपना वार्षिक सम्मेलन आयोजित करती है संस्था इस वर्ष अपनी स्थापना के दस वर्ष पूरी कर रही है जब कि यह इसका छठवां अधिवेशन है।

# नींबू पानी पीकर ऑस्ट्रेलिया के डिप्टी पीएम ने यूपीआई का इस्तेमाल कर किया भुगतान



**नई दिल्ली।** ऑस्ट्रेलिया के उप-प्रधानमंत्री और रक्षा मंत्री रिचर्ड मार्ल्स ने सोमवार को दिल्ली में एक स्टॉल से नींबू पानी पीने का आनंद लिया और यूपीआई के माध्यम से उसका भुगतान किया। यूपीआई भारत की ओर से ईजाद की गई डिजिटल भुगतान प्रणाली है, जिसे सरकार अब ग्लोबल स्तर पर इस्तेमाल के लिए प्रोत्साहन दे रही है।

ऑस्ट्रेलियाई उप प्रधानमंत्री मार्ल्स को राष्ट्रीय राजधानी में एक स्ट्रीट स्टॉल पर राम लड्डू खाते हुए भी देखा गया। इस दौरान वे भारत के व्यंजनों का आनंद लेते दिखे। बता दें कि उससे पहले रिचर्ड मार्ल्स ने युवा क्रिकेट खिलाड़ियों के साथ बातचीत की और सोमवार को दिल्ली के अरुण जेटली स्टेडियम के परिसर में गली क्रिकेट भी खेला। स्टेडियम परिसर में मार्ल्स के साथ 14-18 साल के युवा क्रिकेट खिलाड़ी भी मौजूद थे। ऑस्ट्रेलियाई नेता ने अरुण जेटली स्टेडियम में पूर्व केंद्रीय मंत्री अरुण जेटली को पुष्पांजलि भी अर्पित की।

इससे पहले आज, ऑस्ट्रेलिया के उप प्रधान मंत्री और रक्षा मंत्री रिचर्ड मार्ल्स ने विदेश मंत्री पेनी वोंग के साथ दिल्ली में राष्ट्रीय युद्ध स्मारक का दौरा किया और पुष्पांजलि अर्पित की। ऑस्ट्रेलिया के दोनों नेताओं ने शाम को अपने भारतीय समकक्षों, विदेश मंत्री एस जयशंकर और रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह के साथ भारत-ऑस्ट्रेलिया 2+2 वार्ता की सह-अध्यक्षता भी की।

# छठ के त्योहार पर दिखी भारत की हार की टीस

## छठ घाटों पर व्रती महिलाओं और परिजनों के बीच वर्ल्ड कप के फाइनल की चर्चा

शकील अहमद

**कुशीनगर (अवधनामा ब्यूरो)।** उल्लास, उमंग और भक्ति से सराबोर छठ की छटा शहर से लेकर गांवों तक फैली थी, लेकिन भक्ति गीतों के बीच क्रिकेट प्रेमियों की टीस भी रह रहकर उभर रही थी। वर्ल्ड कप के फाइनल में ऑस्ट्रेलिया से मिली हार की चर्चा महिलाओं के बीच भी थी। नगर पंचायत मथौली के छठ घाट पर बड़ी स्क्रीन पर मैच की लाइव स्ट्रीमिंग की भी व्यवस्था थी। अस्ताचल सूर्य को अर्घ्य देकर लौट रहीं कुछ क्रिकेट प्रेमी महिलाएं कम स्कोर के बाद भी छठी माई से जीत की प्रार्थना कर रहीं थी। अगली सुबह जब घाट पर व्रती लौटीं तो उनके चेहरों पर हार की मायूसी थी।

**रात की मायूसी का दिखा मेले में असर, चार दिन का महापर्व का समापन**

गौरतलब है कि भोर से ही व्रती महिलाएं व श्रद्धालु घाट पर पहुंचने लगे। रविवार को अस्ताचलगामी सूर्य को अर्घ्य देने के बाद घर में भरी कोसी को भोर में घाट पर पहुंचाया गया और छठ वेदी पर गन्ने के बीच कोसी रखकर षष्ठी माता व भगवान तपन की धूप दीप, नैवेद्य अर्पित कर पूजा अराधना की गई। सूर्योदय होते ही व्रतियों ने उगते हुए सूर्य को अर्घ्य दिया। इस दौरान गांव से लेकर शहर तक के घाटों पर छठ पूजा के पारंपरिक व कर्णप्रिय गीत गूंजते रहे।

छठ घाटों पर श्रद्धालुओं का आस्था का सैलाब उमड़ पड़ा था। अर्घ्य देने के लिए व्रती महिलाएं जहां पानी में खड़ी होकर हाथ में फल आदि से भरा सूप लेकर भगवान भानु की स्तुति करते हुए उनके उदय होने का इंतजार कर रही थी वही उनके साथ गई अन्य महिलाए समूह मे छठी मइया की गीत गा रही थी। जैसे ही आकाश मे भगवान आदित्य की लालिमा छाई अर्घ्य देने का सिलसिला शुरू हो गया।

### रंग-बिरंगी रोशनी से गुलजार रहा घाट

छठ महापर्व पर सोमवार की सुबह रंग-बिरंगी रोशनी में जिले भर के छठ घाट गुलजार रहे। गीतों की गूंज दूर तक सुनाई देती रही। हाथ में जल लेकर भगवान तजोरुप की ओर टकटकी लगाए पानी में खड़ी महिलाओं की श्रद्धा देखने लायक रही। ठंड में भी भगवान दीप्तमूर्ति के दर्शन के लिए महिलाओं का धैर्य नहीं टूटा। उगते हुए ओजस्कर को अर्घ्य देने के बाद महिलाओं ने जलते हुए दीप पानी में प्रभावित किया। इसी के साथ छठ पूजन के तीन दिवसीय व्रत का समापन हुआ।

### छठ घाटों पर मेले जैसा दिखा उत्साह

पडरौना नगर छावनी स्थित पोखरा, जंगल बेलवा स्थित घाट, रामलीला मैदान स्थित पोखरा, बावली चौक स्थित पोखरा, कसया में हिरण्यावती नदी घाट, श्रीनाथ पोखरा, कप्तानगंज में राम जानकी घाट, हाटा स्थित काशी विश्वनाथ काशी विश्वनाथ काशी विश्वनाथ मंदिर की छठ घाट, सेवरही के शिवा घाट, बांसी घाट, मथौली में काली मंदिर घाट सहित जिले के सभी छठ घाटों पर व्रती महिलाओं का उत्साह देखने लायक था।

घाटों पर सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए थे। यहां का दृश्य मेले जैसे था।


हाटा स्थित छठ घाट पर उगते सूर्य को अर्घ्य देती व्रती महिलाएं



मलुकही स्थित घाट पर सूर्य को अर्घ्य देती व्रती महिलाएं


मथौली छठ घाट पर जायजा लेते नगर अध्यक्ष नवरंग सिंह


रागडगंज घाट पर श्रद्धालुओ को भंडारा करते नवयुवक

### सुरक्षा को लेकर पुलिस मुस्तैद रही

सुरक्षा व्यवस्था को लेकर पुलिस पूरी तरह से मुस्तैद रही। एसपी धवल जायसवाल ने खुद छठ घाटों का निरीक्षण कर सुरक्षा के इंतजाम को देखा और मातहतों को आवश्यक निर्देश दिए। इस दौरान पुलिस प्रशासन के लोग मौजूद रहे।

### जनप्रतिनिधियों ने मांगा आर्शीवाद

छठ घाट पर जनप्रतिनिधियों ने अपनी उपस्थिति दर्ज कराते हुए छठी मइया एवं व्रती महिलाओं से अपने राजनीति उज्जवल भविष्य की कामना के लिए आर्शीवाद प्राप्त किया।

### युवाओं में सेल्फी का दिखा क्रेज

पूजन सामग्री के साथ युवाओं ने खूब सेल्फी ली। इस दौरान बच्चों ने भी परिवार के साथ सेल्फी ली। बच्चों ने पूजन सामग्री को सिर पर रखकर भी सेल्फी ली। साथ ही युवाओं ने सेल्फी और फोटो को सोशल साइट पर अपलोड किया। फेसबुक, व्हाट्सएप के अलावा इंस्टाग्राम पर भी सेल्फी का खूब क्रेज दिखाई दिया। लोगों में छठ व्रत को लेकर काफी उत्साह भी नजर आया।

## ग्रामीण अंचलों में भी उदयगामी सूर्य को दिया अर्घ्य, संपन्न हुआ छठ महापर्व

अवधनामा संवाददाता

**गोरखपुर।** उगते सूर्य को अर्घ्य देने के साथ ही छठ महापर्व का आज समापन हो गया। जिले के दक्षिणाचल में स्थित गोला क्षेत्र के पक्का घाट, श्यामघाट, विसरा, रामामऊ, मन्नीपुर आदि अलग-अलग जगह पर छठ पूजा के लिए नदियों और तालाबों के किनारे बने घाटों पर व्रती महिलाओं, परिवार के सदस्यों ने उदयगामी सूर्य की पूजा की और चार दिन तक चलने वाले इस महापर्व का पारण किया। घाटों पर सुबह से छठ व्रती और छठी मैया के भक्त भगवान भास्कर के उदय का इंतजार कर रहे थे।

सूर्य के उदय के साथ ही व्रतियों ने घुटने भर पानी में उतरकर उन्हें अर्घ्य समर्पित किया। पूजा अर्चना के दौरान बच्चों ने जमकर आतिशबाजी भी किया ,युवक युवतियों सेल्फी लेते हुए भी दिखाई दिए। आकाश में लालिमा दिखाई देते ही महिलाओं ने पानी में उतरकर प्रसाद से भरे सूप हाथ में लेकर भगवान भास्कर को अर्घ दिया। घाट पर श्रद्धालुओं की भीड़ को देखते हुए सुरक्षा व्यवस्था के तहत पुलिस की भी ग्रस्त समय-समय पर की जा रही थी।

पिछले वर्ष की तुलना में इस वर्ष ज्यादा श्रद्धालु घाट पर पहुंचे थे । बता दें कि चार दिवसीय छठ पर्व की शुरुआत 17 नवंबर को नहाय-खाय के साथ हुई थी। उदयगामी सूर्य को अर्घ्य देने वाली व्रतियों ने नाक से लेकर माथे तक सिंदूर लगाया और भगवान भास्कर से अपने सुहाग की लंबी उम्र की कामना के साथ छठ महापर्व का पारण किया।



## उगते सूर्य को अर्घ्य देने के साथ सम्पन्न हुआ छठ पर्व



**अमेठी अवधनामा संवाददाता।** लोक आस्था व प्रकृति पूजा का महापर्व छठ सोमवार को उगते सूर्य को अर्घ्य देने के साथ संपन्न हुआ। जिले के विभिन्न स्थलों पर बनाए गए छठ घाटों पर बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने पहुंचकर सहभागिता निभाई। छठ व्रतियों ने विधि विधान से पूजन अर्चन कर उदीयमान भगवान सूर्य को अर्घ्य देकर व्रत संपन्न किया। इसके बाद व्रतियों ने पारण किया घाट पर श्रद्धालुओं को ठेकुआ आदि के प्रसाद बांटे गये। घाटों पर छठ गीत बज रहे थे। छठ की घटा काफी मनोरम लग रही थी। नगर अमेठी में मुंशीगंज रोड पर फायर स्टेशन के पास छठ घाट बनाया गया था। यहां किरन देवी पूनम सिह गिरजा सिह मंजू सिह लता सिह श्रेया सिह गुड़िया पाण्डेय सोनी पुष्पा अनिता नीलम आदि दर्जनों महिलाओं ने पूजन कर अर्घ्य दिया। वहीं कालिकन धाम सगरा में तारापुर निवासी गुड़िया चंदा सहित दर्जनों व्रतियों ने पूजन अर्घ्य दिया। जिला मुख्यालय गौरीगंज स्थित लोदी बाबा धाम पर छठ की घूम रही यहां भी व्रतियों ने पूजन अर्चन कर उगते सूर्य को अर्घ्य दिया। पूर्वांचल और बिहार का प्रमुख त्योहार उत्तर भारत में भी मनाया जा रहा है नौकरी पेशा के कारण कई परिवार पूर्वांचल और बिहार के यहां रहने लगे है साथ ही शादी विवाह के कारण कुछ महिलाये अपने मायके के अनुरूप छठ पर्व को यहां मना रही है। धीरे धीरे छठ पर्व की लोकप्रियता यहां भी बढ़ती जा रही है। शुक्रवार से छठ पूजा का महापर्व शुरू हुआ है। यह त्योहार 4 दिन तक मनाया जाता है। पहले दिन नहाय-खाए दूसरे दिन खरना और तीसरे दिन डूबते हुए सूर्य की पूजा और अर्घ्य चौथे दिन उगते हुए सूर्य को अर्घ्य देते हैं।

## रगड़गंज घाट पर लोगों ने में कराया भंडारा

छठ पर्व के अंतिम दिन रगडगंज घाट पर सामूदायिक स्वास्थ केंद्र मोतीचक के प्रभारी चिकित्सा अधिकारी डॉ राजेश मद्धेशिया, कुसम्हा के पूर्व ग्राम प्रधान रामा जैसवाल, राकेश कुमार मद्धेशिया, राकेश कुमार यादव, जगदीश जासवाल, विनोद, विनीत सिंह, रिंकू जायसवाल, रंजीत सिंह, राहुल, रतनजित, सुधीर मद्धेशिया, चंदन मद्धेशिया, रामप्रसाद शर्मा, महावीर केशरी, टीपू शास्त्री, अरुण केशरी, संदीप गुप्ता के साथ गांव के सभी नवयुवक ने छठ घाट पर वर्ती महिलाओं एवं अन्य लोगों को भंडारा कराया।

## डॉ यशपाल एक चिकित्सक ही नहीं समाज सुधारक भी थे: अतुल सिंह



अवधनामा संवाददाता

**कप्तानगंज, कुशीनगर।** सोमवार को स्व. यशपाल सिंह की तीसरी पुण्यतिथि व गरीबों को कंबल वितरण कार्यक्रम सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि प्रदेश में दर्जा प्राप्त मंत्री अतुल सिंह रहे।

उन्होंने डॉ यशपाल सिंह के चित्र पर पुष्पार्चन कर किया। उन्होंने इस मौके पर डॉ यशपाल को याद करते हुए कहा कि डॉ साहब एक चिकित्सक ही नहीं अपितु एक समाज सुधारक रहे। वे समय समय पर गरीबों की मदद के लिए आगे आए। उन्होंने कहा कि डा भगवान का रूप होता है। वह मर्ज के अलावा उसके दर्द को भी समझता है। उनमें से एक थे यशपाल जी थे। इस मौके पर स्व यशपाल सिंह के ज्येष्ठ पुत्र रुद्रप्रताप, डॉ बी पी सिंह, डॉ आलोक सिंह ने भी अपने विचार व्यक्त किया। इसके बाद मुख्य अतिथि ने पत्रकारों को अंग वस्त्र भेट किया तदोपरांत सैकडों गरीबों को कंबल वितरण किया। कार्यक्रम का संचालन पत्रकार बेचू बीए ने किया। इस मौके पर अनुपम सिंह, सुदर्शन राव, पल्लवी, रीता सिंह, सत्यप्रकाश पांडेय, सोनू खेतान नगर पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि, दिनेश, बबलू सिंह, अभयानंद, पिंटू सहित काफी संख्या में लोग मौजूद रहे।

## उगते सूर्य को अर्घ्य देकर छठ का हुआ समापन

अवधनामा संवाददाता



**गोरखपुर।** सूर्य देव की उपासना का महापर्व छठ अत्यंत धूमधाम के साथ मनाया गया। उगते हुए सूर्य देव को अर्घ्य देने के साथ ही 36 घंटे व्रत रख कर महिलाओं ने पूजा अनुष्ठान सम्पन्न किया। इस दौरान यहां के राजघाट राप्ती नदी के रामघाट, गोरखनाथ घाट व मानसरोवर, गोरखनाथ मंदिर के भीम सरोवर समेत तारामंडल, मीरपुर राप्ती नदी सहित सभी धाटो पर व्रतियों के अलावा हज़ारों की संख्या में श्रद्धालुओं की भीड़ जुटी रही। सभी तालाबों नदियों पर मेले सा नजारा नज़र आ रहा था।

चारों तरफ श्रद्धा और भक्ति मय माहौल नजर आ रहा था। घाटो पर महिलाएं परंपरा के अनुसार व्रती, श्रद्धालु पैदल चलते हुए नंगे पैर तालाब घाटों पर पहुंचने लगी थी। आपको बतादे की छठ पर्व पर सूरज को अर्घ्य देकर सुख समृद्धि की कामना की जाती है। छठ का ये पर्व संतान की सुख समृद्धि, अच्छे सौभाग्य और सुखी जीवन के लिए रखा जाता है साथ ही यह व्रत पति की लंबी उम्र की कामना के लिए भी रखा जाता है ऐसी मान्यता है कि सूर्य देव की पूजा करने से तेज, आरोग्यता और आत्मविशवास की प्राप्ति होती है दरअसल, ज्योतिष शास्त्र के अनुसार, सूर्य ग्रह को पिता, पूर्वज, सम्मान का कारक माना जाता है साथ ही छठी माता की अराधना से संतान और सुखी जीवन की प्राप्ति होती है. इस पर्व की सबसे बड़ी विशेषता है कि यह पर्व पवित्रता का प्रतीक है। सभी तालाबों नदियों पर मेले की तरह नजर आ रहा था जहां चारों तरफ श्रद्धा और भक्ति मय सागर नजर आ रहा था। महापर्व छठ पूजा के अवसर पर तालाब घाटों में उगते हुए सूर्य देव को अर्घ्य देने के लिए भोर में 3 बजे से ही तलाब नदी के घाटों में श्रद्धालुओं की भीड़ लगने लगी थी जहां कोसी भरने के लिए रात भर नदी तट पर जमी रहीं महिलाओं के लिए सुरक्षा व्यवस्था का पुख्ता इंतजाम किया गया था। एनडीआरएफ और एसडीआरएफ गोताखोर पुलिस के जवान बराबर नदी और धाटो पर निगरानी बनाए रहे इस दौरान एडीजी जोन अखिल कुमार आईजी रेंज जे रविंद्र गौड़, मंडलायुक्त अनिल ढींगरा जिला अधिकारी कृष्ण करुणेश वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक डॉक्टर गौरव ग्रोवर नगर आयुआयूक्त गौरव सिंह सोगरवाल जीडीए उपाध्यक्ष आनंद वर्धन पुलिस अधीक्षक नगर कृष्ण बिश्नोई अपर आयुक्त दुर्गेश मिश्रा निरंकार सिंह शिवपूजन यादव एसपी दक्षिणी अरुण कुमार सिंह एसपी उत्तरी मनोज कुमार अवस्थी लगे रहे।

## संतराज बने देवरिया के प्रभारी, लोगों ने दी बधाई



**गोरखपुर।** उत्तर प्रदेश सहकारी ग्राम्य विकास बैंक के सभापति संतराज यादव को भाजपा ने जिला देवरिया का प्रभारी बनाया है। आपको बता दें की इससे पहले वे आजमगढ़ जनपद के प्रभारी के रूप में पार्टी का कार्य देख रहे थे। उन्हें जिला देवरिया का प्रभारी बनाए जाने पर क्षेत्रीय विधायक महेंद्र पाल सिंह ने कहा कि संतराज यादव को देवरिया जिला का प्रभारी बनाए जाने पर पार्टी को काफी बल मिलेगा। उनके अनुभव पार्टी कार्यकर्ताओं के लिए काफी अहम साबित होंगे। देवरिया जनपद के प्रभारी बनाए जाने पर सभापति संतराज यादव को दर्जा प्राप्त मंत्री राधेश्याम सिंह, सांसद प्रतिनिधि कपिल पति त्रिपाठी, ब्लाक प्रमुख प्रतिनिधि राघवेंद्र प्रताप सिंह, मंडल अध्यक्ष जीतन सिंह, दिनेश दुबे, अजय सिंह उर्फ गुड्डू , नरेंद्र सिंह, भास्कर दत्त पांडेय, भानू प्रताप सिंह, विजेंद्र जायसवाल, रामभोग सिंह, अभिषेक मद्धेशिया आदि लोगों ने बधाई दी है।

## सांस्कृतिक संगम सलेमपुर के गायकों की भजनों पर झूमते रहे श्रद्धालु



**कप्तानगंज, कुशीनगर अवधनामा संवाददाता।** बोदरवार छठ काली मंदिर परिसर व छठ घाट पर सलेमपुर की सांस्कृतिक संगम के कलाकारों के भजनों पर श्रद्धालु देर रात तक थिरकते रहे। विधायक प्रतिनिधि तथा जेपी इण्टर कालेज कप्तानगंज के प्रधानाचार्य श्रीराम प्रसाद ने मंच का फीता काटकर कार्यक्रम का शुभारम्भ किया जबकि संचालन अवधेश गिरी ने किया। रविवार शाम डूबते सूर्य को अर्घ देने छ्ठ घाट पर पहुंची श्रद्धालुओं की भारी भीड़ को देखते हुए ग्राम सभा सुधियानी शेखपुरवां मेहड़ा भलुही असना महुई बनकटा डोमबरवां आदि गांव में ग्राम सभा की ओर से छ्ठ की बेदी का रंग रोगन तथा साफ सफाई का बेहतर इंतजाम किया गया था। बोदरवार ग्राम सभा के प्रधान राजकमल मद्धेशिया ने व्रती महिलाओं के आने जाने के लिए रास्ते में प्रकाश की व्यवस्था किया था। सुरक्षा के मद्देनजर पीआरबी तथा बोदरवार पुलिस चौकी की पुलिस किसी अनहोनी निपटने के लिए चौकी प्रभारी रणजीत सिंह बघेल के नेतृत्व में पूरी रात तैनात रही। सांस्कृतिक संगम सलेमपुर के भजन गायक आरडी शर्मा सीमा भारती तथा देवरिया से आई रवीना गोंड के भजनों पर श्रद्धालु देर रात तक थिरकते रहे। गजबे कईल भोला रे माई भंगिया पी पी के, गायिका सीमा के भजन युग युग रखिअ ख्याल ए छठी मइयां हरदम दिहअ आशीर्वाद ए छठी मैया, रवीना गोंड के गाए भोजपुरी पचरा गीत मन भायें संइया जी चुनरिया गोटेदार संइया ले ले अइहं जातअ बाड़अ कुशीनगर बाजार संइया ले ले अइहं, पर श्रोता देर रात तक थिरकते रहे।

## क्रिकेट प्रेमियों में निराशा

**अमेठी।** वर्ल्ड कप जीतने का सपना अधूरा रह गया जिससे क्रिकेट प्रेमी निराश हुए टीम के निराशाजनक प्रदर्शन ने लोगों को मायूस किया। जनपद में क्रिकेट विश्व कप के फाइनल मैच को लेकर रविवार को क्रिकेट प्रेमियों में खासा उत्साह रहा। लेकिन ज्यों ज्यों भारतीय टीम के बल्लेबाज ताश के पत्ते की तरह बिखरते गए और आशाजनक स्कोर नहीं पूरा होने पर लोगों में मायूसी नजर आई। उसके बाद भारतीय गेंदबाजों पर सारा दारोमदार टिक गया। शुरुआत के दौर में एक विकेट मोहम्मद शमी ने झटका तो दो विकेट जसप्रीत बुमराह को मिले इससे लोगों में कुछ आशा दिखाई पड़ी। लेकिन उसके बाद ऑस्ट्रेलिया की टीम मैदान में मजबूती से डट गई और 42 ओवर तक कोई विकेट नहीं गिरा क्रिकेट प्रेमी मायूस हो गए और ऑस्ट्रेलिया का चौथा विकेट 43 वे ओवर में गिरा। भारतीय टीम विश्व चैंपियन बनने से रह गई। इस हार के बाद तमाम कयास लगाए जाने लगे कुछ लोगों का मत रहा कि जिस पिच पर यह मैच हुआ वह बल्लेबाजी के दृष्टिकोण से उचित नहीं थी।

## एक मुश्त समाधान योजना जल्दी आयें ज्यादा लाभ पाये

अवधनामा संवाददाता



**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा विद्युत उपभोक्ताओं के लिए जल्दी आयें, ज्यादा लाभ पाये एक मुश्त समाधान योजना (ओटीएस) दिनांक 08.10.2023 से लागू की गई है। समस्त विद्युत भार के एल0एम0वी0-1 (घरेलू), एल0एम0वी0-2 (वाणिज्यिक), एल0एम0वी0-4बी (निजी संस्थान), एल0एम0वी0-5 (निजी नलकूप) एवं एल0एम0वी0-6 (औद्योगिक) श्रेणी के विद्युत उपभोक्ता विलम्बित भुगतान अधिभार में छूट हेतु एक मुश्त समाधान योजना दिनांक 08 नवम्बर, 2023 से 31 दिसम्बर, 2023 तक तीन खण्डों / अवधि में आच्छादित होगें। योजना के मुख्य बिन्दु निम्नवत् है

योजना की अवधि यह योजना दिनांक 08 नवम्बर, 2023 से 31 दिसम्बर, 2023 तक तीन खण्डों / अवधि में लागू रहेगी। **योजना की प्रक्रिया** - योजना का लाभ लेने के लिए निजी नलकूप के उपभोक्तओं को दिनांक 31 मार्च, 2023 तक के अपने मूल बताये का 30 प्रतिशत पंजीकरण राशि एवं अन्य सभी उपभोक्ताओं को दिनांक 31 अक्टूबर, 2023 तक के अपने मूल बकाये का 30 प्रतिशत पंजीकरण राशि के रूप में जमा करनी होगी, जिसके उपरान्त ही वह छूट हेतु अर्ह होंगे। उपभोक्ता अपना पंजीकरण uppcl.org वेबसाईट के माध्यम से स्वयं कर सकते है जिस पर छूट सम्बन्धी सभी सूचनाएं ऑनलाईन प्रदर्शित होगीं। इसके अतिरिक्त उपभोक्ता किसी भी विभागीय खण्ड /उपखण्ड कार्यालय अथवा किसी भी विभागीय कैश काउन्टर में जाकर पंजीकरण करा सकते हैं व छूट सम्बन्धी सूचना प्राप्त कर सकते हैं। पंजीकरण के समय ही उपभोक्ता अपने शेष बकाये को एक साथ अथवा किश्तों में जमा करने के विकल्प का चयन कर भुगतान कर सकता है। (3) पंजीकरण उपरान्त उपभोक्ता किसी भी विभागीय खण्ड /उपखण्ड कार्यालय, जनसेवा केन्द्र, विद्युत सखी, मीटर रीडर अथवा किसी भी विभागीय कैश काउन्टर के माध्यम से अथवा up-pcl.org वेबसाईट पर जाकर भुगतान कर सकते है। 30 नवम्बर 2023 तक अर्थात योजना की प्रथम अवधि में पंजीकरण करने वाले व्यक्ति को अधिकतम लाभ प्राप्त होगा। अतः उपभोक्ताओं को 30 नवम्बर तक पंजीकरण हेतु प्रेरित किया जाए। जिन उपभोक्ताओं के विरूद्ध आर0सी0 निर्गत है उनको भी इस योजना का लाभ मिलेगा। III. विद्युत चोरी के प्रकरणो में जुर्मानें में छूट हेतु योजना के अन्तर्गत चोरी के प्रकरणों में सम्मिलित व्यक्तियों को एकमुश्त अथवा किश्तों के माध्यम से अपने राजस्व निर्धारण की राशि पर छूट का अवसर निम्नानुसार प्रदान किया जा रहा है। पंजीकरण हेतु राजस्व निर्धारण का 10 प्रतिशत जमा करना होगा तथा शेष देय निर्धारण राशि को एक साथ जमा करने अथवा किश्तों में जमा करने के विकल्प का चयन कर सकेगा। 30 नवम्बर 2023 तक पंजीकरण राशि (10 प्रतिशत) जमा करने वाले व्यक्ति को अधिकतम लाभ प्राप्त होगा। पंजीकरण राशि, शेष राजस्व निर्धारण राशि तथा शमन शुल्क का भुगतान विभागीय वेबसाईट uppcl.org से रेड पोर्टल पर अथवा किसी भी विभागीय कैश काउन्टर पर किया जा सकता है। जिसको खण्ड /उपखण्ड द्वारा रेड पोर्टल पर समायोजित किया जायेगा।

## भागवत कथा हृदय को जागृत कर मुक्ति का मार्ग दिखाता है: गुप्तेश्वर पाण्डेय

अवधनामा संवाददाता



**सलेमपुर।** सलेमपुर के दोघड़ा में श्रीमद्भागवत कथा के प्रथम दिवस पर बिहार सरकार के पूर्व डीजीपी जगद्गुरु रामानुजाचार्य आचार्य श्री गुप्तेश्वर जी महाराज ने कहा कि संसार से जब तक मन टूटेगा नही तब तक ईश्वर से जुटेगा नही। पहले दिन भागवत कथा का महत्व बताते हुए जगद्गुरु गुप्तेश्वर जी महाराज ने कहा कि मृत्यु को जानने से मृत्यु का भय मन से मिट जाता है, जिस प्रकार परीक्षित ने भागवत कथा का श्रवण कर अभय को प्राप्त किया, वैसे ही भागवत जीव को अभय बना देती है। उन्होंने कहा कि श्रीमद्भागवत कथा परमात्मा का अक्षर स्वरूप है। यह परमहंसों की संहिता है, भागवत कथा हृदय को जागृत कर मुक्ति का मार्ग दिखाता है।

उन्होंने बताया कि सनातन धर्म हमेशा से है और हमेशा रहेगा।धर्म को समझना हो तो श्रीराम आदर्श को अपना लें तो धर्म का पालन हो जाएगा। क्योंकि धर्म के सारे लक्षण भगवान के चरित्र में समाहित हैं। श्रीमद्भागवत कथा के श्रवण मात्र से ही मानव जीवन धन्य हो जाता है तथा मनुष्य जीवन के सारे दुखों का नाश हो जाता है। उसे हर स्थिति में एक समान रहने की सीख मिलती है। अगर श्रद्धा और विश्वास के साथ भागवत कथा का श्रवण करें तो जीवन सुखमय हो जाता है। साथ ही मोक्ष कि प्राप्ति होती है। भागवत कथा सुनने से राजा परीक्षित को मोक्ष की प्राप्ति हुई थी। सांसारिक बंधन में जितना बंधोगे, उतना ही पाप के नजदीक पहुंचेगा, इसलिए सांसारिक बंधन से मुक्त होकर परमात्मा की शरण में जाओ तभी जीवन रूपी नैय्या पार होगी। श्रीमद् भागवत कथा का श्रवण मनुष्य जीवन को सार्थक बनाती है।

## मृतक सेना के जवान के घर पहुंचे सांसद देवरिया

अवधनामा संवाददाता

**तरकुलवा देवरिया।** जनपद देवरिया अंतर्गत थाना तरकुलवा के ग्राम सभा भरौटा निवासी प्रदीप यादव पुत्र कन्हैया यादव सेना में जवान थे। दीपावली की छुट्टी मनाने घर आए हुए थे की एक सड़क हादसे में उनकी मृत्यु हो गई। स्वर्गीय प्रदीप यादव के घर देवरिया सांसद रमापति राम त्रिपाठी उनके घर पहुंचे तथा उनके छोटे भाई अखिलेश यादव और मृतक के पिता कन्हैया यादव से स्वर्गीय प्रदीप के बारे में जानकारी लिए तथा उनकी पत्नी और बच्चों से भी मिलकर के उन्हें शांतवना प्रदान किये। संसद के साथ जनप्रतिनिधि के रूप में धीरज मिश्रा, विजय कुशवाहा, पवन पाठक,मनोज यादव, रविंद्र राय, सर्वजीत चौहान आदि लोग स्वर्गीय प्रदीप के यहां पहुंचे हुए थे। देवरिया सांसद रमापति राम त्रिपाठी ने आश्वासन दिया कि मैं मृतक के परिवार के लिए सरकार से गैस एजेंसी या पेट्रोल पंप के लिए निश्चित ही प्रस्ताव भेज करके सरकारी सहयोग कराऊंगा।

अवधनामा



# कलयुगी बेटे की तरफ से फर्जी मुकदमे के खिलाफ योगी से लगाएंगे गुहार

**अवधनामा संवाददाता**

**सुल्तानपुर,मोतीगरपुर।** रिश्तों को कलंकित करने का अजीबोगरीब प्रकरण सामने आया है।कलयुगी बेटे से तंग आकर घर बार छोड़ वृद्ध पिता छोटे बेटे के ससुराल में रहने लगा, फिर भी वृद्ध पिता व अन्य के खिलाफ जालसाजी और साजिश का मुकदमा दर्ज कर दिया।फिलहाल पिता ने कलयुगी बेटे से अपने अंतिम संस्कार का अधिकार छीन लिया है। पिता का कहना है कि वे डीएम एसपी व सीएम योगी के जनता दर्शन में जाकर न्याय मांगेंगे।यदि न्याय नहीं मिला तो अपना प्राण त्याग देंगे।

पूरा मामला जिले के मोतिगरपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत गौरा गांव से जुड़ा हुआ है। जहां पर राम चरित्र पांडे ने अपने बेटे अरुण पांडेय को रोजगार देने के लिए 2 वर्ष पूर्व शैक्षिक सेवानिवृत्ति ले ली और अपने स्थान पर उसे लगा दिया। वह एक इंटर कॉलेज में लिपिक के पद पर तैनात थे। इस पर भी बेटा संतुष्ट नहीं हुआ तो उसकी पत्नी के नाम जमीन का बैनामा कर दिया। इसके बाद बेटे अरुण ने पिता रामचरित्र का जीना मुहाल कर दिया। जिसे आजिज आकर रामचरित्र ने गांव छोड़ दिया



और छोटे बेटे अरविंद पांडे की ससुराल शमौली कम्मरपुर थाना करौंदीकला में जाकर रहने लगा। इसके बाद भी कलयुगी बेटे अरुण पांडे ने अपने पिता रामचरित्र और छोटे भाई अरविंद के साथ उसकी पत्नी किरण पांडे पर मुकदमा दर्ज करा दिया। इसके साथ ही दबाव बनाने के लिए पूर्व मंत्री जय नारायण तिवारी के बेटे डॉक्टर मुकेश तिवारी को भी मुकदमे में अभियुक्त बना दिया है। लगातार प्रताड़ना से तंग आकर पिता ने अंतिम संस्कार का अधिकार छीन लिया है। कहा कि वह मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के जनता दरबार में जाकर न्याय मांगेंगे। डीएम एसपी के दरबार में न्याय की फरियाद करेंगे। इस पर भी न्याय नहीं मिला तो वह अपना प्राण दे देंगे। यह पूरा प्रकरण क्षेत्र में चर्चा का विषय बना हुआ है। वृद्ध राम चरित्र का कहना है कि मेरे बड़े बेटे ने मुझे बहुत प्रताड़ित किया। जिससे परेशान होकर हम अपने छोटे बेटे के ससुराल में आकर रह रहे हैं। मेरे ऊपर मेरे बड़े बेटे ने मुकदमा दर्ज कर दिया है। मेरी इच्छा है कि मेरे मरने के बाद वह मेरी अंत्येष्टि के कार्यक्रम में शामिल न हो। मेरे और पूर्व मंत्री जय नारायण तिवारी के बेटे पर मुकदमा दर्ज कर के मेरे ऊपर दबाव बनाया जा रहा है कि जैसा मैं कहूं वैसा आप करिए। मैंने अपने बड़े बेटे की पत्नी के नाम जो जमीन दिया है उसको वापस कराया जाय।एसपी सोमेन वर्मा ने बताया कि करीब डेढ़ वर्ष बाद अदालत के आदेश पर मुकदमा दर्ज किया गया है। पूरे मामले को संजीदगी से देखा जाएगा।

# 21 को आईटीआई में आयोजित होगा बृहद रोज़गार मेला

**अवधनामा संवाददाता**

**बहराइच।** प्रदेश के अधिक से अधिक युवाओं को रोजगार से जोड़ने के उद्देश्य से जिला सेवायोजन कार्यालय, राजकीय आईटीआई तथा कौशल विकास मिशन बहराइच के संयुक्त तत्वावधान में राजकीय आईटीआई परिसर निकट चौपाल सागर नानपारा रोड बहराइच में 21 नवम्बर 2023 को प्रातः 10:00 बजे से एक दिवसीय बृहद रोज़गार मेले का आयोजन किया जा रहा है। जिसमें स्थानीय नियोजको के साथ-साथ 20 से अधिक निजी क्षेत्र के प्रतिष्ठित नियोजकों/कम्पनियों द्वारा रोजगार प्रदान किये जाने हेतु प्रतिभाग किया जा रहा है। यह जानकारी देते हुए जिला सेवायोजन अधिकारी संजय कुमार ने बताया कि रोज़गार मेले में स्थानीय नियोजक के रूप में एस.के. इंजीनियरिंग, अवध साल्वेक्स एवं विश्वनाथ फूड प्रा.लि., यूनिक इण्टर प्राइजेज, एनआईसी एशिया कम्पनी के साथ-साथ टाटा मोटर्स, रिलायन्स ट्रेंड, सैमसंग मोबाइल, अशोक लीलैण्ड प्रा. लि., लाईबेरियम ग्लोबल रिसोर्स प्रा. लि., एजाकी प्रा.लि., डिक्शन टेक्नालाजिज, लावा इण्टर नेशलन, पगेट टेक्नालाजी, अप्टोस्किल प्रा.लि., ब्राइट फ्यूचर आर्गेनिक हर्बल एवं आयुर्वेदिक प्रा.लि., पशुपति नाथ, पीपल ट्री, हाइटेक इम्पलाई मैनेजमेन्ट सर्विस, धनवर्षा बायोप्लांटेक, एल.आई.सी. पुखराज हेल्थ केयर व टोरेन्स प्रा.लि. द्वारा अभ्यर्थियों की योग्यता के अनुसार अनुकूल पदों पर उचित वेतनमान पर साक्षात्कार के माध्यम से चयन किया जायेगा।

## पूर्वदशम् छात्रवृत्ति के लिए आवेदन की अन्तिम तिथि 08 दिसम्बर

**बहराइच।** जिला पिछड़ा वर्ग कल्याण अधिकारी राजन कुमार ने बताया कि उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा वित्तीय वर्ष 2023-24 में शिक्षण संस्थाओं में अध्ययनरत पिछड़े वर्ग (अल्पसंख्यक पिछड़े वर्ग को छोड़कर) के छात्र/छात्राओं हेतु संचालित पूर्वदशम छात्रवृत्ति योजना हेतु शासन द्वारा जारी समयसारिणी के अनुसार डात्र-छात्राओं द्वारा आनलाइन आवेदन करने की अन्तिम तिथि 08 दिसम्बर 2023 निर्धारित की गई है। श्री कुमार ने बताया कि निर्गत समयसारिणी के अनुसार जिला विद्यालय निरीक्षक द्वारा सत्यापन की कार्यवाही 05 दिसम्बर तथा विद्यालय द्वारा आवेदन पत्र को ऑनलाइन सत्यापित एवं अग्रसारित करने की कार्यवाही 15 दिसम्बर 2023 तक पूर्ण की जानी है।

# पूर्व जिला पंचायत सदस्य ने किया रुकमणी मेले का आयोजन

**अवधनामा संवाददाता**

**जयसिंहपुर, सुल्तानपुर।** रुकमणी मेले के भब्य आयोजन में लगे धर्मेन्द्र सिंह तहसील क्षेत्र मे महमूदपुर सलाहपुर में दीपावली के पाचवे दिन पंचमी तिथि को लगने वाला दो दिवसीय ऐतिहासिक मेले की 17 नवम्बर से सुरुआत हो गयी है। मेला समिति ने तैयारियां पुरी कर ली है। वही दूर दराज वा गैर जनपद से आए ब्यापारियो ने दुकानें सजा ली है।मिली जानकारी के मुताबिक लगभग 300 वर्ष पूर्व धर्मेन्द्र सिंह निर्वतमान जिला पंचायत सदस्य के पूर्वज ने मेले की शुरुआत करायी थी।जो आजतक परमपरागत तरीके से चलता चला आ रहा है। मेले में दीपावली के तीसरे दिन



माड़व छाया जाता है, व चौथे दिन भत्तवान की ब्यवस्था रहती है। जिसमें साधु संत स्थानीय लोग वा दुकानदार भोजन करते हैं। पंचमी के दिन भी भोजन की ब्यवस्था रहती है। मेले में किसी दुकानदार से कोई बैठकी या शुल्क नहीं लिया जाता है।मेले की ब्यवस्था का सारा खर्चा धर्मेन्द्र सिंह पूर्व जिला पचांयत सदस्य निर्वाहन करते हैं। मेले में पूरे ग्राम सभा के लोग तन मन से लगे रहते हैं। मेले में पहलें दिन स्थानीय बिधायक राजबाबू, एडीशनल एसपी बिपुल श्रीवास्तव,कोतवाल प्रेमचन्द सिंह, चौकी इंचार्ज सेमरी संजय राय को मेला ब्यस्थापक धर्मेन्द्र सिंह ने राम मन्दिर एवं अंगवस्त्र दे कर सम्मानित किया। इस अवसर पर हीरा सिंह बड़ेबाबु, जगदम्बा सिंह, बीरेंद्र दूबे प्रधान, चुन्ने दूबे, सत्यदेव सिंह ,सूर्यलाल पान्डेय, महेश सिंह, नन्दे सिंह, रामेश दूबे ,रामप्रसाद सिंह, ह्दयराम राम यादव ,पंकज सिंह प्रधान, भिल्लर कहार, सचिन यादव, शुभम सिंह ,राजेन्द्र सिंह, बब्लू सिंह ,कपिल सिंह, जयराम पाल नन्दू अग्रहरि आदि सैकड़ों की संख्या में कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## संक्षिप्त समाचार

### बिनियमित क्षेत्र का कर्यालय बाबू विहीन

**सुल्तानपुर।** विनायमित क्षेत्र में महीनों से बाबू की कुर्सी खाली चल रही है। अभिजीत सिंह अब कार्यभार देखेंगे। वे वीआईपी के साथ साथ विनायमित क्षेत्र का भी कार्यभार देखेगे।वही सुरेश कुमार जे आर के के साथ साथ अतिरिक्त मजिस्ट्रेट के पेशकार के पद पर संबद्ध किए गए हैं। रवि शंकर दुबे वीआईपी के साथ ई डिस्टिक का भी कार्यभार देखेंगे।

### पूर्व विधायक सहित 6 को कोर्ट से मिली क्लीन चिट

**सुल्तानपुर।** पूर्व विधायक चंद्रभद्र सिंह सोनू समेत 6 लोगों को जालसाजी व धोखाधड़ी के आरोप में दर्ज एफआईआर में क्लीन चिट मिल गई है।बीते 25 जून 2022 को मायंग ग्राम प्रधान रामदेव निषाद ने पूर्व विधायक चंद्रभद्र सिंह सोनू समेत अन्य के खिलाफ 419,420 में मुकदमा दर्ज करवाया था।मौजूदा समय ग्राम प्रधान रामदेव निषाद के खिलाफ 15 बीडीसी सदस्यों द्वारा अविश्वास प्रस्ताव लाया गया है।22 नवम्बर 2023 को फिर से मायंग गाँव के पंचायत भवन में नया ग्राम प्रधान चुनने के लिए मतदान होगा।धनपतगज थाने में मुकदमा दर्ज करवाया गया था।पूर्व विधायक चंद्रभद्र सिंह सोनू का पैतृक गांव मायंग है।

### कादीपुर पुलिस पर अपराधियों को संरक्षण देने का आरोप

**कादीपुर, सुल्तानपुर।** हिस्ट्रीशीटर व बलवाइयों की शरणदाता कादीपुर पुलिस बन गई तो पीड़ित ने कोर्ट का दरवाजा खटखटाया है।कोर्ट के आदेश पर हिस्ट्रीशीटर समेत 200 लोगों पर एफआईआर दर्ज करने का आदेश हुआ है। लाठी-डंडे से पीड़ित को पीटने व फायर झोकने का मामला है। जेसीबी से मकान व गौशाला तोड़ने व सामान उठा ले जाने का भी आरोप है। चार माह पुराने मामले में कोर्ट ने केस दर्जकर 30 नवंबर तक रिपोर्ट मांगी है।कादीपुर कोतवाली के अल्देमऊ का मामला बताया जाता है।

### महामहिम राज्यपाल आनंदी बेन पटेल ने दिया क्षेत्र के किसान को सम्मान



**बल्दीराय, सुलतानपुर।** तहसील के नंदौली ग्रामसभा के किसान जमील अहमद ने दीपावली पर मिलन समारोह की कड़ी में मिलेट, माल्टिग्रेन आटा, और देशी गुड़ महामहिम को दिवाली पर भेंट किया। मोटे अनाजों के कॉम्बिनेशन, से महामहिम बहुत प्रभावित हुई हैं। सबसे पहले उन्होंने किसान से फ्लोर मिल का हाल चाल पूछा,कहा मोटे अनाजों के सेवन से हाजमा अच्छा रहता है। किसान कम लागत में इसकी खेती कर सकता है। वैसे तो जमील महामहिम से कई बार मुलाकात कर चुके हैं। उन्होंने बताया मैं जब भी मिलता हूं,एक नई ऊर्जा मिल जाती है अब दुबारा जाऊंगा तो कुछ और नई चीज खेत से तैयार करके ले जाऊंगा। हमारे सहयोगी किसान बहुत प्रसन्न हैं। मैं सरकार का धन्यवाद करता हूं की एक किसान को प्रदेश का गवर्नर नाम ग्राम जिले और चेहरे से भली भांति परिचित हैं। समय समय पर दर्शन का मौका देती हैं। किसानों का दुख दर्द पूछती हैं।

### नोडल अधिकारी का आगमन 21 नवम्बर को

**बहराइच।** विकसित भारत संकल्प यात्रा के आयोजन के सम्बन्ध में नामित नोडल अधिकारी महेन्द्र कुमार गुप्ता, संयुक्त सचिव, भारत सरकार का 21 नवम्बर 2023 को जनपद भ्रमण का कार्यक्रम प्रस्तावित है। नोडल अधिकारी श्री गुप्ता अपरान्ह 02:30 बजे बहराइच पहुंचकर ग्रामीण व शहरी क्षेत्रों का भ्रमण करेंगे तथा विकास खण्ड रिसिया के ग्राम बंगलाचक में 'सेवा से संतृप्तिकरण अभियान' की तर्ज पर आयोजित शिविर में प्रतिभाग करेंगे। यह जानकारी देते हुए जिलाधिकारी मोनिका रानी ने बताया कि नोडल अधिकारी सांय 07:00 बजे लखनऊ के लिए प्रस्थान कर जायेंगे।

### उड़नदस्ता कार्यवाही में कई वन मफियाओं पर गाज

**कादीपुर,सुलतानपुर।** डीएफओ आरके त्रपाठी के निर्देश पर वन विभाग उड़नदस्ता टीम ने कादीपुर रेंज के कई वन माफियाओं पर ताबडतोड़ कार्यवाही करते हुए धर दबोचा।मौके पर उड़नदस्ता टीम ने भारी मात्रा में अवैध लकडियां व वन माफियाओं को गिरफ्त में लेते हुए वन अधिनियम के अंतर्गत कार्यवाही करते हुए भारी जुर्माना करते हुए पकडी गई लकडी व ट्रैक्टर ट्राली भी जब्त कर लिया।सूत्रों की माने तो कादीपुर रेंज में लगातार अवैध कटान की शिकायत मिल रही थी।जिसका संज्ञान डीएफओ आरके त्रिपाठी ने गंभीरता से लेते हुए उड़नदस्ता टीम को कार्यवाई के लिए निर्देशित किया।सोमवार को प्रातः ही टीम कादीपुर रेंज पहुंचकर टोह लेती रही।सूचना सही मिलने पर टीम ने ताबड़तोड़ छापे की कार्वाही करते हुए कईयों को धर दबोचा।

# मतदाता पुनरीक्षण कार्य की जिलाधिकारी ने की समीक्षा

**अवधनामा संवाददाता**

**बहराइच।** भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार जनपद में संचालित विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्य की समीक्षा के लिए कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित बैठक की अध्यक्षता करते हुए जिलाधिकारी मोनिका रानी ने समस्त उप जिलाधिकारियों को निर्देश दिया कि मतदान केन्द्रों का निरीक्षण कर मूलभूत सुविधाओं का जायज़ा लेते हुए सभी मतदान केन्द्रों पर पेयजल, रैम्प, प्रकाश, शौचालय, मतदान केन्द्र की भौतिक स्थिति, पहुँच मार्गो इत्यादि का भौतिक सत्यापन करें तथा जो कमियॉ पायी जायें उन्हें समय रहते दुर करा दें ताकि आसन्न लोकसभा सामान्य निर्वाचन-2024 के समय किसी प्रकार की असुविधा न हो। डीएम ने एसडीएम को निर्देश दिया कि ई.पी. रेशियों व जेण्डर रेशियों को



मानक के अनुसार लाये जाने हेतु अधिकाधिक युवाओं विशेषकर महिलाओं के प्रपत्र 6 को भरवाया जाय। डीएम द्वारा सभी उप जिलाधिकारियों को यह भी निर्देश दिया गया कि पुनरीक्षण कार्य के दौरान ऐसे मतदान केन्द्रों जहॉ की सूची का जेण्डर रेशियों मानक से कम है, विशेष प्रयास कर जेण्डर रेशियों को मेनेटेन करने की कार्यवाही की जाय। डीएम ने यह भी निर्देश दिया कि पुनरीक्षण कार्यक्रम के दौरान 18 से 19 वर्ष आयु वर्ग के युवक-युवतियों का अधिक से अधिक पंजीकरण कराये जाने का प्रयास किया जाय तथा प्रत्येक विधानसभा क्षेत्र न्यूनतम 20 से 30 हज़ार फार्म 06 भरवाये जाएं। डीएम ने यह भी निर्देश दिया कि न्यूनतम मतदान प्रतिशत वाले 20 मतदान केन्द्रों का चिन्हॉकन कर वहॉ पर कम मतदान होने के कारणों का पता लगा कर मतदान में आ रही बाधा को दूर किया जाय। डीएम ने निर्देश दिया कि डिलीशन के लिए प्राप्त होने वाले प्रपत्र 07 पर पूरी सावधानी के साथ के साथ कार्यवाही की जाय। डिलीशन की कार्यवाही करते समय आयोग द्वारा निर्धारित मानकों का अक्षरशः पालन सुनिश्चित करायें। उप जिलाधिकारी स्वयं प्रपत्र 07 का अपने स्तर से परीक्षण करें। पुनरीक्षण कार्यक्रम के दौरान अधिक से अधिक लोगों का पंजीकरण हो सके इसके लिए डीएम ने व्यापक स्तर पर जनजागरूकता कार्यक्रम संचालित किये जाने के भी निर्देश दिये। बैठक के माध्यम से डीएम मोनिका रानी ने राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों से अपील की कि बूथ लेबिल एजेन्टों के माध्यम से पुनरीक्षण कार्य का व्यापक प्रचार-प्रसार करायें ताकि अधिक से अधिक अर्ह नागरिकों का नाम मतदाता सूची में सम्मिलित कराया जा सके। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी गौरव रंजन श्रीवास्तव, उप जिलाधिकारी सदर प्रिंस वर्मा, पयागपुर के दिनेश कुमार, महसी के राकेश कुमार मौर्य, कैसरगंज के पंकज दीक्षित, नानपारा के अजित पारेश, मोतीपुर के संजय कुमार, डिप्टी कलेक्टर पूजा चौधरी सहित अन्य अधिकारी, बीडीओ, बीईओ व

### जिले के अधिकारियों के साथ बैठक करेंगे नोडल अधिकारी

**बहराइच।** योजनाओं के संतृप्तीकरण के लिये आउटरीच गतिविधियों के माध्यम से आमजन में जागरुकता बढ़ाये जाने के उद्देश्य से 15 नवम्बर 2023 से 26 जनवरी 2024 तक संचालित होने वाली विकसित भारत संकल्प यात्रा के लिए नामित नोडल अधिकारी महेन्द्र कुमार गुप्ता, संयुक्त सचिव, भारत सरकार 21 नवम्बर 2023 को अपरान्ह 02:30 बजे कलेक्ट्रेट सभागार में जिला स्तरीय समिति के साथ बैठक करेंगे।

### खेल स्पर्धा के लिए आनलाइन आवदेन कर सकते हैं खिलाड़ी

**बहराइच।** उप क्रीड़ाधिकारी अनुपमा धानुक ने बताया कि खेल जगत राष्ट्रीय खेल दिवस व खेल जगत स्थापना दिवस के उपलक्ष्य में 24 नवम्बर 2023 को इन्दिरा गॉधी स्पोर्ट्स स्टेडियम बहराइच में खेल जगत फाउंडेशन उत्तर प्रदेश द्वारा मेजर ध्याचन्द्र खेल स्पर्धा हाकी, योग, दौड़ 100, 200, 400 मीटर, शतरंज, खो-खो, कबड्डी, वालीबाल, रस्साकशी, ताइक्वाण्डो, डांस स्पोर्ट्स, भाषण टापिक (मेजर ध्यानचंद्र जीवनी) कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। इच्छुक खिलाड़ी वेबसाइट स्पर्धा डाट खेलजगत डाट इन पर आनलाइन आवेदन कर सकत हैं।

### सांसद खेल स्पर्धा सम्बन्धी बैठक 22 नवम्बर को

**बहराइच।** उप क्रीड़ाधिकारी अनुपमा धानुक ने बताया कि जिला मुख्यालय लोकसभा स्तर की सांसद खेल स्पर्धा अन्तर्गत जिला सतर पर विभिन्न खेल प्रतियोगिताओं के आयोजन के सम्बन्ध में 22 नवम्बर 2023 को पूर्वान्ह 11:00 बजे से कलेक्ट्रेट सभागार में सांसद बहराइच अक्षयवर लाल गोंड की अध्यक्षता में बैठक आहूत की गई है। उप क्रीड़ाधिकारी ने सभी सम्बन्धित से ससमय बैठक में प्रतिभाग करने की अपेक्षा की है।

### रेलकर्मी 21-22 नवम्बर को करेंगे "गुप्त मतदान'

**सुल्तानपुर।** पुरानी पेंशन बहाली संयुक्त मंच की 10 अगस्त, 2023 को रामलीला मैदान, नई दिल्ली में आयोजित ऐतिहासिक रैली और आल इंडिया रेलवेमेन्स फेडरेशन के मुम्बई में दिनांक 8 एवं 9 नवम्बर 2023 को आयोजित वाषिक अधिवेशन की तैयारी हो रही है।जिसमें लिये गये निर्णय के अनुसार रेल कर्मचारियों, रक्षा विभाग के कर्मारियों सहित तथा अन्य सरकारी औद्योगिक संस्थानो के कर्मचारियों द्वारा पुरानी पेंशन बहाली हेतु दिनांक 21-22 नवम्बर 2023 को पूरे भारतीय रेलवे, रक्षा विभाग के साथ अन्य सरकारी औद्योगिक सस्थानो में देंशव्यापी हडताल के लिए 'गुप्त मतदान कराया जायेगा।

# लोक कलाविद डॉ. मधु श्रीवास्तव की स्मृति में चित्रकला प्रतियोगिता आयोजित

- कार्यक्रम में मूर्तिकार सर्वेश श्रीवास्तव सम्मानित, विजेता छात्रों का हुआ सम्मान



**अवधनामा संवाददाता**


**ललितपुर।** लोक कलाविद डा.मधु श्रीवास्तव की स्मृति में प्राइवेट स्कूल मैनेजमेंट एसोसिएशन ललितपुर द्वारा चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन स्थानीय आर.ई.मिशन स्कूल में किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जनपद ललितपुर के सुप्रसिद्ध चित्रकार ओमप्रकाश बिरथरे रहे एवं अध्यक्षता प्राइवेट स्कूल मैनेजमेंट एसोसिएशन के जिलाध्यक्ष मोहन सैनी ने की। कार्यक्रम में जनपद के 21 निजी विद्यालयों के छात्र-छात्राओ ने प्रतिभाग किया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि ओमप्रकाश बिरथरे ने कहा कि कला आत्म अभिव्यक्ति का माध्यम है। कल पूजा है कल साधना है कल के माध्यम से लोगों ने बड़े-बड़े मुकाम हांसिल किए हैं। कहा उन्होंने अपना जीवन कला के लिए समर्पित किया है। आज भी उनके द्वारा जनपद में कल की प्रतिभाओं को निखारने के लिए लगातार प्रयास किया जा रहा है। इस अवसर पर झांसी से पधारे हुए कलाकारों मोइन अख्तर चित्रकार कला शिक्षक, विक्रांत झा चित्रकार तालबेहट, कुमारी रजनी वर्मा कल प्रवक्ता सैनिक स्कूल झांसी एवं दिनेश कुमार श्रीवास्तव ने भी अपने विचार व्यक्त किये।

इस अवसर पर प्राइवेट स्कूल मैनेजमेंट एसोसिएशन के अध्यक्ष मोहन सैनी, कार्यक्रम संयोजक ध्रुव साहू, अजय श्रीवास्तव, जयशंकर प्रसाद द्विवेदी, अक्षय अलया, आकाश मसीह, सर्वेश श्रीवास्तव मूर्तिकार ललितपुर, राजीव शुक्ला पत्रकार, आचार्यजी लक्ष्मी नारायण विश्वकर्मा, पुष्पेंद्र आदि ने प्रमुख रूप से प्रतिभाग किया। प्रतियोगिता में गोल्डन रोज पब्लिक स्कूल गोविंद नगर, मां सरस्वती ज्ञान मंदिर जूनियर हाई स्कूल नेहरू नगर, मां शारदा इंटर कॉलेज, प्रशांति विद्या मंदिर जूनियर हाई स्कूल गांधीनगर, प्रशांति विद्या मंदिर गोविंद नगर, प्रशांति एजुकेशनल एकेडमी गोविंद नगर, एनपीएसडी एकेडमी नेहरू नगर, स्याद्वाद बाल संस्कार केंद्र, सरस्वती ज्ञान मंदिर बालिका इंटर कॉलेज आजादपुरा, सेंट्रल पब्लिक स्कूल, रोटरी पब्लिक स्कूल, लिटिल फ्लावर स्कूल, आर ई मिशन जूनियर हाई स्कूल, राम रतन विद्या मंदिर जूनियर हाई स्कूल, महाराजा अग्रसेन पब्लिक स्कूल, सिटी मांटेसरी पब्लिक स्कूल, सिद्धि सागर एकेडमी स्कूल, जय गुरुदेव प्ले स्कूल, जय गुरुदेव बाल विद्या मंदिर, मां शारदा जूनियर हाई स्कूल इंग्लिश मीडियम आदि के बच्चों ने प्रतियोगिता में प्रतिभा किया।

# पर्यटन स्थलों व कला संस्कृति देख अभिभूत हुये पर्यटक

**अवधनामा संवाददाता**

**ललितपुर।** उत्तर प्रदेश पुरातत्व विभाग झांसी इंटेक ललितपुर चैप्टर एवं बुंदेलखंड इतिहास, संस्कृति शोध समिति द्वारा आयोजित विश्व विरासत सप्ताह 19 से 25 नवंबर का शुभारंभ वीरांगना लक्ष्मीबाई के ग्रीष्म कालीन अवकाश महल बरुआसागर में विदेशी पर्यटकों विरासत प्रेमियों एव अपार जन समूह की उपस्थिति में क्षेत्रीय पुरातत्व अधिकारी मनोज कुमार यादव एव इंटेक ललितपुर चैप्टर के संयोजक संतोष कुमार शर्मा ने दीप प्रज्वलित कर किया। विदेशी पर्यटकों की आंखे महारानी लक्ष्मीबाई की वीरता के इतिहास को जानकर नम हो गई वही बुंदेलखंड की विरासतों पर्यटन स्थलो तथा कला संस्कृति से वे अभिभूत हो उठे। इंटेक संयोजक संतोष कुमार शर्मा ने कहा कि हमारे देश की प्राचीन धरोहरों, महान संस्कृति, गौरवशाली



इतिहास, एव रमणीक पर्यटन स्थलों से समृद्ध है इन्ही के बलबूते आज सारे विश्व के सैलानी हमारे देश में आने को आतुर रहते हैं हमे अपनी प्राचीन धरोहर एव संस्कृति को सहेजने सवारने तथा संरक्षित करने को आगे आना होगा तभी आने वाली पीढ़ी इनसे प्रेरणा ले सकेगी और गर्व महसूस करेगी इंटेक बुंदेलखंड की धरोहरों को सवारने का हर संभव प्रयास कर रहा है। क्षेत्रीय पुरातत्व अधिकारी मनोज कुमार यादव ने कहा कि उत्तर प्रदेश पुरातत्व विभाग प्रदेश के विरासत स्थलो को विकसित करने का हर संभव प्रयास कर रहा है लेकिन इन स्थलों को बचाने हेतु आमजन को भी आगे आना होगा इन स्थलों को बचाने की जिम्मेदारी सरकार के साथ हम सभी की भी है इस अवसर पर फोटो प्रदर्शनी एव छात्रों की चित्रकला प्रतियोगिता आयोजित हुई उपस्थित जनों में अपनी विरासतों के प्रति अभूत पूर्व उत्साह रहा। इस दौरान वीरांगना लक्ष्मीबाई एव पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी की जयंती पर उन्हें श्रद्धा पूर्वक याद किया गया। इस मौके पर महेंद्र सिंह शेखावत, डॉक्टर रोहित भटनागर, अभिषेक, रतिराम कुशवाहा, धर्मेंद्र रैकवार, रवि रैकवार सहित सैकड़ों लोग उपस्थित रहे। विश्व धरोहर सप्ताह के अंतर्गत पूरे एक सप्ताह चलने वाले कार्यक्रमों में उत्तर प्रदेश राज्य पुरातत्व विभाग की क्षेत्रीय पुरातत्व इकाई झांसी इंटेक्स ललितपुर चैप्टर तथा बुंदेलखंड इतिहास पुरातत्व एवं संस्कृति शोध समिति के संयुक्त तत्वाधान में विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा।

# ओम में ही परमात्मा का संपूर्ण वास है

**अवधनामा संवाददाता**

**ललितपुर।** पवनपुत्र श्रीहनुमान मंदिर तुवन सरकार के विशाल प्रांगण में चल रही श्रीशिव महापुराण के चतुर्थ दिवस में चिन्मयानन्द बापूजी ने ओम और नमः शिवाय की उत्पत्ति की कथा का वर्णन किया। बापू ने कहा कि यदि कोई व्यक्ति अकेले ओम नाम का उच्चारण करें अथवा नमः शिवाय का उच्चारण करें तो भगवान की संपूर्ण नामों का वह जाप करता है और उसको परमात्मा के सच्चे स्वरूप का बोध होता है। शिव विवाह की कथा का रसपान कराते हुए सबसे पहले माता पार्वती के जन्म की कथा सुनाई और कहा कि माता पार्वती जन्म से ही सहज सुंदर थी। बापू ने कहा कि आजकल हम इतना मेकअप और इतना उपचार करने के बाद भी सहज सुंदर नहीं हो पाते क्योंकि हमारा मन और चित् सुंदर नहीं होता और जिस व्यक्ति का चित् परमात्मा में लीन हो और अंदर से वह सुंदर हो उसका स्वरूप भी सहज सुंदर होता है। वंदनीय हो जाता है। इसलिए बाहर की सुंदरता



ठीक करने से पहले प्रत्येक जीव को अपनी आंतरिक सुंदरता बढ़ानी चाहिए और परमात्मा के श्रीचरणों में अपनी भक्ति को और ज्यादा से ज्यादा बढ़ाना चाहिए। पार्वती माता जन्म से ही भगवान शिव की भक्ति भक्त थी और उन्होंने शिवलिंग की पूजा बचपन से की। इसलिए उन्हें भगवान भोलेनाथ पति स्वरूप में मिले। बापू ने कहा कि भगवान शिव सदैव प्रभु राम के चिंतन में मग्न रहते हैं, लेकिन विधाता जिसके भाग्य में जो लिखते हैं वह अवश्य ही उसको प्राप्त हो जाता है। माता पार्वती की भक्ति से भगवान शिव प्रसन्न हुए भगवान शिव जब विवाह करने गए तो उन्होंने चिता की भस्म अपने शरीर में लगाई। मानो उन्होंने संदेश दिया कि हे जीव जिस शरीर को तुम इतना सुंदर बना रहे हो, उस शरीर को एक दिन चिता में ही भस्म हो जाना है। इसलिए जीवन का जो सत्य है उसको हमें सदैव याद रखना चाहिए। बापू ने कहा कि भगवान शिव जब विवाह करने गए तो नंदी पर सवार होकर गए मानो उन्होंने दुनिया को संदेश दिया कि नंदी धर्म का प्रभाहक है और भगवान शिव ने संदेश दिया कि हम किसी भी जीवन की यात्रा पर जाएं तो धर्म को ना छोड़े। सदैव धर्म को लेकर ही हम किसी भी मार्ग पर आगे बढ़े। इसके साथ बापू ने बहुत सुंदर व्याख्या करते हुए धूमधाम से भगवान शिव और माता पार्वती का विवाह कराया। पं.मयंक वैद्य के निर्देशन में बहुत विशाल भगवान शिव की बारात पशु चिकित्सालय से निकलकर कथा प्रांगण तक लाई गई, जिसमें हजारों की संख्या में लोग बाराती बन और ऐतिहासिक बारात संपूर्ण नगर में निकली टीकमगढ़ की धारा से ऐतिहासिक डमरू दल और भूत पाटो की टोली बुलाई गई जो आकर्षण का केंद्र रही।


आज़ादी का अमृत महोत्सव

## उत्तर रेलवे

### निविदा सूचना

भारत के राष्ट्रपति की ओर से उप मुख्य अभियन्ता/सेतु कर्मशाला, उत्तर रेलवे चारबाग, लखनऊ द्वारा निर्धारित प्रपत्रों पर निम्नलिखित कार्य हेतु अनुभवी एवं स्थापित सक्षम ठेकेदारो द्वारा ई.– निविदायें आमंत्रित की जाती है।

**क्र0 सं0 1. निविदा सं0 : 19/डब्ल्यू0/बीडब्ल्यूएस/सीबी/एल.के.ओ./2023–24**

**कार्य का नाम :** ब्रिज लाइन लखनऊ यूनिट के तहत मानसून के दौरान आपात स्थिति से निपटने के लिए एवं मानसून रिज़र्व की भरपाई के लिए उथले प्रकार की सर्विस स्पैन लंबाई 20 फीट = 02 no. 30 फीट = 02 no 40 फीट = 01 no और 60 फीट = 01 no सीसी क्रिब 2'x2'x2'=500 No. की व्यवस्था करना एवं लखनऊ मंडल के पीएफएम–पीआरजी स्टेशनों के बीच गंगा नदी पर पुल सं. 163 (30x30.5) मीटर पीएससी बॉक्स गर्डर) में इलास्टोमेरिक बीयरिंग की मरम्मत और रखरखाव के लिए बॉक्स गर्डर्स को उठाने की व्यवस्था का प्रावधान तथा निरीक्षण की व्यवस्था एवं ब्रिज लाइन लखनऊ यूनिट के अंतर्गत आपातकालीन स्थिति में उपयोग के लिए अस्थायी स्टेजिंग (विनिमेय प्रकार) का प्रतिस्थापन।

| | | |
|---|---|---|
| 2. | अनुमानित लागत | रू0 69401121.68, |
| 3. | बोली सुरक्षा राशि | रू0 497000/- |
| 4. | कार्य की समापन अवधि | स्वीकृत पत्र जारी करने की तिथि से 12 माह |
| 5. | निविदा डालने की प्रारम्भिक तिथि | 01.12.2023 |
| 6. | निविदा जमा करने की अन्तिम तिथि एवं निविदा खुलने की तिथि तथा समय | निविदा 15.12.2023 को 15:00 बजे तक जमा किए जा सकेंगे एवं निविदा उसी दिन खोली जायेगी। |

**7. न्यूनतम पात्रता की शर्तें: अ. तकनीकी :** (ए) निविदा कार ने पिछले 07 (सात) वर्षों के दौरान निम्नलिखित श्रेणियों में से किसी एक कार्य को सफलतापूर्वक पूरा या प्रर्याप्त रूप से पूरा किया हो, जिस महीने में निविदा आमंत्रित की गयी थी, उससे पहले के महीने के अन्तिम दिन को समाप्त करना होगा।
तीन समान कार्य जिनकी लागत, निविदा की विज्ञापित मूल्य के 30 प्रतिशत के बराबर राशि से कम न हो। या
दो समान कार्य जिनका लागत, निविदा की विज्ञापित मूल्य के 40 प्रतिशत के बराबर राशि से कम न हो। या
एक समान कार्य की लागत, निविदा के विज्ञापित मूल्य के 60 प्रतिशत के बराबर राशि से कम नहीं होनी चाहिए।

**ब. वित्तीय :** निविदाकर्ता का न्यूनतम औसत वार्षिक संविदात्मक कारोबार V/N (वी/एन) या 'V' (वी) जो भी कम होय जहाँ V (वी) = निविदा की विज्ञापित मूल्य करोड़ रूपये में। N (एन) = कार्य पूरा करने के लिए निर्धारित वर्षों की संख्या, जिसके लिए बोलियां आमंत्रित की गयी है। औसत वार्षिक संविदात्मक कारोबार की गणना, पिछले तीन वित्तीय वर्षों में कुल संविदात्मक भुगतान के औसत के रूप में की जायेगी, लेखा परीक्षित बैलेन्स शीट के अनुसार। तथापि, यदि पिछले वर्ष का तुलन–पत्र अभी तक तैयार/लेखापरीक्षित नहीं है, तो औसत वार्षिक संविदात्मक कारोबार की गणना के लिए चौथे पिछले वर्ष की लेखा परीक्षित तुलन–पत्र पर विचार किया जाएगा।

**8. एक समान कार्य :** मौजुदा स्टील गर्डर पुलों पर साइड पाथवे & ट्राली रिफ्यूजस का फ्रेब्रीकेशन एवं इरेक्शन या
रेलवे स्टील गर्डर पुल का फ्रेब्रीकेशन/रिपेयर।

| | | |
|---|---|---|
| 9. | वेबसाइट का विवरण एवं कार्यालय का नाम जहाँ निविदा का विवरण देखा जा सकता है | www.ireps.gov.in, कार्यालय उप मुख्य अभियन्ता/से0 कर्म0, उत्तर रेलवे चारबाग, लखनऊ। |

**नोट :-** 1. ठेकेदारों को ई–निविदा सिस्टम में भाग लेने के लिए भारतीय रेलवे की वेबसाइट www.ireps.gov.in के अन्तर्गत पंजीकृत होना अनिवार्य है। 2. समस्त नियम एवं शर्तें निविदा प्रपत्र में देखी जा सकती है। 3. मैनुउल निविदाये स्वीकृत नहीं की जायेगी। 4. निविदा प्रपत्र की लागत जो निविदा प्रपत्र में निर्दिष्ट किया गया है। 5. बोली सुरक्षा राशि का भुगतान सिर्फ नेट बैंकिंग, पेमेंट गेटवे या बैंक गारंटी जैसा कि निविदा प्रपत्र में निर्दिष्ट किया गया है, द्वारा स्वीकृत की जायेगी। **निविदा सू0सं0–19/डब्लू/बी0डब्लू0एस0/सी0बी0/2023–24 दिनांक 18.11.2023** **3633/2023**

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

# जिलाधिकारी की अध्यक्षता में जिला स्वास्थ्य समिति की बैठक संपन्न

**अवधनामा संवाददाता**

**हमीरपुर।** जिला स्वास्थ्य समिति की मासिक समीक्षा बैठक जिलाधिकारी श्री राहुल पाण्डेय की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट स्थित डॉ एपीजे अब्दुल कलाम सभागार कक्ष में सम्पन्न हुई। गत समीक्षा बैठक की अपेक्षा स्वास्थ्य विभाग के विभिन्न पैरामीटर में सभी एमओआईसी द्वारा सुधार करने पर /अच्छी प्रगति प्राप्त करने पर जिलाधिकारी ने बधाई दी तथा इसमे और सुधार करने हेतु प्रोत्साहित किया। कहा कि गोहांड एमओआईसी द्वारा विभिन्न पैरामीटर्स में विशेष सुधार करने की आवश्यकता है। जिलाधिकारी ने कहा कि मातृ मृत्यु एवं शिशु मृत्यु पर शत प्रतिशत ऑडिट हो तथा शिशु मृत्यु पर शत प्रतिशत रिपोर्टिंग सुनिश्चित की जाए ताकि उनके कारणों को जानकर इसको कम किया जा सके। जिलाधिकारी ने कहा कि विभिन्न योजना के लाभार्थियों के बैंक खाते पोर्टल पर सही ढंग से फीड किया जाए तथा यह भी सुनिश्चित किया जाए कि फीड किया जाने वाला बैंक खाता आधार से लिंक हो। जिलाधिकारी ने कहा कि बच्चों की लंबाई एवं वजन मापने एवं बच्चों से संबंधित अन्य कार्यों में आईसीडीएस विभाग द्वारा अच्छे ढंग से कार्य किया जाए इसमें लापरवाही न बरती जाए। जिलाधिकारी ने कहा कि ऐसे अल्ट्रासाउंड सेंटर जो क्यूआर कोड उपलब्ध कराने पर मरीजो/ लाभार्थियों को समय से निशुल्क अल्ट्रासाउंड सुविधा नही देते उनपर कार्रवाई की जाए। ज्ञात हो कि क्यूआर कोड के माध्यम से निजी



अल्ट्रासाउंड सेंटर को सरकार /विभाग द्वारा लाभार्थियों /मरीजों की ओर से भुगतान किया जाता है जिससे मरीजो को इसका पैसा नही देना पड़ता है। स्वास्थ्य समिति की बैठक में जिलाधिकारी ने जननी सुरक्षा योजना ,जननी शिशु सुरक्षा कार्यक्रम, राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम, प्रेगनेंट महिलाओं की पोर्टल पर फीडिंग, चाइल्ड रजिस्ट्रेशन, प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना के अंतर्गत पोर्टल पर बेनिफिशियरी अपलोड करने, फैमिली प्लानिंग आदि की समीक्षा करते हुए संबंधित को जरूरी दिशा निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि मां एवं नवजात ट्रैकिंग पोर्टल मंत्रा एप पर शत प्रतिशत डेटा फीड किया जाय। शत प्रतिशत जन्म पंजीकरण सुनिश्चित कराया जाय।

गर्भवती महिलाओं में एनीमिया न हो इसके लिए नियमित रूप से आयरन की दवाई दी जाए। जिलाधिकारी ने कहा कि स्वास्थ्य विभाग द्वारा मरीजों को बेहतर चिकित्सा सुविधा दी जाए। कहा कि स्वास्थ्य विभाग द्वारा जनस्वास्थ्य के कार्यों /विभाग के स्वास्थ संबंधी विभिन्न योजनाओं में तेजी लाई जाए। गर्भवती महिलाओं ,बच्चों के टीकाकरण आदि पर विशेष ध्यान दिया जाए, नियमित टीकाकरण से वंचित छोटे बच्चों , गर्भवती महिलाओं को चिन्हित कर उनका शत प्रतिशत टीकाकरण किया जाए। आशा ,आंगनवाड़ी कार्यकत्री,एएनएम एवं विभिन्न योजनाओं के लाभार्थियों को नियमित रूप से समयबद्ध ढंग से भुगतान किया जाय, इसमें अनावश्यक देरी नही की जानी चाहिए, स्वास्थ्य विभाग की विभिन्न योजनाओं के लाभार्थियों का समय से भुगतान किया जाय। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि लाभार्थियों को समयबद्ध ढंग से योजनाओं का लाभ मिलना चाहिए इसमें अनावश्यक पेंडेंसी नहीं रहनी चाहिए। कहा कि प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना पोर्टल पर लाभार्थियों का डाटा समय से फीड कराया जाए। कहा कि फैमिली प्लानिंग के कार्यों में तेजी लाई जाए तथा इसके लिए लोगों की काउंसलिंग की जाए, इसमें डॉक्टरों को जो लक्ष्य दिया गया है लोगों की काउंसलिंग कर उसको प्राप्त किया जाए। कहा कि शतप्रतिशत संस्थागत प्रसव सुनिश्चित किया जाए तथा इसमें आशाओं द्वारा 100 प्रतिशत डिलीवरी की रिपोर्टिंग एवं विजिट किया जाए।

इस मौके पर जिलाधिकारी ने कहा कि टीकाकरण से छूटे हुए बच्चों का चिन्हांकन कर उनका शत प्रतिशत टीकाकरण किया जाय। कोई भी बच्चा टीकाकरण से छूटने न पाए। टीकाकरण में किसी भी स्तर पर लापरवाही न बरती जाए। इस दौरान सीएमओ डॉ गीतम सिंह, एसीएमओ डॉ राम अवतार , सीएमएस पुरूष व महिला अस्पताल, समस्त एमओआईसी, डीपीआरओ तथा अन्य संबंधित अधिकारी मौजूद रहे।

# छतरपुर के लोक गायकों ने महोत्सव में लगाए चार चांद

**अवधनामा संवाददाता**

**वंदना से हुआ कार्यक्रम का शुभारंभ सरस्वती**

**हमीरपुर।** रविवार की रात सुमेरपुर कस्बे के गायत्री तपोभूमि में आयोजित बुंदेलखंड महोत्सव में छतरपुर के लोकगीत गायक जयप्रकाश पटेरिया और उनके साथियों ने लोकगीतों से महफल में खूब रंग जमाया।

कार्यक्रम का शुभारंभ बुंदेलखंड नवनिर्माण सेना के राष्ट्रीय अध्यक्ष विनय तिवारी एडवोकेट ने लोकगीत गायक जयप्रकाश पटेरिया के साथ मिलकर किया। इसके बाद लोकगीत गायक नीरज ने सरस्वती वंदना प्रस्तुत करके कार्यक्रम की शुरुआत की। नीरज और रोशनी पटेल ने कई युगल गीत सुनाकर जमकर वाहवाही लूटी। आकाशवाणी छतरपुर के कलाकार जयप्रकाश पटेरिया ने पीपल की छैंया में बैठ मोरे सैंया, चैन ले लो ऐसी दुपहरिया में, लगौ रहने है तो काम उमरिया में.. पलेरा से तरसत बतासा खाने, दिल्ली से लाएं नथुनिया तोरे लाने। वीरभूमि बुंदेली का सम्मान कर चली और स्वतंत्रता का अरमान लेकर चली, मोर पंथ की लली जंग करने को चली आदि लोकगीत सुना कर श्रोताओं को झूमने के लिए मजबूर कर दिया। इसके अलावा रोशनी पटेल, अश्वनी कुशवाहा ने भी लोकगीत सुनाए। लोकगीत सुनने के लिये कार्यक्रम में लोगों की अच्छी खासी भीड़ मौजूद रही।

# एनटीपीसी सिंगरौली शक्तिनगर में सूर्या षष्टी पर्व की धूम




**अवधनामा संवाददाता**

**सोनभद्र/शक्तिनगर)।** एनटीपीसी सिंगरौली शक्तिनगर में दिनांक 19-11-2023 को चिल्काझील में सूर्या षष्टी का पर्व टाउनशिपवासियों तथा शक्तिनगर के आस-पास के रहवासियों द्वारा बड़ी श्रद्धा भक्ति तथा उल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर व्रतियों द्वारा भगवान सूर्य सायं अर्घ्य दिया गया। चिल्काझील में व्रतियों हेतु रात में भजन संध्या तथा देवी जागरण कार्यक्रम का भव्य आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का शुभारंभ परियोजना प्रमुख राजीव अकोटकर द्वारा किया गया। चिल्काझील में रात भर व्रतियों के साथ उनके परिजन भी बहुत हर्सोल्लास के साथ थे। रात भर चले इस कार्यक्रम में व्रतियों ने इसका आनंद उठाया। एनटीपीसी प्रबंधन द्वारा चिल्काझील में छट्ट पर्व को सफल बनाने के लिए सभी आवश्यक जरूरतों के अतिरिक्त सुरक्षा के व्यापक प्रबंध किए थे। अगले दिन दिनांक 20-11-2023 को व्रतियों ने उषा काल में सूर्य भगवान को अर्घ्य देकर व्रत को पूर्ण किया। इस अवसर पर भारी संख्या में श्रद्धालु तथा दर्शक मौजूद थे। इस अवसर पर अमरीक सिंह भोगल, महाप्रबंधक (अनुरक्षण), सिद्धार्थ मण्डल, अपर महाप्रबंधक (मानव संसाधन), गोपाल दत्त, कमांडेंट (सीआईएसएफ़), डीके सारस्वत, अपर महाप्रबंधक (एमजीआर), अवनीश कुमार सिंह, अपर महाप्रबंधक (आईटी), छठ पूजा समिति के सदस्य, सीआईएसएफ़ कर्मी, शक्तिनगर पुलिस कर्मी, लोकल सेक्युर्टी कर्मी आदि उपस्थित रहें।

## ए-आरटीओ की अध्यक्षता में हुआ गोष्ठी का आयोजन



**मौदहा हमीरपुर।** नवम्बर माह में मनाए जा रहे यातायात माह में एक गोष्ठी आयोजित कर छात्रों को यातायात नियमों की जानकारी दी। कस्बे के सरस्वती विद्या मंदिर इण्टर कालेज में आए ए-आरटीओ की अध्यक्षता में एक यातायात गोष्ठी आयोजित की गई जिसमें विद्यालय का पूरा स्टाफ और छात्र मौजूद रहे। एआरटीओ राय की अध्यक्षता आयोजित गोष्ठी में दो पहिया वाहन चलाते समय हेलमेट पहनने और चार पहिया वाहन चलाते समय सीट बेल्ट जरूर बांधने की बात कही साथ ही वाहन चलाते समय फोन पर बात नहीं करने कही,साथ ही वाहन को ओवर स्पीड में न चलाने और हमेशा साईड में वाहन चलाने के साथ ही ओवरटेक नहीं करने की जानकारी दी।इस दौरान क्षेत्राधिकारी यातायात घनश्याम सिंह,हरबिंदर सिंह,जीतेंद्र पाल,आमिर हुसैन सहित स्कूल का स्टाफ और एनसीसी कैडेट्स और छात्र छात्राएं मौजूद रहे।

# ऋण संवर्धन कार्यक्रम में किया ऋण की संस्वीकृति और संवितरण

**अवधनामा संवाददाता**

**लखनऊ।** इण्डियन बैंक के प्रबंध निदेशक व मुख्य कार्यपालक अधिकारी एस. एल. जैन द्वारा ऋण संवर्धन कार्यक्रम में ग्राहकों को 105 करोड़ रुपये के ऋण की संस्वीकृति और 75 करोड़ रुपये का ऋण संवितरण किया गया। वे आज इंडियन बैंक के हजरतगंज परिसर में आयोजित ऋण संवर्धन कार्यक्रम में शामिल हुये थे। इस ऋण संवर्धन कार्यक्रम से प्रदेश के 250 ग्राहकों को ऋण सुविधा प्राप्त हुई है। श्री जैन ने ऋण संवर्धन कार्यक्रम के बाद आयोजित प्रेस वार्ता में मीडिया को जानकारी दी। उन्होंने कार्यक्रम स्थल में लगाए गए एमएचजी स्टॉल में जाकर उपस्थित ग्राहकों से बातचीत की। श्री जैन चार दिनों के उत्तर प्रदेश के आधिकारिक दौरे पर प्रदेश आए हुए हैं। जिसमें वे प्रदेश के वाराणसी, अयोध्या,




श्रावस्ती, बहराइच एवं सीतापुर में ऋण संवर्धन कार्यक्रम, प्रेस वार्ता, ग्राहक-बैठक, ऋण-मेला आदि में भाग लेंगें। उन्होंने कहा कि हमारी योजना सूक्ष्म एवं लघु उद्योगों के व्यापारियों को आसान ऋण प्रदान करने हेतु प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना, प्रधानमंत्री रोज़गार सृजन कार्यक्रम, मुद्रा योजना एवं स्वयं सहायता समूह के माध्यम से ऋण संवर्धन कार्यक्रम का आयोजन करके इन तीन दिनों में कुल तीन सौ करोड़ रुपये ऋण के संवितरण करने की है। इस कार्यक्रम से प्रदेश के करीब 1500 ग्राहक लाभान्वित होंगे। उन्होंने प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना के लाभार्थी को 2 लाख रुपये का चेक भी प्रदान किया। इंडियन बैंक के प्रबंध निदेशक एवं मुख्य कार्यपालक अधिकारी के प्रदेश दौरे का मुख्य उद्देश्य प्रदेश के विकास से संबंधित विभिन्न केंद्र एवं राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं में बैंक की भूमिका एवं अधिकाधिक भागीदारी के साथ ग्राहकों से सीधी बातचीत के द्वारा व्यवसाय संवर्धन कराना और डिजिटल बैंकिंग को ग्राहकों के बीच लोकप्रिय बनाने के लिए जागरूकता लाना है। श्री जैन ने कहा कि प्रदेश के विकास में हम अपने बैंक की भूमिका को और भी सशक्त करना चाहते हैं। उन्होंने कहा कि वास्तव में उत्तर प्रदेश को 1 ट्रिलियन डॉलर की अर्थ व्यवस्था वाला देश का पहला राज्य बनाने के अभियान में अपना योगदान देकर हम स्वयं को गौरवान्वित करना चाहते हैं। उन्होंने बताया कि इंडियन बैंक द्वारा प्रदान की जा रही विभिन्न ऋण उत्पादों और सेवाओं जैसे गृह निर्माण ऋण, वाहन ऋण, इंड जीएसटी, जमा / बीमा के बदले ओडी ऋण, पीएपीएल, शिशु मुद्रा, ग्रामीण केसीसी आदि को भी अब डीबीयू के माध्यम से डिजिटली प्रदान किए जाने पर विशेष बल दिया जा रहा है ताकि डिजिटल बैंकिंग को तेजी से बढ़ाया जा सके। श्री जैन ने कहा कि हमने अपना ध्यान राज्य के निवेशकों पर केन्द्रित किया है ताकि हम उनकी आवश्यकताओं, चुनौतियों और समस्याओं को समझ सकें तथा विभिन्न औद्योगिक क्षेत्रों के लिए उनकी आवश्यकता के अनुसार विशेषीकृत उत्पाद डिजाइन कर सकें। उत्तर प्रदेश में इण्डियन बैंक अपनी 1081 शाखाओं सहित कुल 4684 बैंकिंग आउटलेट के विशाल नेटवर्क के माध्यम से अपने 3.50 करोड़ ग्राहकों को आधुनिकतम बैंकिंग सेवाएँ उपलब्ध करवा रही है। इस ऋण संवर्धन कार्यक्रम में अंचल प्रबंधक प्राणेश कुमार लखनऊ सहित प्रदेश के विभिन्न अंचलों के अंचल प्रबंधक विवेक कानपुर, संतोष महाराणा झांसी, हेमंत मिश्रा गोंडा, मिथिलेश कुमार लखीमपुर खीरी एवं घनश्याम कुमार हमीरपुर ने भाग लिया।

# लाइटिंग की व्यवस्था व सफाई पर विशेष ध्यान दे कर्मचारी: रूबी प्रसाद

**अवधनामा ब्यूरो**

**सोनभद्र।** । उ0प्र0 शासन द्वारा जन शिकायतों की सुनवाई तथा उनका गुणवत्तापूर्ण ढंग से निस्तारण के लिये प्रत्येक सोमवार को नगरीय निकायों में समाधान दिवस सम्भव का आयोजन हेतु दिये गये आदेश के क्रम में सोमवार को नगर पालिका परिषद सोनभद्र में रूबी प्रसाद, मा0 अध्यक्ष, नगर पालिका परिषद सोनभद्र एवं विजय कुमार यादव अधिशासी अधिकारी नगर पालिका परिषद सोनभद्र की अध्यक्षता में जनसुनवाई (सम्भव) दिवस का आयोजन किया गया। तत्क्रम में



जनसुनवाई (सम्भव) दिवस में प्राप्त शिकायतें क्रमशः नगर पालिका परिषद सोनभद्र में 3, नगर पंचायत घोरावल में 2, नगर पंचायत चुर्क घुर्मा में 2, नगर पंचायत चोपन में 0, नगर पंचायत ओबरा में 0, नगर पंचायत रेनुकूट में 1, नगर पंचायत पिपरी में 0, नगर पंचायत दुद्धी में 0. नगर पंचायत डाला बाजार में 1, नगर पंचायत अनपरा में 2, समस्त निकायों को मिलाकर कुल 11 शिकायतें प्राप्त हुई जिनमें मुख्य रूप से साफ-सफाई पेयजल व मार्ग प्रकाश से सम्बन्धित सभी शिकायतों का तत्काल निस्तारण कराया गया। विजय कुमार यादव, अधिशासी अधिकारी/नोडल अधिकारी, नगर पालिका परिषद सोनभद्र द्वारा बताया गया कि जनता की समस्याओं से रूबरू होने व उसका समयबद्ध, गुणवत्तापूर्ण निस्तारण शासन की शीर्ष प्राथमिकता पर है इस पर तत्परतापूर्वक कार्यवाही की जा रही है।इस दौरान जेई मनीष कुमार, सुजीत कुमार, बिमलेश कुमार, अजीत कुमार ,आलोक सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

# प्रेक्षागृह जनपद के लोगों के लिए एक धरोहर: सुरेश खन्ना

**नए प्रेक्षागृह में बैठक करते हुए वित्त मंत्री सुरेश खन्ना समिति का कराया गठन**

**अवधनामा संवाददाता**



**शाहजहांपुर।** वित्त मंत्री सुरेश कुमार खन्ना की अध्यक्षता में भारत रत्न अटल बिहारी बाजपेई प्रेक्षागृह बिजलीपुरा में समिति की बैठक संपन्न हुई। प्रेक्षाग्रह की समिति में डीएम अध्यक्ष, नगर मजिस्ट्रेट सचिव नियुक्त किए गए। इसके अतिरिक्त अधिशासी अभियंता लोक निर्माण विभाग, परियोजना प्रबंधक सी एंड डीएस, जल निगम, क्षेत्राधिकारी नगर, अधिशासी अभियंता जल निगम, अधिशासी अभियंता विद्युत वितरण खंड द्वितीय पदेन सदस्य नियुक्त किए गए।प्रेक्षागृह को जन सामान्य से सीधे जोड़ने के उद्देश्य से जनपद के व्यापारी वर्ग एवं सामाजिक वर्ग से प्रेक्षागृह समिति के आजीवन सदस्य के रूप में माधव गोपाल अग्रवाल, डा.उपेंद्र देव कपूर, डा. परविंदर सिंह, चंद्रशेखर खन्ना, हितेश अग्रवाल, अनुज देव, राजेंद्र सिंह, इंजीनियर इकबाल हुसैन, राजाराम वर्मा, विवेक तुली, दीपक शर्मा, डा. आकाश श्रीवास्तव को सम्मिलित किया गया है। शुल्क में हाल के लिए विवाह समारोह के लिए 75000 रुपए अन्य छोटे सामाजिक कार्य जैसे जन्मदिवस पार्टी प्रीति भोज आदि के लिए 35000 रुपए मनोरंजन पूर्ण कार्यक्रमों के लिए 12000 रूपये प्रतिदिन, सामान्य कार्यक्रमों के लिए 10000 रूपये प्रतिदिन निर्धारित किया गया है। प्रेक्षागृह में दो मिनी हाल है,जिनका अनुरक्षण शुल्क रुपए 2000 प्रतिदिन प्रति हॉल निश्चित किया गया है। पार्किंग की समुचित व्यवस्था की गई है। वित्त मंत्री ने कहा कि यह प्रेक्षागृह जनपद वासियों के लिए एक धरोहर है। जिसका अधिक से अधिक प्रयोग हो सके इसका विशेष ध्यान रखते हुए बहुत ही कम शुल्क निर्धारित किया गया है, ताकि इसका उपयोग समाज के सभी वर्ग बहुत सुगमता से कर सकें।

# नगर पंचायत अध्यक्ष के भाई और सपा नेता के साथ हाथापाई

**अवधनामा संवाददाता**

**सोनभद्र/डाला।** नगर पंचायत डाला बाजार के वार्ड नंबर 06 में स्थित कुर्दहवा नाले झगड़ा व हमला करते हुए गहरे पानी में ढकेल दिया गया मचाया तांडव तहरीर के आधार पर जानकारी के मुताबिक रविवार को रात लगभग नौ बजे डाला नगर पंचायत चेयरमैन फूलवंती कुमारी के भाई विनय कुमार व सपा नेता पारस यादव कुर्दहवा नाला छठ घाट पर चाय स्टॉल के पास खड़े होकर देख रेखकर रहे थे उसी दौरान अमित मिश्रा व उसका सगा भाई आशुतोष मिश्रा पुत्र अरविंद मिश्रा निवासी नई बस्ती एवं अंशु पटेल पुत्र आजाद भाई पटेल निवासी नई बस्ती डाला वहां आए और विनय कुमार को वहां से बुलाकर घाट के पास लेजाकर झगड़ा व मारपीट जातिसूचक गाली गलौज देते हुए पानी में ढकेल दिया गया और वह पानी में गिर गया जिस वाक्या देख सपा नेता पारस यादव ने वहां पहुंचकर बीच बचाव करने लगे तो उनका कालर पकड़ कर बदसलूकी करते हुए पानी में ढकेल कर पानी में ले जाया गया जिसके उपरांत स्थानीय लोगों ने विनय,व पारस को पानी से बाहर निकालाऔर वहीं पीड़ितो ने इसकी सूचना डाला पुलिस को दी गई और सूचना पाकर मौके पर पहुंची डाला चौकी के सिपाहियों ने मामला शांत करवाया। वहीं विनय कुमार गोड़ व सपा नेता पारस यादव ने बताया कि रविवार के रात में ही सूचना व तहरीर डाला चौकी इंचार्ज के नाम चौकी में दिया गया था लेकिन तहरीर दिए जाने के बाद भी अभी कोई कार्रवाही नहीं हुई इस संबंध में चोपन थानाध्यक्ष विश्वनाथ प्रताप सिंह ने बताया कि उपरोक्त मामले में डाला चौकी प्रभारी को निर्देशित कर दिया गया है जिस पर जल्द से जल्द जांच कार्यवाही की जायेगी।

# अब 'वंदेमातरम' के सहारे निकलेगी ओवरलोड मौरंग की गाड़ियां

**अवधनामा संवाददाता**

**गिट्टी मौरंग की ओवरलोड गाडियों से कराहती सडके हुयी बदहाल**

**अब है वंदेमातरम का सहारा परिवहन विभाग है हमारा**

**बाँदा।** पूरे जनपद मे इन दिनों मौरंग प्रारम्भ होते ही ओवरलोड गाडियों की निकासी का काम बदस्तूर जारी है , सिर्फ बाँदा ही नही लखनऊ, रायबरेली , प्रतापगढ और गोरखपुर सहित कई जनपदों के लिये ओवरलोड गाडियां यहां से संचालित हैं। ओवरलोड गाडियों पर कभी कभार कार्यवाही करके ये दर्शाने का प्रयास किया जाता है कि सबकुछ चकाचक है परंतु स्थिति इसके विपरीत है क्योकि ओवरलोड मौरंग के साथ साथ पडोसी जनपद महोबा से गिट्टी और बाँदा से बडी तादाद मे जलाऊ लकडी का परिवहन हो रहा है वो भी दो नं. के कागजों पर। ओवरलोड गाडियों को परिवहन माफिया परिवहन विभाग की सहमति



से कोडवर्ड के सहारे संचालित कर रहे है सूत्र बताते है कि प्रति गाडी एक निश्चित शुल्क लिया जाता है जिसको महिने की एक से सात तारीख के मध्य अग्रिम जमा कराना होता है फिर आपको एक कोड वर्ड दिया जायेगा जिससे आप ओवरलोड परिवहन के पात्र बन जायेगे। रास्ते मे जब भी परिवहन विभाग के अधिकारी और कर्मचारी यदि चेकिंग के दौरान आपकी ओवरलोड गाडी रोकते है तब आप अपने कोड वर्ड का प्रयोग करते हैं जिससे अधिकारी को पता चल जाता है कि इसका पैसा जमा है और इसको निकलने दिया जाये , यह कोड वर्ड हर माह बदल जाता है जैसे इस माह का कोडवर्ड है वंदेमातरम ! वंदेमातरम आजादी के समय क्रांतीकारियों द्वारा इस्तेमाल किया जाता था जिसे अब परिवहन माफिया और परिवहन विभाग द्वारा गैरकानूनी कामों को अंजाम देने के लिये किया जा रहा है। सूत्र बताते है कि इस कोडवर्ड वाले खेल मे अधिकारियों ने अपने कुछ दलाल भी लगा रखे है जो रूपयों के लेनदेन के साथ साथ अन्य अधिकारियों की लोकेशन भी देते है

# बबेरू में पैदल भ्रमण कर जनता बोली कलेक्टर साहिबा आपको सलाम

**अवधनामा संवाददाता**

**बाँदा।** पैदल निरीक्षण में कर रहीं है जन संवाद, हुक्मरानों में मचा हुआ है हड़कम ,उत्तर प्रदेश के बांदा जिले में पहली बार किसी डीएम ने नगर पंचायत और नगर पालिका की गलियों में स्वयं पैदल चलकर साफ सफाई और अन्य व्यवस्थाओं का हाल जाना है साथ ही जनता से रूबरू होकर हकीकत जानी है। डीएम के इस फैसले से हुक्मरानों में हड़कंप मचा हुआ है वहीं जनता डीएम को सलाम कर रही है। इस दौरान अव्यवस्था मिलने पर जिलाधिकारी ने जिम्मेदारों को फटकार भी लगाई है। आपको बता दें पूरा मामला बबेरू कस्बे का है, जहां सोमवार को बांदा जिलाधिकारी दुर्गा शक्ति नागपाल ने सुबह कस्बे का निरीक्षण किया। जिसमें सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के नए भवन का निरीक्षण किया, उसके बाद तहसील एवं दशहरा मैदान रावण तालाब एवं दंगल मैदान का निरीक्षण किया। इसके उपरांत अछाह गांव में बने एमआरएफ सेंटर का निरीक्षण किया। जिसमें कस्बे के रावण तालाब दंगल मैदान तहसील पर कूड़े के ढेर गंदगी को देखकर नगर पंचायत के अधिशासी अधिकारी रामबदन यादव को कड़ी फटकार लगाई। वही निर्देशित किया की जो नगर और कस्बे का कूड़ा निकलेगा वह एमआरएफ सेंटर में ही डाला जाएगा और जो तालाब के किनारे कूड़ा फेंका जा रहा है उसकी सफाई करवा ली जाए और इस बार से कस्बे में एक भी कूड़ा दिखना नहीं चाहिए।

# रेल सुविधाओं में विस्तार हेतु केन्द्रीय मंत्री अनुप्रिया पटेल को सौंपा ज्ञापन

**अवधनामा संवाददाता**

**चोपन/सोनभद्र।** सोनभद्र जनपद में दौरे पर आयी अपना दल एस की राष्ट्रीय अध्यक्ष और केन्द्रीय मंत्री अनुप्रिया पटेल से सोमवार की शाम जिला महामंत्री श्यामा चरण गिरि के चोपन स्थित आवास पर चोपन उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल के अध्यक्ष संजय जैन के नेतृत्व में व्यापार मंडल के प्रतिनिधि मंडल ने मुलाकात कर उन्हें जनहित में रेल सेवाओं में विस्तार से संबंधित चार सूत्रीय मांगपत्र सौपा। प्रतिनिधि मंडल में शामिल सदस्यों ने अध्यक्ष संजय जैन के साथ मंत्री को स्मृति चिन्ह् एवं शाल भेंट कर स्वागत



किया और जनहित में रेल सेवाओं के विस्तार की मांग की। इस संदर्भ में व्यापार मंडल अध्यक्ष संजय जैन ने कहा कि मंत्री जी से जनहित में चोपन मुख्य बाजार से चोपन गाँव के रास्ते रेलवे क्रासिंग पर अंडरपास बनवाने, चोपन स्टेशन पर आरक्षण का समय बढ़ा कर पूर्व की भांति सुबह 8 बजे से शाम 6 बजे तक करने, चोपन के रास्ते हटिया से आनन्द विहार तक सप्ताह में तीन दिन चलने वाली स्वर्ण जयंती एक्सप्रेस को चोपन के रास्ते प्रतिदिन चलाने एवं हावड़ा जबलपुर शक्तिपुंज एक्सप्रेस को विस्तारित कर लोकमान्य तिलक मुम्बई तक चलाने की मांग की। ज्ञापन पर मंत्री जी ने वे इस संदर्भ में गम्भीरता से रेल मंत्रालय से वार्ता कर समाधान का प्रयास करेंगी। इस दौरान सांसद पकोड़ी लाल कोल सहित अपना दल के पदाधिकारी साथ रहे। प्रतिनिधि मंडल में सुशील पांडेय,शेर खान, रामेश्वर जायसवाल, अनिल शर्मा, संदीप चौरसिया, अर्जुन साव, पप्पू गुप्ता,असलम खान, मानसी सेठ आदि शामिल रहे।

## डग्गामार वाहनों पर चला परिवहन अधिकारी का हंटर

**मौदहा हमीरपुर।** कस्बे में जगह जगह बन चुके अवैध आटो स्टैंड और नाबालिगों द्वारा चलाए जा रहे आटो और ई रिक्शा पर परिवहन अधिकारी ने नजरें टेढ़ी कर ली है जिसके चलते एक दर्जन से अधिक ई रिक्शा और आधा दर्जन से अधिक आटो का चालान किया है। कस्बे में नाबालिगों द्वारा बिना लाईसेंस के दौड़ाए जा रहे आटो और ई रिक्शा के कारण आऐ दिन होने वाले हादसों और कस्बे में जगह जगह बन चुके अवैध आटो स्टैंड के कारण दिनभर कस्बे में लगने वाले जाम को लेकर सोमवार को परिवहन अधिकारी अमिताभ राय के नेतृत्व में सघन वाहन चेकिंग अभियान चलाया गया जिसके चलते आटो और रिक्शा चालकों में हड़कंप मच गया और मुख्य सड़क को छोड़कर गलियों में घुसने लगे,फिर भी परिवहन अधिकारी ने आठ आटो और तेरह ई रिक्शा का चालान किया है।

# उगते सूर्य को अर्घ्य देने के साथ छठ पूजा संपन्न

**अवधनामा संवाददाता**

**चोपन/सोनभद्र।** लोक आस्था का महापर्व छठ उदयीमान सूर्य को अर्घ्य देने के साथ ही इस महापर्व का त्यौहार सकुशल संपन्न हुआ तीन दिनो के कठिन निराजल ब्रत के बाद सोमवार की सुबह जैसे ही भगवान भास्कर की लालिमा पहाड़ों को चिरती हुई बाहर निकली आस्था का हुजुम अपने को रोक नहीं पाया पुत्र की दीर्घायु की कामना लिए व्रत की महिलाओं ने उदित भगवान भास्कर को गाय के दूध से अर्ध देने के बाद अपने परिजनों के साथ सामूहिक रुप से हवन पूजन किया इसके साथ ही सूर्य उपासना का व्रत समाप्त हो गया एक बार फिर आस्था हर पहलू पर भारी रही कुछ ऐसा भी दृश्य देखनो को मिला जहां पुरुषों व महिलाओं द्वारा घाट स्थल पर दंडवत



करते हुए पहुंचे हलाकि उससे कम रोमांच आम श्रद्धालुओं मे नहीं था मौजूद लोगों ने दंडवत करते हुए व्रतियों के सामने स्वय के संसाधनों से सफाई करते नजर आए क्या छोटा क्या बड़ा हर कोई आस्था के इस सैलाब में अपने अपने अंदाज से गोते लगाते हुए देखे गए सोन नदी के तट पर पूरी रात झालरों कि टिम टिमाहट व हाई मास्क लाइटो की प्रकास से सोन नदी की लहरें मानो अठखेलिया खेल रही हो आस्ताचल सूर्य को अर्घ देना और उदित भगवान भास्कर को अर्घ्य देने की इंतजार में रात कब गुजर गई पता ही नहीं चला छठ घाट को सवारने और सजाने मे नगर पंचायत के कर्मचारीयो ने अथक मेहनत किया। वही छठ घाट पर वर्ड कप का लाइव प्रसारण लोगो के बीच आकर्षण का केन्द्र रहा साथ ही रिया राज और प्रवीण सिंह की टीम के द्वारा भजन संध्या में एक से बढ़कर एक भजनों की शानदार प्रस्तुति दी गई छठ घाट पर समाजसेवी संगठनो द्वारा भी निशुल्क दुध और चाय की व्यवस्था की गई थी। छठ घाट पर सुरक्षा के दृष्टिकोण से फायरब्रिगेड, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र चोपन के स्वास्थ्य कर्मियों के साथ ही घाट के चारो तरफ गोताखोर नौका लेकर मुस्तैद रहे वहीं थाना प्रभारी निरिक्षक विश्वनाथ प्रताप सिंह व कस्बा इंचार्ज उमाशंकर यादव भारी संख्या में पुलिस एवं पीएससी तथा महिला पुलिस के साथ चक्रमण करते रहे। नगर पंचायत के अध्यक्ष उस्मान अली व अधिशाषी अधिकारी देवहूति पांडेय ने शांतिपूर्ण ढंग से छठ पूजा सम्पन्न कराने के लिए सभी कर्मचारियों, सम्मानित सभासदों एवं नगर की जनता का आभार व्यक्त किया।

# बच्चों के हितों के लिए प्रतिबद्ध है सरकारः ब्रजेश पाठक

- अन्तर्राष्ट्रीय बाल दिवस पर समागम समिट 2023
- बच्चों के अधिकार पर बात, समन्वित प्रयासों से बदलेंगे हालात
- अन्तर्राष्ट्रीय बाल दिवस पर सरकार के साथ सिविल सोसाइटी और कार्पोरेट ने किया मंथन

अवधनामाा ब्यूरो

**लखनऊ।** अन्तर्राष्ट्रीय बाल दिवस पर सूबे की राजधानी में बच्चों के अधिकारों से जुड़े हर मुद्दे पर सोमवार को गहन मंथन किया गया। पहली बार उत्तर प्रदेश में समागम समिट 2023 नाम से किये गये इस नवाचार के दौरान सरकार के साथ सिविल सोसाइटी और कार्पोरेट के प्रतिष्ठित प्रतिनिधि एक मंच पर बैठे और तय किया कि समन्वित प्रयासों से सूबे में बच्चों के हालात बदले जाएंगे। आयोजन के दौरान बाल श्रम, बाल तस्करी, बाल विवाह, बाल स्वास्थ्य और बाल पोषण जैसे मुद्दों पर पैनल



डिस्कसन के बाद ठोस कार्ययोजना भी तैयार की गयी।

समागम समिट का शुभारंभ प्रदेश सरकार में उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने किया। उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि बच्चों के हितों के लिए सरकार पूरी तरह से प्रतिबद्ध है। समागम समिट का जो निष्कर्ष निकले उससे उन्हें अवश्य अवगत कराया जाए। बच्चों के हित में जो निष्कर्ष सामने आएंगे उनको लागू करने के लिए अगर सरकार को नीतियों में परिवर्तन करना पड़ा तो वह भी किया जाएगा। उन्होंने कहा कि बच्चों के साथ और बच्चों के लिए काम कर रहे स्वयंसेवी संगठनों के साथ बैठने के लिए भी सरकार हमेशा तैयार है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में जन कल्याण के तमाम कार्यक्रम चलाए जा रहे हैं। उनकी प्रेरणा से चलाए गए कार्यक्रमों का ही असर है कि प्रदेश में मातृ शिशु मृत्यु दर को अपेक्षाकृत कम करने में सफलता हासिल हुई है। जन स्वास्थ्य की दिशा में अभी और भी कई महत्वपूर्ण कदम उठाए जा रहे हैं जिनमें यह समागम एक मार्गदर्शन की भूमिका निभाएगा। स्वयंसेवी संगठनों की भूमिका की सराहना करते हुए उप मुख्यमंत्री ने कहा कि उनके सुझावों पर उनके साथ बैठ कर विचार किया जाएगा। उप मुख्यमंत्री ने आयुष्मान भारत योजना समेत केंद्र और प्रदेश सरकार की विभिन्न योजनाओं का उल्लेख किया और कहा कि भारत आज विश्व का नेतृत्व कर रहा है।

# मदरसों में खेल-कूद प्रतियोगिताओं का आयोजन 22 से 30 नवम्बर तकः दानिश

अवधनामा ब्यूरो

**लखनऊ।** प्रदेश के मदरसों में 22 नवम्बर से 30 नवम्बर तक खेल-कूद प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जाएगा। खेल-कूद प्रतियोगिताओं से मदरसों में पढने् वाले बच्चों में स्वस्थ प्रतिस्पर्धा की भावना के साथ ही आपसी प्रेम और सौहार्द विकसित होगा। प्रदेश के अल्पसंख्यक कल्याण, मुस्लिम वक्फ एवं हज राज्यमंत्री दानिश आजाद अंसारी ने निदेशक अल्पसंख्यक कल्याण को इस संबंध में आदेश दिये हैं। अल्पसंख्यक कल्याण राज्यमंत्री



दानिश आजाद अंसारी ने कहा कि मदरसों के बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए खेल-कूद की गतिविधियों को बढ़ावा दिया जाएगा। इसके लिए प्रदेश के सभी मदरसों में 22 नवम्बर से 30 नवम्बर तक खेल-कूद प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जाएगा। उन्होंने कहा कि बच्चों और युवाओं में खेल-कूद गतिविधियों को प्रोत्साहन देने की नीति के दृष्टिकोण से मदरसों में खेल-कूद प्रतियोगिताएं आयोजित कराने का निर्णय लिया गया है। मदरसों के बच्चों के लिए जितनी जरूरी आधुनिक शिक्षा है उतनी ही जरूरी खेल-कूद की गतिविधियां भी हैं। खेल-कूद के जरिए बच्चे शारीरिक विकास के साथ मानसिक रूप से अधिक मजबूत होंगे।

# दुनिया ने युद्ध और भारत ने विश्व को बुद्ध दियाः जयवीर



अवधनामा ब्यूरो

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने कहा कि भगवान बुद्ध के शांति, अहिंसा, करूणा एवं दया के कालजयी संदेश युगों-युगों तक मानव समुदाय को प्रेरणा देते रहेंगे। भगवान बुद्ध ने मानव कल्याण एवं विश्व शांति के लिए जो मार्ग दिखाये उस पर चलने की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि विश्व ने जहाॅं एक ओर युद्ध दिया वहीं भारत ने पूरी दुनिया के लिए बुद्ध दिया। उनके शांति के संदेश आज के दौर में और भी प्रासंगिक हैं। पर्यटन मंत्री आज लखनऊ के आलमबाग स्थित बौद्ध बिहार शांति उपवन वीआईपी रोड पर बुद्धिष्ट कानक्लेव को मुख्य अतिथि के रूप में सम्बोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि उ0प्र0 में बुद्धिष्ट श्रद्धालुओं के लिए अंतर्राष्ट्रीय स्तर के तीर्थ स्थल मौजूद हैं। जहाॅं विश्व के कोने-कोने से बौद्ध अनुयायी भारी संख्या में दर्शन करने आते हैं। उन्होंने कहा कि बौद्ध परिपथ के अंतर्गत आने वाले तीर्थ स्थलों का कायाकल्प किया जा रहा है।

# टनल से 41 मजदूरों की सुरक्षित वापसी के लिये कांग्रेस ने की प्रार्थना



- हनुमान मंदिर पर प्रार्थना व ख्वाजा मोहम्मद नबी रजा शाह दादा मियां की मजार पर दुआ की दुआ

अवधनामा ब्यूरो

**लखनऊ।** उत्तरकाशी के सिल्क्यारा गांव में निर्माणाधीन टनल में पिछले 8 दिनों से फंसे 41 मजदूरों की सुरक्षित वापसी के लिए कांग्रेस ने प्रदेश के सभी जनपदों में प्रार्थना की गयी। पार्टी प्रवक्ता डॉ. सी.पी. राय ने बताया कि उत्तरकाशी के सिल्क्यारा गांव में निर्माणाधीन टनल का एक हिस्सा क्षतिग्रस्त होने से प्रदेश सहित अन्य राज्यों के लगभग 41 मजदूर पिछले 8 दिनों से फंसे हुए हैं। घटना का संज्ञान लेकर प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष अजय राय के निर्देश पर सोमवार को प्रदेश के सभी जनपदों में मजदूरों की सकुशल बाहर आने की कामना के लिए प्रार्थना की गयी। डॉ. राय ने बताया कि राजधानी लखनऊ में हजरतगंज स्थित हनुमान मंदिर पर प्रार्थना और माल एवेन्यू स्थित ख्वाजा मोहम्मद नबी रजा शाह दादा मियां की मजार पर दुआ कर मजदूरों के सकुशल बाहर आने की कामना की गयी। उन्होंने बताया कि इस मौके पर पूर्व मंत्री डॉ. मसूद अहमद, पूर्व विधायक श्याम किशोर शुक्ल, इन्दल रावत, प्रदेश महासचिव दिनेश कुमार सिंह, अल्पसंख्यक कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष शाहनवाज आलम, जिलाध्यक्ष वेदप्रकाश त्रिपाठी, राजेश सिंह काली, रुद्रदमन सिंह, बृजेन्द्र सिंह, नितान्त सिंह, विनोद मिश्रा, सोम विकल, शाहनवाज खान, अख्तर मलिक, रईस अहमद, राकेश सिंह, शिवेन्द्र दुबे, सर्वजीत सिंह, अखिलेश शर्मा सहित अन्य कांग्रेसी उपस्थित थे।

## पूर्व मंत्री, पूर्व सांसद की 107 वी जयंती मनाई गई

न्योतनी, हसनगंज पर पूर्व मंत्री , पूर्व सांसद, सरक्षक न्योतनी विकास मंच मरहूमा बेगम हमीदा हबीबुल्लाह की 107 वी जयंती उनके पैतृक कस्बा न्योतनी में मनाई गई क विचार गोष्ठी का आयोजन ज़िला कांग्रेस कमेटी के उपाध्यक्ष सैय्यद गुलज़ार अख्तर रिज़वी के आवास न्योतनी में किया गया गोष्ठी को संबोधित करते हुए न्योतनी विकास मंच के अध्यक्ष मुर्तुजा हैदर रिज़वी ने कहा पूर्व मंत्री हमीदा साहिबा का जन्म 20 नवम्बर 1916 को कस्बा न्योतनी में हुआ था उनके पिता नवाब नज़ीर हसन यारजंग हैदराबाद हाईकोर्ट के मुख्य न्यायधीश थे उन्होंने बताया हमीदा साहिबा महान समाजसेविका थी उनका थी उनका जीवन भारतीय महिलाओं ख़ासकर गरीब महिलाओं को अपने तरीके से जीवन जीने और आर्थिक तौर पर निर्भर बनाने की प्रेरणा देती रहती थी गोष्ठी की अध्यक्षता करते हुए ज़िला कांग्रेस कमेटी के ज़िला उपाध्यक्ष सैय्यद गुलजार



अख्तर रिज़वी ने कहा की हमीदा साहिबा उत्तर प्रदेश महिला कांग्रेस की अध्यक्ष रही है वो उर्दू अकादमी उत्तर प्रदेश की प्रथम अध्यक्ष बनी वो इंदिरा गांधी जी के साथ इंग्लेंड में पढ़ी थी गोष्ठी में मौजूद अन्य लोगो ने भी संबोधित किया।

## छात्र नेता योगेश व ओमकार ने थामा कांग्रेस का हाथ

**लखनऊ।** कांग्रेस की नीतियों और विचारधारा में आस्था और पार्टी अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खडग़े, पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी, महासचिव प्रियंका गांधी के प्रति विश्वास व्यक्त और देश-संविधान की रक्षा के लिए किये जा रहे संघर्षों से प्रेरित होकर बाराबंकी के छात्र नेता योगेश कुमार और ओमकार ने कांग्रेस की सदस्यता ग्रहण की। प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय में पूर्व मंत्री डॉ. मसूद अहमद और प्रदेश महासचिव प्रभारी प्रशासन दिनेश कुमार सिंह के समक्ष दोनों ने पार्टी की सदस्यता ग्रहण की। दिनेश सिंह ने पार्टी में शामिल होने वालों के गले में तिरंगा पट्टिका पहनाई और सदस्यता कार्ड देकर विधिवत रुप से पार्टी में शामिल कराया।

## शिया सेंट्रल वक्फ बोर्ड ने 97 प्रतिशत शिकायतों का किया निस्तारण

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश शिया सेंट्रल वक्फ बोर्ड ने आम जन की समस्याओं से जुड़ी शिकायतों का 97 प्रतिशत तक निस्तारण कर दिया है। बोर्ड चेयरमैन अली जैदी ने बताया कि आईजीआरएस पर प्राप्त कुल 37 में से 36 शिकायतों का निस्तारण कर दिया गया है। उन्होंने बताया कि बोर्ड को कुल मुख्यमंत्री संदर्भ की 19, 4 ऑनलाइन प्राप्त संदर्भ, भारत सरकार संदर्भ की 11 और मुख्यमंत्री हेल्पलाइन संदर्भ की 3 कुल 37 शिकायतें मिली थीं।

# डिजिटल माध्यम अपनाने से समय एवं रेवेन्यू दोनों की होगी बचत

**उत्तर प्रदेश परिवहन निगम द्वारा अब सभी अनुबंधो को डिजिटल माध्यम से किया जायेगा निष्पादित**

अवधनामा ब्यूरो

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के परिवहन राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) दयाशंकर सिंह ने बताया कि उत्तर प्रदेश परिवहन निगम द्वारा अब सभी अनुबंधो को डिजिटल माध्यम से निष्पादित किया जायेगा। परिवहन निगम डिजिटलीकरण की दिशा में लगातार अग्रसर है। उन्होंने बताया कि अनुबन्धों के निष्पादन एवं उनके



प्रभावी मानीटरिंग के लिए आईओयूएक्स फर्म के साथ परिवहन निगम ने एमओयू हस्ताक्षरित किया है।

उन्होंने बताया कि अभी तक निगम द्वारा अनुबन्धों को भौतिक रूप से डॉक्यूमेंट्स तैयार करके पूर्ण किया जाता रहा है। इससे जटिल पेपरवर्क के साथ-साथ समय और रेवेन्यू की हानि होती थी तथा एकरूपता का भी अभाव रहता था। परिवहन मंत्री ने बताया कि इस अनुबंध से चालक/परिचालक एवं अन्य कर्मचारियों को अनुबन्ध आधार पर आबद्ध किया जाना, विभिन्न ढाबा, कैन्टीन, रेस्टोरेंट्स, बस स्टेशन पर स्थित दुकानें इत्यादि के अनुबंध, निगम में विभिन्न कार्यदायी संस्थाओं के साथ किये जाने वाले अनुबन्ध, बसों एवं स्टाफ कार इत्यादि के अनुबन्ध एवं अन्य प्रकार के सभी लीगल एवं कमर्शियल कॉन्ट्रैक्ट्स एवं डॉक्यूमेंट भौतिक रूप में ही सम्पादित किये जा रहे थे।



आलिम नक़वी की बेटी अलीका नक़वी का आज निकाह इमामबाड़ा शाह नजफ में फ़ज़ल जाफरी के साथ हुआ

# गोस्वामीज़ मॉम्स प्राइड विद्यालय में वार्षिक उत्सव का आयोजन

- अतुल्य भारत कि विविध संस्कृतियों को दर्शाया गया

अवधनामा ब्यूरो



**लखनऊ।** विगत 18 नवम्बर को जनपद पीलीभीत के प्रथम सी.आई.एस.सी.ई.बोर्ड से संबद्ध गोस्वामीज़ मॉम्स प्राइड विद्यालय में वार्षिक उत्सव (कल्चर्स रुट्स 2023) का आयोजन किया गया जिसकी थीम के अन्तर्गत अतुल्य भारत कि विविध संस्कृतियों को दर्शाया गया। गोस्वामीज़ मॉम्स प्राइड विद्यालय अपने वार्षिकोत्सव को कल्चर्स के नाम से मनाता आ रहा है जिसके माध्यम से यह भारतीय संस्कृति के कई पहलुओं को दर्शाता आ रहा है। इस वर्ष कल्चर्स रूट्स 2023 के माध्यम से गोस्वामीज़ मॉम्स प्राइड स्कूल ने भारतीय संस्कृति की जड़ों अर्थात भारत की विभिन्न संस्कृतियों को प्रस्तुत किया। कार्यक्रम में भारत के विभिन्न राज्यों के सांस्कृतिक त्यौहार जैसे सागा-दावा (सिक्किम), फुलाइच (हिमाचल प्रदेश) एवं युद्ध कलाओं (मार्शल आर्ट्स) जैसेः मर्दानी खेल (महाराष्ट्र), कलारीपयट्टू (केरल), थांग-ता (मणिपुर) ,गतका (पंजाब) व कई राज्यों के सांस्कृतिक नृत्य जैसेः कलबेलिया, कच्ची घोड़ी (राजस्थान), गरबा (गुजरात)को विभिन्न परफॉरमेंसेज़ के माध्यम से प्रदर्शित किया गया।

इसके अतिरिक्त भारत के ऐसे गुमनाम नायक जो बिना किसी पहचान व प्रसिद्धि के विभिन्न क्षेत्रों में समाज के सुधार व लोगों के हित हेतु कार्य करते हुए अपना कर्तव्य निभाकर मानवता की मिसाल बने हुए हैं।

# प्रवर्तन दल द्वारा की गयी चेकिंग से 32 लाख 58 हजार रिवेन्यू प्राप्त

अवधनामा ब्यूरो

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश परिवहन निगम रिवेन्यू कलेक्शन एवं बिना टिकट व बिना बुकभार यात्रा करने वालो के खिलाफ जांच अभियान चलाता रहता है। माह अक्टूबर, 2023 में उत्तर प्रदेश परिवहन निगम के प्रवर्तन कार्मिकों द्वारा चेकिंग की गयी। इस चेकिंग के माध्यम से माह अक्टूबर में 32 लाख 58 हजार 385 रूपये का कुल रिवेन्यू प्राप्त हुआ। यह जानकारी उत्तर प्रदेश परिवहन निगम के प्रधान प्रबन्धक (कार्मिक) अशोक कुमार ने दी। उन्होने बताया कि मुख्यालय स्तर से गठित सूमो चालाक दल एवं इन्टरसेक्टर के माध्यम से परिवहन निगम की बसों की नियमित जांच की जाती है। उन्होने बताया कि माह अक्टूबर में परिवहन निगम द्वारा संचालित बसों की कुल 1,16,834 बार जांच की गयी। जांच के दौरान कुल 4901 यात्री बिना टिकट यात्रा करते पाये गये एवं 172.4 टन बिना बुक भार पकड़ा गया है। जांच दल द्वारा की गयी उक्त कार्यवाही से कुल 32 लाख 58 हजार 385 रूपये प्रशमन शुल्क वसूला गया है। अशोक ने बताया कि जांच के दौरान 8,420 चालको, परिचालकों का एल्कोहल टेस्ट भी किया गया। उन्होने बताया कि परिवहन मंत्री एवं एम.डी. परिवहन निगम के निर्देशों के अनुपालन में प्रवर्तन दल द्वारा परिवहन निगमों की बसों की नियमित जांच की जाती है ताकि प्रदेश के लोगों को एक सुरक्षित यात्रा उपलब्ध करायी जा सके।

# छठ पर्वः लोगों की वापसी के लिये रेलवे प्रशासन कई स्पेशल ट्रेन कर रहा संचालित

अवधनामा ब्यूरो




**लखनऊ।** दीपावली एवं छठ पर्व के उपरान्त यात्रियों की घर वापसी के लिए रेलवे प्रशासन कई स्पेशल ट्रेन संचालित कर रहा है। वर्तमान में चल रही कई स्पेशल ट्रेनों में सीट खाली हैं और जिन यात्रियों को नियमित ट्रेनों में आरक्षित टिकट नहीं मिल पाया वे इन स्पेशल ट्रेनों में अपना टिकट लेकर सीट आरक्षित कर सकते हैं। गोरखपुर से 24 नवम्बर को 05082 गोरखपुर कामाख्या स्पेशल के चेयरकार में 258, गोमती नगर से 23 नवम्बर को 05068 गोमती नगर मालतीपाटपुर स्पेशल के स्लीपर में 36 एवं चेयरकार में 123 सीट, गोमती नगर से 30 नवम्बर को 05068 गोमती नगर मालतीपाटपुर स्पेशल के सेकेण्ड एसी में 3, थर्ड एसी में 117, स्लीपर में 390 एवं चेयरकार में 158, गोरखपुर से 29 नवम्बर को 05065 गोरखपुर नई दिल्ली स्पेशल के थर्ड एसी इकोनॉमी में 1225, गोरखपुर से 28 नवम्बर को 05069 गोरखपुर नई दिल्ली स्पेशल के सेकेण्ड एसी में 55, थर्ड एसी में 425 एवं चेयरकार में 164, गोमती नगर से 23 नवम्बर को 05071 गोमती नगर नई दिल्ली स्पेशल के सेकेण्ड एसी में 21, थर्ड एसी में 256 बर्थ एवं चेयरकार में 108, गोमती नगर से 30 नवम्बर को 05071 गोमती नगर नई दिल्ली स्पेशल के सेकेण्ड एसी में 72, थर्ड एसी में 470, स्लीपर में 130 एवं चेयरकार में 270, छपरा से 25 नवम्बर को 05159 छपरा नई दिल्ली स्पेशल के द्वितीय श्रेणी के चेयरकार में 1096 सीट उपलब्ध है। गोमती नगर से 23 नवम्बर को 05080 गोमती नगर हावड़ा स्पेशल के चेयरकार में 8, गोमती नगर से 30 नवम्बर को 05080 गोमती नगर हावड़ा स्पेशल के चेयरकार में 542, छपरा से 24 नवम्बर को 05315 छपरा दिल्ली स्पेशल के द्वितीय श्रेणी चेयरकार में 679 सीट उपलब्ध है। छपरा से 28 नवम्बर को 05315 छपरा दिल्ली स्पेशल के चेयरकार में 986, बनारस से 28 नवम्बर को 05089 बनारस आनन्द विहार टर्मिनल स्पेशल के थर्ड एसी में 834 बर्थ उपलब्ध है।

## लखनऊ आनंद विहार टर्मिनल के बीच स्पेशल ट्रेन चलाने का निर्णय

रेलयात्रियों की सुविधा तथा अतिरिक्त भीड़भाड़ की निकासी के लिए रेलवे ने ट्रेन नम्बर 04201 व 04202 लखनऊ आनंद विहार टर्मिनल के बीच स्पेशल ट्रेन चलाने का निर्णय लिया है। उत्तर रेलवे की वरिष्ठ मण्डल वाणिज्य प्रबंधक रेखा शर्मा ने बताया कि ट्रेन नम्बर 04201 लखनऊ आनंद विहार टर्मिनल आरक्षित स्पेशल 20 नवम्बर को लखनऊ से रात्रि 11:10 बजे प्रस्थान कर अगले दिन सुबह 8:35 बजे आनंद विहार टर्मिनल पहुंचेगी। वापसी दिशा में 04202 आनंद विहार टर्मिनल लखनऊ आरक्षित स्पेशल 21 नवम्बर को आनंद विहार टर्मिनल से पूर्वाहन 10:45 बजे प्रस्थान कर उसी दिन रात्रि 8:20 बजे लखनऊ पहुंचेगी। शयनयान तथा सामान्य श्रेणी के डिब्बों वाली यह स्पेशल मार्ग में शाहजहांपुर, बरेली, मुरादाबाद तथा गाजियाबाद स्टेशनों पर दोनों दिशाओं में रुकेगी।

## ट्रेनों के फेरों में बढ़ोतरी

छठ पर्व के अवसर पर यात्रियों की सुविधा के लिए लखनऊ मंडल से होकर गुजरने वाली त्योहार स्पेशल ट्रेनों के अतिरिक्त फेरों का संचालन करने का निर्णय लिया गया है। ट्रेन नम्बर 04490 नई दिल्ली दरभंगा स्पेशल में 21, 24, 27 एवं 30 नवम्बर, 04489 दरभंगा नई दिल्ली 22, 25, 28 नवम्बर एवं 1 दिसम्बर, 04006 दिल्ली जयनगर 21, 24, 27 एवं 30 नवम्बर, 04005 जयनगर दिल्ली 23, 26, 29 नवम्बर एवं 2 दिसम्बर, 04062 दिल्ली बरौनी 3 एवं 10 दिसम्बर, 04061 बरौनी दिल्ली 4 एवं 12 दिसम्बर के लिए संचालित किया जायेगा।

## जवानों ने यात्री के गहने व नगदी बैग से किया वापस

**लखनऊ।** जीआरपी चारबाग के जवानों ने ईमानदारी की मिसाल पेश करते हुए यात्री गहने और नकदी रखे बैग को वापस लौटा दिया। चारबाग स्टेशन पर चेकिंग के दौरान उप निरीक्षक महेश सिंह और सिपाही पंकज कुमार चौहान को प्लेटफॉर्म नम्बर 6 व 7 पर एक बैग लावारिस पड़ा मिला। उस बैग में सोने के कंगन व सत्तर हजार रुपये नगद के अलावा अन्य कीमती सामान रखा था। उस बैग के बारे में प्लेटफॉर्म पर मौजूद यात्रियों से पूछताछ के बाद बैग को जीआरपी प्रभारी निरीक्षक संजय खरवार की मौजूदगी में खोला गया तो बैग में नगदी व सोने के कंगन, टार्च, कपड़े व अन्य सामान कीमत मिला। बैग में मिले पर्स में एक पर्ची मे लिखे मोबाइल पर सम्पर्क किया गया तो बैग के स्वामी ने बताया कि भूल से वह बैग स्टेशन पर छूट गया। जिसके बाद खदरा सीतापुर रोड निराला नगर निवासी मो. अरशद को जीआरपी ने बैग उनके सुपुर्द कर दिया।

# सूर्य को अर्घ्य देने के साथ संपन्न हुई छठ पूजा

**उदीयमान सूर्य को अर्घ्य देकर 36 घंटे के व्रत का हुआ पारण, छठी मइया की जयकार से गूंजा**



अवधनामा ब्यूरो

**लखनऊ।** भगवान सूर्य और छठी मैया की पूजा समर्पित यह कठिन व्रत नहाय खाय से शुरू हुए लोक आस्था महापर्व छठ पूजा के आज चौथे दिन उगते हुए सूर्य देवता को अर्घ्य देने के साथ ही समापन हो गया। 36 घंटे का चलने वाले इस कठिन तप और व्रत के माध्यम से हर साधक अपने घर-परिवार और विशेष रूप से अपनी संतान की मंगलकामना करता है। छठ पूजा के चौथे दिन घाट पर भोर की सुबह में सैकड़ों की संख्या में व्रती महिलाओं के संग घर परिवार के लोग उपस्थित होकर माहौल को भक्तिमय बनाया दिया। सर्वप्रथम व्रती महिलाओं ने परिवार के संग पूजा स्थल घाट पर दीप जलाकर जगमग रोशनी से घाट को रोशन किया। व्रती महिलाओं जन समुदाय भोर की पहली किरण में हाथ में लिए हुए सूप में रखे पूजा का सामान लेकर नदी के जल में घुटने तक खड़ी हो गई थी, जैसे ही सूर्य भगवान उगे, व्रती महिलाओं के साथ खड़े उनके पति और उनके बेटों ने गाय के कच्चे दूध और जल का अर्घ्य दिया। इसके पश्चात सभी व्रती महिलाओं एक साथ घाट पर छठी मैया की परिक्रमा कर 36 घंटे चले निर्जला व्रत का समापन किया। इसके पूर्व व्रती महिलाओं ने दीपक से पारे हुए काला टीका बच्चों को लगाकर नजर न लगने का आशीर्वाद प्रदान किया इसके साथ महिलाओं ने वेदी पर एक दिन पूर्व में चढ़ाया हुआ चने का प्रसाद उठाकर ग्रहण किया और व्रती महिलाओं ने लोगों को पारंपरिक प्रसाद ठेकुआ के साथ ही चूरा, सिंघाड़ा, केला, सेब, संतरा, मिष्ठान इत्यादि को वितरित किया और वहां पर इस दौरान वहां खड़ी सास-सासुर समेत अन्य बड़े बुजुर्गों से आशीर्वाद लेकर सुहाग और अपने पुत्र की लंबी आयु की प्रार्थना की। व्रती महिलाओं ने उपस्थित माताओं और बहनों को पीला सिंधु लगाकर सभी के लिए सुख समृद्धि की कामना पौराणिक कथाओं के मुताबिक छठी मैया को ब्रह्मा की मानसपुत्री और भगवान सूर्य की बहन माना गया है। छठी मैया निसंतानों को संतान प्रदान करती हैं। संतानों की लंबी आयु के लिए भी यह पूजा की जाती है। वहीं यह भी माना जाता है कि महाभारत के युद्ध के बाद अभिमन्यु की पत्नी उत्तरा के गर्भ में पल रहे बच्चे का वध कर दिया गया था। तब उसे बचाने के लिए भगवान श्रीकृष्ण ने उत्तरा को षष्ठी व्रत (छठ पूजा) रखने की सलाह दी थी।